तत्वरुप भगवानको जानना यह जीवके लिये 'फल' है, जिसके परिणाम स्वरुप 'भगवद् साक्षात्कार' होता है। लेकिन जब तक अंतःकरणके दोष दूर नहीं होते, वह संभव नहीं होता। धर्माचरणसे हमारा अंतःकरण शुद्ध होनेके बाद ही आगेकी स्थिती बनती है। 🌷 (स्कं.१/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१६५)🌷

बिना व्यग्रता मनपूर्वक, सर्व धर्मोका त्याग करके शरणागतके पति भगवान श्रीकृष्णका श्रवण, कीर्तन,ध्यान, पूजन नित्य करना चाहिये। भगवानकी पहेचान करानेवाले शब्द व वाक्यो के अर्थ तथा तात्पर्य का निर्णयको श्रवण कहते है। 🌷 (स्कं.१/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१६६)🌷

संदेह रहित समजका वर्णन, उसका प्रेम पूर्वक गान करनेको 'कीर्तन' कहते है। अर्थात् जो हम समजे हों उसका स्वतः उच्चारण 'कीर्तन' है। भगवानमें अपने चित्तको स्थिर करना, प्रभुके स्वरुपका अनुसंधान करना, उसे 'ध्यान' कहते है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१६७)🌷

भगवानकी कथा भगवानका ही रुप है। कथा श्रवणसे भगवानमें प्रीति होती है, तब वे वश होकर अपने हृदयमें पधारतें है। उसके कारण हमारे सभी अशुभ कामादि दोष दूर हो जाते है। तब हम भगवानकी भक्ति कर पाते है। 🌷 (स्कं.१/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१६८)🌷

तन एवम् मन से निसंग होकर भक्ति करनेसे प्रभु प्रसन्न होते है। उसके कारण काम, क्रोध, लोभ, ईत्यादि रजोगुण तथा तमोगुणके भाव मनमें नहीं आते, चित्त स्थिर होता है। प्रसन्नताका अनुभव होता है, और सभी वस्तुओका तत्वग्यान होता है। 🌷 (स्कं.१/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१६९)🌷

भगवान शुद्ध परब्रह्म परमात्मा' है। निज लीलार्थे विश्वसर्जन भगवान का सहज कर्तुत्व है, जिसके लिये वे स्वेच्छया प्रकृतिके तीन गुण - सत्व, रजः, तमः, का स्वीकार करतें है। फिरभी भगवत् स्वरुपमें कोई दोष या भेद होता नहीं है। 🌷 (स्कं.१/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१७०)🌷

जगतकी उत्पत्ति- स्थिती- लय के लिये भगवान 'रजोगुण' धारण कर "ब्रह्मा", 'सत्वगुण' धारण कर " विष्णु", और 'तमोगुण' धारण कर "रुद्र" स्वरुपसे वे तीनो कार्य करते है।🌷 (स्कं.१/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१७१)🌷

ग्यानयुक्त 'सत्वगुण' स्वरुप भगवान द्वारा लोग शुभ फल प्राप्त करते है। 'रजोगुण'के कारण वे कर्म संपादन करते है। और 'तमोगुण' द्वारा भगवान भोग देते है। अपने पुरुषार्थोकी सिद्धिके लिये लोग धर्म मार्गानुसार भगवानके विविध स्वरुपोको भजते है। 🌷 (स्कं.१/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१७२)🌷

सामान्यतः लोग जैसी उनकी प्रकृति होतीहै, तदनुसार प्रकृतिवाले देवादिको भजते है। रजोगुण व तमोगुण की वजहसे अनेक कामनाए / इच्छाए होती है। उनकी पूर्तिके लिये उन प्रकारके गुणवाले देवादिका भजन किया जाता है। यह भगवानकी 'प्रवाह सृष्टि-लीला' है। 🌷 (स्कं.१/२) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१७३)🌷

भगवान पांच प्रकारसे लीला करतें है - १.समग्र विश्वका भगवान सर्जन करतें है, २.सर्जन करके भगवान उन सभीमें प्रवेश करतें है, ३.वे एक होते हुए अनेक रुप दिखतें है, ४.सभीमें बिराज कर वे भोग करतें है, और ५.अवतार धारण कर वे भक्तोकी रक्षा करतें है। 🌷 (स्कं.१/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१७४)🌷

भक्त भगवानमें रत बने, तब भगवान भी भक्तमें अनुरक्त होते है। भगवान भक्तके बिना नहीं रह सकते, भक्तके दुःखको नहीं सह सकते। तभी भगवान स्वयं भक्तके पास पधारते है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत्-चिंतन(१७५)🌷

वैकुंठलोकमेंसे भगवानका भक्तके सामने प्रकट होनेको 'अवतार' कहते है। वे देव, पशु, मानव, या मीश्र-जातिमें अवतार लेते है। असूरके वध आदि कार्य प्रभु सर्व-समर्थ होनेसे बिना अवतार लिये कर सकते है, लेकिन वे मात्र भक्त-

🌷 भागवत-चिंतन(१७६)🌷

भगवान के लिये प्रकट होना, अवतार लेकर सभी प्रकारके कार्य करना, रमत मात्र हे। अनायास हर्ष पूर्वक की◌े जाती 'चेष्टा' को ही 'लीला' कहते है। भगवान अवतार ले कर पधारतें है तब अपने वर्तन-वाणी द्वारा 'धर्म' शीखाते है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१७७)🌷

भगवानने सौ प्रथम 'पुरुष' रुपका स्वीकार किया है, वह उनका पहला अवतार। भगवानके अनेक हाथ-पैर वाले पुरुष रुपमें दर्शन सबको नहीं होते, केवल योगी पुरुषोको उनकी ग्यान दृष्टिसे होते है। यह सभी अवतारोके आश्रय रुप है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१७८)🌷

"पुरुष" सर्व अवतारोके आश्रय (आधार) रुप है। वह अव्यय है। भगवान दत्त, व्यासजी, कपिल मुनि आदि 'ग्यान शक्ति' युक्त अवतार है। वराह आदि 'क्रिया शक्ति' युक्त है। 'कृष्ण' 'ग्यान-क्रिया' युक्त पूर्ण पुरुषोत्तम है। नारदादि 'आवेशावतार है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१७९)🌷

भगवानकी 'क्रिया' भक्तोके बाह्य दुःखोको दूर करती है, और 'ग्यान' आंतरिक दुःखोको दूर करतें है। भक्तोके उभय प्रकारके दुःख दूर करनेके लिये भगवान अवतार लेते है। 🌷 (स्कं. १/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१८०)🌷

भगवानने इस 'ब्रह्मांड रुप देह' को धारण किया है। यह भगवानका ही स्वरुप है। उनका प्राकृत रुप नहीं, लेकिन शुद्ध सत्वात्मक शरीर है, जो सर्व-कार्ये प्रवृत्त है। योगीओको समाधिमेम यह दिव्यपुरुष रुपके दर्शन होते है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१८१)🌷

'योगनिंद्रा' नामक शक्तिको धारणकर क्षीरसागरमें पोढेहुए भगवान 'आदि-नारायण' के नाभि-कमल में से 'ब्रह्मा' प्रकट हुए हे। वे प्रथम कार्य रुप होनेसे 'ब्रह्म' शब्दसे जाने जाते है। ऐसे भगवानके ये प्रथम दो अवतार है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१८२)🌷

भगवानके अवतार लोगोको सुख देनेके लिये होंते है। उनके २२ 'लीला अवतार' हुए है, जिनमेंसे प्रथम ६ - ब्राह्मणके वेषमें, ३ - क्षत्रियके रुपमें, और उनके बाद वाले ४ - वैश्य रुपमें उन्होने अवतार लिये है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१८३)🌷

भगवानके प्रथम दो अवतार उपरांत -३.सनत्कुमारो, ४.वराहनारायण, ५.देवर्षि नारद, ६.नर-नारायण, ७.कपिलदेव, ८.दत्तात्रय, -ब्राह्मण रुपमें; ९.सुयग्य नारायण, १०.रुषभदेव, ११.पृथुराजा, -क्षत्रिय अवतार; और १२.मत्स्यनारायण, १३.कूर्मावतार, १४.धन्वंतरि, १५.मोहिनी -वैश्य के रुपमें; ये सभी लीलावतार हुए। 🌷(स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१८४)🌷

भगवानके अन्य अवतारोमे - १६.नृसिंह रुप 'काल' के अवतार, १७.वामनजी, विष्णुके अवतार,१८.परशुराम, वैश्वानर के अवतार, १९.व्यासजी, ग्यानावतार, २०.रामावतार, २१.बलराम, २२.भगवान कृष्ण, २३.भगवान बुद्ध, २४.कल्कि, अब होनेवाला अवतार। ये नव भक्तिमार्गिय अवतार है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१८५)🌷

भगवानके अवतार मात्र २४ ही नहीं,अनगिनत है। वास्तवमें सर्व भगवद् रुप होनेसे रुषि, मनु, देव, प्रजापति ईत्यादि जितने भी हुए है, वे सब भगवानके ही कला-रुप है। सभी अवतार पुरुष रुप भगवानके अंश, आवेश, कलाएं है, लेकिन 'भगवान श्रीकृष्ण' पुर्ण पुरुषोत्तम है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत्-चिंतन (१८६)🌷

भगवान और भगवानका रुप भिन्न नहीं है। भगवान का रुप वे स्वयं ही है। ईसीलिये उनको "अरुप" कहते है। भगवान "चिदात्म" है, अर्थात् चैतन्य रुप है। भगवानका ब्रह्मांडात्मक स्वरुप उनके मूल आधिदैविक स्वरुपकी शक्ति मायाके सत्व-रज-तम गुणोसे उत्पन्न महत्-तत्व ईत्यादिके कार्योसे बनता है। 🌷 (स्कं१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷 भागवत्-चिंतन(१८७)🌷

ब्रह्मांड रुप भगवानका शरीर 'द्दश्य' है, लेकिन वह 'द्रष्टा' से व्याप्त है, अतः वह 'द्ष्टा रुप' है। वास्तव में जड रुप दिखाई पडता जगत भी 'द्रष्टा' ही है, लेकिन हम उसे 'द्दश्य' मानते है। हकिकतमें जगत 'भगवद् रुप' (ब्रह्मात्मक) ही है। ईसी प्रकार जीव भी भगवद् रुप (अंश) है। 🌷 (स्क.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१८८)🌷

भगवानके स्थुल ब्रह्मांड रुपसे भिन्न एक सुक्ष्म रुप भी है जो ईन्द्रियोसे अगोचर है। वह अव्यक्त है, अद्रष्टा है, फिर भी जड पदार्थ नहीं, परंतु चैतन्य है। उसे ही 'जीव' कहते है। उसके निकट रह कर भगवान 'अंतर्यामी' रुपसे उसका पोषण करते है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागव-चिंतन(१८९)🌷

'जीव' अग्यानी है, अतः वह भगवानकी लीला को नहीं जान पाता। वह किसी तरह अपना अस्तित्व बनाय रखनेके लिये, जींदा रहनेके लिये, जंतु की तरह प्रयत्न करता है। कुबुद्धि होनेके कारण उसे अलौकिक विचारके आनेके बजाय लौकिक सुखोका उपभोग करने व पानेमें वह रत रहता है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१९०)🌷

समग्र विश्व रथ रुप है। रथके निचे पैैहे होते है जो धूरी पर चलते है। ऐसे ही भगवानके श्रीहस्तमें चक्र बिराजता है, जो धूरी रुप है, लेकिन जैसे रथमें बैठे हुए मनुष्यको धूरी दिखती नहीं, वैसे ही जगतमें जीनेवालेको 'ब्रह्म' दिखते नहीं। 🌷(स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत-चिंतन(१९१)🌷

भगवानकी सेवा जो बिना कपट, सतत करता है, वही, उनकी लीला का रहस्य समझ पाता है। सेवाके बदले प्रभुसे कोई अपेक्षा रखें, वह माया-कपट है। ऐसी सेवासे प्रभु प्रसन्न नहीं होते। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१९२)🌷

भगवान की ईच्छा (वृत्ति)के अनुसार सेवा की जाय उसे 'अनुवृत्ति' कहते है। खुदके लिये प्रतिकुल होते हुए भी भगवानके स्वभाव, व संयोेगोके सानुकूल होकर की जाती सेवा "अनुवृत्ति" है, अन्यथा वह मात्र "वृत्ति" है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷

🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१९३)🌷

भगवानकी वृत्ति - ईच्छा महापुरुषोके लिये भी समझना कठिन है। वह निरंतर आदरपूर्वक सेवाके परिणाम स्वरुप प्रभु अंतःकरणमें प्रेरणा करे तब हम जान सकते है। तब तक गुरु आग्यानुसार सेवा करनी चाहिये। कृपा होने पर हम भगवानकी लीला जान पाते है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१९४)🌷

'भगवद्त्ता' दो प्रकार की होती है - १.नित्य, २.अनित्य. 'नित्य भगवद्त्ता' मात्र भगवानमें ही होती है, जबकि 'अनित्य भगवद्त्ता' भगवानके कृपापात्र भक्तोमें होती है, जो स्वयं भगवान द्वारा प्रदत्त होती है। वह जबतक भगवान चाहे, चबतक ही रहती है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (१९५)🌷

'भगवान की भक्ति' अथवा 'भगवत्संबंधि ग्यान' ही सच्चा 'धन' है। जो इनके लायक हो, उसे "धन्य" कहते है। इनके अलावा कितना भी धन क्यों न हो, फीरभी उसे 'निर्धन' ही कहा जाता है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१९६)🌷

एक मात्र भगवानकी भक्ति ही पूनर्जन्म - मरण को रोक सकती है। जन्म और मरण के बीचमें 'जी वन' आता है। जन्म पानेके बाद प्राणी मात्रको इस 'वन' में से गुजरना होता है, जहां अनेक आपत्तियाोका सामना करना पडता है। 🌷 (स्कं.१/३)🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१९७)🌷

सर्व वेदके सार रुप 'भागवत' सूतजीने शुकदेवजीसे, जब वे परीक्षित को सुना रहे थे, तब प्राप्त किया था, क्योंकी तब वे वहां मोजुद थे। अभ्याससे जो मिलता है वह सामान्य ग्यान होता है, जबकी अनुहग्रह से 'स्वयं प्रकाश' ग्यान प्राप्त होता है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१९८)🌷

जब भगवान 'धर्म' और 'ग्यान' को साथ लेकर स्वधाम पधारे तब अंधकार रुप कलियुगमें जिनकी द्रष्टि नष्ट हुई है उनके लिये 'भागवत पुराण' रुप सूर्य प्रकट हुवा है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(१९९) 🌷

जैसे सूर्य होते ही प्रवृत्ति की शुरुआत होती है, वैसे ही श्रीमद् भागवत् के उदय होनेसे लोगोकी भगवानके लिये प्रवृत्तिका प्रारंभ होता है। सूर्यसे रोगादिकी निवृत्ति होती है वैसे भागवतसे अंतःकरणके सभी दोष दूर होते है। 🌷 (स्कं.१/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२००)🌷

शौनक रुषिने जिग्यासापूर्वक सूतजीको ४ प्रश्न किये थे - (१) भागवतके संबंधमें, (२) भागवतके रचयिताके संबंधमें, (३) भागवतके वक्ताके संबंधमें और (४) भागवतके वक्ताके संबंधमें। तदुपरांत भागवतका स्वरुप, उत्पत्ति व कारण के संबंधके प्रश्न मुख्य है। 🌷 (स्कं.१/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०१)🌷

'ब्रह्म कल्प' के प्रथम मन्वंतरके द्वापर युगमे रुषि पराशर तथा माता वासवीजी द्वारा भगवानके ग्यानकलाके अवतार रुप महर्षि वेद व्यासजी का भक्तिके प्रचार हेतु प्राकट्य हुआ है, जिन्होने भागवत पुराण रुप पंचम् वेद प्रकट किया है। 🌷 स्कं.१/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०२)🌷

पहले 'वेद' एक ही था जिसको वेद-व्यासजीने चार विभाग करके अपने शिष्योको बांट दिया। 'रुगवेद' से 'होता', 'यजुर्वेद' से 'अध्वर्यु', 'सामवेद' से 'उदगाता', व 'अथर्व वेदसे' 'ब्रह्मा' कार्य करतें है। 🌷 (स्कं.१/४)🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०३)🌷

जिनको यग्योपवित प्राप्त न हो वे वेद-मंत्र, गायत्री उच्चार नहीं कर सकते। स्त्री, शुद्र, पतित, तथा संस्कार विहीन ब्राह्मण को श्रुति-श्रवण का अधिकार नहीं है। ऐसे लोगोके लौकिक तथा अलौकिक कल्याण हेतु व्यासजीने "महाभारत" की रचना की थी। 🌷 (स्कं.१/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०४)🌷

जब हम अपनी कमी को ढुंढ पाते है, तभी हमारी उन्नति का प्रारंभ होता है। जो अपनी अधुरप को पहचानता है, वही आगे बढता है, अन्यथा वह रुक जाता है। जो परायेके दोष ढुंढने लगते है, उन्हें अपने दोष देखनेकी फुरसत नहीं होती। दुनियाके दोष देखने वाले दुःखी होते है, लेकिन स्व-दोष देखता है, वह सुखी होता है। 🌷 स्कं.१/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०५)🌷

व्यासजीने वेदोको संकलित किया, अनेक पुराण व महाभारतकी रचना की, ब्रह्म विचार किया, फिरभी उनके मनकीें व्यग्रता दूर नहीं हुई। लेकिन देवर्षि नारदजीके परामर्श पर समाधिमें भगवानकी लीला के दर्शन कर उनके गुणानुवाद गाये, वही 'भागवत महापुराण', जिससे उनका मन शांत हुआ। 🌷 (स्कं.१/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०६)🌷

'ग्यानी भक्त', बिना रोष किये, जिग्यासु को संतोष होय ऐसे, उसके दोष निवारण के उपाय बतातें है। संसारी लोग अपनी बुद्धि अनुसार ही मुल्यांकन करते है। जिनमें स्वयंमें दोष भरें हो, वे कैसे दूसरोको मार्ग बता सकते है? अंतःकरणकी आतुरता हो तभी सही मार्गदर्शक मिल सकता है। 🌷 (स्कं.१/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२०७) 🌷

धर्मोपदेशक के लिये ये ५ लक्षण आवश्यक है - १.उपदेशका अधिकर,२.व्यर्थ विचारका अभाव,३.पवित्र यश, ४.सत्य

व्रत, ५.स्वाध्यायादि व्रत। ये सभी व्यासजीमें हेनेसे उनके नाम अनुक्रमसे महाभाग, अमोधदृक, शुचिश्रवा, सत्यव्रत, और धृतव्रत बतायें गये है। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०७)🌷

कथा-श्रवणफल में चार बाबत उपकारक है - १.गुरु वाक्यमें विश्वास, २.दीनभाव, अभिमानका अभाव, ३.मनके दोषो पर विजय, चंचलता का अभाव, ४. कथामें निश्चल मति,समजपूर्वक श्रवण। 🌷 (स्कं.३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०८)🌷

भगवानने ही सृष्टिमें विविध रुप-नाम प्रकट कीये है, वह भगवानका ही चरित्र है, जिनके अलावा अन्य बाते सोचनेसे बुद्धि अस्थिर होती है। आत्म सुख निवृत्तिमार्ग से मिलता है, देह-ईन्द्रियके धर्मोमें प्रवृत्त रहने वालोको वह सुख नहीं प्राप्त होता। 🌷 (स्कं.३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२०९)🌷

जीव भगवानका अंश है, तदर्थ दास है। अतः भक्तिमार्ग अनुसार 'भगवद् सेवा' उसका स्वाभाविक स्वधर्म है। यदि भगवत्सेवामें भी पतन होता लगे, तब अन्य किसी साधनसे उसका कल्याण हो ही नहीं सकता। भगवद् विमुख करने वाले अन्य सभी धर्म त्याज्य है। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२१०)🌷

भगवानकी भक्ति - प्रभु कृपासे 'अंतिम जन्म' प्राप्त होता है। प्रभु भक्ति के लिये समझदार पुरुष को प्रयत्न करना चाहिये। सुख-शांति-समृद्धि-संतति-सत्ता-सन्मान-स्वान्नोत्ति ईत्यादी प्राप्त करने हेतु प्रयत्न करने वाले को समझदार नहीं कहा जाता, लेकिन जो प्रभु भक्तिमें तल्लीन रहता है, वे ही सच्चा "कोविद" है। 🌷 (स्कं.१/५) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२११)🌷

🌷जीवके अधिकार अनुसार भगवद्-रुप जगतका अनुभव होता है। उत्तमाधिकारीको - जगतमें सर्वत्र भगवद् दृष्टि होती है, अतः दोनोमें भेद नहीं लगता ; मध्यमाधिकारीको - विश्व भगवान जैसा दिखता है, भगवान ही नहीं ; और कनिष्टाधिकारीको - विश्व और भगवान भिन्न दिखते है। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२१२)🌷

🌷तपः, वेदांत-श्रवण, यजन, अध्ययन, बुद्धि, दान ईत्यादि सभी धर्मोके फल अथवा सफलता उत्तम यशवाले भगवानके गुणानुवाद है, जो भगवानकी पसन्नता-प्राप्तिके लिये है। उसे किसी लौकिक-कार्य-सिद्धि का साधन बनाकर गौण नहीं कर देवा चाहिये। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२१३)🌷

🌷'आदर' भक्तिमें अवरोधक है। भक्तिमार्गमें लोगोके अनादरसे कार्य-सिद्धि जल्दी होती है। लोग तिरस्कार करतें है, तब भगवान प्रेमसे पुरस्कृत करतें है। लोगोके अनादरसे दीनता आती है लेकिन आदरसे अभिमान आनेकी संभावना

रहती है, जो हमें प्रभुसे विमुख करता है। 🌷(स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२१४)🌷

🌷सत्संग करने योग्य संतमें प्रथम गुण - कृपालुता, वे दुखी-दीन-हीन-मनोमलिन-पापी लोगोको देखकर रोष नहीं करते, उन्हे दोष नहीं देते, लेकिन उनके पर दया करते है, अपने प्रेमसे पावन करते है, सन्मार्ग शिखातेहै, श्रीहरिमें स्नेह कराते है। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२१५)🌷

🌷सत्संग करने योग्य संतके अन्य दो गुण है - 'ब्रहम विद्या', और 'मनन'. संतो को भगवानका ग्यान, शास्त्रो के रहस्यकी समज होनी चाहिये। तदुपरांत वे भगवानके स्वरुपमें निमग्न रह कर व्यर्थ विचार / व्यवहार से दूर रहने चाहिये। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२१६) 🌷

🌷सत्संगशील सेवकमें ४ गुण आवश्यक है - १.दैन्य - पैसे, पद, प्रतिष्ठा, व प्रतिभाका भान होने से अभिमान आता है। २.अनुवर्तन - दूसरेके मनको समझकर बरतना।३.शुश्रुषा - सेवा करने की प्रबल ईच्छा, ४.अल्प भाषण -आवश्यक, मधुर, सत्य, विवेक पूर्ण, धर्मयुक्त वाणी उच्चारण ।🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२१७)🌷

🌷सत्संग/सेवा की ईच्छा रखनेवाले तीन दोषोसे मुक्त होने चाहिये - १.शरीर, ईन्द्रिय, अंतःकरण की चंचलता; २. विषय संबंध, शब्द-स्पर्श आदि विषयोमें अ◌ासक्ति; ३.सुखके साधनोका संचय। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२१८)🌷

🌷साधुपुरुषके तीन मुख्य धर्म है - १.अपरिग्रह, बिना मांगे जो प्राप्त हो उससे निर्वाह करना; २.संग निवृत्ति, किसीका संग नहीं करना; ३.भगवच्चिंतनादि, भगवत् स्वरुप,शास्त्र ईत्यादि का चिंतन करना। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२१९)🌷

🌷शब्दके अर्थ और अभिप्राय को समझ कर श्रद्धापूर्वक सुननेसे 'श्रवण-भक्ति' सिद्ध होती है। श्रवणसे यथार्थ ग्यान होने पर 'कीर्तन' (कहने) का अधिकार मिलता है। कीर्तनादि नव प्रकारकी भक्ति जब सिद्ध होय तब प्रेमसे प्रभुमें 'सायुज्य' होता है। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२०)🌷

🌷 अपनी ईन्द्रियोका स्वाभाविक रुपसे विषय ग्रहण करना, उसे 'रुचि' कहते है। भगवानके माहात्म्य ग्यान अथवा अपने लाभ को लक्ष्यमे◌ें लिये बिना, मात्र अंतःकरण में प्रकट होता आल्हादसे, अपनी ईन्द्रियां श्रवणादि में अपने आप प्रवृत्त होती है, वह'रुचि' है। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२२१)🌷

🌷मनुष्य देह,मन अथवा वाणीसे कर्म किये बिना नहीं रह सकता। सभी प्रकारके कर्म बंधन-कर्ता है।अच्छे कर्मका फल सुखरुप व बुरे कर्मका फल दुःखरुप भुगतनाही पडता है। कर्म भगवानके लिये व भगवानको समर्पित करनेपर प्राणी पावन होते है। 🌷 (स्कं.१/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२२)🌷

🌷दुःखसे निरंतर पीडित मनुष्य के सुखका उपाय 'भगवान के चरित्र' है। उसीसे ग्यानीओकी भगवत्-स्वरुप कों जाननेकी ईच्छा पूर्ण होती है। भगवानके यशोगान से ही सभीके सर्व दुःख दूर होते है, भगवानका ग्यान होता है। 🌷 (स्कं. १/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२३) 🌷

🌷भगवानके भक्तो की यह विशेषता होती है की उन्हे मन-पसंद अथवा ना-पसंद, किसी भी परिस्थितीमें भगवानकी कृपा ही दिखलाई देती है। 🌷 (स्कं.१/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२४)🌷

🌷प्रभुके पंथ पर प्रयाण करनेवाले को क्वचित् कई तरहके प्रलोभन भी आतें है। जो लोग उन प्रलोभनोकी लालचमें न फसें, वे ही प्रभु तक पहोंच पाते है। जो लौकिक लालचोकी लपेटमें आ जाते है, वे प्रभु तक नहीं पहुंच सकते। 🌷 (स्कं. १/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२५)🌷

🌷 भक्त भगवानके मार्ग पर क्वचित् अकेला हो जाय, अन्य सभीका साथ छुट जाय अथवा तूट जाय तब भी वह डरता नहीं है, क्योंकि वह पूरी तरहसे आश्वस्त होता है की भगवान सब तरहसे, सब जगह उसकी अवश्य रक्षा करेंगे। 🌷(स्कं.१/६) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२६)🌷

🌷लोहचुंबक की तरह भगवानका स्वरुप अपने भक्तोके मन को अपनी ओर आकर्षित करता है। जब तक हमारे मन की स्वाभाविक गति भगवानके स्वरुपमें नहीं होती, तब तक हममें भक्तिका संचार होता ही नहीं। 🌷 (स्कं.१/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२७)🌷

🌷जो लोग सुख, संपत्ति, सत्ता ईत्यादि प्राप्त करने हेतु प्रयत्नशील होते है, उन्हे भगवद्-दर्शन नहीं होते। जब तक ह्रदयमें राग-द्वेष हो, तब तक प्रभुमें प्रीति व उनके लिये प्रवृत्ति नहीं होती। अतः अंतःकरण की शुद्धि आवश्यक है। 🌷 (स्कं.१/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२८)🌷

🌷अंतःकरणके दोष तीन प्रकारके होते है - १. राग ईत्यादि, अर्थात किसीके प्रति आकर्षण, ऐसे ही द्वेष। २. वासना अथवा अतृप्त ईच्छाए। ३. अविद्या रुप अग्यान, जिससे संसार / बंधऩ प्राप्त होता है। 🌷(स्कं.१/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२२९) 🌷

🌷अंतःकरणके दोष क्रमशः कर्म, भक्ति व ग्यान से नष्ट होते है। १.सत्कर्म करनेसे राग-द्वेष नहीं रहते, २. भक्तिके कारण वासना नष्ट होती है, व ३. ग्यान से अविद्या दूर होती है। 🌷(स्कं.१/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२३०) 🌷

🌷भगवानके स्वरुप अनंत है। उनकी लीलाएं व नाम भी अनंत है। भिन्न भिन्न नाम बोलनेसे उनकी विभिन्न लीलाओ का अनुसंधान होता है, जिससे भगवद् रस प्राप्त होता हे। 🌷 (स्कं.१/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२३१) 🌷

🌷काम व लोभ से बारंबार मृतप्राय बना हुवा अंतःकरण, मुकुंद भगवान की साक्षात् सेवासे जितना शांत होता है, वैसा यम-नियम ईत्यादी योग मार्गसे नहीं होता। काम अग्नि जैसे जलाता है, लोभ डुबोता है. इसीलिये, भगवद् सेवा संजीवनी / अमृत तुल्य है। 🌷 (स्कं.१/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२३१) 🌷

🌷शोक रजोगुण का कारण है, मोह तमोगुण' से होता है और भय सत्वगुण के कारण लगता है। इन तीनोको दूर करनेवाली भक्ति है। भक्तिके कारण शोक, मोह और भय हृदयमें नहीं रहते। अतः भक्ति उत्पन्न नहो, वहा तक भागवत श्रवण करना चाहिये। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२३२) 🌷

🌷समाधिमें दर्शन किये हुए पदार्थोका निरुपण करके व्यासजीने भागवत रुप "सात्वत संहिता" प्रकट कर 'अनुक्रम' से श्रीशुकदेवजी को पढाई है। ईनमें लीला व स्वरुप है प्रभुके, अभिव्यक्ति व्यासजीकी; कला साहित्य प्रभुका, कलाकार व्यासजी; विहार कृष्णका, विचार कृष्णद्वैपायन का और उसका प्रचार किया कृष्णभक्त (शुकदेवजी) ने। पुर्णपुरुषोत्तम की लीला, व्यक्त की उनके 'ग्यानकलाके अवतार वेद-व्यासजीने। व्यासजी भागवतके द्रष्टा है, संयोजक/निर्देशक है - स्वयं भगवान श्रीकृष्ण। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२३३) 🌷

🌷 भगवानके गुणोसे प्रभावित बुद्धि में अशुद्धि नहीं रहती। विषय और ईन्द्रिय के संयोग होते हुएभी कोई विकार उत्पन्न नहीं होता। बुद्धि प्रभुके गुणोके वशमें होनेसे प्रभुमें ही रहती है। भगवद् गुणानुवाद का यही महत्त्व है। (स्कं. १/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२३५)🌷

🌷दिक्षा मात्रसे नहीं, परंतु भगवानका नाम लेते अथवा सुनतेही जिनका अंतःकरण पीघल जावे, आंख जिनकी

अश्रुओसे छलक जाय, शरीरमें रोमांच हो, व वाणी जिनकी गद् गद हो जाय, उन्हें "अकृत्रिम वैष्णव" कहतें है। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२३६) 🌷

🌷स्तुतिसे प्रभु प्रसन्न होते है, जिसके कारण सभी प्रकारके दुःख दूर होते है। संसारासक्ति को दूर करनेका साधन भी स्तुति है। ईसीलिये इस स्कंधमें अर्जुनने व उत्तराने दुःख मे, कुंताजीने भगवद् रक्षाके कारण सुखमें, व मोक्षके लिये भीष्मने, प्रत्येकने भिन्न भिन्न परिस्थितीओमें स्तवन किया है। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत- चिंतन (२३६)🌷

🌷दंभमें 'मोह' (लोभ) व 'झुठ' दोनों होते है। परिणाम स्वरुप विवेक-दृष्टि नष्ट हो जाती है। मात्र अपने लाभ - स्वार्थ के लिये अनेक उपाय किये जाय, वह अयोग्य है। असत्य का आचरण हमेंशा विनाश में परिणमित होता है, यह निश्चित है। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (२३७)🌷

🌷 नीति-रीति और प्रीति से प्राप्त किये हुआ द्रव्य से संतानोका उत्कर्ष हो सकता है। अन्य किसीभी प्रकारसे यदि द्रव्यका उपार्जन किया गया हो, उससे किया गया संतानो का पोषण वास्तवमें उनका शोषण सिद्ध हता है। 🌷 (स्कं.१/७)) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२३८)🌷

🌷जब हमारा अंतःकरण शुद्ध हो, तभी आपत्तिमें हरि-स्मरण, स्तुति, शरणागति स्फुरायमान होती है। उसके कारण ही भगवान भक्तकी रक्षा करते है, उनको अभय प्रदान करतें है। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२३९)🌷

🌷भगवान दोषयुक्त जीवोको निर्दोष बनाते है। दोष पांच प्रकारसे उत्पन्न होते है - १.कर्म से, २.काल द्वारा, ३. स्वभाव के कारण, ४.माया द्वारा, और ५. स्थानके कारण। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४०)🌷

🌷दुश्मन होते हुए भी ईन १० परिस्थितीमें किसीका वध नहीं करना चाहिये। १.नशायुक्त,२.असावधान, ३. भूत-पिशाच से उन्मत्त, ४. निंद्राधिन, ५.बालक, ६. स्वभावसे जड, ७. स्त्री, ८. शरणागत, ९. रथादि साधन रहित, १०.भयभीत। उनके प्रति दया रखना यह भारतीय परंपरा की उदारता है। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४१) 🌷

🌷"प्रतिग्या-पालन पुण्य-पुरुषोका पवित्र धर्म है"।भगवान कभी परिक्षा भी करतें है, अतः भक्तोको शास्त्र अच्छी तरह समझ कर तदनुसार व्यवहार करना चाहिये, अपना आचरण भगवत्शास्त्र विरुद्ध नहीं होना चाहिये। तदर्थ, भक्ति करनेके लिये, शास्त्र-ग्यान आवश्यक है। 🌷(स्कं. १/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४२)🌷

🌷'भगवद् भक्त' स्वभावतः उदार - गुणग्राहक होता है। उसमें ये छे गुण होते है - १.धर्म संमत-धर्मानुकुल २.न्याय संगत, ३.दयावान-क्षमादाता, ४.निष्कपट, ४.सम-तटस्थ- निष्पक्षपाती, ऑर ६.महत्-माननीय-राजा जैसा उदार। (उदाहरण द्रौपदीका - जब वह अश्वत्थामाको वध करनेसे बचाती है) 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४३)🌷

🌷अश्वत्थामा का वघ नहीं होनेसे भीमसेनको गुस्सा आता बै। वह 'वेद रुप' है, भगवानके अनुकुल है। वह अश्वत्थामा का वध चाहता था, लेकिन उसकी बात सुनकर भगवानने अपना चतुर्भुज स्वरुप प्रकट कर अपनी 'क्रियाशक्ति' दुगुनी कि है। 🌷 (स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४४)🌷

🌷कुटुंब, संस्था, समाज, राष्ट्र, कहीं भी जब आपसमें 'मतभेद' उत्पन्न हो, तब स्पष्ट व सच्चे नियंत्रणके अभाव में 'मनभेद' होने की संभावना होती है। अतः संघर्षकी स्थिति टालनेके लिये मुख्य व्यक्ति को सावध होने की आवश्यक्ता रहती है, अन्यथा शांति-भंग हो सकता है। ऐसी परिस्थितिमें स्नेहपूर्वक, सर्व संमत, सिद्धांतानुकुल सन्मार्ग निकालनेकी जिम्मेवारी वह मुख्य व्यक्ति की ही होती है। 🌷(स्कं.१/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४५)🌷

🌷भगवानकी कथा अलोकिक है, वह लौकिक दृष्टांत -संबंध से नहीं समझी जा सकती है। अनुमानसे उसका अनुभव नहीं किया जा सकता। अलौकिकमें अनुमान नहीं चल सकता। वहतो श्रद्धासे ही समझ सकतें है। भगवान सर्व आश्चर्यमय है, सर्व समर्थ है। वे जन्म लेते हुए भी उनका पूर्व धर्म नष्ट नहीं होता। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४६) 🌷

🌷कुंताजी ने की हुई 'कृष्ण-स्तुति' "नमनसंपुट" है, क्योंकि, उसमें आदिमें "नमस्ये" व अंतमें "नमस्ते" कहा गया है, जिसमें नमनरुप शरणागति का सिद्धांत समझाया हे। 'नमन' से सभी दोषोका शमन होता है व दानवताका दमन होता है। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४७)🌷

🌷कुंताजी का 'कृष्ण' के रुपमें भतीजे को (छोटे होते हुए भी) नमन करने पर, खुलासा किया की वे, "पुरुष, जो आद्य व सर्वके कारण रुप-पितृ रुप है, जो बाह्य फलदाता-ईश्वर और अंतःफलदाता-प्रकृति से पर है, जो प्रत्यक्ष दिखते नहीं, जिनको कार्य द्वारा समझा नहीं जा सकता, लेकिन स्वयं कृष्ण अथवा गुरुके द्वारा ही समझ सकते है, उसको नमन करती है"। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४८)🌷

🌷भगवान सर्व वस्तुओमें वस्तुस्वरुप होते हुए अपनी शक्तिरुप मायासे वस्तुरुप ही दिखतें है, भगवाव रुप नहीं, जिसके कारण उन्हें हम पहेचान नहीं पाते। वस्तु रुप होते हुए उनका विनाश नहीं है, वे अव्यय, अविनाशी, निर्दोषपूर्ण-

गुणविग्रह है।🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२४९)🌷

🌷'स्वजन'से भी अधिक 'शरणागत' का रक्षण प्रभु प्रेमसे करतें है। 'आत्मिय' से अधिक 'आश्रित' को सम्हालतें है। प्रभु सिवाय अन्य किसी पर विश्वास न करें, उसको 'अनन्य' कहतें है। आश्रय के लिये अनन्यता व दृढता आवश्यक है। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२५०) 🌷

🌷"कृष्ण" का आश्रय उद्धारक है। उनके प्रति समर्पण व उनकी सेवा तो जो स्नेहपूर्ण कृपापात्र हो उन्हीसे संभवित है। जिनमें द्रढता हो, जो स्वीकृत सिद्धांतसे चलायमान न हो, जिनका भगवदाश्रय अडग हो, वह प्रतिकुल परिस्थितीमें भी डरता नहीं, दुभाता नहीं, कैसीभी मुशकेलीमें गभराता नहीं, व्यर्थ तारिफमें आत्मश्लाघा करता नहीं, "कृष्णाश्रय' का त्याग करता नहीं। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२५१) 🌷

🌷 जिनमें 'भगवद् आश्रय' द्रढ होता है, वे हंमेशा प्रसन्न, मक्कम, मधुर, कोमल, स्पष्ट, निस्पृह होते है। जो ग्यान व प्रीतिसे प्रभुकी शरणागति स्वीकारता है, उसे किसी बातकी चिंता नहीं रहती। जहां भगवानमें स्नेहकी स्वाभाविकता होती है, वहां किसी अन्यमें रुची ही नहीं होती, अनन्यता सहजतासे आती है। 🌷 (स्कं.१./८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२५२) 🌷

🌷भगवान के उपकारो का स्मरण 'मर्यादा' में कुंताजीने और 'पुष्टि' में गोपीजनोने "विष" शब्द से आरंभ कर किया है वह सूचक है। अपनी ईन्द्रियोमें 'विषय' का "विष" और अंतःकरणमें वासना/इर्षा का "विष" व्याप्त है। भगवान कृपा कर उन विषकी विषम विपत्तिमेंसे बचावे, तभी हमें 'भक्तिमार्ग' की योग्यता प्राप्त हो सके। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२५३)१🌷

🌷भगवानके उपकार का स्मरण करनेसे उनमें स्नेह उत्पन्न होता है। वे प्रत्यक्ष दिखते नहीं, लेकीन हमारा शरीर, ईंद्रियां, बुद्धि, सूर्यप्रकाश, जल, वायु,वनस्पति, अन्न, फलफुल, भूमि ईत्यादी की प्राप्ति उन्हींका उपकार ही तो है। यदी ईन्हें हम याद करें तो भगवानमें अवश्य प्रीति होगी। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२५४) 🌷

🌷भगवानकी लीला विचित्र- समझी न जा सके, ऐसी होती है। सुखमें वे परमानन्दका अनुभव नहीं होने देते, पर दुःखमें परमानन्दका दान करतें है। ईसीलिये हम जितना दुःखमें प्रभुके साथ 'तादात्म्य' का अनुभव करते है उतना दुःखमें नहीं होता। 🌷(स्कं१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत-चिंतन (२५५) 🌷

🌷भक्तोको आपत्ति अभिष्ट लगती है, क्योंकि दुःख प्रभुका स्मरण कराता है। यदि भक्तोको दुःख झेलना पडे तब भगवान अवतार धारण कर पधारतें है। अतः दुःख प्रभुके पधारनेकी बधाई रुप है। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२५७) 🌷

🌷कुंताजीने स्वजनोंसे स्नेह किया है, पतिके साथ वे सती नहीं हुईं, लेकिन अपने संतानोके साथ वनवास कीया। उन्हें अपने परिवारको दिया हुआ स्नेह का परिसाद प्राप्त हुआ है। अतः उनके संतान व पुत्रवधुएं भी उनके द्वारा की गई दुःखकी याचनामें सहभागी हुए है। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२५८)🌷

🌷कितनी विलक्षण वात कुंताजीने कही ! - 'एक नहीं अनेक विपत्तियां एक साथ आवे, जिनको हमारे साधनोंसे हम दूर न कर शके, अन्यथा हमे अभिमान आ जाय ! ईसलिये जन्म-मृत्युका क्रम चले तब तक इतनी विपत्तियां आवे, जिनको दूर करनेमें हमारा सामर्थ्य, साघन, स्वजन काम न लगे, जिसके कारण प्रभु, हम सदा आपको याद करतें रहे! 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२५९)🌷

🌷सभी लोगोका भगवद् स्मरण करनेका अधिकार होते हुए भगवान 'अकिंचन गोचर' है। जिनका जगतमें कोई व कुछ नहीं होता, ऐसे भक्तका भगवान सबकुछ बनतें है। अभिमानसे नाम-स्मरण करनेवालेको फल-प्राप्ति नहीं होती। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२६०) 🌷

🌷कुलिनता, ऐश्वर्य, विद्या और लक्ष्मी, प्रभुका दिया हुआ ये चारो वास्तवमें उत्तम होते है, अतः उनका विनियोग भगवद् सेवामें करना चाहिये। इनसे समाजमें आदर मिलता है, लेकिन यदि हम भुल जाय कि ये हमें भगवानसे प्राप्त हुआ है,तब अभिमान हो सकता है। स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२६१) 🌷

🌷वक्ता द्वारा मात्र सुन लेना ही 'श्रवण' नहीं कहलाता, लेकिन, 'भगवद्-भक्त' के पास जा कर, वह कहे वैसे, सावध मनसे, बिना संशय किये, स्पष्टतया समझ कर, भगवानके संबंधमें अर्थ एवम् अभिप्रायका निर्णय करना, उसे 'श्रवण' कहते है। 🌷 (स्कं. १/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२६२)🌷

🌷भगवद् अवतार के कई कारण बताये गये है - यदुकुलमें यदुराजाकी कीर्ति बढाने, दुष्ट असूरोका वध करने, देवो तथा भक्तो का कल्याण करने, भूमिका भार उतारने, माता देवकीजीका दुःख दूर करने ईत्यादि। लेकिन मनुष्योकी लौकिक कामनाए तथा विषयेच्छाओ के कारण उत्पन्न कर्मोसे प्राप्त दुःखोकी निवृत्ति का उपाय मात्र भगवद् अवतारो द्वारा की गई विविध लीलाओका 'श्रवण - स्मरण' है। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२६३)🌷

🌷अन्यकी अपेक्षा रखनेसे उपेक्षा ही होती है, लेकिन भक्त बदलेकी आशा न रखते हुए सभीके दःख दूर करतें है। उनके लिये अपना कर्तव्य करनेके बाद साध्य होता है - १.भगवानमें प्रीति, और २. भगवानके अलावा अन्य किसीके भी संग की अनिच्छा। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२६४) 🌷

🌷भगवान 'विश्वरुप' एवम् 'विश्वमुर्ति' है, अर्थात् विश्वमें जिनका स्वरुप है, अथवा विश्व जिनके स्वरुपमें है, वे "विश्वमुर्ति" । जबतक हम पदार्थ व प्राणी को 'भगवद् स्वरुपतः' नहीं जान पाते, तबतक वे जागतीक पदार्थ/प्राणी में होता हुआ स्नेह बंधन-कारक ही होता है। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (२६५) 🌷

🌷भगवान श्रीकृष्ण सदानंद साकार है, जो 'यादव-श्रेष्ठ' है, 'कपट-मानुष लीला' करतें है, पृथ्वीके द्रोही राजाके वंशका नाश करनेवाले, अनंत पराक्रमवाले, गायोके शरणागत, भक्त रक्षक, ब्राह्मण व देवोके दुःख-हारि, योगेश्ववर, स्वयंम अवतारी है। 🌷(स्कं१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२६६)🌷

🌷भगवान सर्वतंत्र-स्वतंत्र है। वे भक्तकी ईच्छानुसार देनेके लिये बंधे हुए नहीं है। भगवान वह देते है, जो वे चाहते है। अतः कुंतिजीने स्तुति की तब उनकी ईच्छा भगवान उन्हें भक्ति देवे ऐसी थी, लेकिन भगवान चाहते थे की कुंतिजी राज्य संम्हाले, ईसलिये उनको भक्ति नहीं दी। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२६७)🌷

🌷 भगवानका कार्य एक होता है, लेकिन प्रयोजन अनेक होते है। हमे अच्छा लगे या गलत, सभी कुछ 'कृष्ण' ही करतें है, और वे अच्छा ही करतें हैै, ऐसी समज को "ग्यान" कहते है, लेकिन वह हम करतें है, इस तरहका हमारा भान वह 'मोह' है। 🌷 (स्कं.१/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२६८)🌷

🌷भक्त भी यदि भगवान का द्रोह करें तब उसे नरक की यातना भुगतनी पडती है। भक्तका अपराध भी भगवानके द्रोहके समान होता है। भक्त पांडवोके अपराध के कारण ही भीष्मको नरक जैसी सजा भुगतनी पडी। ऐसे अपराधीका भी उद्धार कृष्ण करते है। 🌷(स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२७०)🌷

🌷मनुष्यके देहेन्द्रियादि जब स्वस्थ होते है तब तो शायद् धर्म का पालन सुलभ होता है, लेकिन विकल / विपरित दशामें घर्माचरण का विस्मरण हो जाता है, वह शिथिल हो जाता है। धर्म-निष्ठा की परीक्षा तब ही होती है। 🌷 (स्कं. १/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२७१)🌷

🌷मनुष्यको सुख / दुःख तीन कारणोसे प्राप्त होते है - १.पिताके कारण, २.माताके कारण, ३.स्वभावके कारण। पांडवोमें युधिष्ठिर धर्मपुत्र है, धर्ममार्ग पर चलते है, अतः उनके दुःखका कारण पिता नहीं, माता कुंताजी पुत्र-रक्षा काज सती नहीं हुई, अतः माता भी कारण नहीं, और उन्होने धर्माचरण किया है, ईसलिये स्वभाव दोष भी नहीं है। 🌷(स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२७२) 🌷

'विप्र' का आश्रय करनेसे आचार-शुद्धि संपादित होती है, 'धर्म' का आश्रय कुमार्ग पर जानेसे रोकता है, और 'भगवद्-आश्रय' से भगवान प्रति अपना धर्म स्फुरित होता है, भगवत् - प्राप्ति कराता है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२७३) 🌷

🌷दुःखके तीनो कारणोमेंसे कोई दोष न होनेपर भी पांडवो के दुःख की वजह 'काल' था, जो भगवद्-आग्यानुसार कार्य करता है। भगवदिच्छाके बिना काल कुछ नहीं कर सकता! प्रसंग के बित जाने परही भगवदिच्छाका अनुमान होता है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२७४) 🌷

🌷कृष्ण का स्मरण करनेसे समग्र सृष्टिका संहार करने परभी 'शिवजी' कल्याणकारक कहे जाते है, 'देवर्षि नारद' सभी को संघर्ष करानेके बावजुद उन्हें दोष नहीं लगता, सभीको वे हितैषी लगते है, कपिल भगवान सांख्योपदेश करते 'पुरुष' का कारणत्व होते हुए प्रकृतिका बताते है, फिरभी वह दोष रुप नहीं माना गया। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन(२७५)🌷

🌷भगवानमें अहंकार नहीं होता, वे समद्रष्टिवाले है, उऩमें मतिवैषम्य नहीं होता। भक्तके पर कृपा करना यह उनका असाधारण गुण है, वे अभयप्रद है, अतः भजनिय है। किसीभी प्रकारसे कोई अंतमें उनमें मन पिरोता है, उसे वे मुक्ति प्रदान करतें है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (२७६) 🌷

🌷देवकीजीके सन्मुख जो चतुर्भुज मूलरुप प्रकट हुआ था वही प्रसन्न हास्य युक्त,व रक्त नेत्रोसे सुशोभित, मूल चतुर्भुज स्वरुपने अंतकाल समय भीष्म पितामह को दर्शन दीये है। उनके प्रसन्न हास्यसे माया जनित मोह टल जाता है और उनके रक्त नेत्रसे पापोकी निवृत्ति होती है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत - चिंतन (२७७) 🌷

🌷अंत समये भीष्मने ३ धर्म समझाये है -१. वेदमें कहे गये, जिसका भी ३ प्रकार है -(१)वर्णाश्रम धर्म, (२) वेराग्य व आंतर् प्रवृत्त धर्म, (३) स्वतंत्र रक्षणादि ; २.पुराणोमें बताये हुए, जैसे गोदान आदि, और ३.लौकिक धर्म, जैसे राजाके धर्म। सगुण कर्मसे बंधन होता है, निर्गुण कर्मसे मोक्ष प्राप्त होता है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (२७८) 🌷

🌷परीक्षितके प्रश्न - अंत समये मनुष्यका कर्तव्य क्या ?, उसका शुकदेवजी के दिये गये उत्तर अनुसार भीष्म पितामहने, अंतिम क्षणमें जब भगवान प्रत्यक्ष सामने ही थे, अपलक अपने हृदयमें विशुद्ध धारणा कर भगवानको भीतर पधराये। भगवन् दृष्टि उन पर पडी, दोष दूर हूए, व्यथा दूर हुई, वे शांत हुए। भगवान जब 'अधीर' पर कृपा करतें है तब उसे 'सुधीर' बनातें है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२७९)🌷

🌷हमारे घरमें भगवान है, हृदयमें भगवान है, सर्वत्र भगवान बिराजमान है, लेकिन हमारा ध्यान हमारे शरीरमें, अपने स्वार्थमें, सुखमें, और संपत्तिमें लगा रहता है। अतः हमारा ध्यान भगवान प्रति नहीं जाता, उनमें नहीं रहता। ईस कारणसे भगवानकी कृपादृष्टि हम पर नहीं होती, हमारी व्यथा दूर नहीं होती। 🌷(स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२८०)🌷

🌷भीष्म पितामहने अंतसमय में की हुई भगवानकी स्तुतिमें प्रथम सर्वस्व का 'समर्पण' है, फीर 'महात्म्यग्यानपूर्वक नवधा भक्ति'का निरुपण किया है, और अंतमें 'आत्मसमर्पण' किया है। 🌷 (स्कं. १/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (२८१)🌷

🌷श्रीमद् भागवतमें आत्मनिवेदनके तीन प्रसंग आतें है। उन तीनोंमे भगवान का सानिध्य है। १.अधिकार लीलामें भीष्म पितामहने 'बौद्धिक आत्मनिवेदन' किया है। २.मन्वंतर लीलामें बलिराजा का 'वास्तविक आत्मनिवेदन' है। ३.निरोध लीलामें श्रीगोपीजनो का 'भावात्मक आत्मनिवेदन' है। वह स्रवोत्तम है। 🌷 (स्कं. १/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२८३) 🌷

🌷'आत्मनिवेदन' शब्दका दो प्रकारसे अर्थ किया गया है - १. आत्मनः निवेदनम्, २. आत्मनि वेदनम्. प्रथम मर्यादा प्रकार, जिसमें अपने संबंधी सभी का समर्पण है, जो विचार पूर्वक क्रिया है, सभी भगवानका है ऐसी समज होनी चाहिये। दुसरा 'पुष्टि' के स्वरुपमें है जहां हृदयमें स्नेह की संवेदना है, भाव पूर्वक अपना सर्वस्व अपने प्रिय प्रभुके लिये है, ऐसा समजना, जिसमें भक्तिका भाव है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२८४)🌷

🌷दाद भीष्मने अपनि मति के समर्पण से सर्वस्वका समर्पण किया था, क्योंकि अंतःकरणमे उत्पन्न होती ईच्छा, तृष्णा व कामनाएं मति को मलिन बनाती है, जिसके कारण ही "मै" और "मैरा" का भाव जगता है। ईसलिये 'मति' कोही भगवान को समर्पित कर देनी चाहिये। 🌷(स्कं.१/९) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२८५) 🌷

🌷भीष्मपिताने अपने अंत समयकी स्तुति "इति" शब्द से शुरु कि है वह सूचक है, क्योकि प्रभु सन्मुख प्रत्यक्षमें है, उन्हे अपनी 'मति' सह सर्वस्व समर्पण किया है, अंतमें मति जैसी गति होनेवाली है, अतः यह उनका अंतिम जन्म,

अर्थात् जन्मकी 'इति' है।🌷(स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२८६)🌷

🌷भगवान की 'भक्त वत्सलता', जब भीष्मपितामह की प्रतिग्या पूर्ण करने के लिये अपनी प्रतिग्या त्याग कर युद्धके मेदानमें रथसे निचे उतरकर हाथमें पैहया लेकर उनकी और दोडते है, तब दिखलाई पडती है। लेकिन उनका अभी मृत्युकाल न होने से भीष्म को मारते नहीं है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२८७)🌷

🌷जब तक हमारी भेद दृष्टि दूर नहीं होती, मोह नष्ट नहीं होता, तब तक हम भगवानको पहेचान नहीं पाते ! जैसे प्रत्येक के नेत्रमें दृश्यमान सूर्य एक ही होता है वैसे ही भगवान प्राणीमात्र के ह्रदयमें स्थित होते है, फिरभी जन्मरहित भगवान को समझना मुश्कैल है। 🌷 (स्कं.१/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२८८)🌷

🌷 भगवद् भक्तको अपनी स्वतंत्र ईच्छा नहीं होती, वह भगवद् ईच्छाके अनुकूल होता है। अतः युधिष्ठिर ने अपनी ईच्छासे नहीं भगवद्-ईच्छानुसार राज्य किया था। ईसलिये राज्स करने पर उसे दोष नहीं लगा, व भगवान उससे संतुष्ट हुए है। 🌷(स्कं.१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (२८९) 🌷

🌷पामर मनुष्यकी प्रसन्नता परिमित होती है, अपनी व अपने स्वजन तक सीमित होती है, जबकी परम पुरुष प्रभुकी प्रसन्नता अपरिमित होती है, सभीके लिये, स्वजन और सर्वजनके कल्याणके लिये होती है। 🌷 (स्कं१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९०)🌷

🌷'भोगवृत्ति' वालेका सुख भोग-पदार्थो में होता है; सामान्य-जनोका सुख साधन, सुविधा, संपत्ति, शरीरसुखमें सीमित होता है, जो शाश्वत नहीं होता: संसारी लोगोको ईच्छित वस्तुकी प्राप्तिमें सुख होता है, अन्यथा दुःख होता है; लेकिन 'भक्त' का सुख साधनके वश नहीं होता, 'कृष्ण' के वश होता है। 🌷 (१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९१)🌷

🌷जिनका सुख भगवान कृष्णके वश होता है, वह वास्तवमें सुखी कहा जाता है, क्योंकि जगत 'निरानंद' है, जीव 'गुप्तानंद' है, और भगवान 'पुर्णानंद' है। मनुष्य को संयोग व साधन पर आधारित सुख की तलाश रहती है, लेकिन भगवद् वश सुखकी वांच्छना नहीं करते, फलतः दुःख पाते है।🌷(स्कं.१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९२)🌷

🌷तीन प्रकार के लोग "भगवदीच्छा" शब्दका प्रयोग करतें है - संसारी लोग अनजानेमें अपवाद रुपसे; समजदार, अपने आपको आश्वस्त करनेके लिये; जबकि भक्त तो निश्चयात्मक रुपसे यह मान कर आल्हाद प्राप्त करतें है। यदि हम "सबकुछ भगवानकी लीला है" ऐसा दृढरुपसे माने तो हमारा सुख "कृष्णाधीन" है, कृष्णके सुखमें हमारा सुख

समाहित है, ऐसा कह सकतें है। 🌷 (स्कं.१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९३) 🌷

🌷हमारे तीन पूर्व-पुरुषोकी मुक्ति नहीं हुई हो तो हमारी मुक्ति नहीं हो सकती। अतः भगवानने अपने भक्त परीक्षित की मुक्तिमें बाधा न होय, करके धृतराष्ट्र ढोंगी होते हुए भी उसको मुक्ति दिलाई है। कुलमें एक भक्त / भागवतके सच्चे श्रोताके जन्म लेनेसे हीन पुरुषका भी उद्धार होता है। 🌷(स्कं.१/१०) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९४) 🌷

🌷मुक्तिके दो प्रकार बताये गये है -१.ब्रहमभाव, जो जीवन-मुक्त दशा को कहतें है, २. सायुज्य, जीनके सालोक्य, सामीप्य आदी चार प्रकार बताये है, जो जीव की मुक्त दशा है। जबतक भगवानकी भूतल पर स्थिति थी, व उनके साथ पांडवोका सख्य-भाव का संबंध था, तबतक भगवान उन्हें सायुज्य मुक्ति न देवे। अतः भगवानके पधार जानेके बाद ही युधिष्ठिर को मुक्ति मिली है। 🌷 (स्कं.१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९५) 🌷

🌷अपनी लौकिक महत्ताको त्यागकर, जो छोटेसे छोटा भगवद्-कार्य करता है, वह सच्चा बुद्धिशाली है, क्योकी उससे भगवन्-प्रसन्नता होती है। कोई भगवत्-संबंधी कार्य हीन नहीं होता, प्रकृष्ट ही होता है, वही सेवाका रुप है जो सद्भाग्यसे ही प्राप्त होता है, जिससे करनेवाला कृतार्थ होता है। 🌷(स्कं.१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९६) 🌷

🌷"जिनको जाननेसे सभीको जाना जा शकता है", ऐसे श्रुति वचन अनुसार श्रीकृष्ण को देखकर 'यही भगवान है', ऐसा ग्यान होता है। वे ही ब्रहम-परमात्मा-भगवान है, जिनका मन-वाणीसे निरुपण नहीं किया जा सकता, जो 'क्षर-अक्षर' से श्रेष्ठ 'पुरुषोत्तम' है, क्रिया-ग्यान उभय युक्त है, अपनी ईच्छा व शक्तिसे जिनका आविर्भाव- तिरोभाव होता है। 🌷 (स्कं.१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९७) 🌷

🌷 'भक्त योगी' भक्तिसे उच्छलित अपने निर्मल अंतःकरण में प्रकट होते प्रभुके दर्शन करतें है। प्रभुके दर्शन बाहय चक्षुसे नहीं होते, अंतःकरण से होते है। अंतःकरणसे दर्शनका अर्थ मात्र कल्पना नहीं है। भगवान स्वरुपसे बाहर बिराजते हुए भी उनके वास्तविक दर्शन आंखसे नहीं, अंतःकरण से ही होते है। 🌷 (स्कं.१/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९८) 🌷

🌷जब मात्र आंखसे दर्शन करतें है तब आंख हटने पर भगवद् स्वरुप स्मरणमें नहीं रहता, विस्मृत हो जाता है, हृदयमें उसकी असर नहीं होती। लेकिन अंतःकरण निर्मल होने पर जब हम प्रभुको निरखते है तब प्रेमके आवेगमें उच्छलित अंतःकरण आंखमें अश्रु स्वरुप धारण करता है, और आंखके द्वारा प्रभु अंतःकरण का स्पर्श करनेसे वे वहां स्थित हो जाते है। 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (२९९)🌷

अनेक भक्तो को दर्शन देने वाले भगवान दो के दर्शन करने स्वयं पधारतें है - १. सुहृद दर्शन - जो भगवानसे स्नेह करतें है, भगवान जिनको सखाके रुपमें स्वीकारतें है, जैसे पांडव, व्रजवासी ; और २. भृत्य दर्शन - जो भगवानके भृत्य अर्थात् दास बन जाते है जैसे ध्रुवजी, जिनके दर्शन के लिये भगवान स्वयं पधारतें थे। 🌷 (स्कं. १_११) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (३००) 🌷

🌷 हमारे स्वजन और संयोग रुणानुबंधनसे मिलते है, हमारे मांगनेसे नहीं, फिरभी देने वाले भगवान ही होते है। अतः यदि हम उनके प्रति हमारा कर्तव्य यथायोग्य निभायें तब वह उनकी परोक्ष सेवा ही है। 🌷 (स्कं.१/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३०१) 🌷

🌷अपने भक्त पर जब आपत्ति आती है, वह भगवान सहन नहीं कर सकते। तब भगवान को क्रोध आता है। अतः भगवानने माता सुभद्राके गर्भमें प्रवेश कर, वायुरुप गदा श्रीहस्तमें धारण कर ब्रह्मास्त्र के तेजसे परीक्षित की रक्षाके की थी। 🌷 (स्कं.१/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३०२) 🌷

🌷 'सत्य' व 'प्रिय' बोलना चाहिये। सत्य होय लेकिन अप्रिय लगे ऐसी वाणी का उच्चार नहीं करना चाहिये यह 'नीति' है। भक्त किसीका दुःख सहन नहीं कर सकते। विदुरजी अतः चुप रहे थे। वे नीति जानते थे की 'अप्रिय सत्य' कहना पडे तब मौन रहना चाहिये, लेकिन मात्र 'प्रिय' अथवा 'असत्य' बोलना नहीं चाहिये। 🌷 (स्कं.१/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३०३)🌷

🌷सत्ता, संपत्ति और भोग प्रभु भजन को भुला देता है। यथा समय योग्य संतानोको सब कुछ सोंप कर प्रभु भजन के लिये निवृत्त होनेकी वृत्ति भी नहीं होती। यह कलियुगके प्रभाव से होता 'बुद्धिनाश' है, जिसके कारण कलह ही होता है। जो सावधान होता है, उसे ही यह समझमें आता है। 🌷(स्कं.१/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३०४)🌷

🌺समग्र विश्व ईश्वरके वशमें है। भगवान ही प्राणीओको मिलाते है, व अलग करते है। वे ही सभीका सर्जन करतें है और उनका नियंत्रण करतें है। वे किसीके ईष्ट या द्वेषी नहीं। वे सभीका हित ही करतें है। ईसलिये जो कुछ होता है, उसके लिये शोक करना नहीं चाहिये। 🌺 (स्कं.१/१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३०५) 🌷

🌷भगवान की ईच्छा का आदर करना चाहिये। उनको अनुकुल होकर ही रहना चाहिये। लोक चाहे नित्य हो या अनित्य,वह शोक करने योग्य नहीं है, क्योंकी संसारीओका पारस्पारिक स्नेह मोहसे उत्पन्न होता है, सच्चा नहीं होता। अतः उसके बारेमें व्याकुल होना नहीं चाहिये। 🌷 (स्कं.१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३०६) 🌷

🌷अनिष्ट वस्तु की आशंका / विचार के कारण, उत्साहको कम करनेवाली, अपने मनको शिथिल कर देनेवाली स्मृति को 'शोक' कहतें है। शोक छोडना आसान नहीं होता। एक के बाद दूसरा आता है। शोक ढुंढके दुःखी होना संसारीओ का स्वभाव होता है। 🌷 (स्कं.१/१४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत - चिंतन (३०७) 🌷

🌷अभिमान से मनुष्य उद्धत हो जाता है, अंतमें सर्वनाश होता है, मुक्ति से वह वंचित होता है। ऐसा न हो, उसके लिये, भक्तकी रक्षाके काज, भगवान कुछ ले लेतें है, वह भगवान की कृपा ही समझनी चाहिये। 🌷 (स्कं.१/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३०८) 🌷

🌷अर्जुन के पास बल, विद्या, विजय, सख आदि श्रेष्ठत्तम था, जिसे वह अपनी सफलता मानता था। सुखमें मनुष्य निमग्न हो जानेपर उसमें अहंभाव उत्पन्न हो जाता है, और वह भगवान से विमुख हो जाता है। ऐसेको सन्मुख लानेके लिये भगवान आघात देतें है। तब उसे अपनी अल्पता का अहेसास होता है। 🌷 (स्कं.१/१५) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३०९)🌷

🌷हमें प्राप्त हुई सफलता,सद्बुद्धि,संपत्ति, सभी सुख, सामर्थ्य भगवद् दत्त होते है, लेकिन हमारी ऐसी समजकी वे हमने अपने सामर्थ्यसे पायें है, वह हमारा मोह है। भगवान का उपकार मानने की बजाय हम हमारा अहं पालतें है, जिसके कारण हम भगवानसे विमुख हो जाते है। 🌷 (स्कं.१/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३१०) 🌷

🌷भगवान 'आत्मद' है, भक्तको स्नेह करतें है। प्रसन्न होने पर वे अपने आत्मा का दान भी कर देतें है। प्रेमवश ही श्रीकृष्ण ने अर्जुन के सारथी होना स्वीकार किया था, वे उसको विजय तो अन्यथा भी दिलवा सकतें थे। उसको यह बात समजने पर इसका अहेसास हुवा। तब उसमें दीनता आई है। 🌷 (स्कं.१/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३११) 🌷

🌷जीवका शरीर के साथ. संबंध वाणी द्वारा होता है। वाणी को मन की 'दूती' कहा है। मनकी बातें वाणीसे द्वारा व्यक्त होती है। मौन धारण करनेसे मन शांत होता है। ईसलिये वाणी के त्याग को वाणी का मनमें 'होम' माना गया है। 🌷(स्कं.१/१५) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३१२) 🌷

🌷संतान 'लायक' हो जाने पर वृद्ध-वडिलजनोंको व्यवस्था की जिम्मेवारी का आग्रह न रखते हुए, स्वेच्छया उसे छोड कर प्रभु-भजनमें मनको जोडना चाहिये। युवाओको भी, यदि योग्यता प्राप्त न की हो, और वृद्ध व्यवस्था सम्हालते हो, तब अपने स्वतंत्र अभिप्राय रखने परभी व्यक्त नहीं करना चाहिये। दोनो पक्ष यदि अपनी स्थिति स्पष्ट समझे, तो घर्षण टाला जा सके, आत्मियता बढे, सुख-शांति रहै। 🌷(स्कं.१/१६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३१३) 🌷

🌷गृह, संस्था अथवा किसीभी कार्य क्षेत्र की व्यवस्था व्यक्तिगत मान्यता के आधार पर नहीं लेकिन शास्त्रग्य भगवद्-भक्त की सलाह-सूचनके अनुरुप चलाने से उसमें कभी अनर्थ नहीं होता, क्योंकी धर्मसे वह ओतप्रोत होती है। सामान्यतः जीवन व धर्म भिन्न दिखाई पडता है। 🌷 (स्कं.१/१६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३१४) 🌷

🌷शास्त्र संमत कर्म को धर्म कहतें है, लेकिन वह क्रिया तक सीमित न रह कर अपने विचार, वाणी, वर्तन, वेष, आहार, विहार, सबमें ओतप्रोत होना चाहिये, व व्यवहार में अभिव्यक्त होना चाहिये। 🌷 (स्कं.१/१६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३१५) 🌷

🌷कलियुगमें लोग अपना जीवन व्यर्थ में गंवा देतें है। वे मंदबुद्धि व प्रमाद युक्त हो जातें है। उससे बचनेके लिये वृथा बातें, वृथा क्रिया और वृथा विचारो का संपुर्ण त्याग करना चाहिये। जीवन व्यवहार में अनिवार्य और जो प्रभु संबंधित न हों वे सभी वृथा है। 🌷 (स्कं.१/१६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३१६) 🌷

🌷'कलि' का अर्थ है 'कलह'. उसमें 'अधर्म' होता ही है। अपना जहां नियंत्रण हो, वहां लोगोमें अल्प भी 'कलह' अथवा 'अधर्म' दिखलाई पडे, तुरंत ही उसको दूर करनेकी तत्परता/सतर्कता बरतनेकी जिम्मेवारी मुख्य व्यक्ति की होती है। रोग ओर दोष दोनोको उत्पन्न होते ही उसे निर्मुल कर देना चाहिये। 🌷 (स्कं.१/१६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत्-चिंतन (३१७) 🌷

🌷जहां कहींभी यत्किंचित यथार्थ धार्मिक प्रवृत्ति होती हो, उसे अभिनंदित करना चाहिये, पोषण देना चाहये। तभी वह पनपती है। योग्य पोषण के अभावमें सत्प्रवृत्ति भी असरकारक नहीं रहती। अतः अनर्थ का दमन करना चाहिये और सुयोग्यको प्रोत्साहित करना चाहिये। 🌷 (स्कं.१/१६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३१८) 🌷

🌷आचरण से लोगोको सुख देने वाले 'धर्म' के चार चरण है - तपः, दया,पवित्रा, और सत्य। सतयुगमें ये चारो थे, त्रेता व द्वापर में एक एक चरण कम होते हुए कलियुगमें यहां तहां मात्र 'सत्य' विद्यमान है। इन चरणोके अभावमें लोग दुःखी है। 🌷 (स्कं.१/१६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३१९)🌷

🌷भगवद् -त्याग सबसे बडा अनिष्ट है। भगवान जिनका त्याग करतें है, वे भवसागरमें मग्न हो जातें है। भक्तके लिये तो भगवान के छोड देना वह सर्वथा अनर्थ रुप है। समर्थ लक्ष्मीजीको भी भगवानके चरण दुर्लभ है। वे भगवद् -चरणार्विदमें सौभाग्य -चिन्ह रुप बिराजती है! 🌷(स्कं.१/१६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत - -चिंतन 🌷

🌷कलियुग आ रहा है - कलियुग आ चुका है। वह राजाके भेषमें रथ पर सवार हो कर, जिसको गाय और एक पांव वाला बेल लगे हुए है, उनको मारते हुए, जब राजा परिक्षत अपनी सेवा के साथ दिग्विजय के लिये निकले, तब देखा। उन्होने घर्म रुप बैल व धरणी रुप गाय के संवाद को सुना।
पढने लायक संवाद है, प्रथम स्कंध के अध्याय १६ में पढना चाहिये ! 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२०)🌷

🌷ग्यान सहित तपः ईत्यादि न हो तो केवल सत्य के आधार पर 'धर्म' की स्थिति अस्थिर ही होती है। पदार्थो के स्वरुप- ग्यानके अभावमें धर्मकार्य में दृढता नहीं आती। हीन व बिना संयमवाले लोगोके धर्मकार्य पाखंड रुप ही होता है। 🌷 (स्कं.१/१७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत --चिंतन (३२१)🌷

🌷जैसे लोहचुंबक के पास लोहैके कण आकर्षित होते है, उसी प्रकार, जहां अल्प भी अधर्म हो वहां अनेक 'अधर्म' परंपरा ' खींची चली आती है, और जहां अल्प भी 'धर्म' होता है, वहां अनेक 'धर्म परंपरा' पनपती है। कलियुगके दोष जो बहिर्मुख व बिना भगवद् संबंध वाले होते है, उन्हें विकल बनाते है, लेकिन भगवद् भजन करनेवाले को कलियुग बाधा नहीं करता। 🌷 (स्कं.१/१७)🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२२)🌷

🌷तन के आचार और अंतःकरणके विचार, दोनो यदि पवित्र हो तब उसे 'सदाचार' कहते है। आचार भले अच्छे होय लेकिन विचार में विकार हो, तब वह 'मिथ्याचार' है। विचार अच्छे होय पर यदि आचार में शिथिलता हो, तब वह 'प्रमाद' है। आचार पवित्रता की नींव है। 🌷 (स्कं.१/१७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२३)🌷

🌷धर्म के चार चरण बताये है -१.'तपः' - कल्याण के लिये कष्ट / आलोचना सहन करना, २.'शौच' - सर्वथा शुद्धता, तन व मनकी पवित्रता, ३. 'दया' - अन्य के दुःख दूर करनेकी प्रबल ईच्छा, ४. 'सत्य' - वाणी व व्यवहार की सच्चाई. ये चार चरण आचरण में दिखलाई दे, तो से "धर्माचरण" कहते है। 🌷 (स्कं.१/१७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२४) 🌷

🌷कलियुगमें 'मद' के कारण 'दया' नहीं रहती। सत्क्रिया करनेसे सद्वस्तु प्राप्त होने पर होता हुआ अहंकार अंतःकरण में रहे तो उसे 'गर्व' कहते है, लेकिन जब वह वाणी व व्यवहार में व्यक्त होता है तो उसे 'मद' कहते है, तब मनुष्य अन्यकी परवाह नहीं करता। उसके दिलमेंसे 'दया' चली जाती है। 🌷(स्कं. १/१७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२५) 🌷

🌷धर्मके दो विभाग है - १.प्रमाण २.प्रवृत्ति. जहां प्रमाण के अनुसार प्रवृत्ति होती हो वहां 'धर्म' है। शास्त्रोमें कही गई, संत जिसमें संमत हो, महापुरुषोने जिसे सदाचारके रुपमें स्वीकार कीया हो, उसे प्रमाण रुपमें स्वीकार कर उसके अनुकुल अपनी प्रवृत्ति होनी चाहिये। उसीको 'धर्म' कहते है। 🌷 (स्कं.१/१७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२६)🌷

🌷कलियुग 'अधर्म' का पोषण करता है। जहां 'कलि' - कलह आता है वहां 'अधर्म', अपने नौ परिवारजनोको साथ ले कर आता है। वे है - १.लोभ, २. अनृत (झुंठ) ३.चौर्य (चोरी) ४. अनार्य (बल प्रयोग), ५. अंहः (पाप), ६. ज्येष्टा (परेशान करना), ७. माया (कपट), ८. कलह (क्लेश), और ९. दंभ। 🌷 (स्कं.१/१७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२७) 🌷

🌷'कलि' के पांच निवास स्थान है - १.द्युत, २. पान ३. स्त्री, ४. हिंसा, ५. सुवर्ण। जहां आचार में 'अधर्म' होता हो,, वहां ये स्वरुपतः नहीं कार्यतः होते है, अर्थात् - द्युत 'अनृत' रुपसे, पान 'मद्यपान' के रुपमें, स्त्री 'काम' रुपमें, हिंसा 'क्रोध' के रुपमें और सुवर्ण 'बैर' के रुपमें कलिके स्थान होते है। 🌷 (स्कं.१/१७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२८) 🌷

🌷जिस परीक्षित की प्रभुने ब्रहमास्त्रसे माताके उदरमें रक्षा की, उसकी कथामृत का पान कर गंगातट पर मृत्यु हुई। ब्रहमास्त्र ब्राहमण के शापके रुपमें प्रकट हुआ, लेकिन राजाने अपना अंतःकरण प्रभुको समर्पित करनेके कारण उसे मोह नहीं हुआ। राजाने सर्वस्व और संगका त्याग कीया, गुरुकृपा हुई, उसे भगवद् स्वरुपका ग्यान हुआ, तब गंगातट पर देह छुटा, वह कृतार्थ हुआ। यह सब अद्भुतकर्मा श्रीकृष्ण की अद्भुत लीला है।🌷 (स्कं.१/१८)🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३२९) 🌷

🌷'उत्तम श्लोक' अर्थात् जिनका 'उत्तम यशः' है, ऐसे भगवानके सम्बंधित बातें, सर्वदा भगवद् कथामृत, एवम् भगवद् चरणार्विंद की सेवा, इन तीन बातोंसे अंतसमयमें किसी प्रकार का भ्रम उत्पन्न नहीं होता। 🌷 (स्कं.१/१८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३०) 🌷

🌷कलियुगमें अनेक दोष है लेकिन एक महत् गुण भी है।उसमें सत्कर्म का फल तुरंत मिलता है। 'पापकर्म' का फल कलियुग में एक वर्ष, व द्वापर में एक मास होने पर मिलता है, जबकी सत् युगमें तत्क्षण मिलता है। परंतु, 'पुण्यकर्म' का फल, सत् युगमें एक वर्ष, त्रेतामें एक मास, व द्वापर में १२ दीन होने पर, जबकी कलियुग में तत्क्षण मिलता है। 🌷 (स्कं.१/१८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३१) 🌷

🌷भगवान के साथ जिनका संबंध हो ऐसे भक्तका स्वल्प संग भी स्वर्ग अथवा मोक्ष प्राप्ति की तुलना में कहीं अधिक है। लौकिक सुख और मोक्ष पर्यंत के वैदिक सखुसे प्रभु के प्रेम स्पर्श (पुष्टि) का एक पल भी श्रेष्ठ है। 🌷(स्कं.१/१८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३२) 🌷

🌷भगवन्नाम लेनेसे मनुष्य कृतार्थ होता है। भगवान में अनंत गुण है। भगवान के समान अथवा अधिक कोई नही

है। सर्व लक्ष्मीजीको प्राप्त करनेकी ईच्छा करते है, जबकी वे स्वयं सब का त्याग करके प्रभुको भजती है। भगवानमें अनुराग जगने से अंतःकरण शुद्ध होता है, देहादि में विराग होता है, जीवन यागरुप बनता है, भगवद् गुणगानसे कृतार्थ होता है। 🌷 (स्कं.१/१८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (३३३) 🌷

🌷अश्वत्थामा के मुखसे मंत्र रुप जिस ब्रह्मास्त्रसे भगवान ने राजा परीक्षित की माताके उदरमें रक्षा की थी, वह पूनः शृंगी रुषि के मुखसे शाप रुप प्रकट हुआ। एक 'बाण'के रुपमें था, दूसरा 'तक्षक' रुपमें। माताके उदरमें भगवान ने 'स्वरुप'से रक्षा की थी, अंत समयमें भागवत के माध्यम से 'नाम' द्वारा रक्षा की। आदि में माता उत्तराने शरणागति की थी, अंतमें राजाने स्वयं शरणागति स्वीकारी। 🌷(स्कं.१/१८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३४) 🌷

🌷क्षमा करना और मांगना साधुका स्वभाव होता है। सजा करनेवाले से क्षमा करनेवालेका सामर्थ्य कहीं अधिक होता है। भगवान के भक्तमें सजा करने का सामर्थ्य होते हुए, यदि कीसीने उनका तिरस्कार कीया हो, अपमान कीया हो, धोखा अथवा शाप दीया हो, फीर भी वे उनका प्रतिकार नहीं करते, बदला नहीं लेते, उन्हे क्षमा कर देते है। 🌷 (स्कं.१/१८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३५) 🌷

🌷 पाप कर्मसे शुद्धि के लिये 'पश्चाताप' पावक (अग्नि) है, जो 'प्रायश्चित' से प्रबल है। जिस मानवको पापके कारण पछतावा होता हो, उसके लिये श्रीहरि का प्रेम पूर्वक स्मरण श्रेष्ठ 'प्रायश्चित' है। 'हरि-स्मरण' शीतल भावसे किया जाता है, 'संस्मरण' संतप्त भावसे होता है। अंतःकरण में दुःखके साथ किया जाता स्मरण को 'संस्मरण' कहते है। 🌷 (स्कं. १/१९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३६) 🌷

🌷भगवद् भक्त अपराध होने पर मात्र क्षमा नहीं, सजाकी भी अपेक्षा रखते है। सामान्य संसारी अपराधके लिये क्षमा याचना करतें है। महापुरुष अपने कर्मोके वे जब चाहे तब प्राप्त करते है, क्योंकी उनमें फलकी ईच्छा का अभाव होता है।🌷 (स्कं १/१९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३७) 🌷

🌷अपने अपराध और उसकी सजा को जानते ही, अपने पुत्र जन्मेजय को राज्य-कार्यभार सुपरत कर, स्वकल्याणार्थ परीक्षित ने कृष्ण के चरणार्विंदकी सेवा को मुख्य समजकर, उसमें शरीरधर्म बाधा न करे ईसलिये अन्नजल त्याग कर, सेवोपयोगी नूतन देह प्राप्तिकी अभिलाषासे पवित्र गंगातट पर जा बैठे। 🌷 (स्कं.१/१९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३८) 🌷

🌷वेद व्यासजी और ब्रह्मर्षि नारदजी भगवान के 'ग्यान-शक्ति'के अवतार है, व परशुरामजी भगवान की 'क्रिया-शक्ति' के अवतार है। वे भी 'पूर्ण ग्यान-क्रिया शक्ति' युक्त भगवान श्रीकृष्ण को जानने की ईच्छा के कारण

जब श्रीशुकदेवजी राजा परीक्षित को भागवत श्रवण करा रहे थे तब उपस्थित थे। 🌷 (स्कं.१/१९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३३९) 🌷

🌷राजा परीक्षित के समक्ष उपस्थित सभी महर्षिओ से प्रारंभ में उसने दो प्रश्न कीये थे, - १.मनुष्य को जीवन पर्यंत सभी प्रकारसे क्या करना चाहिये। २. जब मृत्यु प्रत्यक्ष हो ऐसे अंतकाल समय मनुष्य को क्या करना चाहिय। भागवत में श्रीशुकदेवजी ने इन प्रश्नोके उत्तर विस्तार से दिया है। 🌷 (स्कं.१/१९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३४०) 🌷

🌷 परीक्षितके प्रश्न सुनकर श्रीशुकदेवजीने अत्यंत प्रसन्न होकर कहा 'श्रीभागवत कथामृत मरणासन्न को जीवन देता है, जीते हुवे को समर्थ बनाता है, समर्थ को सुरक्षित करता है, सुरक्षित को उल्लास देता है, उत्साह देता है, व सभीको भगवदाभिमुख कर कृतार्थ करता है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३४१) 🌷

🌷परीक्षितने पु◌ुछा था - "सर्वात्मना क्या करना चाहिये"। 'जिसको किये बिना कोई पुरुषार्थ सिद्ध न हो सके, उसे "सर्वात्मना कर्तव्य" कहते है, जो मनुष्य को कृतार्थ होनेके लिये आवश्यक हो'। यह प्रश्न आत्मविद्या व विचारक के लिये महत्वपूर्ण है। 🌷 (स्कं२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (३४२) 🌷

🌷 श्रीमद् भागवतशास्त्र का अर्थ 'आनंद रुप साकार श्रीहरि की लीला' है। कर्तव्य के रुपमें इस शास्त्र के दो अर्थ बताये है - १. 'अनुष्ठेय'- अर्थात् इनमें बताये गये उपदेश आचरण करने लायक है। २. 'प्रमेय' रुप - (जानने लायक) दशविध लीला युक्त 'भगवान', जिनका निरुपण तृतीय से द्वादश स्कंध में किया है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३४३) 🌷

🌷"कृतार्थता के लिये जीवन पर्यंत क्या करना चाहिये", परीक्षित का यह प्रश्न मात्र पामर मनुष्य के लिये ही नहीं, साधु के लिये भी महत्त्व पूर्ण है। यदि मानव गंभीरतापूर्वक इसका विचार करें तो जीवन की दीशा बदल जायगी, संसारी संत बन सकता है ! 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३४४) 🌷

🌷भगवान हमारी निकट होते हुए भी हम पहेचान नहीं पाते। हम आत्मा के सही स्वरुप को जानते नहीं और अपना देह को ही सबकुछ समजते है। उसीकी परवरिशमें जीवन बिता देते है, जिसके कारण 'कृतार्थता नहीं होती। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (३४५) 🌷

🌷मनुष्य यदि जीवनमें सदगुणो को ग्रहण करता है (दुर्गुणोसे दूर रहता है), तब वह युवावस्थामें विकास करके इन्द्र समान उन्नत - उज्ज्वल - अमर हो जाता है, लेकिन यदि वह दुर्गुणो को अपनाता है, तब वह श्वानकी तरह गुलाम

होकर भोग-विलास पीछे भटकता है, पामर बनता है अवनति पामता है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 (डो जयेन्द्र सोनी 🌷

🌷भागवत -चिंतन (३४६) 🌷

🌷 अपने में सद्गुणोको विकसित करके, गंभीरतापूर्वक महेनत कर आत्मबल से युवान सरलतापूर्वक सर्वत्र सफल हो सकते है। उन्हे भागवतजीके श्रवण एवम् सेवन द्वारा अपने जीवन को कृतार्थ करनेका राजमार्ग मिल सकता है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३४७) 🌷

🌷मानव मात्र 'जीने' के लिये ही प्रयत्नशील हो, तब वह पशु समान ही है। भगवान ने मनुष्य को अपने कल्याण के बारेमें सोचनेकी समझ दी है, अतः वह मृत्यु की तैयारी कर सकता है। अर्थात् उसे ग्यान होनेसे कि किसी भी क्षण अपने देह को छोडना पडेगा, वह, भगवद् चरणार्विंदमें स्थान प्राप्त करनेके लिये कृतार्थताके लिये उचित कर्तव्य करता है। 🌷(स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३४८) 🌷

🌷राजा परीक्षित के पश्न "मनुष्यको सर्वात्मना क्या करना चाहिये", के उत्तर में शुकदेवजी ने का "श्रोतव्यः कीर्तितव्य श्च स्मर्तव्यश्च" अर्थात् भगवान सर्वके आत्मारुप होनेसे उनका श्रवण, कीर्तन, व स्मरण करना चाहिये। 🌷 (स्कं. २/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३४९)🌷

🌷"श्रोतव्यः" से तात्पर्य है 'श्रवण करना आवश्यक है'। जिस क्षणसे संसार का भय लगने लगे, उसी क्षणसे भगवान को 'सुनना शुरु कर देना चाहिये । जब तक प्रभु में प्रेम हो, प्रभु प्रकट हो, और उनमें प्रवेश प्राप्त हो जाय, तब तक 'श्रवण करना चाहिये। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३५०) 🌷

🌷'श्रवण' के निर्वाह के लिये 'कीर्तन' आवश्यक है। श्रवण व कीर्तन सदा होय ईसलिये 'स्मरण' है। 'श्रवण-कीर्तन-स्मरण' सतत होते रहनेसे मनमें दोष नहीं प्रवेश कर पाते है। ये तीनो एक दूसरे के निर्वाहक है। आदत डालनेसे ये तीनो अपने आप होते रहते है, प्रयास नहीं करना पडता। 🌷 (स्कं २/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३५१) 🌷

🌷'श्रवण' और 'कीर्तन' में कभी लोग-व्यवहार कारण हो सकता है, लेकिन 'स्मरण' तो जिनके प्रति अपना सच्चा स्नेह हो उसी की यादमें होता है। 'श्रवण' से प्रभु कान द्वारा हृदयमें पधारतें है, और पूनः 'कीर्तन' द्वारा बहार प्रकट होकर फीर श्रवणसे भितर पधारतेंहै। ऐसे पूनरावर्तन होनेसे प्रभु हृदयमें स्थिर होते है, तब उनका 'स्मरण' स्नेह के कारण सहज होता है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३५२) 🌷

🌷धर्मका पालन जबरदस्ती नहीं करवाया जा सकता। धाक-धमकी, धन देकर करवाया गया धर्म टीक नहीं सकता ।

न भय -लालचसे कीया हुआ धर्म में द्रढता होती है। धर्मका पालन अंतःकरण के उल्लास,और विश्वास पूर्वक करना चाहिये। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत -चिंतन (३५३) 🌷

🌷भगवद् स्मरण मात्र से जन्म व संसार के बंधनोसे मुक्ति मिलती है। 'स्मरण' दो प्रकार से हो सकता है - 'स्वरुप' से व 'नाम' से। 'नाम' स्मरण' से भी कल्याण होता है, लेकिन स्वरुप के साथ नाम स्मरण विशेष कल्याणकारी है। अंतकालके वक्त भगवान याद आवे तब 'जन्मलाभ' होता है। 🌷(स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३५४) 🌷

🌷काया, कुलिनता, कीर्ति, कमाणी, कुटुंब, केळवणी ईत्यादि प्रारब्ध अनुसार मीलता है। ये सब उत्तम हो तब भी वे "जन्मलाभ" नहीं है। अंतकाल के समय यदि भगवान की स्मृति होनेसे जन्मके बाद मृत्यु और ्फिर पूनर्जन्म न हों तब उसे "जन्मलाभ" कहते है। 🌷(स्कं. २/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३५५)🌷

🌷जीवन-मुक्त, 'गुणातीत मुनिजन भी 'श्रवण' के बाद गुणानुकथन रुप भगवद् कीर्तन में परमानंद का अनुभव करतें है। अतः कीर्तन को अधिक माना गया है। 'साधनरुप कीर्तन' में भी परमानंद प्राप्त होता हो तब 'फलरुप कीर्तन' का सुख कैसा होगा, उसी विचार में वे गुणगानमें निमग्न रहते है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३५६) 🌷

🌷श्रीमद् भागवत कथा द्वारा, मुक्ति देने वाले अथवा स्वरुपानंद का दान करने वाले भगवान में 'सती मति' होती है, अर्थात् जैसे सती स्त्री पति को छोडकर नहीं जाती, वैसे बुद्धि भगवान को छोडकर अन्यत्र नहीं भटकती। वह हमेंशा भगवानका ही विचार करती है,और कुछ याद नहीं रहता। हरि-रस का पहले पान होता है, फीर गान होता है। 🌷(स्कं. २/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३५७) 🌷

🌷तप करनेवाले मुनिजनको करोडो वर्षो में भी न मिले वे प्रभु भक्तके प्रेम के कारण पलभरमे मिलते है। जीवकी आतुरता व प्रभु की कृपा, दोनो आवश्यक है। "भगवान ही चाहिये" एसा दृढ निश्चय करके, भगवान के सिवा मनमें से सब कुछ त्याग कर स्नेहपूर्वक प्रयत्न परायमण होने से प्रभु अवश्य मिलते है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत --चिंतन (३५८)🌷

🌷भजन करनेसे यदि भगवान न मिले तो उससे उब कर भजन छोड देना नहीं चाहिये।. न मिलने के दो कारण हो सकते है -१. अपने कर्म कठोर हो सकते है, अपराध अनेक हो सकते है, तदर्थ विलंब की संभावना सहज है, २. भजनकी हमारी रीत सही न हो अथवा हमारी भक्ति सच्ची न हो। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३५९) 🌷

🌷भगवद् भजन करनेवालेको इन दोषोसे दूर रहना चाहिये - असत्य, आलस्य, अपनी तारिफ, व्यसन, भक्त का मनदुःख, दुष्ट संग, वृथावाद, अभिमान, शास्त्र/गुरुजनो की अवग्या, अश्रद्धा, कर्तव्य त्याग, अन्य का अहित, अविश्वास, स्त्री प्रत्ये कुद्रष्टी, अन्य साधन की स्पृहा, भजन में प्रसिद्धि, विषय वासना और भगवन्नाम के बहाने पापाचरण। 🌷 (स्कं.२/१)🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३६०) 🌷

🌷अंतकालमें किसीका संग नहीं करना चाहिये, देह-संबधी ईच्छाए / सर्वको त्याग कर, संभवतः तीर्थ में वास करके, निर्भय होकर, स्पृहा छोडकर, वैराग्य को द्रढ करना चाहिये। प्रतिकूलताओ को सहन करते हुए, पवित्र एकांतमां बैठकर, वायुकी स्थिती के लिये प्राणायम करनेसे मन स्थिर होता है। तभी भगवान् चरणार्विंदमें ध्यान केंद्रित हो सकता है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३६१) 🌷

🌷भागवत 'श्रवण' के फल में उपकारक मनन व निदिध्यासन बताया है। युक्तिपूर्वक अनुचिंतन 'मनन' है, और साक्षात्कार जैसा ग्यान जिससे होता है ऐसा चिंतनप्रवाह को 'निदिध्यासन' कहते है। भगवान का ध्यान करनेसे अन्य विचार दूर होते है, भगवानमें चित्त स्थिर होता है, भगवद् अनुभूति होती है।🌷 (स्कं. २/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३६२) 🌷

🌷 ब्रह्मांड रुप देह में भगवान बिराजते है।अतः विश्व भगवद् रुप ही है, वह भगवान से भिन्न नहीं है। जिस तरह लोहेके गोलेमें अग्नि व्याप्त होता है, कमल के कोशमें भ्रमर रहता है, महलके भीतर राजा रहता है, वैसेही ईस विराट ब्रह्मांड के भीतर भगवान है, जो योगीओ द्वारा ध्यान करनेसे उन्हे प्रत्यक्ष होते है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३६३) 🌷

🌷ब्राह्मण भगवान का मुख है। जिनमें ब्रह्म-भाव रुप धर्म विद्यमान हो, वे 'ब्राह्मण' कहलाते है। उसी प्रकार अन्य वर्ण बतलाया गये है। 'क्षत्रिय' भगवान के बाहु है, 'वैश्य' ऊरुरुप है, और 'शुद्र' चरण रुप है। ईस प्रकार समग्र विश्व भगवद् रुप है। 🌷 (स्कं.२/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३६४)🌷

🌷एकमात्र सर्वरुप प्रभु में प्रीति करनी चाहिये। प्रीति 'भगवद्-धर्म' होने से भगवानने स्वल्प प्रीति जीवके सुखार्थ दी है। अतः जहां प्रीति होती है, वहां प्रसन्नता होती है, सुख का अनुभव होता है। वास्तवमें पदार्थ व प्राणीमें सुख नहीं है, लेकिन अपनी प्रीति के कारण ही उनमें सुखकी अनुभूति होती है। 🌷 (स्कं.२/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३६६) 🌷

🌷भक्त को भगवान के सिवा अन्य किसीकी अपेक्षा नहीं रखनी चाहिये। उसे जगत के सभी व्यक्ति / पदार्थोमें से मोह व प्रीति को छोडकर मात्र प्रभुमें प्रीति पूर्वक सुख का अनुभव करवा थाहिये। जिनमें यह लक्षण प्रतीत होते है, उनको "निवृत्त" कहते है।एसे भक्त को संसार सुख की स्पृहा नही होती है।🌷 (स्क.२/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३६७) 🌷

🌷'मुझे भगवान ही चाहिये' ऐसा जिनका जीवनका ध्येय निश्चित है, भगवान ही जिनका पुरुषार्थ के रुप में 'नियत' है, उन्हे "नियतार्थ" कहते है। जिनका ऐसा कोई लक्ष्य निश्चित नहीं होता वे जन्म-मरण की धटमाल में घुमा करतें है। 🌷 (स्कं२/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३६८) 🌷

🌷आहार-निंद्रा-भय-मैथुन, इन बाबतोमें मानव व पशु समान होनेसे, जितना समय इन 'चार' के लिये हम व्यतित करतें है, तभी हम 'पशु जीवन' ही जीते है। अन्य सभी को अपने कर्मोसे दुःखी देखते हुए भी हम 'भगवानका चिंतन' न करके, 'देहादिकी चिंता' करतें है, वह हमारा दुर्दैव है। 🌷 (स्कं.२/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (३६९) 🌷

🌷भगवान के विचार करनेसे छ गुणो का लाभ प्राप्त होता है - ऐश्वर्य, वीर्य,, यश, श्री, ग्यान व वैराग्य, जबकी शरीर संबंध ईत्यादि के विचारो से हमे छ दोष मिलते है - उत्पत्ति (जन्म), नाश (मृत्यु), दुःख (प्रतिकुलता), कर्म, परिताप (शोक ईत्यादि का संताप) और हीनता। 🌷 (स्कं.२/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७०)🌷

🌷मुक्ति के दो प्रकार है -(१) सद्यो मुक्ति - ऐसे योगी जिनको लिंगदेह छोडते ही वैष्णव पद प्राप्त होता है, उसे 'सद्योमुक्ति' कहते है। (२) क्रम मुक्ति - ऐसे योगी लोग जो भोग भोगनेके लीये अपना लिंगदेह साथ ले कर जाते है, उनकी वासना अधुरी होनेसे, वे अलग अलग लोकमें भोग भोगते हुए अंतमें गति प्राप्त करतें है। उसे 'क्रममुक्ति' कहते है। 🌷(स्कं.२/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत -चिंतन (३७१)🌷

🌷संतोके आत्मारुप भगवान की कथा को अपने कान रुप दोनामें भर कर जो पान करता है, वह विषय के विष से विशेष प्रकार से दुषित अंतःकरण को पावन करता है। वह प्रभुकी संन्निधि को प्राप्त करता है अथवा भगवानके भक्तो का संग प्राप्त करता है। 🌷 (स्कं.२/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७२) 🌷

🌷जिस प्रकारसे चक्रवर्ती सम्राट अपने राज्य की व्यवस्था के लिये अलग अलग अधिकारी की नियुक्ति करता है, वैसेही प्रभु ने सृष्टि की व्यवस्था के लिये अपने विभूति रुप देवोको भिन्न भिन्न अधिकार दिये है। तदनुसार उन देवो का भजन करने वाले को फल प्राप्त होते है। वे अपने अधिकार से ज्यादा अथवा उसके अलावा फल नहीं दे सकते। 🌷 (स्कं.२/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७३) 🌷

🌷भगवद् भजन करने वालेको भक्तिमार्ग में परम कल्याण का उदय होनेसे दो वस्तुए प्राप्त होती है - १. भगवद् भक्त का संग, २. भगवान में अचल भाव. और सभी साधन इनमें समाहित है। 🌷 (स्कं.२/३) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र

सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७४) 🌷

🌷भगवद् कथामें प्रीति के कारण मुख्यत्वे भगवान में 'अचलभाव' और भगवान के भक्त का संग प्राप्त होता है। उपरांत राग-द्वेष व अविद्या दूर करनेवाला ग्यान होता है, अंतःकरण प्रसन्न होता है, प्राकृत गुणो में वैराग्य होता है, और भक्तियोग सिद्ध होता है। ये गौण लाभ है। 🌷 (स्कं.२/३)🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७५) 🌷

🌷 भगवद् कथा श्रवण नहीं करने वाले के कान सापके दर समान है, भगवद् नाम न लेने वाली जिह्वा व्यर्थ अवाज करनेवाले मेढक जैसे है, भगवद् चरणार्विंदमें न झुकता शिश भार रुप है, दर्शन न करनेवाले नेत्र मयुर पंखमें टिका समान हे, तीर्थ यात्रा न करनेवाले पांव स्तंभ जैसे है, भगवद् सेवा न हरता हो वह हस्त मृत व्यक्ति के समान है। अतः सभी ईन्द्रियो को भगवद् कार्य में योजित करना चाहिये । 🌷(स्कं.२/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७६) 🌷

🌷 जो वास्तवमें भगवदीय होय, उनको भगवान्नाम लेते ही आंखमें अश्रु आ जाते है, शरीरमें रोमांच होता है, उनकी वाणी गद्-गद् होती है। उन्हीके हृदयमें प्रभु पधारनेकी संभावना होती है। सच्चा वैष्णवत्व उन्हीमें सिद्ध होता है। 🌷 (स्कं.२/३) 🌷 (🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७७) 🌷

🌷वस्तु-त्याग कठीन है। वस्तु-त्याग के बाद उसमें से ममत्वका त्याग और उसके अभिमान का त्याग ओर भी कठीन है। सभी वस्तु में "यह मेरा है", ऐसी ममता मृत्यु पर्यंत मुंझाती है, जबकी प्रभु में ममता जगे तो वह जीवनको मधुर बनाती है। 🌷 (स्कं.२/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७८) 🌷

🌷भगवान सभीका स्वामी है। स्वामी के पास सबको मांगनेका, प्रार्थना करेला हक्क होता है। इस हक्क का उपयोग करके जो प्रभुके पाससे कुछ मांगते है वे 'मर्यादा' कहलाते है। लेकिन प्रभु को परिश्रम होगा, ऐसा सोचकर जो नहीं मांगते, और जो मात्र प्रभु की प्रसन्नता का ही विचार करतें है वे 'पुष्टि' है। 🌷 (स्कं.२/४) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३७९) 🌷

🌷जिस प्रकारसे मकडी जाल बुननेके लिये अपने मुंहमेंसे तंतु निकालती है, वैसे 'सच्चिदानंद' भगवान त्रिविध सृष्टि की रचना करनेके लिये अपने में से तीन गुण प्रकट करतें है। अपने 'सद्रुप' में से "सत्", 'चिद्रुप' में से "रजः" और 'आनंदांश' में से "तमः" गुण प्रकट करतें है। अतः वे 'भगवद्रुप' है। लेकिन भगवान स्वयं "निर्गुण" है। 🌷 (स्कं.२/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३८०) 🌷

🌷सर्वके समवायिकारण, अधिभूत-पंचमहाभूत रुप, जगतकी उत्पत्ति के निमित्त रुप,भगवान है। भूतसंस्कार रुप

'कर्म' एवम् गुणक्षोभ करनेवाला 'काल' भी भगवान है। जीव भी भगवदंश है। अतः सभी भिन्न दिखाई देते हुए भी तत्त्वतः अलग नहीं है। इसेही 'अखंड ब्रह्मवाद' कहते है। 🌷 (स्कं२/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३८१) 🌷

🌷 भगवान की अनेक रुप होने की ईच्छा से अक्षरब्रह्म काल, कर्म, स्वभाव - ये तीन रुपोमें रुपांतरीत होता है। कालकी चेष्टा के फल-स्वरुप, प्रकृति -पुरुष के संयोजनसे उत्पन्न महत्तत्वमेंसे माया के तीन गुण सत्व, रजस्, तमस् गुण युक्त अहंकार उत्पन्न होता है, जो भगवान की क्रमशः 'ग्यानशक्ति', 'क्रियाशक्ति' व 'द्रव्यशक्ति' रुप है। 🌷 (स्कं.२/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३८२) 🌷

🌷भगवात्सेवामैं सेवोपयोगी सभी पदार्थ भावात्मक स्वरुप है, वे सभी भगवद् रुप है। भावपूर्ण हृदय वाले भक्तो को "सबकुछ भगवान है", ऐसा अनुभव होता है। सर्वात्मभाव वाले भक्तके लीये यही सेवाका उत्तम फल है। भक्तको फलकी ईच्छा नहीं होती वे निष्काम भावसे, बिना कोई संकल्पके केवल भगवद् प्रसन्नता के लिये ही सेवा करतें है। 🌷(स्कं.२/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३८३) 🌷

🌷जिनमें उत्कंठा, तापभाव व आतुरता होती है, उनके हृदयमें प्रभु पधारते है। ऐसे भक्त की - १.वाणीमे कभी असत्य नहीं आता, २.उसके मनमें मलिनता (चंचलता) नहीं होती, ३.उसकी इन्द्रियां विषयाभिमुख नहीं बनती. 🌷 (स्कं.२/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३८४) 🌷

🌷भगवान के चरण प्राप्त करनेके लिये किसी योग्य उपाय करनेवाले का संसार वे नष्ट कर देते है। अतः उसे संसारमें आथडना नहीं पडता, और उसका आलोकमें व परलोकमें सर्वत्र कल्याण होता है। प्रभुके चरणाविंद में नमन मात्रसे जीव कृतार्थ होता है। 🌷 (स्कं.२/६)🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३८५) 🌷

🌷परब्रह्म पुरुषोत्तम भगवान प्रथम प्रकृति के नियामक 'पुरुष' रुप उपरांत 'काल' रुप व 'स्वभाव' रुप से अवतरित हुए है। सर्व समर्थ भगवानने अनेक अवतार धारण कीये है। एक ही भगवान अनेक रुपसे, सर्व रुपसे अपने मूल स्थानसे अवतार ले कर पधारे है। भगवान 'सच्चिदानंद' है, अपने सत्, चित् व आनंद को प्रकट कर उन्होने देह, जीव और अंतर्यामि रुप धारण किये है। 🌷(स्कं.२/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३८६) 🌷

🌷भगवान के 'धर्म' और 'स्वरुप' में भेद नहीं है। अतः भगवानके धर्मो में से, उनके श्रीअंग में से, और उनके अलंकारोमेंसे विभिन्न अवतार प्रकट हुए है। भगवान कृष्ण मूल-'अवतारी' है, वे 'अवतार' नहीं है। वे स्वयं साक्षात् परब्रह्म -परमात्मा है। 🌷 (स्कं.२/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३८७) 🌷

🌷 द्वितीय स्कंध में व्यासजी ने भगवान की 'दशविध लीला' को विभिन्न विशेषण से बताया है, जो भगवानके चरित्रोसे सुसंगत है। अनुक्रमसे - "अदीन" से 'सर्ग', "लीला" से 'विसर्ग', "हसित" से 'स्थान', "ईक्षण" से 'पोषण', "उल्लसत्" से 'ऊति', "भ्रू" से 'मन्वंतर', "भग्न" से 'ईशानुकथा', "संसूचित" से 'निरोध', "भूरि" से 'मुक्ति' और "अनुग्रह" से 'आश्रय लीला' को सूचित किया है। ये सभी लीलाएं अवतारी 'श्रीकष्ण' की है। 🌷 (स्कं. २/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३८८) 🌷

🌷भगवान के पराक्रम को शेषजी सहस्त्र मुखसे गान करे तो भी गीना सकते नहीं. जिन भक्त पर भगवान भगवद् दया करें वह ही उनकी माया को पार कर शकता है, उसको फीर देहमें आत्म बुद्धि - ममत्व नही होता। भगवानके भक्त भी जिनको अपना संग दे कर प्रभु के सानुकुल बनाते है, वे स्त्री -शुद्र व पापी होने पर भी माया को कर जाते है। 🌷 (स्कं.२/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३८९) 🌷

🌷 ब्रह्माजीने नारदजी को सभीको भागवत सुनाने की आग्या की थी। शुकदेवजी ने राजा को बताया की जिनको अभय की ईच्छा हो, उन्हे तो भगवान (भागवत) सुनना आवश्यक है, क्योंकि अद्‌भुत पराक्रम करनेवाले प्रभु की कथा सभीके लिये कल्याणकारी है, उससे मन संग रहित होके कृष्ण में स्थिर होता है। 🌷 (स्कं.२/८) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३९०) 🌷

🌷भागवत-कथाका सेवन करनेके दो परिणाम होते है - १.मन निसंग बनता है, २.चित्त प्रभुमें निमग्न होता है। प्रभु में मन लगे उसके लिये मनको निसंग बनाना जरुरी है! अतः श्रद्धापूर्वक, लंबे समय तक, आदर व सावधानी से कथा श्रवण करना चाहिये। तभी सुननेवाले का ह्रदय कोमल बनता है, दोष दूर होने पर ह्रदयमें प्रभु पधारते है। 🌷 (स्कं. २/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३९१)🌷

🌷भगवान 'सच्चिदानंद' है। सृष्टि की उत्पत्ति के समय अपनी ईच्छा-शक्ति का स्वीकार करतें है, जो कामना रुप है। अतः वे अनेक रुप धारण करतें है। उनके 'सदंश'में से जड, 'चिदंश' में से जीव और 'आनंदांश' में से अंतर्यामि प्रकट होते है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३९२) 🌷

🌷भगवान में से चिदंश रुप जीव अलग होनेसे भगवानके षड्‌गुण "ऐश्वर्य,वीर्य,यश,श्री,ग्यान,वैराग्य" तिरोहित हो जाते है। जीवमें 'ऐश्वर्य' न रहने से दीनता और पराधिनता का अनुभव करता है, 'वीर्य' के अभावमें दुःख सहन करता है, 'यश'के अभावमें हीन भावना आती है, 'श्री' न रहने से आपत्ति भोगनी पडती है, 'ग्यान' के अभावमें विपरित ग्यान उत्पन्न होता है और 'वैराग्य' न होने से वह विषयासक्त बनता है। आनंद का तो पहले ही तिरोधान होता है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३९३) 🌷

🌷भगवान की 'व्यामोहिका' माया के कारण जीव का देहादि संबंध होता है। उसे 'मैं' और 'मेरा' ऐसी बुद्धि से बंधन होता है। लेकिन जब वह भगवद् कृपा से भगवद् शरणागति स्वीकारके निःसंदेह रुपसे 'प्रभु ही मेरे स्वामी है', ऐसा समजता है, तब उसे माया मोह नहीं करा शकती। जैसे निंद्रामां ले जगने पर स्वप्न चला जाता है, ऐसे ही माया के कारण होता मोह नहीं रहता, अहंता-ममता, आसक्ति दूर होती है, प्रभु का सानुभाव होता है, जीव कृतार्थ हो जाता है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (३९४) 🌷

🌷क्षीरसागरमें शेषशैया पर पोढे हुए 'सच्चिदानंद' स्वरुप भगवान की नाभीमें से उत्पन्न कमलमेंसे चतुर्मुख वाले ब्रह्माजी प्रकट हुए है। 'तप' शब्द का अवाज सुनकर उन्होने एक हजार देव वर्ष पर्यंत तप करने पर भगवान ने उन्हे दर्शन दे कर सुष्टिकी रचना करने की आग्या प्रदान की और अपने 'वैकुंठलोक के दर्शन करायें। वैकुंठ और भगवत् संबंधी लीला की कथा आदि में श्रद्धा एवम् भगवद् कृपा से ही अधिकार प्राप्त होता है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (३९५) 🌷

🌷भगवान चारो पुरुषार्थोके अधिपति है। उनकी कृपा बिना कोई पुरुषार्थ सिद्ध नहीं होता। भगवानका अवतार मुख्यत्वे भक्तोके उद्धार के लिये होता है। अतः उन्हें "मोक्षाधिपति", "श्रियःपति -'काम' के अधिपति, "जगत् पति"- 'अर्थ' के अधिपति, और "यग्यपति" - धर्म के पति कहा गया है। स्वामी होनेसे भगवान ईच्छा करें उन्हे सर्व पुरुषार्थ दे शकते है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (३९६) 🌷

🌷ब्रह्माजीना तप थी प्रसन्न थई भगवाने वरदान मांगवा आग्या करतां खुलासो कर्यो के 'तप' तेमनी अंतरंग शक्ति छे.,- तेमनुं हृदय छे. ज्यां सुधी भगवान ना दर्शन न छाय त्यां सुधी ज श्रम करवो पडे, दर्शन पछी कल्याण माटे प्रयत्न करवानो न रहे। 🌷 (स्कं२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३९७) 🌷

🌷'तपः' का तात्पर्य है - कल्याण के लिये त्यारे कष्टके सहन करना, संसार-मायाका त्याग करना। कल्याण के सभी साधनो में श्रेष्ठ है - 'भगवत् सेवा'। वह लोगोको दिखानेके लिये, लौकिक लाभ, कीर्तन, सुख, शांति, सद्गति, इत्यादि के लिये नहीं करनी चाहिये, बल्कि मात्र प्रभु की प्रसन्नता के लिये ही करनी चाहिये। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३९८)🌷

🌷भगवान के प्रकट होकर वर मांगनेकी आग्या होते, ब्रह्माजी ने चार वरदान मांगे -१.परावर ग्यान, अर्थात् भगवान के रुप का व प्रकट होनेवाले स्वरुपो का ग्यान, २. उत्पत्ति-स्थिति-लय द्वारा की जाती भगवान की क्रीडा का ग्यान, ३. 'इस प्रकार सृष्टि उत्पन्न कर' ऐसी शिक्षा, और ४. सृष्टि उत्पन्न करने पर उसका अभिमान न होय। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (३९९) 🌷

🌷पुरुषोत्तम स्वरुप का ग्यान परम गुह्य है। चार पुरुषार्थो का उनका स्वामित्व विग्यान है। भगवान भक्तको ग्यान प्रदान करे फिरभी उनकी स्वयंकी कृपा बिना वह फलित नहीं होता। भगवानको उनकी कृपा से ही समजा जा सकता है। सृष्टिमें प्रकट उनके स्वरुप, भाव, गुण, कर्म, इन सभी का यथार्थ ग्यान भगवान की कृपा सेही हृदयमें स्फुरित होता है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४००)🌷

🌷भगवान ने ब्रह्माजी को शिक्षा देते हुए कहा -"सृष्टि से पहले मैं ही था,अभी भी में हुं, ये रुप व विभिन्न पदार्थ जो दीख रहे है, वे भी मैं ही हुं,और प्रलमें जब कुछ भी नहीं रहेता, तब जो अवशिष्ट (बाकी) रहेगा, वह भीं मैं ही होउंगा"। अतः भगवान ही सर्वत्र, सर्वदा सर्व रुप बिराजते है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४०१) 🌷

🌷भगवान में सर्व सामर्थ्य और सभी धर्म (गुण) विद्यमान है। सृष्टि उत्पन्न करनेकी ईच्छा से भगवानने ही सर्व रुप धारण किये है। जिस वस्तुमें जितने गुण आवश्यक हो, उतने प्रकट रख अन्य गुणधर्म वे तिरोहित करके प्रत्येक पदार्थ के रुपमें भगवान ही बिराजते है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत- चिंतन (४०२) 🌷

🌷"सर्व खलु इदं ब्रह्म", श्रुति कहती है, अर्थात् , हमारी चोपास हम जो देख हे है, वह वास्तवमें ब्रह्म ही है। फिर भी हमें विविध पदार्थ दिखते है, लेकिन अपनी बुद्धि उसे भगवानके रुपमें नहीं समज शकती। इसका कारण भगवान की माया है। वस्तु का रुप, क्योंकि भगवानने लिये है, वह वस्तु सच्ची है, लकिन उसकी वस्तु होने की प्रतिती खोटी है। अतः जगतमें भगवाननही सब कुछ बन हुए होनेसे वह भगवद् जैसा सत्य है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४०३) 🌷

🌷विश्वमें भिन्न भिन्न रुपसे सर्व रुप भगवान के ही है। जिसमें जो रुप और गुण आवश्यक होते है, वे प्रकट रखकर बाकी को भगवान तिरोहित कर देते है। अतः प्रत्येक वस्तुका स्वरुप, आकार, गुण ब्रह्म के होने से वह वस्तु सत्य है, लेकिन उसकी वस्तु के रुपमें प्रतीति होती है वह मिथ्या है। 🌷 (स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४०४) 🌷

भगवान की 'व्यामोहिका माया' जब तक हमें ब्रह्मभाव नहीं होता तब तक हमारी बुद्धि में मोह उत्पन्न करती है। माया की विषयता दो प्रकार की होती है - १. "आच्छादिका"- वह वस्तु का ब्रह्म रुप का प्रकाश नहीं होने देती है, व २. "अन्यथा प्रतीति हेतु रुपा" - वह ब्रह्म का भान वस्तु के रुपमें कराती है। 🌷(स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४०५) 🌷

🌷ब्रह्म इस जगतके कारण रुप है। जगत का सर्जन करके वे उसमें प्रवेश भी करतें है। फीर भी उनका भिन्न स्वरुपमें

भी अस्तित्व है। ईसीलिये तो ब्रहम को विलक्षण कहतें है। 🌷 स्कं.२/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४०६)🌷

🌷जो सर्वत्र है, और सर्वदा है, वही जानने योग्य होता है। ऐसा एक ही तत्त्व है जीसे "ब्रहम" कहते है, भागवत में उसे ही "भगवान" कहा गया है। भगवान को जान लेनेके बाद कुछ जानना शेष नहीं रह जाता, उनकी रसानुभूति होने के बाद, और किसी में आनंद नहीं आता। 🌷 (सु. २/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४०७) 🌷

🌷भगवान द्वारा प्राप्त ग्यान ब्रहमाजीने सेवारत, चारित्रशील, ईन्द्रियसंयमी नारदजी को दिया। नारदजीने सरस्वतिके तट पर परब्रहम का ध्यान धरते हुए व्यासजी को दिया, जिससे उन्हे भगवानकी दशविध लीलाओका ग्यान हो। समाधि में प्राप्त भागवत व्यासजी ने उसे अपने पुत्र श्रीशुकदेवजी को सुनाया। 🌷 (स्कं. २/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४०८) 🌷

🌷भगवान के आनंदात्मक स्वरुप की पहेचान उनकी दश विध अलौकिक लीला से होती है, जिनका निरुपण भागवतजीमें किया गया है। वे लीलाएं है - सर्ग, 'विसर्ग', स्थान, पोषण, ऊति, मन्वंतर, ईशानुकथा, निरोध, मुक्ति और आश्रय लीला- क्रमशः स्कंध ३ से १२। 🌷 (स्कं २/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४०९) 🌷

🌷विश्वात्मक भगवान त्रण स्वरुपसे सर्वत्र बिराजते है - आधिभौतिक, आध्यात्मिक, आधिदैविक। ईन्द्रिय, प्राण, अंतःकरण सह देह - आधिभौतिक ; भितर रहनेवाला आत्मा, 'आध्यात्मिक' ; और उनको प्रेरणा देनेवाला अंतर्यामि, आधिदैविक स्वरुप है। ये तीनो भगवान के ही स्वरुप है, जो ईकठ्ठे काम करतें है। 🌷 (स्कं.२/१०)🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४१०) 🌷

🌷सृष्टि के आरंभमें चोबीस तत्त्वो का एक अंड हुवा। उसको भेद कर एक 'विराट पुरुष' प्रकट हुवा, वह "नर" है। उन्होने अपने स्वरुपमें से शुद्ध जल प्रकट किया, वह "नार"। उस जलमें जो पोढे, वे "नारायण" हुए। द्रव्य, काल, कर्म, स्वभाव व जीव भगवद्रुप है। भगवद् कृपा से उन्हीसे सृष्टि का सुव्यवस्थित क्रम चल रहा है। 🌷 (स्कं.२/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत-चिंतन 🌷

🌷 भागवत-चिंतन में प्रथम दो स्कंध समाप्त हुए। प्रथम स्कंध 'अधिकार लीला' का था जिसमें श्रोता - वक्ता के अधिकार का वर्णन है, और दूसरा 'साधन लीला' जिसमें साधन का निरुपण किया गया है। अब तीनसे बारहमें स्कंध में भगवान की दशविध लीलाओ (मेसेज ४०८) का वर्णन है। कलसे तृतीय स्कंध - 'सर्ग लीला' का चिंतन प्रारंभ करेंगे। 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४११) 🌷

🌷 संग करनेवाले का श्रेयः साधुपुरुष शीघ्र ही करतें है। सत्पुरुष का संग श्रेयःसाधक होता है।साधुके स्वल्प संगमां से भी हमें कभी जीवनभर का 'भाथा' मिल जाता है। (स्कं. ३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४१२) 🌷

🌷भागवत के बाराह स्कंधोमेंसे प्रत्येक दो स्कंध अनुक्रम से भगवान के षड्गुण - एश्वर्य, वीर्य, यश, श्री, ग्यान, व वैराग्य को सूचित करतें है। क्योंकी विदुरजी दो स्कंध की कथा श्रवण से कृतार्थ हुए थे, यह भी संकेत मिलता है की प्रत्येक स्कंध में ये षड्गुण विद्यमान है। 🌷 (स्कं३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४१३) 🌷

🌷 भागवत के तृतीय स्कंध में भगवान की 'सर्ग लीला' का वर्णन है, जिसके ३३ अध्याय है। 'सर्ग' का अर्थ है सृष्टि के मूल-तत्त्व रुप कारणे की उत्पत्ति, अर्थात् जिन तत्त्वो से जगत का निर्माण हुवा है उनके तत्वो की उत्पत्ति का निरुपण इस स्कंध में किया गया है। 🌷 (स्कं. ३/१) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४१३) 🌷

🌷'सर्ग' दो प्रकार के बतलाएं है -(१). 'लौकिक सर्ग', जिसमें २८ मूल तत्वो, चार प्रकार के प्राणिओके बीज, और 'काल' (कुल ३३) की उत्पत्ति , व (२). 'अलौकिक सर्ग', जिसमे, ८ वसु,११ रुद्र, १२ आदीत्य, इन्द्र और प्रजापति (कुल ३३) की उत्पत्ति बताई है। तदर्थ इस स्कंध के ३३ अध्याय है। 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४१४) 🌷

🌷गृहस्थाश्रमी को मुक्ति प्रभु की प्रसन्नता से मिलती है , जिसके लिये चार उपाय बताये गये है !. १.भक्ति, २. योग, ३. ग्यान औ़र ४. भगवद् आग्या का पालन। 🌷 (स्कं ३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४२५) 🌷

🌷वेदमें कर्म, ग्यान और भक्ति मार्ग बताये गये है, भगवदिच्छासे जिनके द्वारा मुक्ति प्राप्त होती है। लेकिन काम से कर्मनाश होता है, क्रोध से ग्यान नाश होता है, और लोभके कारण भक्ति चली जाती है। काम, क्रोध व लोभ को नरक के दरवाजे कहे गये है, जिनके कारण पतन होता है। 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४२९) 🌷

🌷प्रभु की लीला के लिये सृष्टि में जिनका जन्म होता है उन्हे भगवद् प्राप्ति होती है। प्रभुकी ईच्छासे मुक्त होकर वैकुंठमें गये हुए जीवो का भी पुनर्जन्म होता है, है। विरुद्ध धर्माश्रयी भगवान की ऐसी लीलामें यह 'विरुदधधैर्याश्रयता दिखलाई पडती है। 🌷 (स्कं३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत-चिंतन (४३०) 🌷

🌷जो जीव मुक्त होतें है उन्हे भगवान उत्पन्न करतें है, और उत्पन्न हुए जीवोको मुक्ति देतें है, एसी विरुद्धधर्माश्रयी भगवान की लीला है। जैसे गीतामां कहतें है, की वैकुंठमें जाने के बाद जीव अपनी ईच्छासे वापस नहीं आता -"यद्

गत्वा न निवर्तन्ते", लेकिन भगवान चाहे तो वापस ला सकतें है। 🌷 (स्कं ३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (४३१) 🌷

🌷भगवान की 'ग्यानकला' के दो अवतार हुए है - १. व्यास महर्षि, जो की तृतीय द्वापर युगमें 'कृष्ण द्वैपायन' नामसे पूर्ण ग्यानावतार रुप प्रकट हुए है। वे भागवत द्रष्टा थे। २. कपिल देवजी, जो ग्यानकला के अंशावतार (मर्यादा) हुए है, जिन्होने माता देवहूति को सांख्य का उपदेश दिया था। 🌷 (स्कं. ३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४३२) 🌷

🌷यदि घरमेआसक्ति हो तो शांति, मुक्ति व भक्ति नहीं मिल सकती। व्रतादि तथा तीर्थ यात्रा करनेसे देह शुद्धि होती है! भगवद् कथा के श्रवणसे ह्रदय व ईन्द्रियां शुद्ध होती है। भगवद् कृपा से बुद्धि शुद्ध होती है। अतः विदुरजीने अपना समृद्धि युक्त गृह का त्याग कर मैत्रेय जी से ग्यान प्राप्त कीया था।तदर्थ उन्हे उत्तराधिकारी माना है। @🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४३३) 🌷

🌷संयम, सद् वृत्ति और सन्निष्ठा में सहायक होता है। जो जितेन्द्रिय होता है, उसे सर्वत्र जित प्राप्त होती है। ईन्द्रियां मनको अपनी ओर खींचती है। यदि ईन्द्रियां चंचल न हो, स्थिर रहे, तब मन भी स्थिर होता है। और तभी भगवद्-भजन ठीकसे हो पाता है। 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४२३) 🌷

🌷उद्वेग युक्त चित्त से, जीसके दो कारण है - बहिर्मुखता, व आवश्यक वस्तु का अभाव, भगवद् भजन नही हो पाता। विदुरजीमें दोनो नहीं होनेसे वे बिना क्लेश गृह त्याग कर तीर्थ यात्रा के लिये निकले थे, जीससे उनका चित्त शुद्ध हुआ था और भगवद् कथा में रुची उत्पन्न हुई थी। 🌷 (स्कं. ३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (४२४) 🌷

🌷 सामान्य संसारी लोग खुदका सुख / अनुकुलता अनुसार घरमें रहते है। भक्त भगवान की अनुकुलता अनुसार जीते है। अतः भगवान भी प्रसन्नता पूर्वक भक्तके घर को अपना मानते है। ईसलिये ही कृष्ण विदुरजी◌ेके घर को अपना मान कर उनके घर पधारे थे। 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४२५) 🌷

🌷संतानोको◌े सुखी करने की ईच्छा से जो मा-बाप उनका अधर्मसे पोषण करतें है, संतानोके अनाचार प्रत्ये अनदेखी करतें है, उन्हे रोकते नहीं है, जिसका परिणाम अपने ही हाथो उनका नाश करतें है। (उदा.- धृतराष्ट्र)। धर्मशास्त्र, सामाजीक शिष्टाचार, सामान्य नीति और प्रभु, इन चार के विरुद्ध वर्तन करनेवाले का विनाश ही होता है। 🌷(स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४२६) 🌷

🌷प्रभु प्रारब्ध को भी पलट सकते है। उनके स्मरण मात्र से सर्व अनर्थ दूर हो कर मोक्ष ईत्यादि अनेक सुख प्राप्त होते

है। अतः प्रभु विमुख कदापि नहीं होना चाहिये। जिनका पुण्य नहीं बचा हो, उन्हे प्रभु का मार्ग नहीं रुचता, वे बडोका आदर नही करतें, उन्हे शास्त्रमें श्रद्धा नहीं होती, पवित्र पुरुषोके वचनमें विश्वास नहीं होता है।🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४२७) 🌷

🌷दुष्ट में दुष्टता होनी स्वाभाविक है, लेकिन खुदको सज्जन बतलानेवाला, अपने को धर्मपरायण दिखानेवाला , दुष्टता प्रति दुर्लक्ष करके 'अधर्म' का मुक् साक्षी बने, अर्थात् अपनी मौन संमति दे, वह दंभी होता है (जैसे धृतराष्ट्र)। भगवान के भक्त (विदुरजी) उनके संग एक क्षण भी रहना नहीं चाहते है। 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत-चिंतन (४२८) 🌷

🌷जब कई पीढीओके पुण्य का उदय होता है तब परिवार में साधुपुरुष का सहवास प्राप्त होता है। लेकिन यदि किसी कारण वश, घरका वडिल साधुपुरुष नाराज होकर संग छोड कर घरमें से चले जाय तब सभी संचित पुण्य समाप्त हो जाता है। (उदा. विदुरजी का गृह त्याग) 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४२९) 🌷

🌷संसारी मनुष्य 'पुण्य प्राप्ति' के लिये तीर्थयात्रा करते है, संत भूमि को 'पुण्य रुप' करने लिये यात्रा करते है। तदर्थ मथुरा,द्वारका आदि तीर्थ पुण्यशाली माने जाते है। उनके परिभ्रमण द्वारा उपवन से 'गंध:, कुंजोमें 'स्पर्श', सरिता-सरोवर में 'रस', लीला-चिन्होसे 'रुप', व भगवद्-भाव युक्त मौन रहने से 'शब्द' की शुद्धि होती है। 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४३०) 🌷

🌷विदुरजीसे यात्रा के नियम जानने चाहिये ! १.उद्देश - भगवान की खोज, २.एकाकी होकर (समुहमें नहीं) प्रभुका ध्यान, ३.प्रभुको न पाने का संताप, ४.एकांतरे पवित्र आहार (स्वादके लिये नहीं), ५.त्रिकाल स्नान, ६. भूमि पर शयन ७. मात्र अत्यावश्यक सामान, ८.स्वजन-संबंधीसे दूरी ९. अवधूत वेश, १०.अपेक्षा, वासना, धूर्तता, तृष्णा आदि का त्याग, दया,संतोष,इन्द्रियो का संयम. 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४३१) 🌷

🌷 'सरस्वती' धर्मकी हेतु रुपा है, जिसके सेवन से विदुरजी का शोक दूर हुवा, 'यमुनाजी' भक्ति की हेतु रुपा है, उसके सेवनसे उद्धवजी का संग प्राप्त होनेसे उनकी प्रभु-प्रीति सुदृढ हुई, और 'गंगाजी' ग्यान की हेतु रुपा है जिसके कारण मैत्रेयजी के संगसे प्रभु संबंधी ग्यान प्राप्त हुवा। 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (४३२) 🌷

🌷 जिसे व्यक्त की न जा सके एसी अशक्ति की स्थिति बने, वह 'भक्ति' का चिन्ह है। जब बाहय ईन्द्रियो की प्रवृत्ति और अंतःकरणकी वृत्ति स्थगित हो जाय, स्नेहसागरमें डुब जाय, वह भक्ति की निशानि है। 🌷 (स्कं.३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४३३)🌷

🌷त्याग ही प्रेम की प्रबलता का प्रमाण है। प्रीति का परिचय परित्याग से होता है। जब स्वजन और भोजन में से आसक्ति छुटे तब 'भजन' हो सकता है। भोजन से जो बल प्राप्ति होती है, और 'स्वजनसे स्नेह का सुख मिलता है, उससे कहीं अधिक बल व फल (स्नेह) भगवद् भजनसे प्राप्त होता है। 🌷 (स्कं.३/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४३४) 🌷

🌷जब तक भक्त प्रभु के संतापमें तपकर परिपक्व नहीं होता है, उसे प्रभु दर्शन नहीं देते। जैसे बिना अग्नि में पकाये (कच्चे) मीट्टीके घडेमें पानी नही ठहर सकता, वैसेही सेवा-स्मरण ईत्यादि करने पर भी यदि हृदयमें प्रभु प्राप्ति के लिये संताप न हो, आर्ति न प्रकटे, तब तक प्रभु के दर्शन होना संभव नहीं । 🌷 (स्कं.३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४३५) 🌷

🌷ज्यादातर लोगोके वृत्ति और प्रवृत्ति संसारानुकुल होती है। अतः वे संसार सुख और व्यवहार को मुख्य मानके बिना सोचे समझे एक दूसरे का अनुकरण करतें है, और उसमें ही संतोष कर लेते है। सेवा श्रवणादिकमें भी प्रायः प्रवाह में ही लोग बहते है। सच्ची समझ रखने वाले बहुत कम पाये जाते है। 🌷 (स्कं.३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४३६) 🌷

🌷 'सच्चिदानंद' रुप भगवान किसीको मारते व किसी को तारतें है ऐसा लगता है, लेकिन उनमें भेदभावकी दृष्टि नहीं होती। जगतके सभी प्राणी भगवान के ही रुप है, जिसमें कोई उग्र होते है, व कोई शांत। जब उनके शांत स्वभाव के स्वरुप को उग्र प्रकृति वाले स्वरुप पीडा पहुंचाते है, तब शांत स्वरुपो को सुख देने और उग्र स्वरुपो को शांत करने के लिये भगवान अवतार धरके पधारतें है। 🌷 (स्कं. (३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४३७) 🌷

🌷भगवान भ्रमर के चलन मात्र से पृथ्वी का भार उतारने वाले, स्वयं अभयरुप, शरणागतका भय दूर करने वाले, आलोक-परलोक के सर्व सुख व मोक्ष देने वाले, निर्दोष, पूर्ण गुण-स्वरुप वाले, अनधिकारी का भी उद्धार करनेवाले, अन्यको कृतार्थ करनेके लिये सभी मर्यादा का उल्लंघन करने वाले है। 🌷 (स्कं.३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४३८) 🌷

🌷 जो अपने स्तन पर कालकूट विष लगाकर भगवान को मारनेके लिये आई थी, जो 'असाध्वी', अजितेन्द्रिय, गुण रहित, सागर जितने दोष युकत थी, फिरभी उस 'बकी' - पूतनाको प्रभुने उसकी आकृति और कृति यशोदाजी सम जान कर उसे माता जैसी गति देकर कृतार्थ की ! बिना 'कृष्ण' ऐसा कौन करे ! 🌷 (स्कं.३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४३९) 🌷

🌷असूर कितना भी बैर रखे, शास्त्र प्रहार करे, स्वयं प्रभु को युद्ध के लिये परिश्रम करना पडे, फिर भी उसके मृत्यु के बाद उसे मोक्ष प्रदान करतें है। मुनियो को जो कठीन साधना से प्राप्त होता है वह मोक्ष असुरको अनायास मिलता है। 🌷 (स्कं.३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४४०)🌷

🌷शुद्धि करनेवाली भगवान की पंच तन्मात्राए -१.भगवद् स्थान -"गंध", २.सखाओके संग क्रीडा -"रस", ३. त्रिभंगललित सर्वदोष निवारक स्वरुप -"रुप", ४. मृत्यु व असन्मार्ग में से भक्तोकी रक्षा -"स्पर्श", और ५. 'लोकवेद से विरुद्ध ईच्छा / वचन का अनुसरण करके शरणागतके दुःख को निवृत्त कर सुख देनेवाली भगवान की लीला - "शब्द" रुप है। 🌷 (स्कं.३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४४१)🌷

🌷 आवश्यकता से अधिक अर्थ 'अनर्थ' कर्ता है। धन की तीन गति होती है - १.दान, २.भोग, ३.नाश। दान अथवा भोग न करने से द्रव्य का नाश होता है। भगवान के लिये विनियोग करनेसे अनर्थ नहीं होता। ईसलिये द्रव्य का त्याग यदि संभव न हो तो, कृष्ण के लिये उसका उपयोग करनेसे अनर्थ होनेसे बच शकते है। 🌷 (स्कं. ३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४४२)🌷

🌷 यदि धन का सद्व्यय न कीया जाय तब उसका भार ही मनुष्य को दबा देता है। धन का भार मानवकी विवेक बूद्धि, दैन्य, मानवता, स्नेह, भगवदभिमुखता का नाश कर देता है। उस मनुष्य में भगवद् भजन करनेका सामर्थ्य नहीं रहता, और धनकी व्यवस्था में ही उसकी अवस्था पुरी हो जाती है। श्रीकृष्ण ने नंदरायजी के अखूट द्रव्यका विनियोग 'गोसव' - 'अन्नकुट' यागमें ईसलिये करवाया था। 🌷 (स्कं.३/२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत - -चिंतन (४४३)🌷

🌷 जो प्रभुके होकर रहते है, उन्हे प्रभु ही सामर्थ्य प्रदान करतें है, जिसका उपयोग प्रभु के कार्य में ही करना चाहिये, अपने स्वार्थ के लिये, अपने लाभ-पूजार्थ नहीं। जगतमें जो भी उत्तमता दिखलाई पडती है, उसे प्रभु की विभूति ही समजनी चाहिये। 🌷 (स्कं.३/३) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४४४)🌷

🌷व्यापि वैकुंठमें रहे हुए भक्तोको भगवान जब अवतार धारण करतें है, तब अपने साथ लातें है। वे भक्तिमार्ग को प्रकट करने हेतु भूतल पर स्वामी-सेवक भाव प्रकट करतें है। 🌷 (स्कं.३/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४४५)🌷

🌷लोकमें वैराग्य दो प्रकार से संभवित होता है - १.वस्तुकी अनिष्टता अथवा उसके दोष को समझनेसे, २. वह वस्तु प्राप्त नहीं हो सकती एसी समझ आनेसे। लेकिन भक्तोको भगवद्-भावके कारण वैराग्य उत्पन्न होता है। देह व भोग्य विषय का खुदको भोक्ता मानने वाला जीव दैवाधीन होता है। अपने प्रयत्न से कुछ भी प्राप्त न कीया जा सकता हो, एसे अस्थिर भोगोमें विश्वास नहीं कीया जा सकता! अतः विचारशील को वैराग्य सहज होता है। 🌷 (स्कं.३/३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४४६)🌷

🌷मनुष्य में पूर्व वासना के कारण असद् बुद्धि होती है। मति भ्रष्ट होने के कारण सभी साधनो का उपयोग उन्नति के बजाय अवनति के लिये होता है। सभी मर्यादाओका उल्लंघन होता है। योग्य-अयोग्य का विवेक चला जाता है। विवेक-शुन्य होनेसे अंतमें विनाश होता है। 🌷 (स्कं.३/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४४७) 🌷

🌷भगवान की कृपा हो तब पुनर्जन्म नहीं होता। भगवद् साक्षात्कार, भगवदीयत्व,और अंतकाल समय प्रभु की स्मृति हो, तब भी, पूनः जन्म नहीं लेना पडता है। जिनको प्रभु में रुची नहीं होती, जो भगवद् कथासे विमुख रहते है वे दुःखी और मृत लोगोसे ज्याद शोक करने लायक है। 🌷 (३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४४८) 🌷

🌷 जिन सात्विक भक्तो में इन तीन लक्षण दिखाई देवें - १. सत् सेवा रुची, २. भगवद् शास्त्रो में निष्ठा, और ३. भगवद् स्वरुप की जिग्यासा, उनका भी आखिरी जन्म है, ऐसा समझना चाहिये । 🌷 (स्कं.३/४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४४९) 🌷

🌷मानव जीवन तीन तरहसे बरबाद होता है - १. वृथावाद : निष्प्रयोजन चर्चाओमें, २.वृथागति : अवावश्यक क्रिया अथवा समज, और ३. वृथास्मृति : लौकिक विषयो / घटनाओ की याद. इन तीन में रुची होनेसे भगवद् सेवा - कथामें रुची नहीं होती, व जीवन निरर्थक हो जाता है. 🌷 (स्कं.३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (४५०) 🌷

🌷 'नमस्कार' तीन प्रकार के होते है - १.चरणकमल सेवा करने योग्य है, ऐसा समझकर चरण मैं प्रेम पूर्वक किया जाता नमस्कार 'भक्तिमार्गीय' होता है, २. स्वरुप की महत्ता के कारण स्वरुप को किया जाता नमस्कार 'मर्यादामार्गीय' होता है, और ३. स्वरुपमें ऐश्वर्यादि गुणो के कारण किया जाता नमस्कार 'लौकिक' होता है। 🌷 (स्कं.३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४५०) 🌷

🌷मुनि मैत्रेय ने भगवान की 'विश्वलीला' समझाई - "आरंभमें मात्र भगवान ही थे। उन्हींमें सब समाया हुवा था वे 'चिद्रुप' व 'सद्रुप' थे। अनेक होने की ईच्छा से अपनी माया शक्ति को प्रकृति रुपसे प्रकट की। अपना पुरुष रुप प्रकट कीया। काल रुपसे उन्होने प्रकृति में क्षोभ किया, प्रकृति में पुरुष प्रविष्ट होनेसे 'महत् तत्व' उत्पन्न हुवा, जिनसे काल, कारण गुण, पुरुष रुप जीव- चतुर्मुर्ति रुप होकर अनेक रुप धारण किये। उसमें से अहं तत्व, हुवा जो त्रिविध - मन, ईन्द्रिय, महाभूत, तन्मात्रा, ऐसे कारण रुप 'तत्व' बने। वे भगवद् अंश देवता रुप है, जो त्रिविध होनेसे स्वयं सृष्टि की रचना न कर शके, ईसलिये उन्होने भगवान की स्तुति की। 🌷(अ.२६ में ईसका विस्तार है) 🌷 स्कं. ३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४५१) 🌷

🌷 भगवान अपनी 'लीला' के लिये सृष्टि का सर्जन करते है। यदि हम सृष्टि को प्रभु के 'कार्य' रुप मे देखें तब

हमें भगवान का 'माहात्म्य ग्यान' होगा, लेकिन उसे भगवानकी 'लीला' समझे, तब हमारेमें 'भक्ति' प्रकट होगी । 🌷 (स्कं.३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४५२) 🌷

🌷भगवत् चरणार्विंद 'भक्त' और 'शरणागत' दोनो के क्लेश दूर करतें है। जो त्याग कर शकते है, उन्हे 'भक्ति' में अधिकार है, त्याग करनेमें समर्थ न हो, उन्हे 'शरणागति' में अधिकार है। भगवान के चरणार्विंद शरणागत के मन के व बहार के सभी ताप का शमन करनेके लिये छत्र रुप बन कर पीछे पीछे जाते है। 🌷 (स्कं.३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४५३) 🌷

🌷 भगवान के 'चरण' कालसे उत्पन्न दुःख में 'छत्र रुप', स्वभाव से उत्पन्न दुःख में 'अमृत रुप', और कर्मसे उत्पन्न दुःख में 'औषध रुप' होतें है, जो शरणागत की सर्व प्रकार से रक्षा करतें है। शरणागतके लिये भगवान स्वयं प्रकट हो जाते है, और शरणागत को सुख देते है। 🌷 (स्कं. ३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४५४) 🌷

🌷मनुष्य के पास साधन-संपत्ति-अनुकुलता होते हुए ज्यादातर लोगोको सेवा की सुझ नहीं होती। 'दुरुपयोग' सभी करतें है, 'उपयोग' करना बहोत लोग जानते है, 'सदुपयोग' कम लोग करतें है, लेकिन 'विनियोग' करना अल्प लोगोको ही पता होता ह। प्रभु के लिये उपयोग 'विनियोग' कहेवाता है। 🌷 (स्कं.३/५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४५४) 🌷

🌷 भगवान के मुखमें से 'ब्राहमण', जिनका कार्य अध्ययन / अध्यापन है, बाहुमें से 'क्षत्रिय', जिनका कार्य लोकरक्षा है, ऊरुमें से 'वैश्य', जिनका कार्य खेती-गोपालन- उत्पादन है, और चरणमें से 'शुद्र', जिनका कार्य सेवा है, उत्पन्न हुए है। ये चारो वर्ण अपने अपने धर्म का निर्वाह ठीकसे निभानेसे समाज उन्नत बनता है। 🌷 (स्कं. ३/६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४५५)🌷

🌷 भगवान स्वयं अविकृत रहकर जगत की उत्पत्ति-स्थिति-लय करतें है। उसमें माया की कल्पना नहीं है। वह तो भगवान की नित्य दासी है, भगवान स्वामी है, अतः माया के गुण भगवान में आ नहीं शकते, न वह भगवान की उपाधि हो शकती है। 🌷 (स्कं.३/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४५६) 🌷

🌷 'कारण' रुप ब्रहम 'निर्गुण' होते हुए भी उसके 'कार्य' रुप जगत 'त्रिगुणात्मक' है, और भगवान आप्तकाम होते हुए वे जगत का सर्जन करतें है, ऐसी प्रतिती हमें माया के संबंध के कारण होती है। 🌷 (स्कं. ३/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४५७) 🌷

🌷 मुरारी श्रीकृष्ण के गुणानुवाद के श्रवणसे माया-संबंधसे मुक्ति होती है, जिसके फल स्वरुप, हमारे सभी क्लेश शांत हो जाते है, विघ्न विदाय होते है, दुःख दूर होते है, और प्रभु में प्रीति होती है। 🌷 (स्कं.३/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४५८)🌷

🌷जिनको प्रभुकी लीला बिना संदेह सबकुछ समझमें आती है, जो सद्गुरु के द्वारा अथवा प्रभु कृपा से बुद्धि के मोह से उपर उठकर, बुद्धि से पर ऐसे प्रभु को पहेचान लेते है, वे सुखका अनुभव करते है, लेकिन जो ऐसा समझते है कि मेरी समझ ही सच्ची और संपुर्ण है, ऐसे अर्धदग्ध संसारी जनोको मात्र क्लेश ही प्राप्त होता है। 🌷 (स्कं.३/७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४५९)🌷

🌷 'तत्त्व' को जानने की उत्कंठा से निवृत्ति परायण सनत्कुमारो सहित मुनिओ की विनंति से भगवान संकर्षण ने उन्हे भागवत समझाया। सनत्कुमारोने व्रतपरायण सांख्यायन को वह सुनाया, जिन्हो ने वह पराशर रुषि व ब्रहस्पतिको दीया। पराशर मुनिने भागवत मैत्रेय को सुनाया जिनके पास से विदुरजी ने सुना। यह भागवत की दूसरी परंपरा है। दोनो में शब्द भिन्न है, अर्थ एक है। 🌷 (स्कं.३/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४६०) 🌷

🌷सृष्टि सर्जन की ईच्छा होते, जलशायी भगवान की नाभिमेंसे तेजस्वी कमल उत्पन्न हुआ जिसमें नारायण के प्रवेश करनेसे स्वयंभू ब्रह्माजी प्रकट हुए। उनकी योग समाधि में, सृष्टि की रचना के लिये सामर्थ्य देने हेतु भगवान ने दर्शन देने पर, ब्रह्माजीने उनकी स्तुति की है। 🌷 (स्कं.३/८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भगवान -चिंतन (४६१)🌷

🌷 देहधारी मानव भगवान को शायद् जान पाये, लेकिन उनकी गति को पार पाना मुश्किल है। यदि भगवान की गति को जान जाये तो और कुछ जानने को बाकी न रहे, वास्तवमें और कुछ जानने जैसा है भी नहीं। भगवान माया के गुणो के पारस्पारिक संबंध से अनेक रुप दिखलाई पडते है, वही उनका 'ब्रह्म' रुप है। 🌷 (स्कं.३/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४६२) 🌷

🌷 भगवान के चरणार्विंद मनुष्य को अभय प्रदान करतें है। लोगोको द्रव्य, देह, स्वजन के बारेमें संताप रहता है। शोक, ईच्छा, अहंता-ममता, जो दुःख के कारण है, वे बिना भगवद्-शरणागति दूर नहीं होते। "भगवान मेरे है, और मैं भगवान का हुं" ऐसे सदाग्रह से ही, सच्ची शरणागति सिद्ध होती है। 🌷 (स्कं.३/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४६३) 🌷

🌷संसार मां 'भगवद् भजन' दुर्लभ है! उसमें उपयोगी चार बाबत है, जो भगवद् कृपा से ही प्राप्त होती है। १.सात्विकता (ग्यान), २. भगवान की लीला मे आसक्ति, ३. भगवान की पहेचान करानेवाला वेद की विस्मृति न होना, ओर ४. शोक का नाश (उद्वेग न होना)। 🌷 (स्कं. ३/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४६४)🌷

🌷 कोईभी सत्कार्य अपनी बुद्धिसे अथवा अपने साघनसे सिद्ध नहीं होता। लेकिन हम जिसमें सफलता नहीं पाते, वहां 'भगवत् ईच्छा' मानते है, और जो सरलतासे सिद्ध होता है, वहां अपना सामर्थ्य समझते है ! यह गलतफेमी है। भगवद् शरणागति पूर्वक किये जाते सत्कार्यमें सफल होने पर भी अभिमान / अनर्थ नहीं होता। 🌷 (स्कं.३/९) 🌷
🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४६५)🌷

🌷प्रभु प्राप्ति के लिये प्रयत्न करना ही 'तपः' है, जिसके कारण सात्विकता आती है, ग्यान प्राप्त होता है, भगवद्-लीला में आसक्ति होती है, वेदादि विस्मृत नहीं होता, उत्साह बढता है, जिससे भजन में मन लगता है। भजनसे भवसागर पार होता है, तब जीवन कृतार्थ होता है। 🌷 (स्कं.३/९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४६६) 🌷

🌷 भगवानने दश प्रकार की सृष्टि उत्पन्न की है - १. महत्तत्व -बुद्धिकी सृष्टि, २.अहंकार का सर्ग, ३. 'पंच तन्मात्रा रुप भूत सर्ग, ४. ईन्द्रिय संबंधी सर्ग, ५.इन्द्रियोको प्रेरणा रुप देवसर्ग, ६. तामस सर्ग -अग्यानसे उत्पन्न सृष्टि, ७. स्थावर सर्ग -विविध वनस्पति, ८. तिर्यक् सर्ग - जनावर सृष्टि, ९. मानव सृष्टि और १०. देव सर्ग - देवता, पितृ आदि.
🌷 (स्कं.३/१०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भगवान -चिंतन (४६७) 🌷

🌷 काल प्रेरित धर्म मनुष्य में दिखता है, जिसके चार चरण में से 'सत्य युग' में संपुर्ण, त्रेतामें तीन, द्वापर में दो चरण और कलियुग में संपुर्ण अधर्म की प्रवृत्ति होती है। धर्मके छ अंग बताये गये है - देश, काल, द्रव्य, कर्ता, कर्म और मंत्र, जो कलियुग के प्रभावमें नष्टप्रायः है। 🌷 (स्कं.३/११) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत-चिंतन (४६८)🌷

🌷प्रथम कालानुसारी 'कालसृष्टि' बताई जिसमें परिस्थिती अनुसार जीनेवाले लोग जन्म-मरण के प्रवाह में आथडते है, वह "प्रवाही सृष्टि" है। 'वेदगर्भ' ब्रह्माजी द्वारा सर्जित वेदानुसारी सृष्टि वेदाग्याका पालन कर 'मुक्ति' प्राप्त करती है । यह "मर्यादा सृष्टि है। तीसरी साक्षात् भगवान द्वारा प्रकट की हुई सृष्टि भगवद्-अनुकुल सेवादि करके भगवान को प्राप्त करती है, वह "पुष्टि सृष्टि" है। 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४६९)🌷

🌷 वेद की मर्यादा का पालन करके 'मर्यादा सृष्टि' को ज्यादासे ज्यादा 'मोक्ष' तक धर्मानुकुल फल प्राप्ति होती है। परंतु पुष्टि में प्रभु की कृपा ही नियामक होनेसे उसमें साधन अथवा फलकी कोई मर्यादा नहीं होती। प्रभु की प्रसन्नता ही लक्ष होने से उसमें अमर्यादित आनंद, भगवल्लीलाका अनुभव होता है. वही 'पुष्टि सृष्टि' है। 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷
🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४७०)🌷

🌷 भगवान का ध्यान धरनेसे अनर्थ अटकता है, सन्मार्ग प्राप्त होता है, विकार दूर होते है, मन मंगल और मधुर बनता है, शांत होता है। विश्व को ऐसा ग्यान देने के लिये ब्रह्माजी ने चार कुमार प्रकट किये - सनक, सनन्दन, सनातन व सनत्कुमार, जो मननशील, निष्क्रिय, नैष्ठिक ब्रह्मचर्य-परायण थे। 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४७१) 🌷

🌷अविद्या वश अग्यानसे क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध स्नेह का शत्रु है, और काम को भी जला देता है, लेकिन क्रोधको शांत करना कठीन है। वह पीडादायक व बुद्धिनाशक भी है। उसका एक ही उपाय - आंख बंद कर मात्र भगवान का ध्यान धरना। सृष्टि की उत्पत्ति के लिये कुमारोने मना करने पर क्रोधित ब्रह्माजी वही किया, जिससे उनके आग्याचक्र स्थानसे 'रुद्र' उत्पन्न हुए। 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४७२) 🌷

🌷ब्रह्माजी ने ११ रुद्रोको नाम दीये है - मन्यु, मनु, महेशान, महान, शिव, रुतुध्वज, उग्ररेता, भव, काल, वामदेव, व धृतव्रत। उनकी स्त्रीयां थी - वृत्ति, उशना, उमा, नियुत्सर्पी, इला, अंबिका, इरावती, सुधा, दीक्षा व रुद्राणी, उनसे उत्पन्न हुई प्रजा रौद्र -अर्थात् सबको रुलानेवाली हुई, अतः अनर्थ को रोकनेके लिये ब्रह्माजी ने रुद्रको प्रजोत्पति रोककर 'तपः' करनेकी आग्या की। 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४७३) 🌷

🌷 पूनः सर्जन के लिये ब्रह्माजीके ध्यान धरनेसे भगवान की 'सृज्याशक्ति' से दश पुत्र उत्पन्न हुए - नारदजी, दक्ष, वशिष्ठ, भृगु, क्रतु, पुलह, पुलत्स्य, अंगीरा, अत्रि, और मरीचि। तदुपरांत धर्म, अधर्म तथा ब्रह्माजी की छायामें से कर्दम रुषी प्रकट हुए जो 'कपिल' भगवान के प्राकट्य के निमित्त बने। 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४७४) 🌷

🌷मनमें दुर्विचार आनेपर यदि हम उन्हे निकाल न पाये तो अपना समग्र जीवन बरबाद हो शकता है, अतः नुकसान होनेसे पहले उन्हे मनमेंसे प्रयत्नपूर्वक बहार करना चाहिये। मनुष्य स्वयं बुरा नहीं होता, दुष्ट विचार उसे बुरा बनाता है, जिससे जीवन नष्ट होता है। 🌷 (ब्रह्माजी ने सरस्वतीजी से प्रजा उत्पन्न करनी चाहीथी) 🌷(स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४७५) 🌷

🌷जब हम कोई गलती करतें है, तब भगवान स्वयं बताने नहीं आते, लेकिन वे ही किसी साधुपुरुषके द्वारा हमें चेतावनी देते है। साधुपुरुषके द्वारा भगवान ही शासन करते है। श्रीहरि की प्रेरणा से ही सत्पुरुष सलाह देते है, जो न मानने पर पछताना पडता है। 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४७६) 🌷

🌷भगवान का ध्यान करनेसे ब्रह्माजी के मुखसे चार वेद _ 'रुगवेद-यजुर्वेद-सामवेद-अथर्ववेद', चार उपवेद _ 'आयुर्वेद-धनुर्वेद-गान्धर्ववेद-स्थापत्यवेद', उपरांत इतिहास-पुराणादि प्रकट हुए। ईसके अलावा धर्मके चार चरण

विद्या-दान-तप-सत्य भी प्रकट हुए। ये सभी सृष्टि की उत्पत्ति के आधार बने 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४७७)🌷

🌷 मैथुनसे उत्पत्ति करनेके लिये ब्रह्माजीके मनमें दो विचार आये - १.सृष्टि सर्जन की ईच्छा, जिससे 'ईच्छामय स्वरुप' - स्त्री रुप 'शतरुपा' और २.भगवान का ध्यान, जिससे 'ध्यान रुप स्वरुप' - पुरुष रुप 'स्वायंभुव मनु' प्रकट हुए, जिनके द्वारा 'सृष्टि' उत्पन्न हुई 🌷 (स्कं.३/१२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (४७८) 🌷

🌷भगवान और भगवद् कथा दोनो स्वतंत्र है। भगवान के भक्तोको भगवान का आश्रय होता है, ऐसे भगवद् भक्तोकी कथा भी, उन्हे सुननेवाले और कहनेवाले दोनों को भगवदाश्रय सिद्ध कराती है। भागवत में भगवान की और भगवदीयोकी कथा है, जिनका श्रवण फलदायी है। 🌷 (स्कं. ३/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४७९)🌷

🌷 बिना कपट, आदर सह, अपनी शक्ति अनुसार, सावधान हो कर प्रभु की आग्या का पालन करना एवम् आलोक व परलोक में अपना सबकुछ प्रभु को निवेदित करना ही 'आत्मसमर्पण' है। सच्चे 'आत्मसमर्पण'से ही प्रभु प्रसन्न होते है। 🌷 (स्कं. ३/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४८०) 🌷

🌷 सामान्यतः हमारा श्वास-उच्छ्वास चलता रहता है, दुखी अवस्था में हम श्वास ले कर छोडते है, उसे 'निश्वास' कहते है। भगवान अपने भक्तोकी दुखद् परिस्थिती सहन नहीं कर सकते है। अतः भक्त का कार्य करने तुर्त प्रकट हो जाते है। यग्यरुप भगवान 'वराह' ऐसेही ब्रह्माजी के नाकमें से प्रकट हुए थे। 🌷 (स्कं.३/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (४८१) 🌷

🌷 'वरान् आहरति इति वराहः', वरदान देवे वह 'वराह'। वे यग्यरुप है, अतः परिश्रम करके श्रेष्ठ पदार्थ देतें है। रसातलमें डूबी हुई पृथ्वी को हिरण्याक्ष, जो लोभात्मक था, उसका वध कर के वापस लाये, क्योंकी वे 'क्रोधात्मक' है। लोभ को दूर करनेका काम क्रोध करता है। 🌷 (स्कं.३/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷भागवत-चिंतन (४८२)🌷

🌷 भगवान की प्रसन्नता प्राप्त करना कठीन है, लेकिन भगवान की प्रसन्नता पाने पर कुछ भी प्राप्त करना कठीन नहीं होता। प्रसन्न होने पर, भक्तके ह्रदयकी ईच्छा जानने वाले भगवान अपने भक्त को अपने जेसा बना देतें है। 🌷(स्कं.३/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४८३)🌷

🌷 भगवद्-भजन (सेवा) अनन्य भाव से ही करना चाहिये, मात्र भगवानके लीये , अर्थात् भगवान की प्रसन्नता के

लीये, उन्हे पानेके लीये ही करना चाहिये। भगवान से कुछ मांगने के लीये कीया गया भजन गौण है। 🌷 (स्कं.३/१३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (४८४)🌷

🌷असंभव लगती घटना के पीछे 'भगवदिच्छा' ही कारण समझना चाहिये। वैकुंठसे भ्रष्ट सेवकोको वैभव प्राप्त होना, भगवान के पार्षदोको असुर योनीमें जन्म, सनत्कुमारोने क्रोधित होकर शाप देना, स्वयं भगवान द्वारा वध होते हुए भी हिरण्याक्ष को मुक्ति न मिलना - ये सबमें है मात्र 'भगवदिच्छा'। 🌷 (स्कं.३/१४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४८५) 🌷

🌷 स्त्री यदि धर्मत्याग करती है, तो परिवार के लिये घातक होती है, लेकिन धर्मशील हो तो वह परिवार की तारणहार बनती है। हठाग्रही, स्वार्थी, भोगपरायण अभिमानी स्त्री संसार को नरक बनाती है ; धर्मरत, स्नेहशील, त्यागपरायण स्त्री संसार को स्वर्ग बनाती है।🌷 (स्कं. ३/१४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 (ये विधान दक्ष पुत्री- कश्यप पत्नी दिति के संदर्भ में है)

🌷 भागवत-चिंतन (४८६)🌷

🌷दश ईन्द्रियां, चार अंतःकरण के विभाग, देह, प्राण व आत्मा, ऐसे कुल १७, और इनके साथ संबंध रखनवाले पुत्रादि संबंधी भी १७, सब मीलाकर कुल ३४, इन सभी में जिनकी भगवद्-विषयक बुद्धि होती है, अर्थात् इनको जो भगवद् रुप जाने, उन्हे 'अनन्यदृष्टियुक्त' भक्त कहते है। 🌷
(स्कं.३/१४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४८७) 🌷

🌷प्रल्हादजी 'अनन्यदृष्टिवाले' सर्वभावसे शरणागत महाभागवत है। भगवदीय होकर सबकुछ भगवत्संबंधी समझे और उसी विचार से सभी कार्य सदा करे वह 'महाभागवत'। 🌷 (स्कं.३/१४) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४८८) 🌷

🌷 'वैकुंठलोक' दो है - १.व्यापिवैकुंठ, २. रमावैकुंठ। भगवानने पांचवे मनु 'रैवत' के समयमें "वैकुंठ" नामसे अवतार लीया था, तब लक्ष्मीजी की प्रार्थनासे 'रमा वैकुंठ' की रचना की थी, जिसमें नित्य-व्यापिवैकुंठ का आवेश है। अतः वह भी नित्य है। 🌷 (स्कं.३/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४८९) 🌷

🌷 भगवान की कथाके अलावा लौकिक / विषयसुख संबंधी बातें 'कुकथा' कहलाती है। निंदा इत्यादि बातोसे भी सद्दबुद्धि नष्ट होती है। हतभागी मनुष्यो को व्यर्थ बातेंही अच्छी लगती है लेकिन उससे नरक-प्राप्ति ही होती है, जबकी भगवद् कथा / सेवा से वैकुंठ प्राप्त होता है। 🌷 (स्कं३/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (४९०) 🌷

🌷 'भक्ति' से ही भगवद्-धाम वैकुंठमें जा सकतें है, किसी अन्य योग्यता से नहीं। सनत्कुमारो ग्यानी - विरक्त थे, अतः योगबलसे वैकुंठ तक पहुंच कर ऐश्वर्यादि छ गुण प्रतिपादक द्वार पसार कर शके, लेकिन उनमें 'भक्ति' न होनेसे अंतिम द्वारा में जय-विजय द्वारपालोने रोक दीया।🌷 (स्कं.३/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (४९१) 🌷

🌷 काम, क्रोध, और लोभ तीनो भक्ति में बाधा रुप है। वे नरकके द्वार रुप है। इन दोषोके कारण वैकुंठ के द्वारपाल जय-विजय को तीन जन्मका अंतराय हुआ था। 🌷 (स्कं. ३/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन(४९२)🌷

🌷 ग्यानीजन में चार गुण होते है - १. अविषम (समान) दृष्टि, २. शंका का अभाव, ३. मनन, ४. आत्म ग्यान। यदि भगवत्संबंधी ग्यान व भगवद् धर्म प्रत्ये आदर हो तो वह भक्तिमार्ग में विशेष गुण है। 🌷 (स्कं.३/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४९३) 🌷

🌷जबतक 'देहभाव' निवृत्त नहीं होता है, तबतक 'ब्रह्मभाव' उत्पन्न नहीं होता और ब्रह्मभाव दुर नहीं हो तबतक 'दासभाव' नही आ शकता। 'देहभाव' दोषरुप है, 'ब्रह्मभाव' निर्दोष है, और 'दासभाव' प्रेमपूर्ण, सर्वोत्तम है ! 🌷 (स्कं.३/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४९४)🌷

🌷 भगवद् कथा तीर्थरुपा होती है। उसके सेवनसे सभी पुरुषार्थ पूर्ण हो जाते है। भगवद् संबंध वाले पदार्थ भयप्रद अथवा नश्वर नहीं होते। अतः शरणागत कथामग्न भक्त स्वल्प सुख देनेवाले नाशवंत पदार्थोकी ईच्छा नहीं करते है। 🌷 (स्कं.३/१५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४९५) 🌷

🌷 ग्यानमार्ग में जीवके कल्याण हेतु ईन्द्रियादि का 'जय' आवश्यक है, भक्तिमार्ग में जय भगवान के लिये है। 'विजय अर्थात् विविध जय'। अंतःकरण, ईन्द्रियादि पर जय- विजय प्राप्त करनेसे, वासना और विषय विदाय होनेसे मन प्रभु में स्थिर होता है। 🌷 (स्कं.३/१६) 🌷 (वे जय-विजय ही वैकुंठ के द्वारपाल है) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४९६)🌷

🌷द्रव्य / सोनामें जिनकी दृष्टि अटक जाती है, जो नीति की परवा न करके रीति व प्रीति को त्याग देता है, किसीकी भीति नहीं रखता है, याग्यायोग्यका विचार नहीं करता, ऐसा धनके पीछे भागनेवाले को 'हिरण्याक्ष' कहते है। 🌷 (स्कं.३/१७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४९७)🌷

🌷 किसीके भी साथ युद्ध के तीन तबक्के होते है। प्रथम मन बीगडता है, अर्थात् 'मानसिक' संघर्ष होता है, फिर वह 'वाचनिक' हो जाता है, मन की बात वाणी से व्यक्त होती है। कडवाहट वाणी द्वारा बहार निकलती है। यहांसे समाधान

न हो, तब शारीरिक संघर्ष होता है। हाथापाई होती है।🌷 (स्कं.३/१८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (४९८) 🌷

🌷 जिसके मन में अभिलाष युक्त स्वकीय-परकीय स्त्रियांके बीचमें भी विकार उत्पन्न न होय, जो निर्लेप रहे, जो नित्य भगवद्-कार्य रत रहे, स्वल्प भी स्वार्थ वश न बने, विदुरजी की तरह लौकिक विरोधमें भी द्रढ रहे, उसे 'महाभागवत' कहते है।🌷 (स्कं.३/१९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (४९९) 🌷

🌷 भगवद् चरणार्विंद की आराधना करनेसे उनकी कृपा प्राप्त होती है, जिससे सभी कामनाए पूर्ण होती हे। भगवद् चरणार्विंद भवसागरको पार करनेके लिये बडा जहाज जैसा है, लेकिन मायासे भटकनेवाले लेग भोग की अपेक्षा रखतें है। 🌷 (स्कं.३/२१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५००) 🌷

🌷 भगवद्-कथा का आस्वाद प्राप्त करनेके लिये दो बातोंका त्याग करना जरुरी है - १ 'लोक त्याग', अर्थात् लोगोके संगका / लोकधर्मो का त्याग, २. 'लोकानुगत पशु' का त्याग। जो सद्धर्मका दिखावा करतें है, लेकिन लोकधर्मका अनुसरण करते है, वे 'लोकानुगत पशु' है। 🌷 (स्कं.३/२१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत-चिंतन (५०१) 🌷

🌷प्रभुके गुणानुवाद करनेवाली वाणी अगाध समुद्र रुप है, जिसमेंसे देहधर्मो को दूर करनेवाला अमृत प्राप्त होता है। लोकमें प्रतिष्ठा हेतु भक्ति करनेवाले का पतन होता है। लेकिन लोकत्याग, भगवदाश्रय और भगवद् गुणानुवाद करनेवाले भक्तो को विकराल काल भी बाधा नहीं करता। 🌷 (स्कं.३/२१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५०२) 🌷

🌷 भक्तके हृदयमें मनोरथ तब होता है, जब भगवान उसको पूर्ण करने के लिये पूर्व-तैयारी करतें है। भक्त साधन करें उसके पहले भगवान फल तैयार रखतें है। साधनसे पूर्व फल-सिद्धि यह भक्तिमार्ग की श्रेष्ठ का है। 🌷 (स्कं.३/२१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 (कर्दम रुषि ने विवाह की ईच्छा प्रकट की, उसके पूर्व भगवान ने मनुको अपनी कन्या देवहूति को तदर्थ प्रेरणा दे दी थी)

🌷भागवत-चिंतन (५०३) 🌷

🌷मनुष्य संबंध जोडनेके लिये शरीरको, संपत्तिको, सुखको और स्वजन को देखते है, भगवान मानवके अंतःकरण को परखतें है। भगवान भक्त और उसकी भक्ति ध्यान में लेतें है, मनुष्य मिल्कतको। 🌷 (स्कं.३/२१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५०४) 🌷

🌷 प्रकृति प्रभु की शक्तिरुपा है। स्रीजीव प्रकृतिपरवश होता है। प्रकृति के तीन गुणो के मिश्र प्रभेदसे नौ प्रकार होते है। इन भेदोसे विहार-योग्य रुप धारण करनेसे वह 'स्री' होती है। 'सत्वगुण' की विशेषता से 'देवस्त्री', 'रजोगुण' की

विशेषता से 'मानवस्त्री', और 'तमोगुण' की विशेषता से 'पशुस्त्री' होती है। 🌷 (स्कं.३/२२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५०५) 🌷

🌷 'प्रकृति' और 'पुरुष' का संबंध नित्य है। जबतक उभय की मुक्ति नहीं होती, तबतक अन्योन्यकी अपेक्षा रहती है। स्त्री प्रकृति रुप है,उसके त्रिगुण अंतःकरण के दोषरुप है। वे दूर होने पर मुक्ति प्राप्त होती है। 🌷 (स्कं.३/२२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५०६) 🌷

🌷 स्व-स्वरुप, सेव्यस्वरुप और सेवा के स्वरुप के ग्यानसे ही सेवा की योग्यता आती है। स्नेह सेवाका आवश्यक अंग है। सेवा निरंतर और आदरपूर्वक की जानी चाहिये। उसमें द्ढता, एवम् शरीरऔर अंतःकरण की पवित्रता अति आवश्यक है। 🌷 (स्कं.३/२३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत - चिंतन (५०७) 🌷

🌷 सेवा सहजता से आनंद पूर्वक करनी चाहिए, भाररुप क्रिया नहीं समझनी चाहिए। उसमें वेदनायुक्त वाणी अथवा विचार नहीं आने चाहिए। उसमें रहस्य गुप्त रखे जातें है और गुण प्रकट होते हैं। 🌷 (स्कं. ३/२३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५०८) 🌷

🌷 सेवा करनेवाले की वाणी वक्र, कठोर, कर्कश, कपटयुक्त नहीं लेकिन मधुर होनी चाहिए। उसमें क्रोध, लोभ, अभिमान, बडाई, लालच, प्रमाद व किसीके प्रति द्वेष नहीं होना चाहिए। बिना कोई फल की अपेक्षा, केवल 'सेव्य' के सुखके लिए हि सेवा होनी चाहिए। 🌷 (स्कं.३/२३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत - चिंतन (५०९) 🌷

🌷 जिसका प्रत्येक कार्य धर्म, वैराग्य और प्रभुसेवामें उपयोगी नहीं होता, वह जीते हुए भी मृत समान है। 🌷 (स्कंद.३/२३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५१०) 🌷

🌷 जीवन को वृंदावन जैसा पुण्यमय, भव्य, भद्र बनानेका निर्देश भागवतजी की कथामेंसे मिलता है जिसमें निरुपित कुटुंबीजनोके सुभग संवाद, क्षुल्लक बाबतोसे विषाद और विषयसे विषम होता विषमय जीवनको आल्हाद व आस्वाद देता है, मधुर व अमृतमय बनाता है। 🌷 (स्कं. ३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५११) 🌷

🌷 गुरू के आगे शरणागतिपूर्वक स्वदोष निवेदन करके अपेक्षित फल-प्राप्ति का मार्ग पुछना चाहिये। जबतक अपने दोष प्रकट न करें, वे दूर नहीं होतें।आमलोग दोष की निंदा करते हैं, लेकिन गुरुजन दयापूर्वक दोष दूर करनेका उपाय बताते हैं। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५१२) 🌷

🌷 हमारी ईन्द्रियां जिनकी इच्छा करें वे पदार्थ व विषयो के भोग करने देने से वे हमें संसार में घसीट जाती है और भगवान से विमुख करती है। अत: ईन्द्रियो के वशमें नहीं होना चाहिये। 🌷 (३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५१३) 🌷

🌷 भगवान अथवा भगवदीयोकी कृपा से भोग के त्याग की इच्छा जगे व सच्ची समझ होय उसे 'सच्चक्षु' कहते है। उसके दों स्वरुप है - १.जीवनमें सर्वस्वका सदुपयोग करनेकी वृत्ति जगे, २.सदुपयोग करनेका सही मार्ग मिले। 🌷 (स्कंद.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५१४) 🌷

🌷 भगवान कपिलदेवजी को अपने दासके संसार रुपी वृक्ष का छेदन करनेके लीये 'कुहाडा' बताया है, जो उनके सांसारिक संबंधी (देवहूति के पुत्र) रुपसे संसार में प्रवेश करते है, और उसे मुक्ति प्रदान करतेंहै। 🌷 (३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५१५)🌷

🌷 जिनके जीवन में ज्ञानकी साथ आचार एकरुप हो, जैसा उपदेश देवे वैसा ही जो स्वयं आचरण करतें हो, जीनकी वाणी और व्यवहार विसंवादी न हो,वे सद्धर्म के ज्ञातामें श्रेष्ठ है। ऐसे स्नेह करनेवाले सदाचारी साधुपुरुष का शरण प्राप्त करना चाहिए। 🌷 (स्कं. ३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५१६) 🌷

🌷 ज्ञान प्राप्ति के लिए तीन बातें आवश्यक है - १. प्रणिपात - नमन, २. परिप्रश्न - जिज्ञासापूर्वक सारगर्भित प्रश्न करना, और ३. आदरपूर्वक तन-मन-धन से गुरुसेवा। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५१७) 🌷

🌷 वेद में स्त्रीओ को अधिकार न होनेसे कपिलदेवजीने माता देवहूतिको 'सांख्य' का ज्ञान दिया, जिसमें -१.भक्ति, २.आत्मा - अनात्मा (जडपदार्थ) का भेद, ३.ज्ञान, ४.योग समजाया। 🌷 (स्कं. ३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन ५१८) 🌷

🌷 सर्वसंदेह को दूर कर दृढ भक्ति सत्पुरुषो के संग से होती है। भगवद् गुणोके श्रवणसे प्रभुमें दृढ प्रीति होती है, भगवान का स्वरुप ज्ञान होता है, भगवद् साक्षात्कार होता है। भक्ति सर्वप्रयोजन सफल करनेवाली है।🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५१९) 🌷

🌷 योग के तीन प्रकार है - १.आधिदैविकयोग -भगवानको प्रसन्न करें और जीवको भगवान के पास ले जाय, २.आध्यात्मिकयोग -चित्तको संसारासक्तिसे / गुणसंगसे छुडावे/प्रभुमें प्रीति करावें, ३.आधिभोतिकयोग -अष्ट सिद्धियां प्रदान करें. 🌷(कपिल देव ने माता देवहूति को आध्यात्मिकयोग का उपदेश दीया) 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷

🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५२०) 🌷

🌷 आध्यात्मिक योग से सुख और दुःख दोनों दूर होते है। सानुकुल हो उसे सुख कहते हैं, प्रतिकुल लगे तब दु:ख कहते है ; आनंद का अनुभव सुख है, उससे विपरित अनुभव को हम दु:ख समझते है। ये दोनों मनकी स्थिति है। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५२१) 🌷

🌷 बंधन व मुक्ति में मन कारणरूप है। मन विषयोमें आसक्त होनेसे 'बधन' और प्रभुमें आसक्त हो तब मुक्ति मिले। 'मैं' व 'मेरा' भाव मन में आनेसे बंधनका आरंभ होता है; स्वजन, संपत्ति आदिके संग से मजबुत होता है, सानुकुल - सुखकर लगने से वह 'प्रसंग' में परिणमित होता है। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५२२)🌷

🌷 'संग' करनेसे परिचय होता है, जिससे 'आत्मियता' बढती है, फिर 'व्यवहार' शुरु होता है, और उसकी ईफाजत करतें ह। परिणाम स्वरुप हम 'बंधन'6५में बंध जातें है। हमे राग और द्वेष उत्पन्न होता है, लेकिन संसारी लोग यह समझ नहीं पाते है। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५२३) 🌷

🌷 'प्रसंग' से परवशता / पतन /बंधन होता है, संसार-आसक्ति बढती है, भगवान से विमुख होते है। हम शरीर, संतान, स्वार्थ, संपत्ति इत्यादि के व्यर्थ विचार करतें है लेकिन अपने जीवन के उत्कर्ष के बारेमें नहीं सोचते है। 🌷 (स्कं. ३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸🌷

🌷 भागवत - चिंतन (५२४) 🌷

🌷 जब 'मै' और 'मेरा' का भाव दूर होय, विषय-वासना निवृत्त होय, दिव्य आनंद की अनुभूति होय, व जन्म-मरण के चक्र में से मुक्त हो जाय, उसे 'मोक्ष' कहतें है। यह साधुपुरुषो / भगवद् भक्तो द्वारा संभव होता है, अंत: उन्हें 'मोक्षका द्वार' कहते है। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५२५) 🌷

🌷 भगवद् भक्तो के साथ प्रसंग_ प्रभु-प्राप्ति, भगवद्-ज्ञान, स्वदोष-समज, दोष-निवृत्ति के उपाय की समज, इत्यादि कोई विशिष्ट लक्ष्य पूर्ती का ध्येय के कारण होना चाहिए, क्योंकी बिना ध्येय फल-लाभ नहीं होता। 🌷 (स्कं. ३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५२६) 🌷

🌷 संग करनेसे पहले 'साधु' के लक्षण जानके निश्चिंत होना चाहिए। भागवत में 'सत्पुरुष' के सोलह लक्षण बताए गये है, जिनमै आधिभौतिक - १. तितिक्षा, २. करुणा, ३. सुहृद; अन्य आध्यात्मिक - चार, और बाकीके आधिदैविक है। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५२७) 🌷

🌷 'तितिक्षा' अर्थात् बिना विचलित हुए दु:ख सहन करना; 'करुणा' अर्थात् अन्यके दु:ख प्रति संवेदना; 'सुहृद' का तात्पर्य सभीका हितैषी। (२) सत्पुरुष के 'आध्यात्मिक' लक्षण है - ४.अजात् शत्रु, ५. शांत, ६. सदाचारी, और ७. साधुभूषण। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५२८) 🌷

🌷 (३) सत्पुरुष के आधिदैविक लक्षण - ८.अनन्य भावसे द्रढ भक्ति करनेवाला, ९. भगवद् सेवार्थे अपने लौकिक/शास्त्रोक्त कर्मका त्याग करनेवाला, १०.प्रभुके लिए प्रतिकुल स्वजनोका त्याग करनेवाला, ११.भगवानमें द्रढ व अनन्य आश्रयवाला, १२.भगवद्कथा श्रवण करनवाला .....
🌷 (स्कं. ३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५२९) 🌷

🌷 'सत्पुरुष' के और आधिदैविक लक्षण - १३.भगवद् गुणानुवाद / स्मरण करनेवाला, १४.सदा भगवद् चिंतन में रत, १५. सर्वसंग रहित, १६. सर्वके दोष दूर करनेवाला। ऐसे कुल १६ लक्षण बताये है। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५३०) 🌷

🌷 'सत्पुरुष' के संगसे 'भगवद् कथा' के श्रवण का लाभ मिले, मन स्थिर होय, निष्पाप बने, क्रमश: श्रद्धा, रति, भक्ति बढे, वैराग्य उत्पन्न होय, भगवानका निरंतर स्मरण होय, भगवद् ध्यान रुप योग-प्रवृत्ति होनेसे भगवद् प्राप्ति संभव होय। 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३१) 🌷

🌷 जो रुप-गुणोसे पहचानी जाती, वेद प्रतिपादित कर्मोसे व्यक्त, एकाग्र मन के पुरुष की, दैवी ईन्द्रियोकी, केवल सत्त्वमूर्ति भगवान प्रति, अहेतुकी स्वभाविकी वृत्ति (गति) को 'भक्ति' कहतें है। 🌷 (स्क.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३१) 🌷

🌷 गुणातित भगवान में सर्व ईन्द्रियोकी स्वाभाविक वृत्ति, सहज प्रेम, को 'भक्ति' कहते हैं, जिसका न कुछ प्रयोजन होता है, न किसी प्रकार की अपेक्षा। ऐसा 'भक्तियोग' अणिमा आदि अष्ट सिद्धियांसे सामर्थ्यवान होता है। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३२) 🌷

🌷 'भक्त' सायज्य मुक्ति की भी स्पृहा नहीं करतें, वे तो मात्र भगवान की सेवा और कथा में ही निमग्न रहतें है, और नित्य उनके साक्षात दर्शन करतें है। जो भक्त की भगवान के जिन स्वरुप में आसक्ति होती है, वे उसी स्वरुप से उसे दर्शन देतें है। 🌷 (स्कं. ३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३३) 🌷

🌷 भगवान के नेत्र रक्त है, जो भक्त के प्रति अनुराग का सूचक है। जेसे भक्तको भगवान में अनुराग होता है, वैसे ही भगवानको भक्तके प्रति होता है। अंत: भगवान में प्रीति रखनी चाहिए। प्रीतिपूर्वक प्रभुको सर्वस्व समझनेवालेको कोई भय नहीं रहता, कराल-काल भी बाधा नहीं करता। 🌷 (स्कं.३/२५) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३४) 🌷

🌷 आत्मा और अनात्मा (जड) का विवेक जगे, इसलिए 'तत्त्व' के लक्षण समझाने हेतु कपिल भगवान ने माता देवहूति को 'सांख्य' शास्त्र पढ़ाया, जिसस वह प्रकृतिके गुणों से / संसारके बंधनसे मुक्ति पा शके। (उनको वेदका अधिकार नहिं था) 🌷 (स्कं.३/२६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५३५) 🌷

🌷 जो सर्वमें व्याप्त है, आदि व गुण रहित है, स्वयं प्रकाशित है, और जिसकी उत्पत्ति का कारण गुण नहीं है, लेकिन जिसमें से गुण उत्पन्न हुए हैं, वह 'आत्मा' को 'पुरुष' कहते हैं, जो गुण युक्त 'प्रकति' से पर (भिन्न) है। 🌷 (स्कं. ३/२६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३६) 🌷

🌷 मूलभूत प्रकृति सत्व-रज-तम युक्त 'त्रिगुणात्मिका', अव्यक्त, नित्य-सदा एकरुप, 'कार्य-कारण रुप, भेद रहित, मुख्य है। (सांख्य दर्शन अनुसार 'पुरुष' व 'प्रकृति' सृष्टि के कारण रुप मूल तत्त्व है) 🌷 (स्कं.३/२६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३७) 🌷

🌷 साख्यशास्त्र अनुसार जगत के कारण रुप २४ तत्व बताये गये है _५ महाभूत- पृथ्वी,जल,तेज,वायु,आकाश ; ५ तन्मात्रा- गंध,रस,रुप,स्पर्श,शब्द ; ५ ज्ञानेन्द्रिय- श्रोत्र,त्वां, नेत्र,रसना,नासिका ; ५ कर्मेन्द्रिय- वाणी,हाथ,पग,लिंग,गुदा; ४ अंत:करण (वृत्ति)- मन,बुद्धि,चित्त,अहंकार। २५वा काल है। 🌷 (स्कं.३/२६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३८) 🌷

🌷 'काल' भगवान का हि रुपांतर है, जिसकी चेष्टा के कारण 'प्रकृति' - 'पुरुष' के संयोग से सृष्टि के 'कारण रुप' तत्त्व प्रकट होते है। भगवान सभी प्राणीओके भीतर पुरुष रुपसे और बाहर 'काल' रुपसे बिराजते है। 🌷 (स्कं.३/२६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५३९) 🌷

🌷 प्रकृति-पुरुष के संयोग से 'महत्त तत्त्व', उसमें से आधिदैविक, आध्यात्मिक, आधिभौतिक अहंकार, और उनमें से क्रमश: मन, दश ईन्द्रियां, और पंच महाभूत तथा पांच तन्मात्राएं उत्पन्न हुए है, जो सृष्टि के कारण रुप तत्त्व है। 🌷 (स्कं. ३/२६) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५४०) 🌷

🌷 प्राकृत शरीरमें स्थित जीव जब प्रकृति के गुणों में आसक्त होता है तब, अहंकार से मूढ अंत:करणके कारण "मैं कर्ता हुं" ऐसा अभिमान होने से संसारी बनता है, जिसके परिणाम स्वरूप वह अनेक योनीमें भटकता है, विषयभोगसे पीडित होता है, व दु:खादि का अनुभव करता है। 🌷 (स्कं.३/२७) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५४१) 🌷

🌷 प्रभुप्रीति और विषयवैराग्य के लिए आवश्यक है - १.अष्टांग योग,२.संयम,३.संप्रदाय/साधनमें श्रद्धा, ४.भगवद् भाव,५.वाणी-विचार-व्यवहार की एकरुपता, ६.कथा श्रवण/कीर्तन,७.समदृष्टि,८.बैरका त्याग,९.प्रसंग त्याग,१०.ब्रह्मचर्य,११.निरर्थक बातोका त्याग,१२.वर्णाश्रम धर्म पालन। 🌷 (स्कं.३/२७) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५४२) 🌷

🌷 प्रकृति के बंधनमें से मुक्ति पाने के लिए दश साधन बताये है - १.निष्काम कर्म, २.वर्णाश्रम धर्म, ३.निर्मल अंत:करण, ४. भगवद् सेवा, ५.गुरुभक्ति, ६.भगवद् गुण श्रवण, ७.तत्वो का ज्ञान, ८.दृढवैराग्य, ९.अष्टांग योग, १०.आत्मार्विभाव होय ऐसी समाधि. 🌷 (स्कं.३/२८) 🌷🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५४३) 🌷

🌷 भगवद् चरणारविंद भक्तिमार्ग रुप है, सर्वदु:खहारी है, भगवत्स्वरुप में प्रवेश द्वार रुप है, जिसके शरणसे भगवद् प्राप्ति सरलतासे होती है। उसमें विद्यमान अनंत चिन्ह भगवानको भजनीय और फलदाता होनेको सूचित करता है। 🌷 (स्कं.३/२८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५४४) 🌷

🌷 भगवद् मुखार्विंदके ध्यान से नवधा भक्ति सिद्ध होती है। भगवान की दृष्टि लौकिक - अलौकिक ताप दूत करते हैं, कृपा बरसाते हैं, ज्ञान व स्वतंत्र भक्ति भी प्रदान करते है। 🌷 (स्कं.३/२८) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५४५) 🌷

🌷 भक्तियोग के अनेक प्रकार है - हिंसा, दंभ, द्वेष, क्रोध, ईर्षा आदि मनमें रखकर भक्ति करनेवाला 'तामस' ; सुख, यश, ऐश्वर्य आदिके लिए भजन करनेवाला 'राजस' ; और कर्म भगवान को अर्पण करने हेतु निष्काम भाव से पूजन / भक्ति करनेवाला 'सात्विक' भक्त है। 🌷 (स्कं. ३/२९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५४६) 🌷

🌷 गंगाजीका जल सागरकी ओर निरंतर बहता है, वैसे ही भगवान के गुणगान श्रवण करने मात्रसे ह्रदयमें बिराजमान प्रभुकी तरफ मनकी गति हो, यह निर्गुण भक्तियोग का लक्षण है। सतत, अहेतुकी, व बिना फलकी अपेक्षा, श्रीकृष्ण की भक्ति निर्गुण होती है। 🌷 (स्कं.३/२९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५४७) 🌷

🌷 निर्गुण भक्तियोग में भगवान के अन्य अवतारो के प्रति आदर हो लेकिन आसक्ति नहीं होनी चाहिए। अनन्यतामें दूसरोका अनादर नहीं है, किंतु एकमात्र श्रीकृष्ण में आसक्ति हो, जो स्नेहकी स्वाभाविकता है। वह बुद्धि का व्यवहार नहीं, ह्रदयका धर्म है। 🌷 (स्कं.३/२९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत - चिंतन (५४८) 🌷

🌷 निर्गुण भक्त - सालोक्य, सार्ष्टि, सामिप्य, सारुप्य अथवा सायुज्य, कीसीभी प्रकार की मुक्ति की कामना नहीं करतें, वे केवल भगवान की सेवा ही चाहते है। वह 'आत्यंतिक भक्तियोग' कहलाता है। 🌷 (स्कं. ३/२९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५४९) 🌷

🌷 निर्गुण भक्तिका मुख्य साधन है - अंत:करणकी शुद्धि, जिसके १६ साधन बताये है, जो आधिभौतिक रूपसे अंत:करण को 'धर्मानुकुल' बनाते हैं, आध्यात्मिक रुपसे 'ज्ञान-योग्य' बनाते हैं, और आधिदैविक रुपसे 'भक्ति-योग्य' बनाते है। 🌷 (स्कं.३/२९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५५०) 🌷

🌷 यदि शांति की वांछना हो तो "भगवान सर्वत्र विद्यमान है", ऐसी दृष्टि रखकर किसी के प्रति मनमें कड़ुआहट न रखते हुए किसीका तिरस्कार नहीं करना चाहिए, क्योकी जहां भेद होता है, वहां भय होता है, भाव चला जाता है, प्रभु अप्रसन्न होते है। 🌷 (स्कं.३/२९) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷भागवत -चिंतन (५५१)

🌷 जिनकी अंत:करणकी वृत्ति और ईन्द्रियोकी प्रवृत्ति भगवान में न होकर लौकिक में होती है, वे 'बहिर्मुख' होते हैं, उनके देह-चित्त का काल भक्षण कर जाता है। जो प्रभु सन्मुख रहतें हैं, उन्हें कालादि पीड़ा नहीं देते। 🌷 (स्कं.३/३०) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५५२) 🌷

🌷 मनुष्य जन्म-मरणके चक्रमें आथडता है, अनेक प्रकार के सुख दुःख बाल्यावस्थामें भुगतता है, युवावस्थामे सुख की चाहमें भटकता है, वृद्धावस्थामें दुःखानुभव करता है. ऐसे संसारी का संग नहीं करना चाहिए। मारा भान भुलाती है, संसारमें फसाती है। 🌷 (स्कं.३/३१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५५४) 🌷

🌷 "प्रमदा" रुप माया, जिनमें भगवद् भाव न हो, उनमें मोह उत्पन्न करती है। इसलिए भय, लाचारी, व्याकुलता इत्यादि त्याग कर धैर्यपूर्वक, नि:संग होकर, संयम से योग व वैराग्य युक्त बुद्धि से आत्मदर्शन में तत्पर होने से जीव कृतार्थ होता है। 🌷(स्कं.३/३१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५५४) 🌷

🌷 गृहस्थाश्रमका यथार्थ धर्मानुसार सेवन करनेसे धर ऋषिके आश्रम जैसा बनता है, जबकी मोहग्रस्त होकर धर्म

और भगवान से विमुख होने पर धर अजगर जैसा निगल जानेवाला और संसार में ढकेलने वाला होता है। 🌷 (स्कं. ३/३२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५५५) 🌷

🌷 तामस प्रकृति के लोग अनेक ईच्छाओसे मूढ होकर भगवद्धर्मसे विमुख होते है। मात्र अपने लाभ के लिए ही देव -पितृओका पूजन, व्रत, यज्ञ आदि करतें है। वे चंद्रलोक तक जा कर वापस आते है। लौकिक कामनाओ में भगवानको भूलाकर भवमें भटकतें है। 🌷 (स्कं.३/३२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५५६) 🌷

🌷 निष्काम सात्विक लोग शुद्ध अंतःकरण से निष्काम कर्म करके, मुक्तसंग होकर सूर्यद्वारसे प्रभुकी प्राप्ति करके ब्रहमाजीके आयुष्य तक भगवद् धाममें निवास करतें है। 🌷 (स्क. ३/३२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५५७) 🌷

🌷 भगवन्निष्ठ ज्ञानयोग और निर्गुण-भक्तियोग दोनों का फल भगवान है। भगवान अनेक धर्मयुक्त होनेसे शास्त्र के भिन्न-भिन्न मत से अलग अलग प्रकार से अनुभव में आते है। दृष्टा के भावभेदसे विभिन्न स्वरूप दिखते है। 🌷 (स्कं.३/३२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५५८) 🌷

🌷 दुर्जन, उद्धत, अश्रद्धावान, अन्यमतको मानने वाले, पाखंडी, लोभी तथा विषयी, गृहासक्त, अभक्त और भक्तद्वेषी, इन नौ प्रकारके लोगोंको सिद्धांत नहीं सुनाने चाहिए न उन्हें उपदेश देना चाहिए। 🌷 (स्कं. ३/३२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५५९) 🌷

🌷 श्रद्धावान, भक्त, विवेकी, ईर्षा रहित, सर्वहितकारी, सेवारत, वैराग्ययुक्त, शांत, द्रोह रहित, पवित्र, और प्रभु-प्रीति युक्त, ऐसे ११ गुणयुक्त लोग कथा-श्रवण / कीर्तन के अधिकारी होते है और तदर्थ कृतार्थ होते है। 🌷 (स्कं. ३ /३२) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५६०) 🌷

🌷 भगवान का स्वरुप आश्चर्यकारक है। भगवन्नाम अधम को उत्तम बनाता है, दोषोको दूरकर गुण प्रकट करता है, उनके चरित्रो की कथा के श्रवण-कीर्तन-स्मरण से मनुष्य कृतार्थ होते है। 🌷 (स्कं.३/३३) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५६१) 🌷

🌷 चतुर्थ स्कंध "विसर्ग लीला" 🌷

🌷 विशिष्ट प्रकार का सर्ग - 'विसर्ग', भगवान का माहात्म्य - पौरुष विसर्ग है। मानवके लिए सद्बुद्धि के परिणाम रुप धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष, ये चार पुरुषार्थ प्राप्त करने होते हैं, जो भगवद् सेवा-कृपा-प्रसन्नता से मिलते है। 🌷

(स्कं.४/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५६२) 🌷

🌷 'विसर्ग लीला' श्रीनाथजी का वाम करकमल । इस अलौकिक सर्ग के ३१ अधिष्ठाता देवता - ८ वसु, ११ रुद्र, १२ आदित्य ; तदर्थ इसके ३१ अध्याय है, जो घर्म-अर्थ-काम-मोक्ष_पुरुषार्थ रुप चार प्रकरण में विभाजित है । 🌷 (स्कं. ४/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत -चिंतन (५६३) 🌷

🌷 'विसर्ग लीला' के १२ आदित्य रुप 'धर्म' प्रकरण के ७ अध्याय, व 'अर्थ' प्रकरण के ५ अध्याय ; ११ रुद्र रुप 'काम' प्रकरणके ११ अध्याय; और ८ वसु रुप मोक्ष प्रकरणके पंचपर्वा की निवृत्ति से 'ब्रहमभाव' रुप मोक्षके ५ व 'सायुज्य' मुक्ति के ३ अध्याय, ऐसे कुल ३१ अध्याय है। 🌷 (स्कं. ४/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५६४) 🌷

🌷 चार प्रकरणोमें बताये गये _'धर्म पुरुषार्थ' दक्ष को, 'अर्थ पुरुषार्थ' ध्रुवजी को, 'काम पुरुषार्थ' पृथु राजा को, और 'मोक्ष पुरुषार्थ' -'ब्रहमभाव रुप' बर्हिषद को तथा 'सायुज्य' प्रचेतसो को प्राप्त हुए हैं । 🌷 (स्कं. ४/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५६५) 🌷

🌷 लौकिक में धन को 'अर्थ' और विषयभोग को 'काम' समझते है, लेकिन वह वास्तविक तात्पर्य नहीं है। 'पूर्वमें जो किसीने प्राप्त न किया हो', वह "अर्थ पुरुषार्थ" है, और 'पूर्व में जो विद्यमान हो, उसकी प्राप्ति' "काम पुरुषार्थ" है। 🌷 (स्कं. ४/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌷 भागवत-चिंतन (५६६) 🌷

🌷 भागवत में कोई व्यक्ति विशेष अथवा राजा की कथा उद्दिष्ट नहीं है, न ऐतिहासिक घटनाक्रम से कथा है, लेकिन भगवान की लीलाओ के क्रमसे है, क्योंकी भगवद्-लीला गान ही कथा का मुख्य उद्देश्य है। 🌷 (स्कं.४/१) 🌷 (डो. जयेंद्र सोनी)🌷

🌷 भागवत -चिंतन (५६७)🌷

🌷 शास्त्र के नियम मनुष्य के लिए है, पशु अथवा 'प्रभु' के लिए नहीं। प्राकृत लोगों को शास्त्र के नियंत्रण की आवश्यकता है, भगवान अप्राकृत है, सर्वके आत्मा रुप है ।सबकुछ भगवान में से ही प्रकट होता है। अंत: उन्हें दोष नहीं लगता। 🌷 (स्कं. ४/१) 🌷 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (५६८) 🌺

🌺 'धर्म' की १३ पत्नी है - श्रद्धा, मैत्री, दया, शांति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, तितिक्षा, ह्री और सत्त्वमूर्ति। घर्माचरण करनेवाले के धर्मकी सफलता के लिए उनमें पत्नीरुप गुण और लक्षण आवश्यक है। 🌺 (स्कं.३/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (५६९) 🌺

🌺 जिनको 'बहुमान' प्राप्त होता हो, उनको यदि कभी 'मान' न मीले तब उसे 'अपमान' महेसुस होता है। 'निपुणता' अभिमान पैदा करती है, जो द्वेष, उद्धतपना, असहिष्णुता व अंतमें अध:पतन में परिणमित होता है। "दक्ष" की यही स्थिति हुई थी। 🌺 (स्कं.४/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५७०) 🌺

🌺 'दक्ष' के अभिमान का मूर्त स्वरुप उनकी पुत्री 'सती' (पार्वतीजी) थी जिनका विवाह शीलवानोमें श्रेष्ठ शंकरजी से हुआ । प्राणी, पदार्थ, अथवा प्रसंग का स्मरण और संग का प्रभाव मन पर होता है, फीर वह क्रियामें आता है। अंत: दक्षने महादेवजीको शाप दे दिया ! 🌺 (स्कं. ४/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (५७१) 🌺

🌺 गंगाजी में स्नान से कृतार्थ तो हो सकते है, लेकिन श्रीयमुनाजी 'पुष्टिरुपा' है, अत: उनकी कृपा से बिना साधन भी परिपूर्ण हो सकते है। इसीलिए देवोने दक्षके यज्ञ में संधर्षके बाद गंगा में नहीं, यमुना-संगम में स्नान करके स्वधाम पधारे। 🌺 (स्कं.४/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (५७२) 🌺

🌺 दक्ष की द्वेषवृत्ति और अभिमान दूर करनेके लिए ही चतुर चतरानन (ब्रहमाजी) ने उसे प्रजापति का अधिपति बनाया था। उससे गर्विष्ठ दक्षने दोषयुक्त 'वाजपेय यज्ञ' किया जो स्वयंके ही नाश का निमित्त बना ! 🌺 (स्कं. ४/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (५७३) 🌺

🌺 दक्ष के यज्ञ में तीन दोष हुए थे - १.अपने अधिकार का अभिमान, व शंकरजीके प्रति द्वेष वृत्ति थी, भगवद्-प्रिती नहीं थी, २. ब्रहमज्ञानी ब्रहमणोकी अवज्ञा की थी, ३. कालग्रस्त भूमिमें यज्ञ कीया था। इन्हीं कारणों से दक्षका यज्ञ सफल नहीं हुआ। 🌺 (स्कं. ४/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (५७४) 🌺

🌺 दक्षने "यज्ञ महोत्सव" का आयोजन किया था। 'यज्ञ' शास्त्रिय हे, 'महोत्सव' लोकिक, जिसमें लोक-संबंध, लौकिक व्यवहार उसका अंग बन जाता है। धार्मिक आयोजन में भी 'यश प्राप्ति' हेतु होता है, केवल प्रभु-प्रसन्नता के लिए नहीं होते, जिससे 'धर्म-कार्य' उसमें गौण हो जाता है, और राग-द्वेष मुख्य अंग होता है। 🌺 (स्कं. ४/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५७५) 🌺

🌺 स्नेही, प्रभु, पति, गुरु और पिता के यहां जाने के लिए निमंत्रण की आवश्यकता नहीं, वहां बिना निमंत्रण जाया जा सकता है, यदि अनजाने में अथवा आत्मियता वश निमंत्रण न दिया हो, लेकिन, ईरादापूर्वक, इर्षा,अनादर करने हेतु निमंत्रण न दिया गया हो, तब वहां नहीं जाना चाहिए। 🌺 (स्कं.४/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५७६) 🌺

🌺 विद्या, तपः, धन, शरीर, वय, कुल - ये सब 'सज्जन' के लिए "गुणसम्पत्ति" मानी गई है, उसे विनम्र बनाती है ; लेकिन यही सम्पत्ति 'दुर्जन' को उद्दंड, अविनयी बनाती है। 🌺 (स्कं. ४/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५७७) 🌺

🌺 सन्मान देनेके तीन तरीके हैं - आगंतुक पुजनीय हो तब खडे होकर सामने जाना चाहिए, अपने समान का आदरसे स्वागत करना चाहिए, और अधिकारि अथवा गुरुजन को वंदन कर विवेक से आदर करना चाहिए। 🌺(स्कं. ४/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५७८) 🌺

🌺 अन्य के दोषों को भी गुण माने, किसी के अल्प उपकार को भी अमुल्य समझ कर याद रखें ऐसे पुण्यतम् पुरुष बहुत कम होते हैं, लेकिन दुष्ट लोगोको तो गुण में भी सदा दोष ही दिखते है। 🌺 (स्कं. ४/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५७९) 🌺

🌺 जहां अपने प्रिय, प्रभु तथा पुज्य की निंदा होती हो, वहां से बिना सुने चले जाना चाहिए, सामर्थ्य हो तो निंदक को बंध करना चाहिए, अथवा प्राण त्याग देने चाहिए। अंतः 'सती' ने शिवजी की निंदा न सुन सकनेके कारण अग्नि स्नान किया। 🌺 (स्कं.४/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५८०) 🌺

🌺 महापुरुषो के प्रति द्वेष अथवा उनका अपराध करनेसे प्रतिकार किया न जा सके ऐसा दु:ख प्राप्त होता है, और उनकी कृपा के कारण बिना पुण्य कमाए, जिसका नाश न हो सके ऐसा शुभफल प्राप्त होता है। सामान्य रुपसे उत्पन्न शुभ अथवा अशुभ प्रारब्ध-फल उसे भोग लेनेसे नष्ट हो जाते है। 🌺 (स्कं.४/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५८१) 🌺

🌺 किसीकी क्षति को याद रखने / उसकी चर्चा करते रहनेसे अपने मनमे उसके प्रति कटुता ही पनपती है। परस्पर प्रेम रखने / बढ़ाने के लिए ऐसी क्षति का बारबार मनमे विचार नहीं करना चाहिए। ज्ञान, वय, अधिकार, स्थान इत्यादिमे छोटे क्षमाके पात्र है। 🌺 (स्कं. ४/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५८२) 🌺

🌺 जबतक भगवानमें प्रीति न होय, भगवान न मिले, तबतक धर्म अधूरा है। धर्मका फल भगवान अथवा भगवद - प्रीति है। अतः दक्ष के 'धर्म-पुरुषार्थ से उसे फलरूप भगवान प्राप्त हुए। 🌺 (स्कं.४/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५८३) 🌺

🌺 सभी पुरुषार्थोंकी पूर्णता प्रभुकी प्रसन्नता मेँ है। यदि प्रभु प्रसन्न होते है तब धृवजी जैसा बालक भी कठिन कार्य

कर सकता है, और सर्वोत्तम सफलता प्राप्त कर सकता है। ध्रुवजी को 'अर्थ पूरुषार्थ' सिध्द हुवा था। 🌺 (स्कं. ४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५८४) 🌺

🌺 प्रभु की प्रसन्नता प्राप्त करनेकी संपूर्ण सानुकूलता गृहस्थाश्रम में होती है, लेकिन यदि विवेक-बुद्धि नही हो तब उसमें वासना, विषय और व्यवहार से व्यर्थ व्यथा ही बढती है, वृथा बाते और विचारोंसे मनुष्य व्यग्र होता है, जिसके कारण प्रभुभजन नहीं हो पाता है। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५८५) 🌺

🌺 विद्याभ्यास, भगवद भजन, सामर्थ्यसंचय और सत्कार्य की सफलता के लिए ब्रह्मचर्य - संयम आवश्यक है । योगी, तपस्वी अथवा जितेन्द्रिय को संयम का ध्यान रखना होता है, ज्ञानी को संयम सरल लगता है, और भक्त के लिए संयम स्वाभाविक होता है। 🌺 (स्कं. ४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५८६) 🌺

🌺 'अर्थ' में से अधर्म रूप 'अनर्थ' पैदा होता है, जीसके कारण प्रभुपरायणता कम होती है और अर्थपरायणता बढती है।अर्थ स्वयं अनर्थरूप नहीं, लेकिन वह संसारासक्ति को बढ़ाता है। मात्र भगवद कृपासे प्राप्त ही 'अर्थ पूरुषार्थ' सिद्ध होता है। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५८७) 🌺

🌺 अधर्म हो वहां असत्य अवश्य होताही है। दोनों के साथ अनर्थ की परंपरा दिखाई देती है। अधर्म और मिथ्या वाणी के कारण दंभ और माया का उद्भव होता है, जिसकी वजह से असुरभाव, कठोरता, लोभ, शठता पनपती है, जो अन्तमे सर्वनाश के निमित्त बनते है 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (५८८) 🌺

🌺 ये सात अधर्म की परम्पराए है - अधर्म / मृषा, लोभ / शठता, क्रोध / हिंसा, कलह / दुरुक्ति, भय / मृत्यु, नरक / यातना । इनसे दूर रहने पर धर्माचरण सरल हो सकता है, अन्यथा 'अनर्थ' होनेकी संभावना रहती है। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भगवत - चिंतन (५८९) 🌺

🌺 'सुरुचि' - 'सुनीति', उत्तानपाद की दो रानीयां - मनुष्यकी अन्तःकरण की वृत्ति 'रूचि'- जीवन प्रवृत्ति 'नीति', दोनों आवश्यक अंग, 'रुचि' को सब अच्छा लगे, 'नीति' अचल (ध्रुव) फल देनेवाली। लेकिन, मनुष्यको जिसमें रूचि हो वह प्रिय लगे, नीतियुक्त प्रवृत्ति ही अच्छीलगे, यह जरुरी नहीं। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५९०) 🌺

🌺 स्त्री में मोहित मानव होश खो देता है तब वह नीति व् कल्याण की अवगणना करता है। अपनी रूचि अनुसार जीनेवाला संसारी अपने स्वार्थ व् सुख मे ही डुबा रहता है, जिसके फलस्वरूप भगवत संबंधी और कल्याण के कार्यो

की उपेक्षा करता है। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५९१) 🌺

🌺 अपनी उत्तमता की वजहसे मद के कारण, उत्तमता भगवान की देन है, दया है, ऐसा नही समझ कर भगवान की भी अवज्ञा करते है, क्योंकि अभिमान आँख और अंतःकरण का आवरण बन जाता है, जिसके फल स्वरूप उस मनुष्यका पतन होता है। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५९२) 🌺

🌺 जैसे सुखड को घिसने व काटने पर भी सुवास आती है, धूपसली जलाने पर भी सुगंध फैलाती है, उसी तरह, संत और सज्जन दोनो संतापमें भी संस्कार की सुवास ही देते है, कभी किसीका अमंगल नहीं करतें। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (५९३) 🌺

🌺 दु:ख से डर ने अथवा डीग जानेके बजाय, उसके कारण दब जाने व् दु:खी होनेके बजाय, बिना गभराये अथवा क्रोध किये, भगवद चरणारविन्द का शरण व स्मरण करना चाहिय। प्रभुकी शरणागति ही दू:ख दूर करके सुख की प्राप्ति करा शकती है। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५९४) 🌺

🌺 भगवान 'भृत्य वत्सल' है, वे जैसे गाय बछड़ा के पीछे पीछे जाती है, वैसे अपने भृत्य (सेवक - दास) के पीछे जाते है। अपने भरण - पोषण- रक्षण के लिए भगवान पर निर्भर रहते है, उन्हें 'भगवद भृत्य' कहते है, जो भगवान को अतिप्रिय है। उन्हें भगवान ढुढते है। 🌺 (स्कं. ४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५९५) 🌺

🌺 जैसे 'वत्सला गाय' अपने वछड़े को चाटकर मलिनता दूर करती है, वैसेही भगवान अपने भृत्यके सभी दोष स्वयं निवृत्त करते है। जीव स्व-प्रयत्नसे साधन द्वारा अपने दोष दूर करनेकी कोशिष करें, वह 'मर्यादा' ; प्रभु अपने उद्यमसे / स्वरूपसे, प्रमेयबल द्वारा जीवके दोषोंको दूर करें, वह 'पुष्टि'। 🌺 (स्कं ४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५९६) 🌺

🌺 "मेरा कुछ नहीं, मेरा कोई नहीं, मात्र प्रभु ही मेरे है", ऐसा यदि दैन्यभाव जगे, भक्त निराभिमानी बनें, तब 'दीनबंधु भगवान प्रसन्न होते है, और उसके सामने प्रकट होते है, जैसे ध्रुवजी को दर्शन दिए थे। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५९७) 🌺

"मेरा कुछ नहीं, मेरा कोई नहीं, मात्र प्रभु ही मेरे है", ऐसा यदि दैन्यभाव जगे, भक्त निराभिमानी बनें, तब 'दीनबंधु भगवान प्रसन्न होते है, और उसके सामने प्रकट होते है, जैसे ध्रुवजी को दर्शन दिए थे। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (५९८) 🌺

🌺 लक्ष्मीजी अपना कमलवन छोड़कर प्रभुको प्राप्त करनेके लिये तपः करती है। हस्तमें कमल लेकर लक्ष्मीजी प्रभुको और प्रभुकी प्रसन्नता को खोजती है, जबकि भ्रांत लोग अपने लौकिक सुख हेतु लक्ष्मीजीको खोजते है। 🌺 (स्कं. ४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (५९९) 🌺

🌺 किसी कामनासे भी प्रभुको प्रसन्न करनेका दृढ निर्धारपुर्वक, सर्वस्व का त्याग करके, प्रयत्न परायण होनेवालेको प्रभु उदारता से संत, सन्मार्ग और सत्संग उपलब्ध कराते है व प्रसन्न हो कर स्वयं भी प्रकट हो जाते है। (उदा. ध्रुवजी) 🌺 (स्कं. ४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६००) 🌺

🌺 संसारमे संताप न होय, उसका सुगम मार्ग है - "अपनेसे अधिक गुण वाले व्यक्तिको देखकर आनंदित होना, उसका द्वेष / ईर्ष्या न करना। अपनेसे न्यून व्यक्तिको देखकर उसपर दया रखना, उसका तिरस्कार नही करना। अपने समान से स्नेह करना, सख्यभाव रखना, बैर नही करना"। 🌺 (स्कं. ४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६०१) 🌺

🌺 नारादजीने ध्रुवजी को उपदेश दिया है - "धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इत्यादि आत्मकल्याण रूप सर्व पुरूषार्थो की प्राप्तिमें प्रभुके पादपद्मका सेवन ही कारण रूप होता है, क्योंकि समग्र पुरुषार्थसिद्धि प्रभुके चरणोंमें स्थित होती है। 🌺 (स्कं.४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६०२) 🌺

🌺 वत्सल माता और करुणा युक्त साधुपुरुष-भगवद भक्त, दोनो मानवको सन्मार्ग दिखाते है, उनके संग बालक भी ममता और करुणा के कारण, भक्त व दिव्य बनते है (उदाहरण- ध्रुवजी / नारदजी)। 🌺 (स्कं. ४/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६०३) 🌺

🌺 ध्रुवजी के ध्यान और तप: से प्रसन्न होकर , सर्व के पालनहार, आनंदरूप भगवान प्रथम उनके हृदयमें और फिर बाहर प्रकट होकर दर्शन दिए, जब ध्रुवजी ने पुलकित हुए और दंडवत प्रणाम किये, तब फिर स्तुति की। 🌺 (स्कं. ४/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (६०४) 🌺

🌺 यग्योपवित संस्कार न होनेसे ध्रुवजीको वेद का अधिकार न था, अतः भगवानने 'शब्दब्रह्म' (वेद) रूप अपने शंख का स्पर्श कराकर अर्थसहित वेद का ज्ञान दिया, और भगवानने उनकी ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रिय में प्रवेश कर उनको अपना अनुभव करवाया।(स्कं ४/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६०५) 🌺

🌺 उत्तम सुख प्राप्त करनेके दो उपाय बताए गए है - १. प्रभुके चरणकमल के ध्यान द्वारा, २. भक्तो की कथाके रसपान से, अथवा भक्तो द्वारा भगवादकथा-रसपान से. ब्रहम-चिंतन से अथवा मोक्षसे प्राप्त होता ब्रहमानंद से अधिक आनंद भगवद-कथा से प्राप्त होता है। 🌺 (स्कं. ४/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६०६-६०७) 🌺

🌺 विश्व भगवान का स्थुल स्वरूप है। वह प्रभुमें स्थित है, व उसका आदि और अंत भी प्रभु ही है, फिरभी भगवान् उससे भिन्न भी है, जोआनंद रूप है। जो शरणागतिपूर्वक उन्हें भजते है उनके लिये वे सर्व पूरुषार्थ रूप है। 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (६०८-६०९) 🌺

🌺ध्रुवजी के हृदयमें 'अर्थ पूरुषार्थ' रूप राज्यलाभ की इच्छा होनेसे भगवानने भक्ति प्रदान नही की, क्योंकि उससे 'मोक्ष पुरुषार्थ' सिद्ध होता। सत्ता व संपत्ति रूप राज्य अनर्थ का मूल होनेसे ध्रुवजी का कल्याण इच्छते हुए भगवान ने कहा -"भद्रं ते"। 🌺 (स्कं. ४/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६१०) 🌺

🌺 पशु की तरह बैर रखना वह, जो सर्वोद्धारक प्रभु का अनुसरण करनेवाले व उदार सत्पुरुषों का मार्ग नहीं है। भक्त कभी भी किसीके साथ बैर नहीं करता है, क्योंकि वह पशु बुद्धि है, जिससे प्रभु अप्रसन्न होते है। 🌺 (स्कं.४/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६११) 🌺

🌺 प्रभुको प्रसन्न करनेके लिये चार बाबत है - १.तितिक्षा - गुरुजन अवज्ञा करें अथवा स्वजन / अज्ञजन अपराध करे, उसे सहन करना, २.करुणा - प्राणीमात्र पर दया, ३. मैत्री - सबसे स्नेह, ४. समत्व - सभी प्रति सामान भाव। (स्कं.४/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६१२) 🌺

🌺 किसीको दोष के लिये बारबार टोकनेसे, कहने - सुनाने वाले दोनोके मन कलुषित होता है। व्यक्तिमें स्थित सदगुणो की प्रसंशा करनेसे और उसकी शक्तिओ को प्रोत्साहित करनेसे उसमे रहे हुए दोष भी दब जाते है, और उसे सुधरनेकी तक मिलती है। 🌺 (स्कं.४/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६१३) 🌺

🌺 पांच वर्षकी अल्प आयुमें सबकुछ त्याग कर वनमें जा कर तप: करना ध्रुवजी का महासाहस था। बिना साहस सिद्धि सरल नहीं होती।भगवद्भक्त भगवानके लीये सर्वत्याग करते है, अपनी सलामती व सुखकी परवा बिना, प्रभु को प्राप्त करनेके लिये कठिन परिश्रम करते है, तब प्रभु अवश्य मिलते है। 🌺 (स्कं.४/१२) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६१४) 🌺

🌺 संस्कार, स्वाध्याय, मनन, यज्ञ, तप: से भी अधिक विषय-वासना का त्याग कर गुरुके उपदेश से, जहां प्रभु बिराजते हों, वहां रहकर भगवद भजन करना उत्तम है, जिससे भगवानकी कृपा शीध्र होती है। 🌺 (स्कं. ४/१२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६१५) 🌺

🌺 संतानकी श्रेष्ठता वडिलो का वैभव है, आज्ञापालक शिष्य और उसकी सफलता गुरु का गौरव है। अतः नारदजी ने ध्रुवजीका यशोगान किया है। निर्मत्सर साधुपुरुषोमें ही यह गुण पाये जाते है। गुरु शिष्यकी प्रशंसा करे, वह 'मर्यादा', शिष्यके गुणगान गुरु करे, वह 'पुष्टि'। 🌺 (स्कं.४/१२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६१६) 🌺

🌺 दान, होम और पूजा प्रजा को धर्म परायण बनाते है, आर्थिक आधार देते है, शिष्टाचार शिखाते है, भगवद पारायण बनाते है। स्नेह, सहकार, सदाचार, सन्मति, समर्पण, और श्रद्धा जगाते है। 🌺 (स्कं.४/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६१७) 🌺

🌺 शांतिप्रिय, बुद्धिजीवी वर्ग, मात्र प्रेक्षक के रुपमें प्रजा के भक्षक को देखतें नहीं रह सकते, वे रक्षक बनकर राष्ट्रकी, समाजके सुव्यवस्थाकी, संस्कार-समुन्नति-शील की सुरक्षा और संवर्धन करता है। 🌺 (स्कं. ४/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६१८) 🌺

🌺 सामान्य मनुष्य अपनी स्तुति - प्रसंशा सुनकर राजी होते है, लेकिन साधुपुरुष अपनी स्तुति सुननेमें संकोच का अनुभव करते है। वे स्वदोष जानने के लिये उत्सुक रहते है। सुशील पुरुष भगवान के गुणानुवाद करते है, कराते है, अपने नहीं। 🌺 (स्कं.४/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६१९) 🌺

🌺 सुयोग्य शासक के लक्षण - स्वधर्म सन्निष्ठ, अन्य धर्मो प्रति आदर, सर्वधर्म सहिष्णु, प्रजाको भी धर्मपरायण रखनेवाला, न्यायपूर्ण - शिस्तयुक्त शासन, ज्ञान, विज्ञान, समृद्धि संवर्धन, प्रजाप्रेम संपादन, धर्म /राष्ट्र हितका उल्लघन करनेवालेके लिए कठोर दंडक। 🌺 (स्कं. ४/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६२०) 🌺

🌺 प्रजाके प्रति प्रीति राखनेवाले, लोकसेवक, समाजसुधारक, सर्वोत्तम निष्णात बुद्धिजीवी, शीलसम्पन्न, सेवा सन्निष्ठ, सदाचारी लोगोंको यदि योग्य स्थान व मान दिया जाय, तो लोक कल्याण के लिए सफलता अवश्य प्राप्त होती है। ये हमारे ऋषिओंने दिया हुआ ज्ञान-विज्ञान है। 🌺 (स्कं. ४/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (६२१) 🌺

🌺 अष्ट लोकपालों के सभी गुण पृथु राजा में विद्यमान थे - १.सूर्य की तरह सभीका समान हित करनेवाला, २. पृथ्वी

जैशे क्षमाशील, ३.इंद्र की तरह सभपर सामान वृष्टि करने वाला, ४. चंद्रमा सम अमृत वर्षा करनेवाला, ५. वरुण की तरह अभिप्राय गुप्त रखने वाला, ६. अग्निकी तरह दंड देकर शुद्ध करने वाला,७. वायुकी तरह निर्लेप होकर व्यवहार करनेवाला, और ८.धर्ममार्ग में दृढ। 🌺(स्.४/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६२२) 🌺

🌺 मानव बुद्धिका उपयोग कर ध्यान रखे और दोनों हाथसे पूरी महेनत करें, तब पृथ्वीके पाससे सभी प्रकारकी औषधि प्राप्त कर सकता है। अतः पृथुने उद्योगसे उत्पादन, कानूनसे कर, शिक्षासे संस्कार, विज्ञानसे वैभव और ज्ञानसे गति प्राप्त करने हेतु पृथ्वी का दोहन किया। 🌺 (स्कं.४/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६२३) 🌺

🌺 समृद्धि का संचय और उसका मात्र स्व-उपभोग मानव को विलास और विनाश के मार्ग पर ले जाते है। सावध पुरुष संपत्ति का सदुपयोग करके अपने विनाश और विलास से बचकर विकास करते है। पृथु राजा ने यज्ञमहोत्सव आयोजित करके यही सिद्ध किया। 🌺 (स्कं.४/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६२४) 🌺

🌺समृद्धि और सत्ता जहाँ हो वहां संघर्ष की स्वाभाविकता होती है। कोई अपना पद छीन ले, अथवा अपने समान हो जाय, यह सत्ता व संपत्ति की लालसा जिनको होती है, वे सहन नहीं कर सकते। सर्व समृद्धि युक्त स्वर्गमें रहनेवाले इंद्र भी पृथु के यज्ञ के कारण ईर्ष्या मुक्त न रह सके। 🌺🌺 (स्कं.४/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (६२५) 🌺

🌺 सत्ता - संपत्ति के संघर्ष की पापयुक्त युक्ति-प्रयुक्तियोंमें पाखंड होता है। बिना प्रमाण किया हुआ धर्माचारण भी पाखंड होता है। यज्ञमें विघ्न के कारण पृथुने इंद्र का वध करना चाहा, लेकिन ब्रह्माजी के आदेश से नहीं किया। प्रभु संबंध रहित प्रवृत्ति, प्रिय होते हुएभी संतोंकी आज्ञासे त्याग देनी चाहिए। 🌺 (स्कं.४/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (६२६) 🌺

🌺 आसक्ति का स्वभाव व प्रभाव होता है की किसीके कहने पर मनपसंद प्रवृत्ति त्याग देने पर भी अन्तःकरणमें से अपनी वृत्ति हठती नहीं, परिणाम स्वरूप भगवद भाव प्रकट नहीं होता। साधनमार्ग मेंसे आसक्ति भगवद कृपा से ही दूर होती है। भक्त को हमेशां सानुकूलता अथवा प्रतिकुलतामें प्रभु-कृपा ही समजनी चाहिए। 🌺 (स्कं.४/२०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६२७) 🌺

🌺 स्वधर्मनिष्ठ होकर, बिना कोई अपेक्षा, श्रद्धापूर्वक जो भगवान का भजन करता है, उसका मन आहिस्ता आहिस्ता दोष मुक्त होता है, उसे पसन्नता होती है, और वह शान्तिका अनुभव करता है। (स्कं.४/२०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भगवत - चिंतन (६२८) 🌺

🌺 यज्ञ, तप:, योग से भगवन सुलभ नहीं, लेकिन राग-द्वेष रहित समचित्तवालोके लीये प्रभु सुलभ है, क्योंकि उनमें निर्दोषता होती है, जिसके कारण प्रभु उनके हृदयमें पधारतें है। गीता का भी यही उपदेश है। 🌺 (स्कं.४/२०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६२९) 🌺

🌺 जो भक्तिरस रूप भगवान के चरणकमल के मकरंद की शीतलता, सुंदरता और सौरभ का आस्वाद करावे ऐसे महान पुरुष के मुखसे श्रवित भगवद गुणानुवाद का श्रवण करने के लिए पृथु राजाने भगवान से दश हजार कान प्रदान करने की विनंती की ! 🌺 (स्कं.४/२०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६३०) 🌺

🌺 सत्संग, तत्त्वज्ञान, निष्काम भावसे किये हुए वेद सम्मत कर्म का प्रभुको समर्पण, विषयोंमें अन्यासक्ति, संसारमें वैराग्य और भगवदाज्ञा पालन से 'भक्ति' की योग्यता आती है, फिर भी 'भगवद कृपा' ही मुख्य है। 🌺 (स्कं.४/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (६३१) 🌺

🌺 भगवान चाहे तो भक्त को विना साधन किये अपनी कृपा से स्वरुपयोग्यता देकर भक्ति प्रदान करते है। अक्षरब्रह्म के ज्ञानसे अविद्या की निवृत्ति होनेसे भक्तमे प्राकृत धर्म दूर होते है, वह शुद्धत्व प्राप्त करता है, जिसके कारण उसमें पुरुषोत्तम की प्राप्ति की स्वरूप योग्यता आती है। 🌺 (स्कं.४/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६३२) 🌺

🌺 निर्दोष भावसे, निःसंग होकर, भगवानके चरणमें शरण लेनेवाला इस क्लेशरुप संसारमें पुनः आता नहीं। उसे अधिकारानुसार फल प्राप्ति अवश्य होती है। संपत्ति, सफलता, सर्वत्कृष्टता कृतज्ञ होकर वृद्ध और सर्वोत्तम पुरुषोंकी सेवा करनेसे स्वयं प्राप्त होती है। 🌺 (स्कं.४/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६३३-६३४) 🌺

🌺 निजजनो पर कृपा करनेके लिए ही भगवान सिद्ध अथवा गुरु के रूप में पृथ्वी पर परिभ्रमण करतें है। भगवान् के भक्त जिनके घरमे पधारतें नहीं है, वह समृद्ध होते हुए भी वे घर अथवा उनका संसार सर्प के नीवास जिनमे होता है, ऐसे वृक्ष के समान है। (स्कं.४/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६३५) 🌺

🌺 भगवान के गुणानुवाद में अचल प्रीति होनेसे, अंतःकरणमेंसे काम, क्रोध, मोह, कटुता, क्रूरता, कपट आदि दूर हो जाते है। भगवद-कथा सुनने की स्थिति 'भाग्य' से ही बनती है, लकिन 'महाभाग्य' हो, तब हम उसे समझ पाते है, और उसका स्वीकार तो स्नेह के कारण ही संभव होता है, तब ही उपदेश जीवन में आत्मसात हो पाता है। 🌺 (स्कं.४/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६३६) 🌺

🌺 भक्तिके लिए क्रियाशील होकर, भक्तिपूर्वक भगवान के गुणानुवाद गाने चाहिए और सभी कर्म भगवान को समर्पित करना यह उत्तम है। लेकिन पृथुराजा ज्ञानमार्गी होनेसे आत्मामें स्थितिरुप मोक्ष की कामना हेतु, उसने बिना आसक्ति कर्म करके उनके फल भगवान को अर्पण किये । 🌺 (स्कं.४/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिन्तन (६३७) 🌺

🌺 वय, वित्त, वपु, विलास, वैभव आदि बढे, लेकिन यदि ज्ञान - वैराग्य न बढे और भक्ति मे वृद्धि न हो, तब मनुष्य जीवन व्यर्थ समझना चाहिए। 🌺 (स्कं. ४/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६३८) 🌺

🌺 मोक्ष के दो प्रकार है - १."ब्रह्मभाव रुप", जिसमे 'विद्या' से 'अविद्या' नष्ट होने से सर्वत्र 'ब्रह्मरूप' दिखता है, २."सायुज्य" - भगवद सेवा करते हुए भगवान में लीन हो जाना, वह 'सायुज्य' कहलाता है। ब्रह्मभाव में समग्र तद्रूप दीखता है,जबकि, सायुज्य में भगवद प्रवेश होता है, अतः उत्तम कहा गया है। 🌺 (स्कं.४/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६३९) 🌺

🌺 भगवान निजभक्तो को अल्प प्रयास से अधिक फल - मुख्य फल देतें है, और उनके संबंधियो को गौण फल देतें है। अतः प्रचेतसो को श्रेष्ठ 'सायुज्य' मोक्ष दिया और उनके पिता बर्हिषद को 'ब्रह्मभाव रूप' मोक्ष दिया। 🌺 (स्कं.४/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६४०) 🌺

🌺 उत्तम संतान परंपरा की सुयोग्यता के लिये तप: और प्रभु भजन में प्रवृत्त हो कर अपने जीवन का उचित घड़तर व जीवनके सिद्धान्तो की स्पष्ट नीति तय कर लेनी चाहिए। अपने कार्यक्षेत्र में निपुणता, शारीरक व मानसिक सुदृढ़ता, अंतःकरण की निर्मलता, स्वधर्म का ज्ञान, इत्यादि की प्राप्ति से जीवन सफल, सुख-शांतिमय स्वतः बनता है। 🌺 (स्कं. ४/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (६४१) 🌺

🌺 माहात्म्यज्ञान, स्वरूप चिंतन, गुणगान, उपकारस्मरण और कृपा के कारण भगवानमें प्रेम होता है। प्रकृष्ट प्रेम से प्रभु प्रकट होते है। उनकी स्नेहात्मिका सेवा से प्रसन्न होते है, स्तोत्र-पाठ सहित करनेसे शीघ्र प्रसन्न होते है। अतः प्रचेतसो ने भगवान शंकर द्वारा दिये गये सर्वसंदेहनाशक, सर्वज्ञानप्रद स्तोत्र गान सह तपः /भगवद्-सेवा की। 🌺(स्कं. ४/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (६४२)🌺

🌺मनुष्य जीवन में दो वस्तु प्राप्त कारणके लिये प्रयत्न करता है - 'दुःख की निवृत्ति और सुख की प्राप्ति'। ये दोनों बाबते चारो पूरुषार्थ में समाहित है। धर्म और अर्थ से दुःख का नाश और काम व मोक्ष से सुख लाभ। ये मात्र कर्मसे प्राप्त नहीं होते। 🌺 (स्कं. ४/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६४३) 🌺

🌺 नारदजीने राजा प्राचीनबर्ही को ज्ञान देनेके लिये 'पुरंजन' की कथा सुनाई है। 'पुर' का अर्थ है - 'देह', जो कर्मानुसार प्राप्त होता है। उसमें निवास करनेवाला जन्म-मरण रुप प्रवाहसृष्टिका सामान्य जीव, वह 'पुरंजन'। यह एक रूपक कथा है। 🌺 (स्कं.४/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६४४) 🌺

🌺 मनुष्य जीवन में दो वस्तु प्राप्त कारणके लिये प्रयत्न करता है - 'दुःख की निवृत्ति और सुख की प्राप्ति'। ये दोनों बाबते चारो पूरुषार्थ में समाहित है। धर्म और अर्थ से दुःख का नाश और काम व मोक्ष से सुख लाभ। ये मात्र कर्मसे प्राप्त नहीं होते। 🌺 (स्कं. ४/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६४५) 🌺

🌺 'पुरंजन' जीव, पत्नी रुप (अध्यास युक्त) बुद्धि को अनुकूल हो विषयो का उपभोग करता है। पांच ज्ञानेन्द्रिय रुप अश्व वाले रथ, जिसके पाप-पुण्य रुप चक्र, अहंता-ममता रुप धुंसरी, मन रुप लगाम, पंच प्राण रुप दोरी बंधी है, उसमे बैठ कर स्वप्नविहार करता है।...(स्कं.४/२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६४६) 🌺

🌺 देवोको देहसंबंध लीला के लिये होता है, उनमें देहात्मभावरूप बुद्धि नहीं होती। ब्रह्मादि देवोकी ज्ञानेन्द्रिय ज्ञानमय और कर्मेन्द्रिय योगमय होती है, अहंकार से उत्पन्न नहीं होती। वे भगवद-इच्छा के वश होती है, मायावश नहीं। उनमें अविद्या के अध्यास नहीं होते। 🌺 (स्कं. ४/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६४७) 🌺

🌺 संसारमें दृढ आसक्ति होनेसे देहको आत्मा मानने वाली बुद्धि एवं बहिरमुखदशा, लोक व्यवहार / रुचि के कारण जीवन व्यर्थ जाता है, कालके धर्मोकी पीड़ा सहन करनी पड़ती है, अति भोगके कारण शरीर रोगी बनता है। यदि यौवनमें संयम व योग में प्रवृत्ति रहे, तब जीवन स्वस्थ रह सकता है। 🌺 (४/२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६४८) 🌺

🌺 पुरंजन-पुरंजनी का यौवन रजोगुण के प्रभावसे भोग-विलासमें बीत जाता है, जिसके कारण इंद्रियोंके के परिणाम स्वरूप विषय विकार रूप पुत्रो व बुद्धिकी क्रियाए - इच्छाए रूप पुत्रीयां उत्पन्न हुई। अतः अन्तःकरणके भीतर का संसार बाहर प्रकट हुआ। 🌺 (स्कं.४/२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६४९) 🌺

🌺 सर्वनाशक काल अपनी ३६० दिवस रूप गांधर्व और ३६० रात्रि रुप गांधर्वी सेना के साथ 'पुर' (देह) को घेर लेता है, प्राण क्षीण होते इंद्रियां शिथिल हो जाती है, वृद्धावस्था आती है, 'जरा' और 'प्रज्वरा' (सन्निपातादि) मृत्यु के भाई-बहन है। 🌺 (स्कं.४/२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भगवत - चिंतन (६५०) 🌺

🌺 कालकन्या जरा व प्रज्वार के साथ मृत्यु द्वारा आक्रमण से बचाव का प्रयास पुरंजन के नगर रक्षक पांच शिर वाला नागरूप प्राण करते हुए थक जाते है, यमराजा 'पुर' शरीर में से अंगुष्ट मात्र जीव को बलात बाहर निकालते हैं, तभी, जीव के साथ प्राण, इंद्रियां, बुद्धि भी शरीर छोड़ देते है। 🌺 (स्कं.४/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६५१-६५२) 🌺

🌺 भगवान की संपूर्ण शरणागति से अपना अहंकार दूर होता है, स्वदोषो की स्फूर्ति होती है। भगवानका माहात्म्य जानने से अपनेमें दैन्यता प्रकट होती है, हमारी स्वरूप विस्मृति दूर होती है, जिससे हम भगवद् अंश है, ऐसा स्वरूप ज्ञान होता है। 🌺 (स्कं.४/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६५३) 🌺

🌺 भगवानमें उत्कट भाववाले भगवद भक्त जहां हो, वहां भगवतकथासुधा चारो ओरसे छलकती है, जिसका यदि एकध्यान होकर प्रेमपूर्वक कोई पान करता है, उसे भूख, प्यास, भय, शोक, मोह, कुछ भी स्पर्श नहीं करते ,क्योकि वे अन्तःकरणके धर्मोसे पर हो जाते है।🌺 (स्कं.४/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन ६५४) 🌺

🌺 जिस कार्य को करनेसे प्रभु प्रसन्न हो वह 'कर्म', कर्म एक ही है - "श्रीकृष्ण की सेवा", और जिसको जाननेसे बुद्धि प्रभु में लगे, वह विद्या - ज्ञान. जिस "ब्रह्मवाद" के ज्ञान से श्रीकृष्णमें बुद्धि हो, वही 'विद्या'. 🌺 (स्कं.४/२९) 🌺🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६५५) 🌺

🌺 भगवानके चरणकमल ही अभय देते है। नारदजी ने राजा प्राचीनबर्हि को मृग के द्रष्टान्तसे समझाया कि स्त्री-स्वजनादि संगमें विषयादि सुखके पीछे मानवी अपना आयुष्य व्यर्थमें गवां देता है, समीप आता मृत्यु दीखता नहीं, अतः प्रभु चरण शरण में जाता नहीं। 🌺 (स्कं.४/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन(६५६) 🌺

🌺 'सूक्ष्म (लिंग) देह' ही 'स्थुल देह' के द्वारा इस लोक में कर्म करता है, जिसका फल वह परलोकमें प्राप्त करता है। स्थुल देह में अपनेआप कार्य करने का सामर्थ्य नहीं है, इसीलिए जब लिंगदेह सहित आत्मा स्थुल देहमें से निकल जाती है, तब वहः निष्क्रिय हो जाता है। 🌺 (स्कं. ४/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६५७) 🌺

🌺 जिस प्रकार कर्ता के रूप में सुथार रंधे (साधन) से लकड़े को छिलता है, जिसमे वास्तव में छिलनेका कार्य उसके भीतर लोहे का पाना, उसके साथ वाली लकड़ी के आधार से करता है, वैसेही कर्ता आत्मा है, जो भीतर रहा सूक्ष्म देह के कारण स्थुल देह बाह्यरूप से कर्म करता है। 🌺 (स्कं.४/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६५८) 🌺

🌺 पंच तन्मात्रा, एकादश इंद्रिय, बुद्धि सहित त्रिगुणात्मक कार्यभूत 'लिंगदेह' है, चैतन्य युक्तको 'जीव' कहते है,

'कर्म' दिखलाई नहीं देता, लेकिन आत्मा के आधार पर स्थित है। इस जन्ममें मनमें जो विचित्र तरंग उठते है, अनुभव होते है, वे पूर्व जन्म के कर्मो से होते है। 🌺 (स्कं.४/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६५९) 🌺

🌺 सामान्यतः भक्त द्वारा स्तुति करनेपर भगवान प्रसन्न हो कर वरदान देते है, लेकिन भक्तिमार्ग की यह विशेषता है कि भगवान भक्तो को आत्मीय के रुपमें अंगीकर करते है और सर्व फल प्राप्ति कराते है। ऐसेही भगवान् ने प्रचेतसो को पहले वरदान दिया तब उन्होंने भगवान की स्तुति की है। 🌺 (स्कं. ४/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६६०) 🌺

🌺 महापुरुष - संत इस नि:सार संसारमें भी प्रभुप्रीति रुप सार खोज के स्वयं कृतार्थ होते हैं, और अन्यको भी करतें है। "आयुष्य, धन, यशः, कल्याण और ऐश्वर्य" ये ६ फल, भगवान के ६ गुण की तरह, प्रभु पारायण भक्तोंकी कथा श्रवण के है, जिसके द्वारा प्रभु प्राप्ति सुलभ होती है। 🌺 (स्कं.४/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६६१) 🌺

🌺 *** पंचम स्कन्ध *** 🌺

🌺 पंचम स्कन्ध भगवान की "स्थान (स्थिति) लीला" है। यह भगवान का 'दक्षिण ऊरु' है। 'वश' करनेको विजय कहते है, भगवान का वैकुण्ठ विजय 'स्थिति' है। प्रभुकी पदार्थ मात्र को वश करना अर्थात स्वाधीन करनेकी लीला वह -"स्थान लीला"।🌺 (स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिन्तन (६६२) 🌺

🌺 'विजय' का तात्पर्य 'विशिष्ट जय' अथवा 'विविध जय' (स्थिति), जो देश, काल, व आत्मा में प्राप्त होती है। देश (स्थान) तीन - पृथ्वी, पाताल, स्वर्ग ; काल के इक्कीस प्रभेद है और आत्मा के दो प्रकार - जीवात्मा व परमात्मा. ऐसे कुल २६ बनते है, अतः इस स्कन्ध के २६ अध्याय है। 🌺 (स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६६३) 🌺

🌺 कर्म अनुसार भी 'स्थिति' होती है। वेद चित्तशुद्धि रुप कर्म और ज्ञान से आत्मामें स्थिति होती है। देश स्थिति देनेवाले कर्म बहिरमुखको वैदिक कर्म में प्रवृत्त करनेके लिये बताये गये है। केमके फल स्वतन्त्रतया नही, भगवान द्वारा ही दिये जाते है। यही भगवान का कर्म पर विजय है। 🌺 (स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६६४) 🌺

🌺 जब सभी तत्त्वमें से आसक्ति दूर हो तब 'स्वरूप स्थिति' प्राप्त होती है। सब के मूलरूप - पांच तन्मात्रा, पांच महाभूत, पांच कर्मेन्द्रिय, पांच ज्ञानेन्द्रिय, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार पुरुष व काल मील कर छब्बीस होते है। इनमें आसक्ति न रहना 'विजय' है, जो २६ अध्यायों में वर्णित है। 🌺 (स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६६५) 🌺

🌺 अपना मन लौकिक (जड़) पदार्थोंमें से हट जाय, भटकना छोड़ दे, आसक्तिरहित हो जाय, अंतर्मुखी बने,

आत्मस्वरूप में रहे, भगवान मे स्थिर होय, उसे 'स्वरूप स्थिति' कहतें है, जो भगवद सेवा से सरल और सहज होती है। 🌺 (स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिन्तन (६६६) 🌺

🌺 भगवान का 'यशः' सभी दोषो को दूर करते है। उनके चरण कमल रूप होने से कोमल है, सरलता उसकी सुंदरता है, स्नेह सुगंध है, दुःख निवारण और सुखदान शीतलता है। उसके भक्तिरस का आस्वाद और आह्लादता तो भ्रमर जैसे किसी अनन्य सांनिष्ठ सत्पात्र को ही प्राप्त होते है। 🌺 (स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६६७) 🌺

🌺 प्रभुके लिए त्याग करनेसे प्रभु प्रसन्न होते है । व्रत में विकार नहीं होता,बल्कि, त्याग, संयम, स्वास्थ्य, पवित्रता, निर्दोषता का उसमे समन्वय होता है। प्रियव्रतने व्रतपरायण होकर प्रभुकी भक्ति के लिए राज्यका त्याग किया था। 🌺 स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिन्तन (६६८) 🌺

🌺 भगवान को जानने से 'माणना' (आनंद लेना) चाहिए।

भगवानने दिया हुआ देह से 'सेवा' रूप कर्तव्यका पालन करना चाहीए, जिसके लिए गृहस्थाश्रम उपकारक है। गृहस्थाश्रम भोग करके मरने के लिए नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण जीवन जी के भवसागर पार करने के लिए है। 🌺 (स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६६९) 🌺

🌺 मर्यादामार्गमें भगवानकी आज्ञा का आदर होता है। आज्ञा वेद रूपा वाणी से होती है। पुष्टिमार्ग स्नेहका मार्ग है, जिसमें प्रभु कोआज्ञा करने का परिश्रम नहीं करना पड़ता, भक्त प्रेमसे प्रभुकी इच्छा जानकर उनको अनुकूल होताहै। 🌺 (स्कं. ५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६७०-६७१) 🌺

🌺 सभीको अपना शरीर प्रिय लागतां है, अतः उसका पोषण करते है, सुख और सगवड़ की फिक्र करते है, योग करने के बजाय भोग में प्रवृत्त रहते है, जिसके परिणाम स्वरूप रोग ग्रस्त बन जाते है। लेकिन प्राप्त मानव शरीर को व्यर्थ गुमाना नहीं चाहिए। 🌺 (स्कं.५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (६७२) 🌺

🌺 आहार, आराम, भय और विहार इन चार बाबतो में समय बिताना पशु जीवन समान है। अपने आपको समझदार कहने वाले संसारी लोग भी भोगके लीये भटकते है, लोक सुख के पीछे समय गंवाते है। 🌺 (स्कं. ५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६७३) 🌺

🌺 इच्छाओ के पीछे भटकना योग्य नहीं, जो भवसागर तरने के उपाय नहीं करता वह 'आत्मघाती' कहलाता है।

वास्तव में मानव शरीर सेवा के लिये सानुकूल है। अतः आत्मकल्याण के लीये तप द्वारा शरीर को परीश्रमसे और अंतःकारण की शुद्धि से प्रयत्न परायण होना चाहिए। 🌺 (स्कं. ५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६७४) 🌺

🌺 देह का पोषण आहारसे होता है, आहार की शुद्धिसे सत्व शुद्धि होती है, जिसके कारण ध्रुव समृति होती है, प्रभु स्मरण सानुकूल होता है, भगवान विस्मृत नहीं होते। अतः सर्व वस्तु प्रभुको विनियोग कराके उपयोगमें लेनी चाहिए। 🌺(स्कं.५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६७५) 🌺

🌺 महत्पुरुषो की सेवा मुक्तिका द्वार है, अतः कपिलमुनिने साधुसंग को मोक्षका खुल्ला द्वार कहा है। सत्संग शरीर है, सेवा उसका प्राण है। बिना संतोंकी सेवा सत्संग फलित नहीं होटा है। 🌺 (स्कं.५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६७६) 🌺

🌺 'महत्पुरुष' के पांच लक्षण बताये गए है - १.'समचित्ता'- सर्वके प्रति समान चित्तवाला, २.'प्रशांता' - नित्य शांत-प्रसन्नता युक्त - व्यग्रता विहीन, ३. 'विमान्यव' -बिना क्रोध - जलन वाला, ४. 'सुहृद' - सभीका हित करनेवाला, और ५. 'साधव'- सदाचार एवं सद्विचार वाला। 🌺 (स्कं.५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चितंन (६७७) 🌺

🌺 जिसको प्रभुमें प्रीति होती है वह अन्यत्र आसक्त नही हो सकता। लेकिन जबतक प्रभुमें प्रीति न हो, जीव जन्म-मरण के बंधन मेंसे मुक्त नहीं होता । उसके बंधनकी अनेक गांठ होती है, स्त्री/पुरुष की, वंश की, घर की, क्षेत्रकी, पुत्रकी, आप्तजनकी, और द्रव्य की. निःसंग होकर प्रभुके गुणगान करनेसे इन गाँठमें से हम मुक्त हो सकते है। 🌺 (स्कं. ५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६७८) 🌺

🌺 दीक्षा-शिक्षा के द्वारा मृत्यु का भय, प्रमाद,और भगवद विस्मृति दूर करावे वह 'गुरु', श्रीहरिमें स्नेह कराता है 'स्वजन', संतानको धर्मनिष्ठ बनानेवाले होते है- 'मातापिता', विलास के विनाशमें से रक्षा करता है - 'पति', अन्यथा सभी संसार में बंधन करने वाले होते है। 🌺 (स्कं.५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६७९) 🌺

🌺 भगवानके रुप व नाम के सेवन से सब प्रकारके भय से अभय मिलता है। तन, मन, धन, वाणी सभी का इंद्रिय-भोग के बजाय प्रभु सेवा में सतत उपयोग करनेसे जीवन कृतार्थ होता है, अन्यथा हम मोहपाश और मृत्युपाश से मुक्त नहीं हो पाते। 🌺 (स्कं.५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८०) 🌺

🌺 सच्चे सिद्ध एकांतप्रिय होते है, वे मेदनी जमा नहीं करते। लोकसंग और लोकपेक्षा मनुष्यको सन्मार्ग से संसारमार्ग पर घसीट जाता है। जो लोक संत-साधुजनो का सेवन निष्कपट भाव से मात्र प्रभु भजन करने हेतु नहीं

करते, लोकलालचसे करते है, उन्हें क्लेश ही मिलता है। 🌺 (स्कं.५/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८१) 🌺

🌺 भक्ति रसप्लावित भक्त भगवदीयत्व के कारण ही कृतार्थ होते है, वे मोक्ष की भी कामना नहीं करते है। लेकिन मर्यादामार्ग में भगवान को भक्तो के लिए बहोत परिश्रम करना पड़ता है, अतः उन्हें मुक्ति देते है, भक्ति नहीं देतें। 🌺 (स्कं.५/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८२) 🌺

🌺 पवन जैसा चञ्चल मन को स्थिर करने के लीये अभ्यास और आसक्ति के अभाव रुप वैराग्य आवश्यक है। लेकिन किसीका कल्याण / परमार्थ करनेमें आसक्ति अवरोधक भी होती है। दया करते हुए भगवान विस्मृत हो जाय तब भरतजी की तरह भव विफल होता है। 🌺 (स्कं.५/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८३) 🌺

🌺 साधुजन स्वल्प परमार्थ के लिये भी अनल्प स्वार्थ की उपेक्षा करते है। अतः भरतजीने हरि-स्मरण के बजाय हिरनके बच्चे को बचाते हुए, उसकी परवरिश में आसक्त हुए। परिणाम स्वरूप अंत समये हरिमेंसे मन चलित होकर हिरन में लगने से दूसरा जन्म हिरन का हुआ। 🌺 (स्कं.५/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८४) 🌺

🌺 शम, दम, तपः, स्वाध्याय, अध्ययन, त्याग, संतोष, तितिक्षा, विनय, विद्या, अनसूया, और आत्मज्ञान, ब्राह्मण के ये बार गुण बताये गये है, लेकिन 'भक्ति' के बिना इनकी शोभा नहीं। भगवद प्राप्ति भक्ति से होती है। बिना भक्ति का आनंद मात्र आभास ही होता है। 🌺 (स्कं.५/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८५) 🌺

🌺 जगत में महापुरुष मिलने मुश्किल होते है, यदि मिल भी जाय तो उन्हें पहिचान ना मुश्किल है। पहिचान पाने पर उनका लाभ प्राप्त होना और भी कठिन है, क्योकि वे निस्पृही होते है। 🌺 (स्कं.५/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८६) 🌺

🌺 जीवन -मृत्यु ये दो देह की अवस्थाएं है, देहि (देह में रहनेवाले जीव) की नहीं. सभीके नित्य स्वामी भगवान् श्रीकृष्ण है। जीव सेवक होते हुए खुदको स्वामी समझ लें वह उसका अज्ञान है। (स्कं.५/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८७) 🌺

🌺 मनुष्य घर मे ही आसक्त, कर्तव्य पारायण, मनके वश हो कर अपना व्यवहार चलाता है। मन इंद्रियोंकी प्रवृत्तिओ का आधार है, अनेक वृत्तिया-विकार का उद्‌गम स्थान है। यदि मन को वश नहीं किया जाय तो मनुष्य भव में भटकता रहता है। उसको वश करनेके लीये काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर पर विजय प्राप्त करना आवश्यक है। 🌺 (स्कं.५/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८८) 🌺

🌺 संसार-सर्प के दंश से और विषय के विष के सेवन से व्यथित मनुष्यो को संतपूरुषो के वचन संजीवनी रूप होते है। वे प्रभुमय जीवन प्राप्त कराने वाले और संताप को शांत करने वाले होते है। जो रागद्वेष से जले हुए व द्वेष के कारण क्षुब्ध होते है, उनके हृदय को शीतलता प्रदान करते है।🌺 (स्कं.५/१२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६८९) 🌺

🌺 खुद को स्वामी समझनेवाला वास्तव में मिट्टी का पुतला ही होता है जो 'पार्थिव' - पृथ्वीका विकार है। शरीर सभीका सरीखा पुतला समान होता है, चाहे राजा अथवा रंक का हो। 'अहं' अज्ञान से माया के कारण होता है, इसीलिए अपनेको स्वामी मानता है, लेकिन ज्ञान भगवद्रुप है।🌺 (स्कं.५/१२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६९०) 🌺

तपः से सामर्थ्य मिलता है, यज्ञ से आलोक-परलोक का सुख मिलता है, त्याग के कारण आसक्ति कम होती है और वेद से ज्ञान मिलता है। जल, अग्नि, सूर्य से तन, मन (वाणी) व बुद्धि की शुद्धि होती है। भक्तो की कृपासे भगवान को पहचान पाते है। 🌺 (स्कं.५/१२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६९१) 🌺

निःसंग हो कर ज्ञान प्राप्त करने से मोह दूर किया जा सकता है। लेकिन निःसंग होना सरल नही है। सत्संग के द्वारा प्रभु-कथा-रस प्राप्त होय तब संसार सागर को पार किया जा सकता है, जीवन सफल हो सकता है। 🌺 (स्कं.५/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६९२) 🌺

🌺 संसार पार न किया जा सके ऐसा मार्ग है इसलिए उसे "दुरत्यय" - "भवाटवी" कहा गया है, जिसमे जीवात्मा भटकता है, अटकता नहिं। वह अर्थपरायण - मनस्वी होकर भौतिक पदार्थ और पूरुषार्थ प्राप्त करने के लिये प्रयत्न करता है, लेकिन सुख नहीं मिलता है। 🌺 (स्कं.५/१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६९३) 🌺

🌺 जीव-समुदाय रूपी संघ को उसके नायक बुद्धि, नालायक होनेसे, संसार रूपी वन मेंसे पसार होते हुए गलत रास्ते से ले जाती है, जहां छह इंद्रिय रूपी डकैत उसे लूंट लेते है। अतः सेवोपयोगी शरीर, शील, संपत्ति, समय, सामर्थ्य बर्बाद हो जाते है। 🌺 (स्कं.५/१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (६९४) 🌺

🌺 अपने सगे-संबंधी मधुर वचन व मोहक व्यवहार से हमारी भगवन्मार्गकी प्रवृत्तिमें बाधा डाल कर हमें संसारमार्गमें घसीट जाते है। हम गृहस्थाश्रमके गहन वनमें खो जाते है, भगवद भजन के बजाय व्यर्थ व्यवहार और विषयमें व्यर्थ समय गवांते है। 🌺 (स्कं.५/१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (६९५) 🌺

🌺 भरतखंड में प्रजा के वर्णाश्रम धर्म मे भगवद-सेवा स्वाभावीक रूपसे अंगरूप होती है, इसलिए देवता भी कृष्णसेवोपयोगी धर्मलाभ के लिये भारतमे जन्म लेनेकी अभिलाषा रखते है। स्वर्गमें भोग है, भक्तियोग नहीं है। 🌺 (स्कं.५/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (६९६) 🌺

🌺 भगवद् दत्त सानुकूलता का सदुपयोग न करके प्रमाद व प्रकृति-परायण प्राणी प्रमोद में प्रवृत्त होकर भान खो देता है, कर्तव्य और अकर्तव्य के विवेक की मर्यादा का उल्लंघन करता है, तब पापरुप कर्मकी पीड़ा उसे भुगतनी पड़ती है।विभिन्न कुकर्म के कारण उसे कर्मफल रूप भिन्न भिन्न नरक की यातना सहनी पड़ती है। 🌺 (स्कं.५/२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (६९७) 🌺

🌺 भागवत में वर्णित भूगोल और विविध परिमाण अर्वाचीन भूगोल व नापो से सुसंगत न भी हो, कयोंकि ये कथाएं विभिन्न कल्पो की है। यहां हेतु भगवान का माहात्म्य समझनेका है, जिससे प्रभुमें प्रीति होय। करोडो ब्रह्मांड जिनके प्रत्येक रोममें समाहित हो, उनका माहात्म्य कितना ! 🌺 (स्कं.५/२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸
("पंचम स्कंध समाप्त")

🌺 भागवत - चिंतन (६९८) 🌺

🌺 भगवान और भगवान का अनुग्रह अलौकिक है। सर्ग-विसर्ग के बाद भगवान अपने भक्तो को स्थान दे कर मर्यादा स्थापन करके अलौकिक विजय प्राप्त करते है। वह भगवान भक्तो की अलौकिक प्रकारसे रक्षा भी करतें है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸
(वह 'स्थान लीला' पाँचवे स्कन्ध में थी) 🌺

🌺 भागवत -चिंतन (६९९) 🌺

🌺 प्रत्येक युगमें विश्वसर्जन करके भगवान वेद का द्वेष करनेवालों का नाश करनेकी चेष्टारूप 'रक्षा'करते है, उसीको "पुष्टि" अथवा "अनुग्रह" कहते है। प्रभु अपने सामर्थ्य से द्वेषियो के दोष के मूल कारणरूप काल, कर्म, स्वभाव को दूर कर उन्हें मुक्ति प्रदान करते है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७००) 🌺

🌺 प्रभु सर्वसमर्थ है, जो उनका 'वीर्य' गुण है। अतः वे योग्य-अयोग्य, हीन-उत्तम, धनी-निर्धन, इत्यादिके भेदभाव बिना, किसीको भी अपने सामार्थ्यसे कृतार्थ करते है, जिसमें जीव को कुछ करनेकी आवश्यकता नहीं होती। इसीको 'कृपा - अनुग्रह - पुष्टि' कहते है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (७०१) 🌺

🌺 नामस्मरण, स्वरूपध्यान और स्वरूपके अर्चन से भगवान का सामर्थ्य क्रिया / अनुग्रह रूपसे अनुभव में आता है, जिसका निरुपण षष्ठ स्कन्ध की 'पोषण लीला' में किया गया है। बिना अधिकार भी कृष्ण कृपा से अधिकार व फल प्राप्ति दोनों हो सकती है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७०२) 🌺

🌺 अपनी समज की योग्यता जाननी जरुरी होती है। शास्त्र और संत की संमति बिना, अपनी समज कितनी भी अच्छी हो, वह सच्ची, और सही हो, यह जरुरी नहीं। अपनी समज में संतो की संमती लेना 'सन्मति' की निशानी है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७०३) 🌺

🌺 भगवान कर्म के अनुसार सभीको फल प्रदान करतें है, यह सामान्य मर्यादा है। लेकिन सर्व समर्थ प्रभु स्वतन्त्र रूप से भी फल दे शकते है, जिसमे काल, कर्म, स्वभाव की बाधा नहीं होती। ऐसा स्वतन्त्र फलदान प्रभु अपनी कृपा के कारण करतें है। स्वतंत्रतया भगवान अपनी इच्छानुसार रक्षण करतें है, पोषण करतें है, अनुग्रह करतें है। 🌺 (स्कं. ६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७०४) 🌺

🌺 भगवान जीवात्मा का सब तरह से, भीतर-बाहर पोषण करके उसके सर्व दोष दूर करते है, अपने योग्य बनाते है, उसको आलोक व परलोक दोनों में कृतार्थ करते है। उसके काल-कर्म स्वभाव से उत्पन्न होनेवाले प्रतिबंधो को भी दूर करते हैं। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७०५-७०६) 🌺

🌺 अजामिल में प्रभुके दास होने की योग्यता होते हूवे उसका अहंकार दूर करने हेतु प्रभूने उसे स्वभाव दोष से दुष्ट होने दिया। स्वभावसे दुष्ट जीव अपने अहंकार में चूर होते है तब भगवान उसकी सान ठीक करने हेतु उसे दुष्ट होने देते है, फिर उसपे कृपा करके कृतार्थं करते है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७०७) 🌺

🌺 भगवान अपने 'नाम' और 'रूप' से कृपा द्वारा जीव को कृतार्थं करते है। प्रभुके नाम का सेवन तीन प्रकारसे किया जाता है - श्रवण, कीर्तन, स्मरण। उनके रुप का सेवन ध्यान और अर्चन से किया जाता है। ध्यान में प्रभुके गुणो का अनुसंधान भी होता है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७०८) 🌺

🌺 कर्मरुप प्रायश्चित भगवन्नाम में जिनका विश्वास नहीं होता हो ऐसे अज्ञानी करते है। देह व आत्मा भिन्न होनेका ज्ञान से पाप दूर होते है लाकिन जैसे अग्नि बांस को जलाने के बावजूद उसके मूल जमींन में रहनेसे सानुकूल वातावरण में फिरसे उगते है, वैसेही ज्ञानसे वासना दूर होने परभी आसक्ति व वासना बाकी रह जाने से पाप का संपूर्ण क्षयं नहीं होता। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (७०९) 🌺

🌺 भगवान की अल्प भक्ति भी पावन करनेवाली होती है। भगवान अपने भक्तों के सभी पाप दूर करते है, फिरभी यदि भक्तमे अपनी उत्तमताका अभिमान हो तो मद के कारण उसकी पाप करनेकी संभावना रहति है। लेकिन भगवान

अपनी कृपा के कारण उनका उद्धार करतें है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७१०) 🌺

🌺 सूर्य, अग्नि, आकाश, वायु, गाय, चंद्र, रात दिवस, दिशा,काल, धर्म, और आत्मा मानवीके प्रत्येक कार्य में साक्षी होते है। इनसे मनुष्य कुछ भी गुप्त नहीं रख सकता। बिना कर्म किये कोई रह नहीं सकता, और किये हुए कर्मो के फल सभी को भुगतने ही पड़ते है। दुष्ट कर्मो के फल दंड के रूप में भुगतने होते है। 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७११) 🌺

🌺 इस कराल कलियुग में विषयरत सामान्य संसारी लोग जानबूझकर आँख द्वारा कितने अनर्थ अपने अंतःकरण में उतारतें है ! तदर्थ सदवृत्ति नहीं आ सकती। आँखके असंयम के कारण सभी प्रकार के विकार युक्त अंतःकरण होता है, अतः संयम, संस्कार, साधुता, सदाचार, और भगवद सन्मुखता नहीं रह पाते । 🌺 (स्कं.६/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७१२) 🌺

🌺 प्रभुके नाम का माहात्म्य ऐसा है की जैसे शासक प्रजा के पिता सामान होते है, जो न्यायनिष्ठ होता है, निरापराधिको सजा नहीं करता, और अपराधिको छटकने नहीं देता। पक्षपात नहीं करता। अतः विष्णुदूत अजामिल को लेने आये, क्योंकि उसने अंतिम क्षण में 'नारायण' नाम पुकारा था। 🌺 (स्कं.६/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७१३) 🌺

🌺 संकेत रूपसे, परिहासमेँ, बिना कारण अथवा अवज्ञा से भी लिया गया भगवन्नाम सभी पाप को संपूर्णतः, उसके मूलरूप आसक्ति व वासना सह दूर करने में सक्षम है। 🌺 (स्कं.६/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 (इसका यह तात्पर्य नहीं की सभानता पूर्वक पाप करके उसको मिटाने का उपाय भगवन्नाम है) 🌺

🌺भागवत - चिंतन (७१४) 🌺

🌺 भगवद नाम वेद रूप है। भगवन्नाम लेनेवाले में अभिमान नहीं होना चाहिए। कुल, ऐश्वर्य, विद्या, और धन से अभिमान होता है, तब भगवन्नाम लेने से कोई लाभ नहीं होता है। 🌺 (स्कं.६/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७१५) 🌺

🌺 धर्म प्रभु प्रणित है। ब्रहमाजी, नारदजी,महादेवजी, सनतकुमार, कपिलदेव, मनु, प्रल्हादजी, जनक राजा, भीष्मपिता, बलिराजा, शुकदेवजी, और यमराजा, ये बारह अधिकारी के रुपमें भगवद धर्म के ज्ञाता है, अनुग्रह रूप भगवद्धर्म के नहीं। वे भगवद आज्ञानुसार कार्य करतें है। 🌺 (स्कं.६/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७१६) 🌺

🌺 भगवान उनके स्वरूपका ध्यान करने वालो पर भी कृपा करतें है। भगवान और भगवानकी कृपा समर्थ और स्वतन्त्र है। भगवान की कृपा प्राप्त कर देवताए भी कृतार्थ होते है। भगवान् ने 'दक्ष' के पर तपः से, उनके पुत्र हर्यश्चो

पर ज्ञानसे और उनकी पुत्रियां पर जगतके उद्धार हेतु कृपा की थी। 🌺 (स्कं.६/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७१७) 🌺

🌺 संत-समागम, सत्संग द्वारा सही समज प्राप्त होनेसे हम अनर्थ से बच सकते है। क्रोध ऐसी अग्नि रूप है जो स्नेह, शान्ति और विवेक को जला कर राख कर देता है, और सम्मोह से उत्तरोत्तर बुद्धिनाश तक लेजाकर अंतमें सर्वनाश करता है। 🌺 (स्कं.६/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७१८) 🌺

🌺 विषय की विषमयता बिना अनुभव समझमें नहीं आती है। दोषो के अनुभव से वैराग्य स्वयं उत्पन्न होता है, लेकिन अन्य के उपदेश से होनेवाला वैराग्य उबाल सामान होता है जो कुछ समय मे चला जाता है। क्षणिक आवेश में किया गया त्याग मुसीबत बढ़ाता है, जबकि अनुभव व अनुग्रह के कारण यदि त्याग करे तो फलदायी होता है। 🌺 (स्कं.६/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७१९) 🌺

🌺 नारदजी ज्ञानी-भक्त है, उन्होंने अपने जीवनमें साधुसेवा, सत्संग, त्याग, तपः, भजन और भागवद-गुणानुवाद किया है। उन्हें विषयके विषका अनुभव, आत्मज्ञान व भगवद अनुग्रह प्राप्त हुआ है। स्वयं के आचारसे उनके उपदेश का प्रभाव होता है। तदर्थ वे सभीको संसारके कलहसे अलग कर प्रभुपथ पर प्रेरित करतें है। 🌺 (स्कं.६/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७२०) 🌺

🌺 शिष्य-वत्सल गुरु और आग्यांकित शिष्य के समागम से सदविद्या की सफलता सिद्ध होती है, सरस्वती रसवती होती है, सदुपदेश का स्रोत श्रवित होता है। लेकिन सत्ता और संपत्ति से स्निग्धाता का शोषण होता है, और प्रमाद को पोषण मिलता है। 🌺 (स्कं.६/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७२१) 🌺

🌺 सच्चे मार्गदर्शक-गुरु बिना जीवन नौका भावसागरमें सलामत नहीं रह सकती है। इन्द्रियो के विषय और अंतःकरण की वासनाका विष जीवनको विषमय बना देता है। संपत्ति, सत्ता, और संसारके सहचारमें जीनेके लिए, तथा शान्ति और सन्मार्ग के लिये सद्गुरु की आवश्यकता होती है। 🌺 (स्कं.६/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (७२२) 🌺

🌺 जिसमें विचार, आचार और उपदेश की त्रिवेणी हो, उसे 'आचार्य' कहते है। वह 'वेदमूर्ति' अर्थात जीवन्त वेद रूप है। पिता 'प्रजापति' का स्वरूप है; भाई 'वायु स्वरूप'; माता में क्षमा,सहनशीलता और स्नेह की त्रिवेणी होती है ; ब्हिन दया का रूप होती है, और अतिथि 'अग्नि रूप' होता है। 🌺 (स्कं.६/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (७२३) 🌺

🌺 कश्यप मुनि और अदिति के पुत्र त्वष्टा तथा दैत्य पुत्री रचना से हूवे पुत्र 'विश्वरूप' जिनको देवताओं के गुरु बनाए

गए थे, उनके तीन मस्तक थे जो देव, मानव और दानव के प्रतिकात्मक थे, और प्रसंग अनुसार प्रकट होते थे। भोग-परायण देव रूप, दया परायण मानव रूप और क्रूरता आचरते तब दानव रूप होते थे। 🌺 (स्कं.६/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७२४) 🌺

🌺 पूर्णकाम प्रभुके अलावा अन्य किसीके द्वारा उद्धार की अपेक्षा रखना बालिशता है, जैसे कुत्ते की पूंछ पकड़कर सागर लांघने की इच्छा करना ! अतः वत्रासुरसे बचानेके लिये देवताए शरण्य भगवान के शरण में गये थे। 🌺 (स्कं.६/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७२५) 🌺

🌺 भगवान सर्वमत के अनुकूल होते है, कोई भी मत भगवानका पूर्णतः निरुपण नहीं कर सकता, कोई कल्पित वाद प्रभुका वर्णन नहीं कर सकता, अतः भगवान ही सभी वादों के अनुकूल होते है" (श्री म.प्र. - सर्ववादानावसरं नाना वादानुरोधितत -नि.शा.प्र). 🌺 (स्कं.६/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७२६) 🌺

🌺 मायामोहित बुद्धिवाले को सभी मायामय दिखता है। रस्सीमे सांप का आभास होता है। ये समग्र विश्व ब्रह्मरुप है, सर्व पदार्थ भगवानका ही रूप होनेसे सत्य होते हुए भगवान नहीं दिखते, वस्तुए दिखती है। यह अपना भ्रम है। ब्रह्मज्ञान अथवा भक्तिसे अंतःकरण होनेपर सर्वत्र बिराजते प्रभु अनुभवमें आते है। 🌺 (स्कं.६/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७२७) 🌺

🌺 विद्या, व्रत और तपः अथवा सेवादि धर्मो मात्र बाह्य क्रिया रूप नहीं रहनी चाहिए, वे आत्मसात होनी चाहिए, अपने जीवनक्रम मैं ओतप्रोत हो जानी चाहिए। ज्ञान मात्र दधीचि ऋषी के मस्तिष्क में ही नही रहा, बल्कि उसके रोम रोम में व्याप्त हो गया था। अतः उनके अस्थिके वज्रसे वृत्रासुर का वध करनेका उपाय भगवान ने बताया। 🌺 (स्कं.६/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७२८) 🌺

🌺 "प्रभु प्रसन्न हो", यही एक मात्र जीवन-ध्येय विप्र और वैष्णव का होता है। अपना सर्वस्व प्रभुकी प्रसन्नता के लिये समर्पण कर देने की तत्परता होनी चाहिए। इसीलिए मुनि दधिचने अपना देह व स्वान्तःसे प्रभुकी शरणागति स्वीकारके आपना शरीर का प्रसन्नतापूर्वक दान दे दिया। 🌺 (स्कं.९/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७२९) 🌺

🌺 जहां प्रभु हो वहां विजय, श्री और गुण अवश्य होते है। भगवान के भक्त निष्फलता से निराश नहीं होते, दुःखसे डरते व डिगते नहीं। वे प्रतिकूलता का भी स्वागत करके प्रभुका आदर करते है। अतः वृत्रासुर पूर्णतः आश्वस्त है ।।
🌺 (स्कं.६/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७३०) 🌺

🌺 भक्तको मरनेकी नहीं, भगवानके मिलन की आतुरता रहती है। जो प्रभुपरायण होते है, उन्हें जीवनमें जगदीश की झाँखी होती है और मृत्युमे माधव का मधुर मिलन लगता है। अतः वृत्रासुर को मृत्युमें भी प्रभुका मधुर मिलन दिखलाई दिया। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (७३१) 🌺

🌺 भगवान भक्त के हित में उसे वैभव नहीं देते, उसके "धर्म, अर्थ, काम पुरुषार्थोको प्रभु विफल कर देते है, वह भक्त के लीये 'प्रसाद' रूप है। युद्ध करनेवाला वृत्रासुर वैरी, असुर, विकराल होते हुए भी गुण-ग्राहक है। मृत्यु की अपेक्षा मे भी उसके हृदयमें निर्मल भक्ति है, प्रभु मिलन की आतुरता है। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७३२) 🌺

🌺 भगवद आज्ञानुसार वृत्रासुरने बंधनरूप विलासमय देह त्यागकर, भगवदगति प्राप्त करने हेतु प्रभुके पादपद्ममें मन लगाया था। उसको विजय अथवा वैभव का मोह नहीं था, जिसमे सांसारिक लोग शान्ति और सुख ढूंढते है। प्रभु यदि पराजय देवें तो उसमें भी उनकी कृपा ही होती है। भगवान सदा भक्त का हित ही करतें है। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७३३) 🌺

🌺 सन्मति न हो तो संपत्ति विपत्ति लाती है, प्रपत्ति (शरणागति) को शिथिल बनाती है, प्रभुसे विमुख बनाती है, स्नेह-संप-शान्ति का शोषण करती है, क्योंकि उसमें ये सात दोष है - द्वेष, उद्वेग, आधि, मद, कलह, व्यसन और व्यर्थ प्रयास। भगवान अनन्य स्वजन (भक्त) को सन्मुख रखने हेतु उसे संपत्ति देते नहीं। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (७३४) 🌺

🌺 कृपा पारायण प्रभु अनन्य भक्तो को अभय प्रदान करतें है, अतः वे उनके 'पति' है। भगवान उनके तीन पूरुषार्थ - धर्म, अर्थ, काम, के प्रयासको नष्ठ कर देते है, क्योंकि प्रयास सफल होनेसे जीव को आसक्ति, पुनर्जन्म-मरण और संसारचक्र का भय उत्पन्न होता है। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७३५) 🌺

🌺 सामान्य मनुष्यके प्रयत्न काल, कर्म व स्वभाव ईत्यादि से निष्फल होने से उसमें निराशा और निष्क्रियता आती है, लेकिन प्रभुकृपा के कारण प्राप्त निष्फलता उसे भगवद शरणागति के लिये प्रेरित करती है,और उसमें भगवानके चरण के शरणमें जानेकि वृत्ति और प्रवृत्ति होती है। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७३६) 🌺

🌺 भक्त के धर्म-अर्थ-काम पूरुषार्थ के प्रयास प्रभु सफल नहीं होने देते, मोक्ष की उसे कामना नही होती। भगवान द्वारा ब्रहमाजीको कहेगये "चतुःश्लोकी भागवत" (स्कं.२) में 'भक्तिबीज' है, "वृत्रासुर चतुःश्लोकी" जिसमें

भक्तिमार्गीय पुरुषार्थ बताये है, वह 'भक्तिफल' है। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७३७-७३८) 🌺

🌺 भक्तोंके सर्व दुःख हर लेवे और सुख देवे, वह 'हरि'। मोक्षमे 'स्वामिसुख' का अनुभव नहीं होता, दास्य में वह सुख मिलता है। वृत्रासुर का असुरदेह होनेसे, उसका शरीर सेवा के अनुकूल नहीं, अतः उसने सेवोपयोगी देह प्राप्ति होने पर 'दासानुदास' होनेकी कामना की थी। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७३९) 🌺

🌺 स्मरण, कीर्तन और सेवा से सभी अपेक्षाए समाप्त हो जाती है। अंतःकरण में सिवाय भगवद संबंध और कोई इच्छा रहती नहीं है। भगवद गुणो के हृदयस्पर्श से विपुल वैभवमें भी वैराग्य होता है। स्वर्ग, भूमि, और रसातल के वैभव लौकिक है। मोक्ष, ब्रह्मपद व योगसिद्धि वैदिक वैभव है। भक्त इनको नहीं चाहता, उसे तो मात्र भगवान ही 🌺चाहिए। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७४०) 🌺

🌺 प्रभुके दर्शनसे पोषण-रक्षण मिलता है, लेकिन दर्शन दृष्टि से नहीं, मनसे होता है-"मनोदिदृक्षते"।दृष्टि सृष्टीको देखती है, सर्जनहार को नहीं। आँख संपूर्ण दर्शन करनेके लिये सक्षम नहीं है। भगवदानुभव सर्व इन्द्रियो द्वारा ही होता है, अतः सर्वेंद्रियप्रेरक मन ही दर्शन की इच्छा रखता है। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७४१) 🌺

🌺 "मैं और मेरा", ऐसा भाव, संसार में आसक्ति और अन्य का संग 'बंधन कर्ता' होता है। जब आसक्ति न रहे, हेतुपूर्वक संग न होय, तब स्वरूप श्थिति होती है, वह 'मुक्ति' है। भक्तिमार्गमें तो भक्तो का हेतुपूर्वक संग ही 'मुक्ति' है। जब भगवान परोक्ष हो, वह "मर्यादा-पुष्टि मोक्ष" है, और भगवान की प्रत्यक्षतामें "पुष्टि-पुष्टि मोक्ष" है। 🌺 (स्कं. ६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७४२) 🌺

🌺 प्रभुकी लीलोपयोगिनी माया से निर्मित "सबकुछ प्रभुका है, व भगवद सेवा में उपयोगी है" ऐसी समज से जीव भगवदासक्ति युक्त और उसको भगवदीयो में सख्यभाव व स्नेह उत्पान्न होता है। 🌺 (स्कं.६/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिन्तन (७४३) 🌺

🌺 वृत्रासुर की उत्पत्ति कर्म रूप यज्ञमें से हुई थी और नाश ज्ञान रूप वज्र से हुआ था। कर्म और ज्ञान दोनों वैदिक है। जबकि वृत्रासुरके हृदयमें भक्ति थी, जैसे आम के छिलके व गुठली का त्याग कर, भीतरसे रस प्रकट होता है। जब विषय- विलास छूटता है , तब भक्ति प्रकट होती है। 🌺 (६/१२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७४४) 🌺

🌺 भगवान के प्रति हृदय में शुद्ध स्नेह होने के कारण व प्रभु की कृपासे शारीरिक शिथिलता, परिस्थितीकी

प्रतिकुलतामें और अंत समयमें भी प्रभु याद आते है, और बुद्धि स्थिर रहती है। 🌺 (स्कं.६/१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७४५) 🌺

🌺 जीव भगवदंश होनेसे नित्य है, लेकिन शरीर का संबंध नित्य नहीं है, अनित्य है। कर्म के कारण अनेक प्रकारके जन्म प्राप्त होते है, जिससे जीवात्मा को भव में भटकना पड़ता है। कर्मानुसार सम्बन्ध होते है, जिससे ममत्व होता है, जो जहाँ तक संबंध रहे,रहता है। 🌺 (स्कं.६/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७४६) 🌺

🌺 अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, और अपरिग्रह, ये 'यम' है, जो जाति, देश, काल, प्रतिज्ञा ईत्यादि सर्व विषयमें अखंडित रहे,उसे 'महाव्रत' कहते है। व्रतमें नियम के साथ अपवाद भी होते है बिना अपवाद नियमका पालन, सभी स्थितिमें दृढ़तापूर्वक व्रत में न डिगना, वह 'महाव्रत'। 🌺 (स्कं.६/१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७४७) 🌺

🌺 मानव और देव पर प्रभु कृपा करतें है, ऐसे दैत्यो पर भी कृपा करतें है, वह भगवान का औदार्य है। (अ.१७-१८ में भगवान के उदार चरित्र का वर्णन है) देव - दैत्य विरुद्ध स्वभाववाले है। भगवान विरुद्धधर्माश्रयी होनेसे सर्वसमर्थ है, अतः सर्वके पर कृपा करतें है। 🌺 (स्कं.६/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 (आवश्यकता है - हमें भक्ति द्वारा उसे reciprocate करने की, तभी कृपा का अनुभव हो सकता है)

🌺 भागवत -चिंतन (७४८) 🌺

🌺 कृपा करना भगवान का धर्म है। भगवान अपनी इच्छा से कृपा करतें है, क्योंकि भगवान और भगवानकी इच्छा स्वतन्त्र है। उनकी सामान्य कृपा सभी को उपलब्ध है, अतः जिनके लिये पोषण, रक्षण, शरीर, समज और शक्ति भगवान ने सभीको दिए है। 🌺 (स्कं. ७/१) 🌺 (🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७४९) 🌺

🌺 जीवनमें आते सुख-दुःख अपने कर्मो के परिणाम होते है ऐसे समझकर बिना विचलित हुए उसे भुगतना चाहिए। सुखमे उच्छलित नहीं होना चाहिए, दुःख में गभराना नहीं चाहिए। इसके लीये ह्रदय, वाणी और शरीरसे भगवान की शरणागति करनी चाहिए। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५०) 🌺

🌺 सृष्टिके आरंभ से ही भगवान जीवात्मा को जो फल देना चाहते है, तदनुसार उसे सूक्ष्मदेह में प्रवेश करातें है। इसके कारण जीव देह को अपना समझकर स्थूलदेह में प्रवेश करता है। जड़ शरीर के साथ चैतन्य जीव का संबंध करानेवाली यह मध्यम वासना है।🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५१) 🌺

🌺 सप्तम स्कन्ध में 'ऊति लीला' जो 'कर्मवासना' भगवान ने रची है, उसका वर्णन है। वासना से कर्म होता है, कर्मसे

वासना होती है। सूक्ष्मवासना भगवद विचार रूप है । शरीर मै रहती मध्यमवासना जीव को देहसंबंध कराती है, और मनमे स्थित कर्मवासनानुसार वह कर्म करता है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५२) 🌺

🌺 वासना तीन प्रकारकी होती है - 'सद्वासना' से सत्कर्म होता है, 'असत्वासना' से असत्कार्य होता है, और 'मिश्र वासनासे फलाभिलाष, धर्म आदि होता है। शरीर, समय, सामर्थ्य, संपत्ति, स्वजन वगेरेका सदुपयोग सर्वके सुखके लिये 'सद्वासना' से होता है, अन्यको पीड़ा पहचानेमें दुरुपयोग 'असद्वासना' से होता है, व स्वार्थ अथवा स्वजनके लिये उपयोग 'मिश्र वासनासे होता है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५३) 🌺

🌺 संबंध, संग और स्वेच्छासे मनुष्य खुद को समाजमें स्थापित करता है। सामान्यतः सभी प्रतिष्ठा व धन प्राप्तिके लिये प्रयत्नशील होते है, जिसके लिये विभिन्न व्यवसाय में वे प्रवृत्त होते है। फल प्रारब्धानुसार मिलता है, लेकिन सभीके मनमें किसी ख़ास मार्गपे जानेकी प्रबल इच्छा - वासना होती है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५४) 🌺

🌺 अनेक जन्मोके संस्कार बुद्धिमें सूक्ष्म बीज रूपसे रहते है। अपूर्ण, दबी हुई इच्छाए मनमें बीज रूपसे रहती है, वह वासना है, जो अनुकूल संयोग होने पर पुनः अंकुरित होती है, जिससे मनुष्य तद् वासनानुसार कर्म करनेके लिये प्रेरित होता है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५५) 🌺

🌺 महापुरुषोंकी अवज्ञासे, उनके कोप के कारण 'असद्वासना' होती है जिससे मनुष्यका अधःपतन होता है। महापुरुषोकी कृपासे 'सद्वासना' प्राप्त होती है जिससे व्यक्ति का ऊर्ध्वगमन होता है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५६) 🌺

🌺 प्रभुके लिये सभी सामान है, किसीको सुख प्राप्त हो, उसमें प्रभुका पक्षपात नहीं होता, न दुःख पाने वाले पर क्रूरता होती है। 'असद्वासना' के कारण अग्निसे आग लगाई जा सकती है, 'मिश्रवासना होतो उसका रसोई बनानेके लिए उपयोग होता है और 'सद्वासना' हो तब अग्नि से यज्ञ किया जा सकता है। अर्थात भगवान तो कृपापूर्ण है, फल 'वासना' अनुसार मिलता है। 🌺 (स्कं.१/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५७) 🌺

🌺 मनुष्यमें असद्वासनायें सदाचरण से दूर हो सकती है। महापुरुषोंकी कृपासे भी दुष्ट वासनाये निवृत्त होती है, जिसके लिये उपाय है - 'सदाचार' और 'वर्णाश्रम धर्म', जो मानुष्यको अनर्थ रुप 'असद्वासना' व असत्कार्य से रोकते है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५८) 🌺

🌺 मनुष्यके दोष दूर करनेके लिए बाह्य एवम आंतर धर्म - वर्णाश्रम धर्म और भगवदभजन बताये गए है, जिससे असद्‌वासनायें और काम, क्रोध, लोभ आदि दूर होते है, व प्रभुमें प्रीति होती है। इसीसे परित्याग स्वाभाविक होता है। भगवद स्पृहा अन्य सभी स्पृहाओं को दूर कर देती है। 🌺 (स्कं. ७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७५९) 🌺

🌺 भगवान सभीके लीये सामान है, प्रिय है, आनंद रूप है, हितकारक है।समनाता, प्रियत्व, हितकर्तुत्व, के कारण कोई भी सन्मान्निय होता है। स्वार्थके कारण समानता नहीं रहती, दोषदृष्टि से प्रियत्व नहीं टिकता, द्‌वेषबुद्‌धि हो तब हितकारी नहीं होता। भगवान् स्वार्थ, दोषदृष्टि व द्‌वेषबुद्‌धि से पर है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६०) 🌺

🌺 भगवान प्रकृतिके गुणो से पर है, लेकिन अनेक अलौकिक गुण उनमें है। दोष का मूल 'जन्म' है, परंतु भगवान 'अजन्मा' है, अतः वे निदोष है, लेकिन हम समझ नहीं पाते, क्योंकि उनकी चिद्रूपा 'व्यामोहिका' माया हमारी बुद्‌धिमें मोह कराती है, जिससे हमें वे 'प्राकृत लगते है। अपनी 'सर्वभावंसामर्थ्य' रूप माया से भगवान गुणो को अंगीकार करतें है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 (🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६१) 🌺

🌺 निंदा-स्तुति-सत्कार-तिरस्कार देहका होता है, देहमें स्थित आत्मा का नहीं। प्रकृति-पुरूष के अविवेकसे उन्हे लोग अपना समझते है। जो देहको जीवात्मासे भिन्न जानते है, वे इनसे पर होते है। प्रकट प्रभुके साथ जिनका किसीभी प्रकारका संबंध होता है, वे कृतार्थ होते है। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६२) 🌺

🌺 वैकुण्ठ के द्‌वारपाल जय-विजय को पूर्वजन्म की दुष्टवासनाओ के कारण सनतकुमारों के अनादार करनेसे उनक शाप से तीन जन्म दैत्ययोनि प्राप्त हुई। रजोगुण / तमोगुण से उत्पन्न लोभ, काम व क्रोध के कारण हिरण्याक्ष-हिरण्यकश्यपु, रावण-कुम्भकर्ण, और शिशुपाल-दन्तवक्त्र रूपसे क्रमशः जन्म प्राप्त हुए। 🌺 (स्कं.७/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६३) 🌺

🌺 लोभ के दो अंग है - संग्रह और (अयोग्य) उपार्जन। हिरण्याक्ष संग्रह रूप है, जिसके चले जाने से शोक व क्रोध हो येना स्वाभाविक है। संग्रहका दैवयोगसे नाश होता है, अथवा स्वोपभोग होता है,जिससे उत्तम भगवद कार्य में विनियोग है। वराह भगवान यज्ञ रूप है, जिन्होंने हिरण्याक्ष का वध किया। 🌺 (स्कं.७/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६४) 🌺

🌺 लोभ का प्रतिक हिरण्यकश्यपु में ज्ञान होते हुऐ संतोष नहीं था, परिणाम स्वरूप उसने तपः, स्वाध्याय, व्रत, दान आदिको नष्ट करनेका आदेश दिया। ब्राह्मण, वेद, गाय, सत्क्रिया इत्यादि जो धर्म के आधार रुप है, उनका अवरोध करने से आसुरीवृत्ति होती है। 🌺 (स्कं.७/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६५) 🌺

🌺 ज्ञान, तपः, स्तुति और कृपा जीवन में उन्नति प्रदान करतें है। हिरण्यकश्यपु के प्रबल पूरुषार्थ के कारण और ब्रह्माजी के वरदान के परिणाम स्वरुप अतुल बल प्राप्त हुआ, लेकिन असुर होने के कारण अपने भाई के वध का प्रतिशोध लेने उसने भगवद - द्वेष किया। 🌺 (स्कं. ७/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६६) 🌺

🌺 विद्या, धन, शक्ति का यदि सभीके हित में उपयोग हो, तब वह 'यज्ञ रुप' बनते है, लेकिन दुष्टके विलास और विषयभोगमें उपयोग करनेसे वे मात्र वासना की अग्निमें भस्मीभूत होती है। सत्ता, समृद्धि, स्वजन, सामर्थ्य, ज्ञान आदि होते हुए, संत और शास्त्रका साथ न हो तो सब विनाशकारी होता है। 🌺(स्कं.७/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६७) 🌺

🌺 भगवान की वाणी साधुपुरुषमें भय पैदा नहीं करती, बल्कि संसारिओ से उत्पन्न भय को दूर करती है, और असुरों को भयभीत करती है। निर्वैर, प्रशांत, महात्मा प्रह्लादका द्रोह करने वाले, हिरण्यकश्यपु वरदान प्राप्त होते हुऐ, उसका वध करने के वचन भगवान ने कहे, क्योकि भक्त भगवानको प्रिय होते है, अतः उनको त्रास देनेवालो का हनन करनेमें उन्हें सुख मिलता है। 🌺 (स्कं.७/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६८) 🌺

🌺 प्रल्हादजीमे १९ दिव्य गुण थे - महापुरुषोंकी सेवा, ब्रह्मण्यता, शील, सत्यप्रतिज्ञा, जितेन्द्रिय, सर्वमे आत्मभाव, सर्व-हित, नम्रता, करुणा, समभाव, गुरुमें श्रद्धा, विद्यावान, निराभिमान, उद्वेग रहित, निस्पृहता, क्षणिक सुख प्रति उदासीन, इंद्रिय-प्राण-शरीर-बुद्धि में संयम, इच्छा रहित और दुष्टवृत्ति का अभाव"। 🌺 (स्कं.७/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७६९) 🌺

🌺 वैभव, वपु, विद्या, वित्त, विशिष्ठता इत्यादि के अभिमान से मनुष्य को उद्धत बनाता है, जिससे वह अन्य को पीड़ा पहुंचाता है। उसके धर्मादि कार्य भी अन्य को तकलीफ देनेके लिये ही होते है। अतः हिरण्यकश्यपु का भी तपः करने का हेतु सामर्थ्यवान होकर प्रह्लादको यातना देना ही था। 🌺 (स्कं.७/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७७०) 🌺

🌺 अपनी संतति को पोषण और रक्षण देना ही मातापिता का कर्तव्य नहीं होता, उन्हे शिक्षण देना भी आवश्यक होता है। विद्या देनेवाला और लेनेवाला दोनों व्यसन, विलास और विकार मुक्त होने चाहिए, जो विद्या की विशुद्धि और अभिवृद्धि के लिये आवश्यक है। 🌺 (स्कं.७/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७७१) 🌺

🌺 जहां 'असद्ग्रह' अर्थात दुराग्रह, गलत समझ होते हुए, उसे छोड़ना नहीं ऐसी जिद हो, वहां भगवद अनुग्रह नहीं होता, बल्के अशांति, उद्वेग और क्लेश ही होता है, और प्रभुपथ में प्रतिबन्ध होता है। 🌺 (स्कं.७/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र

सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (७७२) 🌺

🌺 संसार-कूप मेंसे बहार निकलनेका आधार है - 'विश्वके मूलरूप भगवान के चरणकमल। भक्तो के लिये प्रभुमें व्यसनदशा होय तब तक अपने गृहमें रहते हुए भी व्यवहार और विलास का त्याग कर प्रभु भजन करना उत्तम है। 🌺 (स्कं.७/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (७७३) 🌺

🌺 प्रह्लादजीने अपना स्वाध्याय समझाया -"नौ प्रकार से प्रभमें प्रीति करना उत्तम अध्ययन है - श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य, आत्मनिवेदन। ये सभी प्रकार न बने तब एक प्रकारकी भक्ति भी कृतार्थ करती है " । विभिन्न भक्तो के चरित्र से यह प्रमाणित है। 🌺 (स्कं.७/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७७४) 🌺

🌺 असंयमित इंद्रियां द्वारा अनेक प्रकारके भोग करनेवाले, गृहमें आसक्तिवाले, व्यवहार और व्यवसाय पारायण, सांसारिक लोगोंको मात्र उपदेश सुनने से व स्वतः प्रभुमें प्रीति होती नहीं । 🌺 (स्कं.७/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७७५) 🌺

🌺 जिन्हें जगतमें भगवान के अलावा अन्य कुछ भी स्वकीय न लगता हो, ऐसे महापुरुष चरणरज अर्थात उनकी प्रसन्नता प्राप्त किये बिना भगवानके चरणोंमें मति स्थिर नहीं होती। जब प्रभुमें प्रीति होती है, तब सभी अनर्थ दूर हो जाते है। 🌺 (स्कं.७/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७७६) 🌺

🌺 १.सभीके प्रति दया, २.भगवद भक्तो की कृपा, ३.प्रभु का प्राकट्य, ४. भगवत्सन्मूखता और ५. शरीर, वाणी और मन से शरणागति, सेवा व भगवद कृपा, ये पांच 'सदवासना के परिणाम है। इन की प्राप्ति से सभी दोष दूर होते है, सुख-संतोष प्राप्त होते है, मनोरथ पूर्ण होते है। 🌺 (स्कं.७/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७७७) 🌺

🌺 अनर्थ को जानते हुए, अधर्मकी पहेचान होते हुए, लोग अटकते नही। प्रभुकी प्रसन्नता प्राप्त करना कठिन समझते है, लेकिन प्रभु सर्वत्र बिराजतें है, सभीके आत्मा है। अतः प्राणिमात्र पर दया करनी चाहिए, असुर भाव का त्याग करना चाहिए, जिससे प्रभु प्रसन्न होते   है। 🌺 (स्कं.७/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७७८) 🌺

🌺 जन्मसे मृत्यु पर्यन्त ६ भाव-विकार होते है - उत्पत्ति, अस्तित्व, वृद्धि, तब्दिली, क्षय, और नाश. ये देह को होता है, जीवात्मा को नहीं. अज्ञानके कारण अहंता-ममता रुप मिथ्या संसार उत्पन्न होता है, जिसमें न फंस के, गुरुसेवा, सर्वसमर्पण, सत्संग, प्रभुसेवा, कथाश्रवण इत्यादि करने से प्रभुमें प्रीति होती है,हम कृतार्थ होते है। 🌺 (स्कं.७/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७७९) 🌺

🌺 मंत्र, आह्वाहन, स्तुति अथवा किसी प्रकारकी विधि बिना अपने भृत्य के वचन सत्य करने, अपनी विश्वव्यापकता व्यक्त करने, और अपने भक्तो का प्रिय करने हेतु, अलौकिक - अद्‌भुत स्वरूप धरके नृसिंह भगवान प्रकट हुए। 🌺 (स्कं.७/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७८०) 🌺

🌺 प्रभुके पास जाते समय मनमें किसी प्रकारकी शंका नहीं होनी चाहिए, बल्की श्रद्‌धा औऱ स्नेह होना जरुरी है। कोई स्थान अथवा मान की अपेक्षा बिना सेवा के सौभाग्य की स्पृहा होनी चाहिए। लक्ष्मीजी नृसिंह भगवान के नजदिक जाने की हिम्मत न जुटा सके, लेकिन भक्त बालक प्रल्हाद निर्भय हो कर उनके समीप गये। 🌺 (स्कं.७/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७८१) 🌺

🌺 धन, कुल, रूप, तपः,विद्‌या, इंद्रिय सामर्थ्य, तेजः, प्रभाव, शरीर सामर्थ्य, पूरुषार्थ, बुद्‌धि और योग से 'पुरूष' प्रसन्न होते है, लेकिन 'परम पुरुष प्रभु' तो 'प्रेम' से ही प्रसन्न होते है। उन बाह्य उत्तम बाबतो से लोग प्रभावित होते है, प्रभु तो आतंरिक गुण व सच्चे स्नेहसे ही संतुष्ट होते है। 🌺 (स्कं.७/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (७८२) 🌺

🌺 शम, दम, तपः, पवित्रता, क्षान्ति, सरलता, वैराग्य, ज्ञान, विज्ञान, संतोष, सत्य और आस्तिकता ये बारह गुण होने पर भी विप्र भक्तिसे - भगवद गुणानुवाद से ही पावन होता है, भगवान के प्रति आदरसे ही वह भद्र बनता है। 🌺 (स्कं.७/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७८३) 🌺

🌺 जीव जन्म-मृत्यु के सर्पकूप में गिरा हुआ है, मैं व मेरा और विषयका विषके कारण होती वेदना में से बाहर आने की वह कोशिष करता है, लेकिन संसारियोके संग और प्रसंग की वजहसे बारबार संसार-सर्पकुप में गिरता रहता है। भगवान और उनके भक्तो की आत्मीयतासे ही उसका उद्‌धार होता है । 🌺 (स्कं.७/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (७८४) 🌺

🌺 पाप-परायणता, असाधुता, तीक्ष्णता, लालच, आछकलायी, निराशा, भय, व लौकिक इच्छाए, इन आठ प्रकारके दोषोके कारण मन कथामें रूचि नहीं रखता, कथा में रस नहीं आता, उसका रंग नहीं लगता। बिना महापुरुषो की कृपा मनुष्य कृतार्थ नहीं होता, और जीवन का भार व्यर्थ ढोता है। 🌺 (स्कं.७/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७८५) 🌺

🌺 मौन, व्रत, विद्‌या, तपः, अध्ययन, स्वधर्म, व्याख्यान, एकांतसेवन, जप, समाधि इत्यादि जितेन्द्रिय मनुष्यो के लिए मोक्ष के साधन है। लेकिन, जो लोक-लोलुप, अजितेंद्रिय और दंभी होते है, उनके लिए ये सब केवल आजीविका के साधन है। जब उनका दंभ ख़ूल्ला हो जाता है, तब इनका कोई अस्तित्व नहीं रहता। धर्म को 'धंधा' बनाने से धन

प्राप्ति तो हो सकती है, परंतु 'अधर्म' ही बढ़ता है। 🌺 (स्कं.७/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७८६) 🌺

🌺 १.नमन -शरणागति, २. स्तुति - भगवद गुणगान, ३. कर्मपूजा - सत्कर्म, कर्मफल का प्रभुको समर्पण, ४.कर्म - प्रभु प्रीत्यर्थ कर्म - सेवा, ५.चारणस्मृति - अन्य विस्मृति पूर्वक प्रभु स्मृति, ६. कथा श्रवण - समज सहित भगवद-लीला का श्रवण, इन छः प्रकारसे प्रभुमें प्रीति होती है। 🌺 (स्कं.७/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७८७) 🌺

🌺 'अपेक्षा' और 'उपेक्षा', ये दोनों स्नेह में प्रतिबंधक है। स्नेह की रक्षा इन दोनोंको दूर रखनेसे की जा सकती है। सेवा अथवा स्नेह के बदले में यदि कोई कामना रखें, तो वह सेवक या स्नेही नहीं हो सकता, उसे व्यापारी कहते है, जिसमें नफ़ा-नुकसान की दृष्टी हमेशां होती है। 🌺 (स्कं.७/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७८८) 🌺

🌺 सेवक और स्नेही की नजर में मात्र स्वधर्म, सर्व समर्पण, स्वामी-स्वजन का सुख ही होता है। स्वामी वह नहीं होता जो सेवक से सेवा की अपेक्षा रखे और वह जो चाहे, उसको देवे। लौकिक स्वामी-सेवकमें परस्पर स्वार्थ होता है, लेकिन अलौकिक में आदर - स्नेह और समर्पण होता है। 🌺 (स्कं.७/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७८९) 🌺

🌺 अतः प्रल्हादजी ने प्रभु से विनती की -"मेरे हृदयमें किसी प्रकार की कामना अथवा इच्छा न उद्‌भवे, ऐसा वर दीजिये"। जब मनमें मांगने की इच्छा होती है तब इंद्रिय, मन, प्राण, देह, आत्मा चंचल होते है ; धर्म, धैर्य व बुद्‌धि असुरक्षित होती है ; लज्जा, लक्ष्मी, तेज, स्मृति, और सत्य विदाई लेते है। केवल भगवद-कृपासे ही निष्काम हो सकते है। 🌺 (स्कं.७/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागगत - चिंतन (७९०) 🌺

🌺 वेदसंमत-कर्म से दुष्टवासना दूर होती है । निषिद्‌ध कर्म से सद्‌वासना का नाश होता है। यदि मनमें गलत वासना हो और सत्कार्य किया जाय, तब दोनों प्रकारके फल प्राप्त होते है। भक्ति फलप्रद होते हुए वह प्रायश्चित रूप नहीं की जा सकती। अतः असद्‌वासना के लीये वर्णाश्रम धर्म का प्रावधान किया गया है। 🌺 (स्कं.७/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७९१) 🌺

🌺 केवल सद्‌वासना हो तब भक्ति से ही मनुष्य धन्य हो जाता है, लेकिन असद्‌वासना - क्वचित कर्मसे, क्वचित कर्म - ज्ञान से, और क्वचित कर्म-भक्ति से दूर होती है। 🌺 (स्कं.७/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७९२) 🌺

🌺 धर्म के अंग है - सत्य, दया, तपः, पवित्रता, सहिष्णुता, विवेक, शम, दम अहिंसा, ब्रह्मचर्य, त्याग, स्वाध्याय, सरलता, संतोष, समदृष्टि, भक्तो की सेवा, सुखप्रवृत्ति में से विराम, निष्फल क्रिया का विचार, मौन, प्राणियो का

पोषण, प्राणिमात्र का स्वागत, सभीमें भगवद बुद्धि रखनी - ये सामान्य धर्म है।🌺 (स्कं.७/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (७९३) 🌺

🌺 पति व परिवारकी सेवा स्त्री-धर्म बताया है। संतोष, सत्य और मधुर वाणी, विनय और सहनशीलता सेवा के लिए अनिवार्य गुण है। निपुणता, प्रमाद का अभाव और स्नेह भी आवश्यक माना गया है। स्त्रीको व्यवहार व व्यवसाय को धर्ममय बनाने में प्रेरणा स्रोत होना चाहिए। 🌺 (स्कं.७/११)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७९४) 🌺

🌺 विद्या संपादन, विनययुक्त गुरुसेवा, नियमित नित्यकर्म, नित्य स्वाद्याय, उपयुक्त पोशाक, सात्विक अल्प आहार, मितभाषीता, शुशीलता, जितेन्द्रियता, निर्व्यसन, स्त्रीसंग का त्याग, ये ब्रहमचर्याश्रम के धर्म है। विद्यार्थी जीवन में ये आवश्यक है। 🌺 (स्कं.७/१२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७९५) 🌺

🌺 एक समय सादा भोजन, व्यवहार, व्यवसाय और प्रवृत्ति का त्याग, संयम, प्रभु परायणता, आवश्यकतानुसार जीवन, तीर्थसेवन, एकांतवास, अन्य को उपयोगी हितकारक आदर्श जीवन और अन्तमे त्याग पूर्वक भगवद बुद्धि - ये वानप्रस्थाश्रम के धर्म है।🌺 (स्कं.७/१२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७९६) 🌺

🌺 जीवन पर्यंत सद्धर्म, अनासक्तिपूर्वक त्याग, आत्मज्ञान-संपन्न होकर,प्रभुप्रेमपूर्ण जीवन बिताके अन्तमे सर्वकामना रहित होकर, असंग्रह, एकाकी विचरण, प्रभुपारायणता, निरपेक्षता, सर्वेत्र भ्रमण, सर्वका हित, एकरात्री ग्रामवास, सर्वत्र भगवद दृष्टि, वाद-विवाद त्याग, और निष्पक्षता, ये सन्यस्ताश्रम के धर्म है। 🌺 (स्कं.७/१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७९७) 🌺

🌺 तीनो आश्रम के आधार रूप 'गृहस्थाश्रम' के धर्म, अर्थ व काम का समन्वय के साथ एक मंगलमय जीवन- उद्यान रचने का उद्यम है, जिसमे सेवा, सदाचार, समुत्कर्ष, स्नेह और समर्पण का सुभग सुसंवाद का सर्जन होता है। उसमें स्वाद्याय, तपः, अहंता-ममता त्याग, सत्कर्म के सेवन द्वारा वासना पर विजय पाना आवश्यक है। 🌺 स्कं.७/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७९८) 🌺

🌺 अपनी आमदानीमें से देव, ऋषि, मानव और पितृओ का प्रिय होय ऐसे यज्ञ, सेवा, विद्या, परोपकार, करना चाहिये तथा श्राद्धादीमें श्रद्धा व स्नेह पूर्वक हिस्सा देना चाहिए। कल्याण-कालमें सत्पात्र को दान देना और पुण्यस्थलों का सेवन करना चाहिए। 🌺(स्कं.७/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (७९९) 🌺

🌺 अनुचित तरीकेसे धनप्राप्ति करनी नहीं चाहिये, लेकिन भगवदिच्छासे प्रारब्धानुसार प्राप्त धन से हमेशां धर्मकार्य करने चाहिये। सदा संतोषपूर्ण रहनेसे सर्वेत्र सुख प्राप्ति होती है। चंचल मन को सदा स्थिर करनेका प्रयास करना चाहिये और अधर्म से दूर ही रहना चाहिये। 🌺 (स्कं.७/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८००) 🌺

🌺 'रथ' रूपी देह का सदुपयोग करके प्रभु को प्राप्त करना जीवन का 'लक्ष' होना चाहिए। इंद्रियां 'अश्व', मन 'लगाम', बुद्धि 'सारथी', चित्त 'बैठक', प्राण 'धुरी', धर्माधर्म 'दो पहिये', और अभिमानी जीव 'रथी' है, जो विषयो के मार्ग पर अग्रेसर है। 🌺 (स्कं.७/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८०१) 🌺

🌺 वस्तुभेद, कर्मभेद और स्वभोगवृत्ति दूर करने के लिये 'अद्वैत' का अनुसंधान करना चाहिए। वस्त्र 'कार्यरुप' और 'कारणरूप' तंतु (धागा) भिन्न नही है। तंतुओं को ही विशिष्ट क्रम में रखने से वस्त्र रूप धारण करता है। ऐसी समझ से भेदबुद्धि - मोह दूर होता है। इसे 'भावाद्वैत' कहते है। 🌺 (स्कं.७/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८०२) 🌺

🌺 मन-वाणी-शरीर से सभी कर्म करके उसके फल प्रभु को समर्पित करने को "क्रियाद्वैत" कहते है, जिसके कारण द्वेषादि दूर होते है। 'स्वयंके व पत्नी आदि स्वजनों के देह पंचमहाभूतके बने हुए है, और जीव भगवानका अंश है' - ऐसी समझ से स्वभोगवृत्ति दूर होती है, जिसे "द्रव्याद्वैत" कहते है। 🌺 (स्कं.७/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८०३) 🌺

🌺 भागवत का अष्टम स्कन्ध 'मन्वंतर लीला" है। मन्वंतर सद्धर्म रूप है। सत्पुरुषो में इर्षा का अभाव होनेसे वे निष्कपट होते है, अतः उनका धर्म 'सद्धर्म' कहलाता है, जिससे अंतःकरण की सभी वासनाये दूर हिती है। 🌺 (स्कं.८/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८०४) 🌺

🌺 ब्रह्माजी के एक दिन में १४ मनु होते है जो अलग अलग कालधर्म बताते है। ऐसे स्थान के भी भिन्न धर्म होते है। उन सभी के साररूप मुख्य तीन 'भगवद धर्म' है - १.आपत्ति समय में हरि-स्मरण, २.संपत्ति में दान, और ३. विपत्तिमें 'स्वोक्त निर्वाह' अर्थात वचन परिपालन । 🌺 (स्कं.८/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८०५) 🌺

🌺 संपत्ति यदि स्वयं के काम आवे, उसे 'उपभोग' कहते है, उससे अनेक प्रकार के काम किये जाय तो वह उसका 'उपयोग' है, और जो संपत्ति भगवान के लिये काम आवे, वह 'विनियोग' कहलाता है। धन की तीन गति होती है - दान, भोग व नाश। सन्मति से उसका उपयोग दान देनेमें करनेसे आनंदरूप अमृतपान प्राप्त होता है। 🌺 (स्कं. ८/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन - (८०६) 🌺

🌺 मानवी को अपने साधनो से जीवन में स्वस्थ रहना सरल नहीं होता, अतः वह अन्य की सहाय चाहता है। सर्वसमर्थ श्रीहरि जीव को सर्व स्थितिमें सहायक होते है, जिसके लिये जीव को निस्साधन होकर, आतुरतापूर्वक, श्रीप्रभु की शरणागति स्वीकारना जरुरी है। 🌺 (स्कं.८/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८०८) 🌺

🌺 ईशावास्य उपनिषद् अनुसार यह विश्व में स्थित सर्व 'ईश' के निवासस्थान रूप है। प्रभु सर्वेत्र बिराजतें है, सर्वदृष्टा है। मनुष्यको त्याग पूर्वक भोग करना चाहिए। अन्यके द्रव्यकी अपेक्षा न रखते हुऐ सेवक धर्म निभाना चाहिये। 🌺 (स्कं.८/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (८०९) 🌺

🌺 उत्तम मानव देह शोभासमृद्ध है, जिसमें सात्विक-राजस-तामस ये प्रकृतिके तीन गुणो से वासनाएं और वृत्तिओ का उद्‌भव होता है। वासनायुक्त मानव क्षीरसागर जैसे सत्संग, सेवा, स्मरण इत्यादिमे रत होते हुए भी उसका मन विषयभोगादिमें मग्न रहता है। किसी सदभागीको ही भगवान् याद आते है। 🌺 (स्कं.८/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१०) 🌺

🌺 'शरण' का अर्थ होता है - 'गृह' अथवा 'रक्षक'। शरणागति के लिये 'शरण' के प्रति अनन्यता और दृढ़ता आवश्यक है। रक्षण प्राप्त करने हेतु 'रक्षक' को अनुकूल होना जरुरी है। प्रभुको अनुकूल होनेसे शरणागति दृढ होती है, और भगवानके अलावा अन्य किसी पर आधार न रखना, उसे 'अनन्यता' कहते है। 🌺 (स्कं.८/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८११) 🌺

🌺 भगवान के अनन्य भक्त, बिना किसी प्रकारकी कामना, भगवान के अद्‌भुत चरित्रो का गान करतें हुऐ आनंद-समुद्र में सदा मग्न रहते है। विषय-विषसे मूर्छित इंद्रिययुक्त जीव को जो मार्ग प्राप्त नहीं होता, वह शरणागत-परिपालक भगवान को आदरपूर्वक नमन करने वाले को मिलता है। 🌺 (स्कं.८/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१२) 🌺

🌺 'काल' का विलासात्मक, मादक, सानुकल रुप अथवा विनाशात्मक विकराल प्रतिकूल रुप - संयमी, स्वधर्मरत, भगवदाभिमुख मनुष्यको 'डरा' अथवा 'डगा' सकता नहीं है। जो सानुकूलता एवं प्रतिकूलता में अन्तर्मुख होकर भगवदाभिमुख रहता है, वह नित्य सुख और शान्ति का अनुभव करता है। 🌺 (स्कं. ८/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१३) 🌺

🌺 संपत्ति में दान से दिव्यता की अनुभति होती है। उससे असुरभाव दूर होता है। दान, ज्ञान, ध्यान, स्नान, और कथा-रसपान मोह व मलिनता को दूर करते है, जिसके कारण शान्ति, स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होता है। 🌺 (स्कं.८/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१४) 🌺

🌺 अपना उत्तम पदार्थ प्रभु प्रीत्यर्थे, पुण्यप्राप्ति के लिये, अथवा किसी प्रयोजन-परवश आदरपूर्वक अन्यके आधीन कर देना - उसे 'दान' कहते है। समाज, संस्था, राष्ट्र, परिवार, और व्यक्तिविशेष के उत्कर्ष के लिये यह उत्तम व्यवस्था है।'अभय दान' सबसे उत्तम माना गया है। 🌺 (स्कं.८/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१५) 🌺

🌺 उत्तम सद्धर्म रुप कार्य की सफलता के लिये, कार्य प्रत्ये आदर रखकर, शत्रु के साथ संधि कर लेनी चाहिए।स्वार्थ बुद्धिसे, मात्र लाभांन्वित होनेके लिये, कपट-वृत्ति से की गई संधि पुनः कलह कराती है। अपने बड़प्पन का मद त्याग कर, कार्य के गौरव व सफलता के लिये समाधान करना हितावह होता है। 🌺 (स्कं. ८/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१६) 🌺

🌺 प्रमाद, निष्क्रियता, अत्यन्त विस्मृति व निराशा मृत्यु समान है । अमृत उसे रोकता है। अमृत प्राप्ति का अर्थ है - सभीका हितकारक कार्य, मृत्यु का अभाव, इच्छित कार्य की सिद्धि, अभय लाभ, और प्रभु प्राप्ति। आदर्श के अमल के लिए मनोमंथन व धर्माधर्म चिंतन है - 'अमृत मंथन' । 🌺 (स्कं.८/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१७) 🌺

🌺 मधुर, प्रेमयुक्त, शील संपन्न, प्रभुमय, सात्विक, औदार्यपूर्ण जीवन 'क्षीरसागर' समान है। अमृतोत्पादन के लिये जीवन-शुद्धि आवश्यक है। कटुता, कठोरता, कपट इत्यादि दूषण उसमें नहीं होने चाहिए। शरीर सत्कार्य में साधन होता है, अतः उसकी स्वस्थता, सुदृढ़ता, क्षमता और कार्य की सफलता के लिये जरुरी है। 🌺 (स्कं. ८/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१८) 🌺

🌺 "मंदराचल" नित्य, नियमित, दृढ 'प्रयत्न' का प्रतिक है, जिससे मुश्केली, मुझवण, विरोध, प्रलोभन आदि का प्रतिकार किया जा शके. "वासुकी" व्यवस्था का प्रतिक है, जो प्रयत्न की सफलता के लिए आवश्यक है। प्रज्ञा व प्रयत्न मनुष्यका होता है, प्रेरणा व परिणाम प्रभु देते है।"कूर्म" कार्यदक्षता व क्षमता का प्रतिक है। इन्हीसे कार्य सफल होते है। 🌺 (स्कं.८/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८१९) 🌺

🌺 विपरीत काल, कलेश, कठिनाई, कष्ट आदि से डरे बिना, अडिग रह कर परिस्थिति का सामना करना चाहिये। लोभ-लालसा और किसीका गैरलाभ लेनेकी वृत्ति का त्याग करना चहिये।प्रतिकूल परिस्थिति में भी क्रोध नहीं करना चाहये। अनपेक्षित व अपने ध्येय से विपरीत वस्तुओ को प्राप्त करने की कामना नहीं करनी चाहिये। तभी हि पूर्ण सफलता प्राप्त हती है । 🌺 (स्कं८/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८२०) 🌺

🌺 धर्मानुकूल किसीभी प्रकारसे कोई भी प्राणी को संतोष प्राप्त कराना वह प्रभु भजन है। साधू पुरुष अपने प्राण दे कर भी अन्य - प्राणियो की रक्षा करतें है। 🌺 (स्कं.८ / ७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८२१) 🌺

🌺 लोग लक्ष्मी को ढूंढते है, लेकिन लक्ष्मीजी तो प्रभु परायण होती है। इसलिये जो प्रभु परायण हो उसे ही दैवीद्रव्य प्राप्त होता है, जिसका उपयोग प्रभु सेवा में ही करना होता है। वह आधिदैविक आनंद रूप लक्ष्मी होती है, जो 'महद् ब्रह्म' रूप, अक्षरब्रह्म से उत्तम, हे, जिनका स्वामी पुरुषोत्तम है। 🌺 (स्कं.८/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८२२) 🌺

🌺 प्रभुके वक्षःस्थलमें विराजते लक्ष्मीजी सर्व लोक को पावन करतें है, सर्वसमृद्धि की अभिवृद्धि करतें है। प्रभुकार्य-विश्वहित कार्य में उपयोग से सुख, परितुष्टि, व कल्याण होता है। उसका भोग-विलास में उपयोग करने से व्यक्ति निःसत्व, लोलुप, निरुद्यमी व असंयमी होता है। 🌺 (स्कं.८/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८२३) 🌺

🌺 किसीभी पदार्थ की मोहकता 'मोहिनी' रूप है, जो नेत्रसे अंतःकरण में जा कर आकांक्षा की आग लगाती है। असुरभाव वाले को वह प्रभावित करती है। जो परस्त्री को देख कर अधीर हो जाता है, उसे आदर नहीं देता, और संयम नहीं रख पाता वह असुर है। 🌺 (स्कं.८/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (८२४) 🌺

🌺 मनु, मनुपुत्रादि, देव, इंद्र, ऋषिगण और भगवान के अवतार ये छः प्रत्येक मन्वंतर में होते है। उन्हीसे धर्म सिद्ध होता है। भगवान ही सभी के कार्य करतें है - 'गुरु रूपसे ज्ञान प्रदान, 'ऋषि' रूपसे कर्म व 'योगेश्वर' रूपसे योग प्रकट करना, 'प्रजेश' के रूपसे सर्ग की उत्पत्ति, ये सभी भगवान 'सर्व रूप' से करते है। 🌺 (स्कं.८/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८२५) 🌺

🌺 अपने आत्मा सहित सर्वस्व समर्पित कर देना 'आत्मनिवेदन' है। सबकुछ प्रभुका है, ऐसा अन्तःकरण में अनुभव - चिंतन, वह 'आत्मनिवेदन' है। "मेरा है" ऐसा मानना बंधनकर्ता है, "प्रभु का है", ऐसा समझे, तब दैन्यता आती है। जबतक ममता रहे, चिंता रहती है, आत्मनिवेदन करनेसे चिंता दूर होती है, चित्त प्रसन्न रहता है। 🌺 (स्कं.८/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८२६) 🌺

🌺 शरणागति, उत्तम पदार्थोंका प्रभुको समर्पण, भगवान की इच्छानुसार उनके सेवको की भी सेवा और "सबकुछ प्रभुका है" ऐसा समझकर आत्मा सहित सर्वस्व का दैन्यभावसे प्रभुको निवेदन करना, यह "सद्धर्म" है। ये सब वासनाओ को नष्ट करता है और भक्तिकी यौग्यता देता है। 🌺 (स्कं.८/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिन्तन (८२७) 🌺

🌺 जादूगर की मायाजाल असत्य होती है, लेकिन 'नट' का अभिनय एक कला है, अतः वह सच्चा होता है, उसमें न कपट होता है, न रहस्य. सर्व समर्थ भगवान भी ऐसे कुशल नट की तरह अनेक रूप धारण कर विभिन्न अवतार लीलाए / कार्य करतें है । 🌺 (स्कं.८/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८२८) 🌺

🌺 प्रभु ब्रहमानन्द रूपा रमा के स्वामी है, आनंद और मोक्षप्रद है, वैकुण्ठ का वैभव दे सकते है, आधिदैविक सम्पत्तिदाता - जगत्पति, यज्ञरूप-यज्ञपति-यज्ञफलदाता है। यदि वे प्रसन्न होय तब उनसे ब्रहमाका आयुष्य, इच्छानुसार देह, अतुल्य लक्ष्मी, त्रिलोकी समृद्धि, सकलयोग-सिद्धि, चतुर्विध पूरुषार्थ की प्राप्ति हो सकती है। 🌺 (स्कं.८/१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८२९) 🌺

🌺 भगवान को पाने के लिए भक्त स्वल्प भी सच्चा प्रयास करता है, तो यह जान कर भगवान स्वयं सामने चलकर भक्त के पास आते है। भगवद गुणगान श्रवण करने से भगवानमें स्नेह होता है, वह सुदृढ़ होने पर भगवान भी भक्त की सुनते है और उसे सम्हालते है। 🌺 (स्कं.८/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८३०) 🌺

🌺 भगवान को हम तर्क द्वारा नही पहेचान शकते, न बुद्धिसे जान पाते है। हमें अपनी बुद्धि या समझदारी की मर्यादा स्वीकारके अश्रद्धा, शंका अथवा आक्षेप नहीं करना चाहिए। भगवान की बातें श्रद्धा, भक्ति और उनकी कृपा से ही समझी जा शकती है 🌺 (स्कं.८/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८३१) A 🌺

🌺 जीवन सानुकुल रहे उतनी जरुरियात रखनी चाहिये। उससे ज्यादा प्राप्त हो तो मोज-शोख में व्यय होता है, जिससे सदाचार की जगह अनाचार बढता है, सदविचार नहीं कुविचार आते है, शोक-संताप बढता है और हम भगवान से विमुख हो जाते है। 🌺 (स्कं. ८/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (८३१) B 🌺

🌺जो अजितेन्द्रिय हो उसे समग्र जगत का सुख भी संतोष नहीं दे शकता। जीवन में आवश्यक अन्न, वस्त्र और निवासस्थान होता है। इन तिनोंमें जिनको संतोष नहीं होता, उन्हें साम्राज्य में भी सुखशांति नहीं मिलती। 🌺 (स्कं ८/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (८३२)🌺

* जो अजितेन्द्रिय हो उसे समग्र जगत का सुख भी संतोष नहीं दे शकता। जीवन में आवश्यक अन्न, वस्त्र और निवासस्थान होता है। इन तिनोंमें जिनको संतोष नहीं होता, उन्हें साम्राज्य में भी सुखशांति नहीं मिलती। * (स्कं ८/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८३३) 🌺

🌺 अपने जीवन निर्वाह की आवश्यकता की पूर्ति के बाद बचे हुए पदार्थ उच्छिष्ट हो जाते है, अत: उनका दान करना 'शुक्रनीति' कहलाती है, जो उचित नहीं। ईसलिये प्रथम प्रभु अथवा सत्कार्य के लिये, शक्ति अनुसार अलग रखकर

फीर बाकीमें से अपना निर्वाह करना चाहिये। 🌺 (स्कं८!१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (८३४) 🌺

🌺 धर्म, यश:, व्यवसाय, उपभोग और स्वजन के लिये समान हिस्सो में धन का उपयोग करनेवालेको कभी तकलीफ नहीं हो सकती। वह आलोक और परलोक में सुख प्राप्त करता है। सर्वत्र असत्य वचन बोलनेवाले को अपयश: ही मीलता है। वह जिंदा होते हूवे मृत समान है। 🌺 (स्कं ८/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८३५) 🌺

🌺 स्त्री, उपहास, विवाह, आजीविका, प्राणसंकट, गौ-ब्राह्मण के हित हेतु व हिंसा के प्रसंगमें हित-बुद्धिसे बोला गया असत्य जुगुप्सित नहीं होता। फीर भी असत्य तो है हि, अत: उसका फल भुगतने पर भी असत्य बोलना निंदनीय नहीं माना गया है। 🌺 (स्कं ८/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

🌺 भागवत -चिंतन (८३६) 🌺

🌺 असत्य से बडा कोई अधर्म नहीं होता। सबकुछ सह्य होता है, लेकिन असत्य नहीं। भगवद् भक्त में न असत्य होता है, न लोभ। उन दोनो का परिणाम स्वरुप दंभ जन्म लेता है। सांसारिक लोगो मे ये तीनो स्वाभाविक होते है। 🌺 (स्कं ८/२०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८३७) 🌺

🌺 अहंता-ममता निवृत्त होने पर बुद्धिमें प्रभुका शरण और उनके अनुकुल आचरण आता है। भक्त अपने अनुकुल नहीं, जिससे प्रभु प्रसन्न हो वह करता है। उसके लिये भगवद्धर्म व प्रभुके अनुकुल आचार की समज होनी आवश्यक है। 🌺 (स्कं. ८/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८३८) 🌺

🌺 विश्व प्रभुने अपने विहारके लिये व्यक्त किया है, वह व्यक्तिके विलासके लिये नहीं है। ईसलिये विश्वकी सभी वस्तुओका प्रभुको विनियोग कराके धन्यताका अनुभव करना चाहिये। जीव यदि अपनेको भोक्ता, स्वामी समझ बैठे, वह कुमति है। 🌺 (स्कं. ८/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८३९) 🌺

🌺 भगवद् अनुग्रह की पहेचान मुश्किल है। जिनको अपना बनाना हो उसका परायापन मीटानेके लिये उसका सर्वस्वत: स्वीकार करना होता है। अनर्थ करनेवाले अर्थ का व्यर्थ उपयोग न करके उसका भगवद् विनियोग कृतार्थ करता है। 🌺 (स्कं. ८/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८४०) 🌺

🌺 कुलिनता, सत्कर्म, यौवन, सद् विद्या, सत्ता, और संपत्ति ईत्यादि सभी श्रेष्ठता प्राप्त होने पर भी कोई मदोन्मत्त नही होता, वह भगवद्-कृपा का ही परिणाम है। जो प्रभु-परायण होते है, उन्हे पैसे, पद व प्रतिष्ठा से मोह नही होता है। 🌺 (स्कं.८/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८४१) 🌺

🌺 भगवन्मायामें से भगवान ने प्रकट की हुई अविद्या के कारण उत्पन्न "मैं और मेरा" रुप संसारमें सरकते हुए, आत्मभान लुप्त हो जानेसे पीडीत जीव को केवल भगवद् कृपा से उनके सन्मुख हो कर शरणागति स्वीकार करनेसे मुक्ति प्राप्त होती है। 🌺 (स्कं. ८/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८४२) 🌺

🌺 अपनी ईन्द्रियो के द्वार पर यदि प्रभु बिराजे (अर्थात् ईन्द्रियो का विनियोग प्रभु में हो) तो विषय मनमें और तनमें व्याप्त नहीं होते। प्रभु के संबंधसे विषय विष-रहित होकर प्रसाद रुप हो जाते है। 🌺 (स्कं. ८/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺नवम् स्कंध _ईशानुकथा

🌺 भागवत - चिंतन (८४३) 🌺

🌺 लौकिक लाभ अथवा परलोक के सुख तुच्छ है, धर्म द्वारा मोक्षप्राप्ति भी सामान्य फल है। प्रभुमें प्रीति न हो तबतक धर्माचरण सफल नही, सद्धर्मकी सफलता का अर्थ है -'भक्तिलाभ'। सद्धर्मके फलरुप भक्ति का निरुपण, यह नवम् स्कंध का विषय है, जिसे 'ईशानुकथा' कहा है। 🌺 (स्कं. ९/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८४४) 🌺

🌺 श्रीहरि के अवतार और उनका अनुसरण करनेवाले भक्तो की चरित्र-कथा वह 'ईशानुकथा' है। 'श्रीहरि' का स्वभाव दु:ख हरने का है, 'ईश' समर्थ को कहते है, जो उत्कृष्ट खुख देतें है। भगवानके भक्त भी उनके जैसै ही होते है। अवतार दशामें भगवान और अनवतार दशामें उनके भक्त द:ख दूर करके सुख देते है। 🌺 (स्कं. ९/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८४५) 🌺

🌺 'इशानुकथा लीला' में भक्तो की सभी क्रियाएं भगवानके अनुसारी है। भगवान् कृपा करके भक्तोको जन्मसेही अपने सेवक बनाने हेतु स्वयं के अनुकूल बनाते है। सद्धर्म में प्रभु ही भक्तो के मन व बुद्धिके नियामक बनते है। अतः उन्होंने चंद्र और सूर्य वंशमें प्रकट होकर शास्त्रानुकूल मर्यादा / पुष्टि लीला की है। 🌺 (स्कं.९/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८४६) 🌺

🌺 भगवान् के साथ अवतार समय के भक्तो को जीवनमें सुख और अंतमे मुक्ति प्राप्त हुई थी। तब उन्हें प्रभु के प्रमेय बल से फल प्राप्त हुआGथा। भगवान एवं भक्तो की कीर्ति भी सभी को पवन करनेवाली और मुक्ति दायक होती है। श्रवण-कीर्तन से क्रमशः दोष दूर होते है व भक्तिका उदय होता 🌺 (स्कं.९/१) 🌺 (डॉ. जयेन्द्र सोन्जी) 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (८४७) 🌺

🌺 प्रभु के पराक्रमो को श्रवण करनेसे अन्तरमें आह्लाद प्रकट होता है। पुण्यपुरुषो की कीर्ति भी पुण्य रूप होती है, इसलिये यदि उसे सुननेवाला पापपूर्ण भी हो, उसे वह निष्पाप करके पुण्य के पुंज सामान बनाती है। 🌺 (स्कं.८/१)

🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८४८) 🌺

🌺 भक्तो के चरित अपनी गलतिओ का अहेसास कराते है, प्रभुको प्रसन्न करने के तरीके समजाते है, उससे भगवानमें भाव की वृद्धि होती है, हमारे दोष दूर करके हमें सुख की अनुभूति कराते है, भगवानमें सुदृढ़ आश्रय कराते है 🌺 (स्कं.८/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिन्तन (८४९) 🌺

🌺 भक्ति करने वाला तो पावन होता ही है, लेकिन भक्त के संबंधी भी भक्ति के स्वभाव और भक्त के सहवासके कारण पावन होता है। भक्तके वंशज भी भक्तिके प्रभावसे मुक्ति पाते है। 🌺 (स्कं.९/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५०) 🌺

🌺 तन और धन का उपयोग भगवान की सेवा के लिए किया जाय तब भगवान का ज्ञान होता है, संसार के दुःख दूर होते है, और तब जाके भगवानमें स्नेह स्थिर होता है। मन भगवानमें निमग्न रहे, वही भक्तिमार्गमें मुख्य होता है। 🌺 (स्कं.९/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५१) 🌺

🌺 प्रभुके चरण 'अरविंद' रूप है - "अरविमज्ञानं द्यतीति अरविंदम् " । वे अज्ञान, प्रमाद व असद्भाव को दूर करते है और प्रभुमें प्रीति बढ़ाते है। भक्ति 'मार्ग रूपी' प्रभुके चरण कमल है। 🌺 (स्कं. ९/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५२) 🌺

🌺 मन भगवानमें स्थिर करनेके लिये तन और धन का विनियोग कृष्णसेवा में करना चाहिए। सेवामें स्वजनका सहयोग भी लेना चाहिए। सेवामें तन का उपयोग सेवक-धर्म है, जिससे 'अहंता निवृत्त होती है, धन व स्वजनके उपयोगसे 'ममता' से मुक्ति मिलती है। 🌺 (स्कं. ८/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५३) 🌺

🌺 मन और वाणी अन्योन्य के उपकारक है। मन की बात वाणी से व्यक्त होती है, वाणी का प्रभाव मन पर होता है। मन को स्थिर रखने के लिये वाणीसे भगवान के गुणानुवाद, भक्तके मुखसे वाणी द्वारा प्रस्फुटित लीला गान करना चाहिए। 🌺 (स्कं.८/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५४) 🌺

🌺 प्रभुके संबंध से प्रत्येक कार्य सेवा बन जाता है। क्रिया को कार्यमात्र समझनेसे कंटाला आता है, कभी क्लेश व कटुता भी आती है। लेकिन उसे सेवा समझने से आदर, उत्साह और आनंद का अनुभव होता है. मन, वाणी और काया के कर्म प्रभुसे संबंध होने पर वे सेवा बन जाता है। 🌺 (स्कं. ८/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५५) 🌺

🌺 भगवान 'अधोक्षज' है। जिनका ज्ञान प्राकृत इंद्रियोसे न हो सके उन्हें 'अधोक्षज' कहते है। प्रभु इन्द्रियजन्य ज्ञान से पर है, वे सर्वत्र बिराजतें है। सभीमें अपनेपन की दृष्टि, सभीमें भगवद्भाव, भगवान मे सर्व प्रकार के भाव, उसे 'सर्वात्म भाव' कहते है। 🌺 (स्कं.९/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५६) 🌺

🌺 सिद्धि की कामना सिद्ध पूरुषो को होती है, लेकिन जिनको भगवान ने अपना समझा है, जो अपने हृदयमें प्रभुके दर्शन करतें है ऐसे भक्तो को कितनी भी दुर्लभ सिद्धि क्यों न हो, आकर्षित नहीं कर शकति है, न उन्हें हर्षप्रद होती है।🌺 (स्कं.९/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५७) 🌺

🌺 भगवान सर्वतंत्र - स्वतन्त्र है। सामर्थ्य, सत्ता ,संपत्ति, और साधन, ये समुदाय भी श्रीहरि को वंशमें नहीं कर शकते। लेकिन प्रेम के आगे प्रभु परतंत्र है। 🌺 (स्कं.९/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५८) 🌺

🌺 सर्व भगवाद्रूप है, भगवान के लिए है, ऐसा समझकर सभी वस्तुओं का (अपने लिये) त्याग करना, अर्थात भगवानमें उनका विनियोग करना ही उत्तम है। सबकुछ छोड़कर भगवानके शरण में जानेवाले - आत्मनिवेदन करने वाले भक्त का त्याग भगवान कभी भी नहीं करते है। 🌺 (स्कं.९/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५९) 🌺

🌺 भक्त भगवानके अलावा अन्य किसीको जानते नहीँ। उन्हें अन्य कुछ भी अच्छा नहीं लगता है। प्रेमकी प्रबलताके कारण विश्वका विस्मरण और प्रभुका संस्मरण संतोके लिए स्वाभाविक होता है। भगवान भी भक्तो को ही याद रखते है। 🌺 (स्कं९/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६०) 🌺

🌺 मुक्ति पाने की इच्छा जिनको हों उन्हें संसारिओका संग दृढ़तापूर्वक त्याग करना चाहिए, इंद्रियोको बाह्य विषयो में भटकने देना नहीं चाहिए, सतत संयमशील, एकाकी रहेना चाहिए, और यदि प्रसंग पड़े तब भगवद-व्रत वाले साधुपुरुष का संग ही करना चाहिये। 🌺 (स्कं.९/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६१) 🌺

🌺 पवित्र, भव्य, सर्वतोभद्र कार्य की सफलता के लिये अखंड, अविरत प्रयत्नो की परंपरा की आवश्यकता होती है। अपने प्राण न्योच्छावर करने से ही कार्य जीवंत बनता है। द्रढ मनोबल, सतत प्रयास, कठिन परिश्रम से प्राप्त सफलता से सुचित कार्य को 'भागीरथ प्रयत्न' कहते है। 🌺 (स्कं.९/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६२) 🌺

🌺 विरक्त, शांत, प्रभु परायण, लोकपावन संत लोग स्नानादि करके गंगाजी में से पाप हर लेते है क्योंकि संतोमें संताप व पाप हरने वाले श्रीहरि निवास करते है। 🌺 (स्कं.९/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६३) 🌺

🌺 रामायण मानवीको धर्मानुरुप सामाजिक जीवन जीना सिखाता है, भागवत मनुष्यको भगवान के अनुकूल हो कर जीना सिखाता है। रामायण धर्ममय है, भागवत भावमय है। रामायणके मर्यादा शास्त्र धर्म यदि जीवन में ओतप्रोत हो जाय तब भागवत धर्म प्राप्त होय, प्रभु में प्रेम स्थित होय! रामायण जीवन को उद्दात बनाता है, भागवत जीवनको भगवानमय बनाता है। 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (८६४) 🌺

🌺.श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम, श्रीकृष्ण पुर्ण पुरुषोत्तम। रामने धर्म मर्यादा पुर्वक रसदर्शन दिया, कृष्णने रस-मर्यादा सहित रस-दान दिया। राममें धर्ममर्यादा है, कृष्णमें रसमर्यादा है। राम शास्त्रानुकुल है, कृष्ण प्रेमानुकुल है। राम साधू-शिरोमणी है, कृष्ण रसिक-शिरोमणी है। 🌺 (स्कं. ९/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६५) 🌺

🌺 दश बाह्य ईन्द्रियां और अंतःकरणकी चार वृत्तियां, ऐसे कुल चौदह के द्वारा विषयोका भोग होता है, जिससे वासनाका उद्भव होता है ; विषय-वासना अंतःकरणको मृतप्रायः कर देते है, उत्साह, द्दढता व तेजस्विता का विनाश होता है। इससे बचनेके.लिये संयम और सात्विक्ता आवश्यक है। अतः श्रीराम का चौदह वर्षका वनवास सूचक है। 🌺 (स्कं. ९/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८५७) 🌺

🌺 रावण काम रुप है। उसके वध का सामर्थ्य सात्विकतासे आता है। रावणके दश मस्तक दश ईन्द्रियोके विषयो की मुख्यता सूचित करता है। काम संयम व सात्विकता से दूर होता है। विषयभोग और वासना रुप काम जीवनमें सुख-शांति और भक्ति के शत्रु समान, ग्यान-विग्यान को नष्ट करनेवाला, और पापमय प्रवृत्ति करानेवाला होता है। 🌺 (स्कं. ९/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (८५८) 🌺

🌺 सती, निर्दोष, भक्त, संनिष्ठ, अथवा परस्त्री की ओर की गई विकार द्दष्टि पूर्ण जीवन के मंगल को नष्ट कर देती है। उसका परिवार सहित पतन होता है। सीताजी के स्पर्श मात्र से राक्षस कुल और द्रौपदी के स्पर्श मात्रसे दुर्योधन के कौरव कुल नष्ट हुवा था। 🌺 (स्कं.९/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (८५९) 🌺

🌺 भगवान रामने सीता-त्याग रुप लीला की जो दुःखद दिखती है लेकिन वास्तवमें यह सुखद लीला है, वह वासना और दोष दूर करनेवाली लीला है। भगवान भी कभी लौकिक रीत प्रकट करतें है, जिससे लौकिक लोग भक्ति कर शके। 🌺 (स्कं ८/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६०) 🌺

🌺 भगवानके विराट स्वरुप के वृषण रुप देवताऐं भोगस्थानके अधिष्ठाता है, जिनकी भक्ति उत्तम होते हुए भोगासक्त बनाती है। यदि भक्ति में भोग- रुचि होय तब भगवद् प्राप्ति नहीं हो सकती, क्योंकी लौकिक भोग भक्तिमें प्रतिबंध रुप है। 🌺 (स्कं. ९/१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६१) 🌺

🌺 गुरु और शिष्य के संबंध मर्यादा व स्नेह के कारण सुद्रढ होते है। यदि मर्यादा तूट जाय तो मार्ग प्राप्त नहीं होता, स्नेह न रहे तब श्रेयः संभव नहीं। मर्यादा रखनेसे सन्मार्ग मीलता है, स्नेह सर्वस्व का समर्पण के लिये प्रेरित करता है, जो जीवनको सफल बनाता है। 🌺 (स्कं ९/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६२) 🌺

🌺 मानवीय ईच्छाएं उपभोग करनेसे शांत नहीं होती बल्के बढती है, जैसे अग्निमें घी डलनेसे ज्वाला उठती है। रोग व भोग तन, मन और धन को नष्ट करते है, शोकमग्न बनातें है, परिणाम स्वरुप दुःख ही प्राप्त होता है। 🌺 (स्कं. ९/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६३) 🌺

🌺 तन दुर्बल होता है लेकीन मन की तृष्णा दुर्बल नहीं होती। तृष्णाके कारण दुःख उत्पन्न होता है, क्योंकि तृष्णा ईन्द्रियोको विषयोमें घसीट जाती है। अतः साधुपुरुषो को संयम में रहना चाहये, ईन्द्रियो पर विश्वास नहीं करना चाहिये। 🌺 (स्कं.९/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६५) 🌺

🌺 भगवान का यशः श्रेष्ठ तिर्थरुप होता है, जिसमें निर्मल अतःकरणवाले भक्तो के लिये कथामृत रुप जल प्राप्त होता है। अपने कान रुपी अंजली द्वारा केवल एक समय भी उसका आचमन किया जाय तो अपनी सभी कर्मवासनायें नष्ट हो शकती है। 🌺 (स्कं. ९/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६७) 🌺

🌺 यह नवम स्कंध 'ईशनुकथा' भक्ति रुप है। भक्तिके अंतमें भगवानका आविर्भाव होता है, वही फल है। पुष्टिभक्तिमार्ग में भगवान का स्वरुप ही फल है। इस कथाके श्रवण-कीर्तन-स्मरण से स्वरुपमें प्रीति होनी चाहिये। (स्कं.९/२४) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸
(नवम स्कंध संपूर्ण)

🌺 भागवत - चिंतन (८६८) 🌺

🌺 भागवत का दशम स्कंध भगवान का ह्रदय हे। भगवान रसमय, आनंदमय, लीलारसननिमग्न होनेसे. भक्तोको रसपरवश बनाते है, जीससे भक्त सबकुछ भूलकर भगवानमें आसक्त हो जाते है। उसीको 'निरोध' कहतें है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८६९) 🌺

🌺 दशम स्कंधमें भगवान की 'निरोध लीला' की कथा है। अवतार दशामें भगवान अपने स्वरुप और लीला के द्वारा निरोध करतें है, और अनवतार दशा में भगवान की कथा के श्रवण - गुणगान से भगवानमें निरोध होता है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (८७०) 🌺

🌺 'निरोध' शद्ध भक्तिसे ही संभव होता है। ईसीके लिये भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य हुआ है, जो भक्तोको विश्वका विस्मरण कराकर, निःसंग बनाकर, उन्हे शुद्ध भक्तिका दान देते है, और उनकी ईन्द्रियोमेसे विषय और अंतःकरणमेंसे वासनाके विषम विषको दूर करके उन्हें अपनेमें निरुद्ध करतेंहै। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८७१) 🌺

🌺 भगवान भक्तोके अनुकूल हो कर अपनी शक्तिओके साथ अनेक प्रकार की लीलाएं करतें है। उन लीलाओ और उनकी बातोंसे भक्त भवके भयंकर दुःख भी भी भूला कर जीवनभर सुखका अनुभव करतें है। 🌺 (स्कं १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८७२) 🌺

🌺 भक्तोकी ईन्द्रियां व अंतःकरण अपनेमें निरुद्ध हो जाय ऐसी लीलाएं भगवान विश्वमें प्रकट होकर करतें है। ये लीलाएं 'साधन' रुप है। विश्वका विस्मरण होकर कृष्ण में आसक्ति होना, वह उसका 'फल' है, जीसे 'निरोध' कहा जाता है। 🌺 (स्कं.१ /१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चि़तन (८७२) 🌺

🌺 भक्त विश्वको विस्मृत करके भगवानमें आसक्त हो, वह निरोध का 'पूर्वदल' है। भगवान प्रकट होकर अपनी लीलाओ द्वारा भक्तोका निरोध करतें है। वैसेही पुष्टिभक्त भी अपनी लीला द्वारा भगवानका अपनेमें निरोध करतें है, वह निरोधका 'उत्तरदल' है। 🌺 (स्कं. १ / १).🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८७३) 🌺

🌺 जैसे लकडीमें अग्नि गुप्त रुपसे विद्यमान होते हुए वह स्वयं नहीं जलती, लेकीन बाहरकी अग्नि लगनेसे जलती है, वैसे ही सर्वत्र बिराजमान आनंदरुप भगवान के प्राकट्यसे अथवा जब ह्रदयमें विद्यमान परमात्मा प्रकट होते है, तब भक्तके प्रपंचका लय होनेसे उसका भगवानमें निरोध   होता है। 🌺 (स्कं.१/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८७५) 🌺

🌺 जीन भक्तो का निरोध करना हो, उन भक्तो में अपनी गूढ लीला द्वारा भगवान निजानंद का प्रवेश कराते है, तब जीवका तिरोहित (गुप्त) आनंद भी प्रकट होता है। ईससे भगवानके आनंदका अनुभव करने योग्य अलौकिक देह की प्राप्ति होनेसे जड देहादि में प्रपंचभाव का लय हो जाता है, वही 'निरोध' है। 🌺 (स्कं १/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८७६) 🌺

🌺 जैसे नाव नदीके प्रवाहकी अथवा विरुद्ध दिशामे सलामती पूर्वक अपनी मंझिलकी और आगे बढती है, वैसे ही भक्त भी संसारमें रहते हुवे, व्यवहार अथवा मोह से प्रभावित न होकर, समाजके शिष्टाचार निभाते हुए, लोक-संधर्षसे बचकर, प्रभुप्राप्ति के मार्ग पर अग्रेसर होता है। 🌺 (स्कं.१/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८७७) 🌺

🌺 दशम स्कंधके पांच प्रकरण है १. जन्म प्रकरण (चतुर्भिः, अ. ४); २. तामस प्रकरण (चतुर्भिः, अ.२८, ४ पेटा प्रकरण - प्रमाण,प्रमेय,साधन,फल, प्रत्येक अ.७)
); ३.राजस प्रकरण (चतुर्भिः, अ.२८, ४ पे.प्र.- प्र.,प्र, सा.फ.); ४.सात्विक प्रकरण (त्रिभिः, अ.२१, ३ पे. प्र. - प्र.,सा.,फ.); ५. गुण प्रकरण (षडभिः अ.६) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (८७८) 🌺

🌺'निरोधलीला' - प्रपंचमें शक्तिओ सहित भगवान की क्रीडा - अनुशयन है। शयनकी तीन अवस्थाएं - जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति है। प्रपंच देहरुपमें ७२ शक्तिरुप नाडीयां है, और आत्मारुप भगवानकी १२ शक्तियां - श्री,पुष्टि,वाणी,कान्ति,कीर्ति,तुष्टि,ईला,उर्जा,विद्या,अवि द्या और माया है। अतः ईसके ८७ अध्याय है। 🌺(स्कं १/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (८७९) 🌺

🌺 क्षर और अक्षर से श्रेष्ठ भगवान पुरुषोत्तम है। वे जब लोक-वेद की मर्यादा का पालन कर लीलाके लिये अवतार लेते है, तब 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहलाते है, और जब भक्तोके प्रेममें परवश हो कर, अपने स्वरुप की मर्यादा का उल्लंघन करके लीला करने स्वयं प्रकट होते है तब वे लोक-वेदातीत पुष्टि-पुरुषोत्तम' कहलाते है। 🌺 (स्कं १/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८०) 🌺

🌺 पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण व्रज-लीलास्थ है। रसस्वरुप वे भक्तोके भावरुप है जो उनके ह्रदयमें बिराजते है, व क्वचित प्रकट भी होते है। भगवान लीलानुकुल स्वरुप प्रकट करतें है। लीलाभेद से स्वरुपभेद न होते हुए अनुभवभेद लगते है। 🌺 (स्कं.१/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८१) 🌺

🌺 वास्तवमें परब्रह्म का जन्म ही नहीं होता, लेकिन वे अपनी शक्तिरुपा योगमाया, जो भगवानके वशमें है, द्वारा नाट्यवत् जन्म लेतें है, उनका लौकिकवत् जन्म नहीं। प्रभुकी जन्मोत्सवलीला और देवकीनंदन, यशोदानंदन आदि नाम उनके प्राकट्य संबंधी है। 🌺 (स्कं.१/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८२) 🌺

🌺 सूर्यवंशमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्रजी प्रकट हुए है, उनका स्वरुपानंद मिलना कठीन है। चंद्रवंशमें पूर्ण-पुष्टि पुरुषोत्तम श्रीकृष्णचंद्रजी प्रकट हुए जो कृपा द्वारा अपने स्वरुपानंदका दान करतें है। तत्वतः दोनो एक ही है, अतः

रामावतारमें दिये वचन भगवानने कृष्णावतारमें पूर्ण किये है। 🌺 (स्कं. १/१) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८३) 🌺

🌺 जो धर्म को समज कर उसका आचरण करे वह 'धार्मिक' होता है। जिनकि धर्ममें श्रद्धा दृढ होती है उसे 'धर्मनिष्ठ' कहते है। जिनके स्वभावमें धर्म ओतप्रोत होता है, उसे 'धर्मशील' कहा जाता है। ऐसे व्यक्तिके वाणी, वर्तन, विचार, व्यवहार, वेष ईत्यादि सब 🌺स्वाभाविक रुपसे ही 'धर्ममय' होते है। 🌺 (स्कं.१/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत.- चिंतन (८८४) 🌺

🌺 पुर्ण पुरुषोत्तम प्रभु सर्व व्यापक होते हुए अपनी योगमायासे सभीको दिखते नहीं, क्योंकी सर्वत्र प्रकट होनेसे सबकुछ ब्रह्मरुप हो जाय, प्रपंच का लय हो जाय और अवतारका प्रयोजन न रहे। अतः वे जहां आवश्यक हो, वहां मायाको हटा कर प्रकट होते है। 🌺 (स्कं १/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८५) 🌺

🌺 पुष्टिमार्ग कल्पित मार्ग नहीं, वह स्वतः कर्तव्य और वास्तविकता का मार्ग है। सेव्य स्वरुप भगवान का चित्र अथवा मूर्ति नही लेकिन साक्षात भगवान स्वयं है। अतः भावनायुक्त सेवा होती है, जिसके कारण वे भावानुकुल प्रकट होकर सानुभव कराते है। 🌺 (स्कं.१/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८६) 🌺

🌺 प्रथम जन्म प्रकरण के चार अध्यायमें भगवानके चतुर्भुज स्वरुपके प्राकट्य का निरुपण कीया गया है, जिसमें प्रत्येक अध्यायमें अनुक्रम से वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युन और अनिरुद्ध व्युह का प्राकट्य बताया गया है। 🌺 (स्कं. १/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८७) 🌺

🌺 भगवान ईच्छा मात्रसे व अन्यथा भक्तका दुःख तो दूर कर सकते है, लेकिन उससे आनंदकी प्राप्ति नहीं होती। अतः पृथ्वीका भार कम करनेके बाद असुरोकी पीडाका क्लेशको मीटाने, और भक्तोको आनंद प्रदान करनेके लिये परमानंद रुप पुरुषोत्तम भगवान कृष्ण स्वयं प्रकट हुए। 🌺 (स्कं १/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८८) 🌺

🌺 भगवानमें भुख, तृषा, रोग, कर्म, द्युत, पान, स्त्रीसंग व्यसनादि नहीं होते, संसारमें रहते हुए बंधन नहीं होता। भगवद् भाव युक्त भक्त भी बंधनसे मुक्तहोते है। वे इच्छा मात्र से भक्तो को मुक्ति दे सकते है लकिन उन्हें कृतार्थ करनेके लिये अवतार लेकर लीलाएं करतें है। 🌺 (स्कं.१/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८८९) 🌺

🌺 भगवान के चरित फल रुप है। निरंतर चरित-गान से अंतःकरण के दोष, ह्रदयमेंसे प्रतिबंध दूर होते है। संसारसे संतप्त लोगोको भगवद् गुणगान शांति प्रदान करता है, उससे संसार निवृत्त होता है, वह कर्म-ग्यान-भक्ति से ज्यादा उपकार है, मोक्षका सरल साधन है। 🌺 (स्कं.१/ १) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९०) 🌺

🌺 प्रभुके गुणानुवादके द्वारा स्वरुपतः भगवानका संबंध होताहै। गुणानुवाद भवौषध होनेसे फलतः प्रभु संबंध होता है। उसका श्रवण करनेसे भगवानके गुण ह्रदयमें प्रवेश करतें है, जो कीर्तनके द्वारा ह्रदयमेंसे बाहर आते है, और पूनः कानके द्वारा ह्रदयमें प्रवेश करनेसे स्थिर होते है, जिससे रसानभव होता है। 🌺 (स्कं १/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९१) 🌺

🌺 भगवानके द्दढ आश्रयवाले भक्त संसारके पदार्थों का परिग्रह छोडकर पारस्थित प्रभुको प्राप्त करतें.है। भक्त जीस कार्यको करनेेमें असमर्थ हो, वह भगवान स्वयं कर लेतें है। ईसीलिये उन्होने उत्तराके उदरमें प्रवेश कर ब्रह्मास्त्रसे परीक्षित की रक्षा की थी। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९२) 🌺

🌺 भगवान 'शरणागत पालक' है। अतः जो माता देवकी और यशोदाके उदरमें नहीं पधारे थे, वे गर्भस्थ परीक्षित की रक्षा करने हेतु उत्तरा के उदरमें प्रवेश करके, 'धर्मरक्षक' भी होनेके कारण गर्भके स्थुल देह जलने दीया, लेकीन कृपा बलसे वह जले हुए देहके अंश सहित उसके बीज की रक्षा की। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९३) 🌺

🌺 कृष्णावतारमें भगवानने मूलरुप और अवताररुप दोनों के दर्शन करवाये है। कृष्ण तो स्वयं भगवान - मूलरुप ही है। भगवान रुपसे वे 'अमृत' व का रुपसे मृत्युका दान करतें है। मूलरुप ही उभयका दान दे सकते है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९४) 🌺

🌺 भगवान की व्यामोहिका माया जीवोकी बुद्धिमें मोह कराती है, जीससे बुद्धि भगवान पुरुषोत्तमको मनुष्य के रुपमें पहेचानती है।माया भगवान पर आवरण नहीं कर शकती, अथवा उनका स्वरुप को नहीं बदल शकती, लेकिन मनुष्यकी बुद्धि मायासे भ्रमित होनेके कारण भगवानके स्वरुपको समझ नही पातीहे। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९५)🌺

🌺 प्रभु सर्वसमर्थ है, उनके पराक्रम - लीलाएं अलौकिक है। उसे हम अपनी बुद्धिसे नहीं समझ सकतें, मात्र श्रद्धासे ही प्रभुकी लीला समझमें आती है। 🌺कृष्ण सदानन्द है, वैसे ही कृष्णलीला व कृष्णकथा भी सदानन्द है, अतः स्वतंत्र फल रुप है। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९६)🌺

🌺 कथा करते हुए वक्ता जब प्रेम-परवश होता है,तब बिना प्रयत्न, स्वाभाविक रुपसे उसके ह्रदयस्थ हरिकथा का स्राव होता है, जिसका पान करनेसे वह अंतःप्रविष्ठ होती है। श्रीहरि की तरह हरिकथा भी दुःख हरनेवाली है, अमतरुपा होनेसे सुख व मोक्ष प्रदात्री है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९७)🌺

🌺 कलियुगके कारण उत्पन्न होते दोष कृष्ण-चरित् के श्रवण-कीर्तनसे नष्ट होते है। कलियुगमें देश,काल,द्रव्य, कर्ता,मंत्र और कर्म शुद्ध नहीं होते जीनको भगवद्-कथा शुद्ध करती है, क्योंकी भगवान की कथामें भगवानके गुणो का अस्तित्व होता है। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (८९८) 🌺

🌺भगवान् श्रीकृष्ण बुद्धिसे पर है। बुद्धिका भगवान् में लय होनेको 'भगवत्प्राप्ति' कहते है।अतः प्रथम बुद्धिकी स्थिरता आवश्यक है। संशय से पर बुद्धि स्थिर न हो तब तक प्रभुप्राप्ति संभव नही होती। भगवानमें बुद्धि स्थिर / दृढ होनेसे अलौकीक देहेन्द्रिया प्राप्त होते है जो फलरुप है। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (८९९) 🌺

🌺 बुद्धिसे निर्णय दो प्रकारसे होता हे - १.शास्त्रके अर्थ अनुसार, जिसमें होता निश्चय मर्यादा रुप है, क्योंकी उसमें क्वचित् मोह उत्पन्न होनेकी संभावना रहती है। २. अपनी रुचि अनुसार, जिसमें निश्चय पुष्टिमार्गीय होता है, क्योंकी रुचि भगवद्-प्रेम के कारण होती है, जो प्रभु कृपाके कारण ही संभव होती है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९००) 🌺

🌺 जिसका सर्वत्र वास है, जिसमें सर्व बसते है, वह 'वासु' - परमात्मा। मोक्षदशामें मात्र प्रभु ही क्रीडा करतें है, अर्थात् 'वासुदेव' का अर्थ मोक्ष है। भगवानसे संबंधित सब कुछ पवित्र है, उनसे संबंधित प्रश्न भी पावन करनेवाला होता है, तो उनकी कथा तो निश्चित रुपसे पावन करती ही है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९०१) 🌺

🌺 भगवान श्रीकृष्ण निःसाधन भक्त, स्त्री, शुद्र द्विजबंधु अथवा पाप परायण, सभीके विशेष उद्धारक है। अधिकारी का उद्धार करें वह 'मर्यादा' है. बिना अधिकार का भी उद्धार करें, वह 'पुष्टि-कृपा' है। भगवान भक्तका दुःख सह नहीं शकते, अतः उन्हे सुख देने वे प्रकट होते है। 🌺 (स्कं१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९०२) 🌺

🌺 भक्तो को दुःख सहन करनेका सामर्थ्य भी प्रभु ही देते है।अतः धैर्यपूर्वक दुःख सहन करने चाहिये, भगवानमें अटल विश्वास रखकर, भगवद् कृपा की प्रतिक्षा करनी चाहिये। क्वचित् दुःखमे वृद्धि, प्रभुकृपा शीघ्र होनेके लिये भी होती है। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९०३) 🌺

🌺 सर्व-व्यापक प्रभु सर्वत्र बिराजते है। तत्वोको उत्पन्न करके प्रभुने उनमें प्रवेश किया है, अतः 'कारण' रुपसे वे सर्वत्र बिराजते है, फिरभी जैसे देहमें प्रवेश कर जीव हृदयमें रहता है, वैसे पृथ्वी तत्त्वमें प्रवेश कर 'मूल 🌺स्वरुप' प्रभु मथुरामें नित्य बिराजतें है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९०५) 🌺

🌺 देहादिमें "मैं" और."मेरा" - ऐसी बुद्धि को 'अध्यास' क तें है। जीव भगवान का अंश होने से नित्य, अजर, अमर होता है। 'देहाध्यास' अविद्या के कारण होता है, विद्यासे उसकी निव।त्ति होती है। जन्म-मरण देहका होता है, जीव का नहीं. 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९०७) 🌺

🌺 परब्रह्म के निवास रुप 'अक्षरब्रह्म' है जो प्रभुके - चरण - धाम - पुच्छ - आसन रुप है। ग्यानमार्गमें अक्षरब्रह्म सेव्य है, उनके लिये ज्योतिरुप है। वह ग्यान प्रधान, गणितानंद, कुटस्थ, अव्यक्त ब्रह्म आदि नामोसे भी जाना जाता है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९०८) 🌺

🌺 सच्चिदानंद ब्रह्ममें से स्वेच्छया चित् व आनंद तिरोहित होकर क्रियाशक्ति रुप सत्वांश प्रकट रहा वह 'काल' है, जो भगवानकी चेष्टारुप है. काल नित्य होते हुए सर्वका उद्भवकारण है। उसीसे भूत-भविष्य-वर्तमान के व्यवहार होते है। अनुभव-गम्य होते हुए अप्रत्यक्ष, गतिशील, क्रियाशक्ति प्रधान है। 🌺 (स्कं १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९०९) 🌺

🌺 शास्त्रोक्त विधि-निषेधके वचन द्वारा (लौकिक क्रियाओसे) जो क्रियाशक्ति का उद्गम होता है, उसे 'कर्म' कहते है। 'कर्म' कर्ता के द्वारा उत्पन्न होता है, जो नित्य प्रकट नहीं होता, मात्र फलदान तक ही रहता है। कर्म ब्रह्मरुप होनेसे व्यापक है, जो फलदान करके तिरोहित हो जाता है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (९१०) 🌺

🌺 'स्वभाव' भी भगवान का ही रुपांतरित स्वरुप - परिणाम हेतु रुप है। भगवदिच्छा उसका कारण है। स्वभाव कार्य अथवा परिणाम से समझा जा सकता है। ये सब भिन्न भिन्न लीला करनेकी ईच्छासे प्रकट हुए भगवानके अलग अलग स्वरुप है। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९११) 🌺

🌺 देह मिट्टीके पात्र और अंतःकरण उसमें भरा हुआ जल समान हे। जैसे जलमें सूर्यका प्रतिबिंब हिलता हुवा प्रतित होता है, वैसेही माया के कारण जीवको मोह, व उसके कारण राग-द्वेष उत्पन्न होता है, जो व्यर्थ है। अन्यका द्रोह करनेवालेको भगवान दंड देते है। 🌺 (स्कं १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९१२) 🌺

🌺 बुद्धिशील पुरुष को बुद्धि और बल रहते निराश नहीं होना चाहिये, और भगवद् श्रद्धा रखकर अनर्थ न हो उसके लिये - मृत्यु से बचने के लिये प्रयत्न-परायण होना चाहिये। प्रयत्न करने पर भी परिणाम न मिले तब भगवदिच्छा समज कर विचलित नहीं होना चाहिये। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (९१३) 🌺

🌺 काम, क्रोध, लोभ नरकके द्वार कहे गये है। जो अपना उत्कर्ष ईच्छते हो उन्हे ईनसे दूर रहना चाहिये। लाभ प्राप्त कर शायद लोभ मीट शकता है, अपेक्षित कार्य होने पर क्रोध शांत हो जाय, लेकिन काम, जो विषय भोग में व्यक्त होता है, वह तो सेवन करने पर बढता हि है। 🌺 (स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९१४) 🌺

🌺 पुत्रके साथ शरीरसंबंध होता है। भगवान अंतःकरण-संबंधी, आत्मारुप है। शरीर-संबंधसे आत्म-संबंध श्रेष्ठ है। अतः प्रभुकी प्रसन्नताके लिये अपनी प्रतिग्यानुसार वसुदेवजीने अपना पुत्र कंसको सोंप दिया था। साधुपुरुष लौकिक-मोहसे पर होते है। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९१५) 🌺

🌺 दुःसंगसे दुष्टता पुष्ट होती है और सौजन्यताका शोषण होता है। अयोग्य बातें, विचार, वांचन, सहवास,व्यवहार आदिसे दुःसंग होता है। जो आत्माको पिडीत करता है, धर्मकार्यमें बाधा डालता है, स्त्री-पुत्रोको दुःख देता है, उसे 'कर्दय' कहतें है। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (९१६) 🌺

🌺 ग्यानीभक्त हृदयमें भगवानको धारण करतें है। उनको सच्ची समझ होती है - प्रभुमें प्रीति होती है। वे अपना सर्वस्व त्याग सकते है, लेकिन प्रभुको कभी नहीं छोडते। भगवदीय भगवानके लिये त्याग करते समय गुणदोषका विचार नहीं करतें। 🌺 (स्कं.१०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९१७) 🌺

🌺 जीवको फलदान करने के लिये भगवान कर्म की अपेक्षा रखतें है। फीर भी, वे सर्वतंत्र - स्वतंत्र होने के कारण कभी मर्यादा का उल्लंधन भी करतें है। 🌺 (स्कं. १० /१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९१८) 🌺

🌺 बलरामजी भगवद् धाम अक्षरब्रह्म का रुप है, अतः.गणितानंद है। उपनिषदमें मनुष्यके आनंदसे लेकर ब्रह्म पर्यंत आनंदकी गिनति की गई है, अतः उनका आनंद भी गणितानंद है, लेकिन परब्रह्म भगवान श्रीकृष्ण अगणितानन्द है,पूर्णानंद है । 🌺 (स्कं १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९१९) 🌺

🌺 अक्षरब्रह्म रुप बलराम धर्मके आधाररुप है, जो सबकी रक्षा करतें है। परब्रह्म कृष्ण धर्मी स्वरुप है, जो अक्षरसे श्रेष्ठ है, पूर्णानंद है। अक्षरब्रह्म भगवानके धामरुप, आसनरुप, चरणरुप भी, फीरभी गणितानंद है, पूर्णानंद नहीं । 🌺 (स्कं १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९२०) 🌺

🌺 जैसे सरिता सागरमें मीलने पर संगममें वह सागर रुप हो जाती है, सागर सरिता रुप न हीं होता, वैसही भगवद्-

चरण रुप होनेसे अक्षरब्रह्य 'सच्चिदानंद' रुप कहा जा सकता है, लेकिन वह गणितानंद होनेसे भगवद्-चरण को गणितानंद नहीं कहा जाता । 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९२१) 🌺

🌺 भगवान अपने शरणागत भक्तो के दुःख सहन नहीं कर शकतें है। भगवान दयानिधि होनेसे सदा भक्तो पर दया-दृष्टि रखतें है, लेकिन असत्पुरुष को वह दुर्लभ होतीहै। भगवान भक्तोके दुःख शीघ्रातिशीघ्र दूर करनेका उपाय करतें है। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺🌺 भागवत - चिंतन (९३०) 🌺

🌺 माया भगवानकी शक्तिरुपा है।वह भगवान की ईच्छा / आग्या अनुसार कार्य करती है, भगवानकी दासी होनेसे वह उनकी सेवा करती है। बिना भगवद् आग्या, वह कुछभी कार्य नहीं कर शकती। वह ब्रह्मादिको मोह उत्पन्न करती है। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९३१) 🌺

🌺 सत् चित् आनंदांश के विभेदसे माया के तीन प्रकार है - १.क्रियारुप, २.व्यामोहिका, ३.जगत्कारणभूता योगमाया । भगवानकी माया लीलास्थो को मोह उत्पन्न करती है, लीलोयोगी साहित्यका संपादन करती है। भगवान क्वचित् बिना योगमाया अपनी ईच्छा मात्रसे भी कार्य कर शकतें है। 🌺 (स्कं.१०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९३२) 🌺

🌺 भगवान पुरुषोत्तम वंश संबंधके लिये अपने प्रद्युम्न व्युह से पुत्र रुप प्रकट हुए है, अतः 'अंश भागेन' कहा है। भगवान किसीके पुत्र नहीं है। पूर्वावतारमें वसुदव-देवकी को दीये हुए वचन के कारण प्रद्युम्नांशसे पुत्रत्व प्रकट कीया है, अन्य कार्य अन्य व्युहोसे किये है। 🌺 (स्कं१०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९३३) 🌺

🌺 'प्रद्युम्न व्युह' का कार्य वंशादि संबंध है, 'संकर्षण व्युह' पृथ्वी का भार उतारने व असुरोका संहार आदि के लिये, 'अनिरुद्ध व्युह' धर्मादि कार्य के लिये और 'वासुदेव व्युह' ग्यानोपदेश व मोक्ष देतें है। भगवान पुरुषोत्तम केवल रसरुप लीलाएं करतें है। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९३४) 🌺

🌺 आधिदैविक स्वरुप 'योगमाया' साक्षात् भगवत् शक्ति तेजोमय देवी रुपा है, जो सर्वप्रकारकी कामनाएं व वरकी नियामक है। उसको 'सर्व-काम वरप्रदा' कही है, जिसका मनुष्य फल-लाभ की ईच्छासे धूप, उपहार, बलि से पूजन-अर्चन करते है, लेकिन दैवीजीव तो भगवानका हि भजन करतें है। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺९२२-९२९ नथी🌺

🌺 भागवत - चिंतन (९३५) 🌺

🌺 भगवानका प्राकट्य गोकुल-मथुरा दोनों जगह हुआ है। नन्दगृहमें लोकवेदातित रसात्मक-पुरुषोत्तम, सर्वतः

पाणिपादान्त, स्वतंत्र-भक्तिरसका अनुभव देने प्रकट हुए है, वही चतुर्भुज-स्वरुप लोकवेद-प्रसिद्ध पुरुषोत्तम रुपसे मथुरामें वसुदेव-देवकीजी समक्ष प्रकट होकर दर्शन दिये है। 🌺 (स्कं.१०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९३६) 🌺

🌺 पूर्ण पुरुषोत्तम कृष्ण वैकुंठ और गोकुलमें बिराजतें है। वैकुंठमें चतुर्भूज रुप है, गोकुलमें द्विभुज है। चतुर्भुज और द्विभुज पुरुषोत्तम दोनों एक हि है, भिन्नत्व माया, जो भगवानका सर्वभवन सामर्थ्य है, उसके कारण है। तत्वतः 'लोकवेदातित रसात्मक-पुरुषोत्तम' और 'लोकवेद-प्रसिद्ध पुरुषोत्तम में भेद नहीं है। 🌺(स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९३७) 🌺

🌺 प्रथम मथुरामें पुरुषोत्तम व्युह सहित चतुर्भुज रुपसे प्रकट हुए, वसुदेव-देवकीजीने उनकी स्तुति की। तभी नन्दगृहमें वे द्विभुज रुप धरके प्रकट हुए, और मथुरामें भी द्विभुज बालक के रुपमें दर्शन दीये, जीसमें व्युह- विशिष्ट चतुर्भुज स्वरुप अंतर्हित हो गया। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९३८) 🌺

🌺 भगवान वसुदेवजीके मनमें पधारे, जिन्होने उन्हे वैद्यदीक्षा-प्रकारसे देवकीजीमें पधराये। देवकीजीने आत्मारुप प्रभुको धारण किया। तेजोमय आत्मा रुप भगवान मायाका आवरण दूर होते देवकीजीके जठरसे प्रकट हुए, अतः उन्हे 'जठरस्थ' कहा गया है। 🌺 (स्कं. १०/ २) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९३९) 🌺

🌺खुद सब समझते हुए जो समझना चाहे, एसे सुयोग्यको न समझाये, उसे 'ग्यानखल' कहतें है। एसे 'ग्यानखल' को सरस्वती शोभा नहीं देती, क्योकी सरस्वती तो सन्मार्ग का प्रकाश करती है, सभी का कल्याण चाहती है। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४०) 🌺

🌺 भक्तेच्छा पूरक - धर्मके लिये प्रेरणादायक प्रभु को 'वृषभ' कहा गया है। उन्हे देवकीजीके उदरमें पधारने पर ब्रह्माजी, महादेवजी, नारदादि मुनि, देव ईत्यादि ने अनुचर सहित पधार कर सत्यात्मक भगवानकी स्तुति की है। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४१) 🌺

🌺 शरणागतमें स्नेह और सत्य स्वाभाविक रुपसे होने आवश्यक है। उसीसे शरणागति सुद्दढ होती है। अन्यथा असत्य और क्लेश तो शिथिल बना देते है। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४२) 🌺

🌺 देवोने भगवानकी शरणागति स्वीकारते हुए उनके आठ विशेषण युक्त नाम से स्तुति की है - १.सत्यव्रत, २.सत्यपर, ३.त्रिसत्य, ४.सत्यके कारणरुप, ५.सत्यके रक्षक, ६.सत्यके सत्य, ७.ऋत् और ८.आत्मा। 🌺 (स्क.१०/२)

🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४३) 🌺

🌺 श्रुति संमत उपरोक्त नामोमें कहा है - १.सत्य पर (उत्कृष्ट) है, २.पर सत्य है, ३.सत्यके कारण स्वर्गलोकमेंसे कभी भी निम्नलोकमें नहीं आते है, ४.सत्पुरुषोका सबकुछ सत्य ही है। ईस तरह यहां प्रमाण, प्रमेय, साधन और फल का निरुपण है। 🌺 (स्कं.१०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चितन (९४४) 🌺

🌺 "सत्यं परं" नाममें 'पर' शब्दका तात्पर्य है - 'सर्वोत्कृष्ट' और 'नियामक'. लोक व वेदमें 'पर' के १२ प्रकार बताये है - सत्य, तपः, दम, शम, दान, धर्म, प्रजनन, अग्नि, अग्निहोत्र, यग्य, मौन और संन्यास। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४५) 🌺

🌺 श्रुतिमें भगवानको वुक्ष रुप कहा है। सुख-दुख उसके फल है, सत्व-रजः-तमः मूल है, धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष पुरुषार्थ रस है, उर्ध्व व दुर गति, प्रसारण, संकोचन, गमन पंचविध कर्मके प्रकार है, अन्नमयादि पंच पुरुष व आत्मा छ ईन्द्रिया है. त्वक आदि सप्त धातु वल्कल रुप है, भूमि, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि, अहंकार, अष्ट शाखा रुप, नव ईन्द्रिय छीद्रो, और दश प्राण उसके पल्लव है। ईस वृक्ष पर आत्मा व अंतर्यामी दो पक्षी बेठे हुए है। 🌺 (स्कं१०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४६) 🌺

🌺 प्रभुमें प्रीति बिना बुद्धि शुद्ध नहीं होती, जिससे अपने दोष दिखाई नहीं पडते। स्वदोष दर्शन ग्यानकी पूर्वावस्था है।अतिप्रयत्न करके त्याग, दान, तपः ईत्यादि प्राप्त करने परभी यदि बुद्धि अशुद्ध हो तब मनुष्यका पतन ही होता है। 🌺 (स्कं. १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४७) 🌺

🌺 प्रभुके चरणारविंदमें चित्त रखनेके लिये श्रवण, कीर्तन, स्मरण आवश्यक है। बिना प्रयत्न चित्तकी प्रवृत्ति को 'स्मरण' कहतें है। प्रयत्नपूर्वक चित्तकी प्रवृत्ति को 'चिंतन' कहा जाता है। चिंतनमें प्रभुके स्वरुपकी याद को 'ध्यान' कहतें है। 🌺 (स्कं १०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४८) 🌺

🌺 देवोने भगवानकी स्तुति करते हुए नौ अवतार बतायें है - मत्स्य, हयग्रीव, कूर्म, नृसिंह,.वराह, हंस, रधुनाथ, परशुराम और वामन। अंतमें 'यदुत्तम' कहकर श्रीकृष्णका नाम सूचित किया है जो अवतार नहिं है, स्वयं अवतारी है। 🌺 (स्कं१०/२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९४९) 🌺

🌺 प्रभु सभीके स्वामी है, काल आदि उनके अधिकारी-सेवक है, जो प्रभुके पधारने पर उनका स्वागत में उत्तम गुण

प्रकट करतें है। प्रभुने चतुर्भुज स्वरुपसे दर्शन देकर स्वपरिचय कराया है, द्विभुज बाल स्वरुप धरके रसरुप लीलार्थे गोकुल पधारे है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवय - चिंतन (९५०) 🌺

🌺 भक्त देवकीजी जिन प्रभुका ह्रदयमें अनुभव कर रही थी वे आनंदमय प्रभु आकस्मिक रुपसे उनके और वसुदेवकीजी के समक्ष प्रकट हुए है, उसके लिये निमित्त रुप कोई भी प्रयत्न नहीं था, न प्राकट्यके प्रकारका ग्यान था, न उन्होने कोई सावधानी बरती थी। 🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (९५१) 🌺

🌺 कृष्णावतार का रहस्य बताते हुए कहा है - 'भगवान मात्र अपनी कृपासे ही प्राप्त होते है'। भगवानकी कृपा जिन्हे प्राप्त है, उनका मार्ग 'पुष्टिमार्ग' है, जीसमें स्त्रीगूढ-भाव की मुख्यता है, जो भाव व्रजमें अग्निकुमारिका (ऋषिरुपा) व श्रुतिरुपा गोपीजनोमें है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९५२) 🌺

🌺 ऋषिरुपा व श्रुतिरुपा दोनो प्रकारके गोपीजनोको प्रभु प्राणसे अधिक प्रिय है, वे सर्वदा कृष्णसेवामें तत्पर रहती है, अतः उन्हे 'दासी' कहा है।उन्हिकी सर्व रक्षा के लिये प्रभु प्रकट हुए है। भक्तोका भगवानके अलावा अन्यत्र विनियोग न हो इस प्रकारसे निरोध रुप रक्षा करने 'कृष्णावतार' हुवाहै। 🌺 (स्कं १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९५३) 🌺

🌺 भगवद् कृपासे ही भगवान और उनकी लीलाके दर्शन हो शकते है। अपनी ईन्द्रियां स्वयं अपने सामर्थ्यसे भगवानका अनुभव नहीं कर शकती, क्योंकी प्राकृत ईन्द्रियोका विषय भगवान नहिं है। अतः वे मात्र उनकी स्वयंकी कृपासे ही प्राप्य है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९५४) 🌺

🌺 भगवानमें षडगुण पुष्टि-मर्यादा भेदसे दो प्रकारके प्रकट हुए है। भक्तोके दश प्राणरुप और आलोक-परलोक रुप भगवान प्रकट हुए है। श्रवणादि सगुण नवधाभक्ति, प्रेमलक्षणा निर्गुण भक्ति, और वेदके पूर्वोत्तर कांडके प्रवर्तक भगवान द्वादशात्मक है। भगवानकी लीला भौतिक कालसे पर है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९५५) 🌺

🌺 भगवद् लीलाका अनुभव लौकिक ईन्द्रियो से संभव नहिं। जीवात्मा, परमात्मा, प्रकृति, पुरूष, महत्तत्त्व, अहंकार, (त्रिगुण) - सत्व, रजः, तमः, अक्षरब्रहम, और भगवान स्वयं, ईन बारह रूपसे भगवान लीलामें बिराजते है। लीलासंबंधी सबकुछ-सृष्टि भगवद्रुप ही ह। 🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन - (९५६) 🌺

🌺 भगवान 'चतुर्भुज' स्वरुप प्रकट हुए। चार भुजाएं उनकी 'क्रियाशक्ति रुप है,उनके नेत्र ग्यानेन्द्रिय है, अर्थात वे पूर्ण ग्यान-क्रिया शक्ति युक्त है। वे व्युहकार्य रुप, चार पुरुषार्थ रुप, चार प्रकारके लीलास्थ जीवरुप, लौकिक-

अलौकिक द्विगुण पुरुषरुप, एवम् सगुण-निर्गुण-ग्यान-भक्ति सचक भी है। 🌺 (स्कं १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९५७) 🌺

🌺 भगवान द्वादशात्मा है। अग्निहोत्र, दशपूर्णमास, पशु, चातुर्मास्य और सोम - वेद प्रतिपादित भगवानके यग्यात्मक पांच स्वरुप है; वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध - तंत्र जो वेदसंमत है, उसमे बताये गये है। अतः ये नौ स्वरुप वैदिक हे, और लौकिक त्रिगणात्मक त्रिविध स्वरुप, ऐसे द्वादश होते है। 🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९५८) 🌺

🌺 भगवान सच्चिदानंद रुप है। वे परोक्ष, अपरोक्ष और अंतर्यामी रुप भी है। सर्वकी बुद्धिके द्रष्टा है। अपनी लौकिक दृष्टिसे भगवानके दर्शन नहीं हो शकते, भगवानकी स्वयंकी ईच्छासे ही उनके दर्शन हो सकतें है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९५९) 🌺

🌺 भगवान सर्वत्र और सर्व रुप होते हुए वस्तुओका अनुभव होता है, भगवान का नहीं. भगवानका अनुभव उनकी ईच्छासे होता है, अपनी ईन्द्रियोके सामर्थ्यसे नहिं। भगवान सच्चिदानंदरुप है। जगत् रुप भगवान सद्रुप है, जीव रुपसे चिद्रुप है और प्रकट भगवान श्रीकृष्ण आनंदरुप है। 🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६०) 🌺

🌺 भगवानक स्वरुपमें स्वगतभेद नहिं, अर्थात् उनके हस्त, चरण आदि भिन्न नहिं, वे सभी भगवद्रुप है। उनमें कोइ प्राकृत धर्म नहिं, यह उनका 'वासुदेव' स्वरुप है। जगत की उत्पत्ति-स्थिति-लय और जगत्कर्ता रुपसे भगवानके प्रद्युम्न स्वरुपका निरुपण किया गया है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६१) 🌺

🌺 भगवान त्रिगुणातीत है, फिरभी सर्व समर्थ है। भगवान जगत के आधाररुप है, अतः उनका कर्तृत्व कहा जाता है। हकिकतमें उनके गुण कर्तारुप है, जिनके आधिदैविक रुप को 'अनिरुद्ध' कहा है। विश्वकी उत्पत्ति-स्थिति-लय के नियामक ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र, गुणावतार अनिरुद्ध के अंश है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६२) 🌺

🌺 त्रिलोक स्थितिके लिये अपनी माया द्वारा भगवान शुक्लवर्णी सत्वगुण, उत्पत्ति हेतु रक्तवर्णी रजोगुण और लयके लिये कृष्णवर्णी तमोगुण धारण करतें है। ये युगाभिमानी के अवतार है। लोकरक्षा के लिये यहां संकर्षण रुप बताया है। 🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६३) 🌺

🌺 जगतसे ब्रह्म विलक्षण है। जगत व्यक्त, आधुनक, परिच्छिन्न है ; ब्रह्म अव्यक्त, आद्य, अपरिच्छिन्न है।

ब्रह्म गुणातित, स्वयं प्रकाशक, निर्विकार है ; जगत त्रिगुणात्मक, ब्रह्मसे प्रकाशित, भावविकारयुक्त है। ब्रह्म त्रिकालाबाधित है। 🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६४) 🌺

🌺 ब्रह्माजीकी आयुष्यके अंतमें ब्रह्मांडका लय होता है, तब कालवेगसे सभी तत्त्व, महाभूत आदिका अहंकारमें, अहंकारका महत्तत्वमे, महत्तत्वका प्रकृतिमें लय होता है। अक्षरमेंसे उत्पन्न प्रकृति-पुरुष और काल का अक्षरमें लय होता है। अक्षरका पुरुषोत्तममें लय होता है, जिनको "शैष" कहतें है। 🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६५) 🌺

🌺 भगवान के छ चरण है। आधिभोतिक चरण -सत्संग और भागवत ; आध्यात्मिक चरण - ग्यान और.भक्ति, और प्रसन्नतापूर्वक प्रकट हुए प्रभुके दो चरणारविंद, उनके आधिदैविक चरण है। ईनमेंसे कोई भी दो चरण का शरण कृतार्थ करतेह। 🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (९६६) 🌺

🌺 मोक्ष - प्राप्तिमें मर्यादित आनंद है, भगवद् लीलामें पूर्णानंद है। भगवान लीला-रस का अनुभव करानेके लिये कृपापूर्वक भक्तको मोह कराते है, जिससे वह भगवान जितना अनुभव कराना चाहे उतना ही समझ पाता है और बाकी उसे याद ही नहीं रहता।🌺 (स्कं. १०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६७) 🌺

🌺 भगवान सर्वसमान है, भगवानके समान कोई नहिं। भगवान सत्यवक्ता होनेसे उन्होने पूर्वजन्ममें पृश्नि-सुतपा (दैवकी-वसुदेव) को उनके जैसा पुत्र होनेका वरदान दिया हुवा होनसे प्रभु स्वयं प्रकट हुए और "पृश्निगर्भ" कहलाये। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६८) 🌺

🌺 भगवानने वसुदेव-देवकी को अपना 'स्वरुपदर्शन' करवाया है क्योंकी प्रभुसन्निधिमें सर्वग्यतासे वैराग्य होय,भक्तिरसानुभव नहिं। शब्द (शास्त्र) 'प्रमाण' है, स्वरुप 'प्रमेय' है। स्वरुपदर्शनसे स्पष्ट सुदृढ ग्यान होता है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९६९) 🌺

🌺 वसुदेव-देवकीजीके तपःरुप साधनसे प्रभु प्रकट हुए, लेकिन लीलारसानुभवके लिये उन्हे भगवानने वियोग करवाया। तापभाव व वियोग लीलारसानुभवके लीये भक्तिमार्गीय साधन है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९७०) 🌺

🌺 ब्रह्माजीकी प्रार्थनासे पृथ्वीके उद्धारके लिये भगवान पुरुषोत्तम चतुर्भुज रुपसे वसुदेवजीके वहां प्रकट हुए। श्रुतियोको दिये हुए वरदान को पूर्ण करने द्विजरुप श्रीगोपीजनवल्लभ नंदालयमें प्रकट हुए, उन्होने ही द्विभुज

स्वरुपने मथुरमे प्राकृत द्विभुज रुपसे वसुदेव-देवकी समक्ष दर्शन दीये। उसीमें चतुर्भुज स्वरुप अंतरहित हुवा है। 🌺 (स्कं.१०/३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (९७१) 🌺

🌺भगवानने चार प्रकारसे 'नट चेष्टा' की है - १. देवकीजीने गोकुलसे लायीगई 'माया' को अपनी पुत्री बताई, २. मायाने सामान्य रुप त्यजकर 'अष्टभुजा देवी'का स्वरुप धारण कीया, ३.वसुदेवजी मुक्त होकर भी मथुरामें रहे, ४. कंसने वसुदेव-देवकीसे क्षमायाचना की".🌺 (स्कं.१०/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९७२) 🌺

🌺 भगवान का प्राकट्य गोकुल मथुरा दोनों जगह होनेसे वे यशोदानंदन व देवकीनंदन दोनो ही है। अतः भगवान के बादमें अवतरित माया को "अनुजा" कहा है। यशोदाजी मुक्तिरुपा और देवकीजी ब्रह्मविद्यारुपा आध्यात्मिक-आधिदैविक रुप होनेसेएकरुप है। 🌺 (स्कं.१०/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९७३) 🌺

🌺 भगवानमें ऐश्वर्य, विर्य, यश, श्री, ग्यान, और वैराग्य ये षडगुण है जिनका अनुभव जीवको े उसक ये छ दोष - शोक, हर्ष, भय, द्वेष, लोभ, मोह और मद के कारण नहीं होता। 🌺 (स्कं. १०/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

974-977 नथी

🌺 भागवत - चिंतन (९७८) 🌺

🌺 जीव में छे उत्तम गुण है - आयुष्प, श्री, यशः, धर्म, सद् गति और आशाएं, जिनके बिना मनुष्य अपनेआप को न्युन समझता है, लकिन भक्त और महापुरुषोकी अवग्या करनेसे ये सभी नष्ट हो जाते है, ओर वह कुछ भि प्राप्त नहिं कर.पाता। 🌺 (स्कं १०/४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९७९) 🌺

🌺 भगवान कृष्ण अक्लिष्टकर्मा है,किसीकोभी कष्ट पहुंचे ऐसा वे कुछ नहिं करतें। आनंदमय होनेसे कृष्ण सभीको आनंद प्राप्त कराने हेतु वे स्वयं भक्तके स्वभाव के अनुकुल होकर उनका निरोध करतें है। 🌺 (स्कं.१०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९८०) 🌺

🌺 लोकमें 'सात्विक' उत्तम माना जाता है, लेकिन निरोधलीलामें 'तामस' सर्वोत्तम है, क्योंकी भक्तिमार्ग विलक्षण है, जीसमें भगवद् कृपाका हि महत्व है।पुष्टिभक्तिमार्गमें भगवान पुरुषोत्तमका स्वरुप हि फल होता है। यही मुख्य सिद्धांत है। 🌺 (स्कं. १०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९८१) 🌺

🌺 भगवानने भक्तो के स्वभावमें परिवर्तन नहिं करके उनके स्वभाव अनुसार लीला की है। सात्विक को शास्त्रोक्त

भक्तिमें रुचि होती है, राजस् में वैदिक कर्ममें होती है, अतः उनका दृढ निरोध नहिं हो पाता, लैकिन अलौकिक तामस भक्तको भगवानके स्वरुपमें स्नेह होता है, जिससे वे भगवान कहे तबभी उन्हे नहिं छोडते। अतः उन्हे उत्तम कहा है।🌺(स्कं.१०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९८२) 🌺

🌺 जिनको भगवानमें आसक्ति होती है, उन्हे भगवत्संबंध युक्त सभी लीली का अधिकार अनुसार अनुभव होता है, जिससे उनका निरोध होता है। व्रजमें प्रादुर्भूत रसात्मक भगवान सदानंद कृष्ण केवल रसरुप लीला करतें है। 🌺 (स्कं.१०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (९८३) 🌺

🌺 पुष्टिभक्तिमार्गमें सर्वात्मभावसे दास्यपूर्ण ह्रदयमें स्वयं भगवानने प्रकट किया हुआ पुष्टिलीला रससागरमें प्रभु बिराजतें है। कलानिधि, रसपोषक, चतुर शिरोमणी कृष्णकी सेवा सहत्र व्रजलक्ष्मीयां करती है। 🌺 (स्कं.१०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९८४) 🌺

🌺गोकुलमें भगवान नंद-यशोदा के पुत्र रुपसे प्रकट हुए है, नृसिंह, वराह आदि अवतारोकी तरह नहिं। अतः उन्हे 'नन्दस्वात्मज' कहा है। भगवान अपनी लीला के लिये जीनको जैसा अनुभव कराना चाहते है, करातें है। 🌺 (स्कं. १०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९८५) 🌺

🌺 वासुदेवका प्राकट्य गोकुलमें माया के साथ बाहर हुआ है, और मथुरामें वासुदेव व्युहका प्राकटय वसुदेवजीके ह्रदयमें हुआ है। केवल वासुदेवसे मोक्षप्राप्ति तो हो सकती है, लेकिन लीलारसानुभव नहिं, अतः पुरुषोत्तमने पयःपानका संबंध भी स्थापित कीया है। 🌺 (स्कं. १०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९८७) 🌺

🌺 भगवान को 'भगवान' के रुपमें जाननेसे उनमें आदर - पुजनीय भाव आता है, अपना प्रिय माननेसे आत्मियता प्रतित होती है, लेकिन नन्दरायजीको तो अपने पुत्र होनेका भाव होनेसे उनके ह्रदयका आल्हाद- ◌आनंद , स्वाभाविक ही उत्सव रुप से बाहर प्रकट हुवा वह 'नंद महोत्सव' है। 🌺 स्कं.१०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (९८८) 🌺

🌺 प्राणीमात्रको अपनेपनके कारण प्राण-देहमें प्रीति होती है।व्यक्ति - वस्तु -वपुमें प्रीतिके कारण सुखानुभव होता है। प्रीति भगवद् धर्म है जो भगवानने जीव को अल्प मात्रामें दी है। आत्मा रुप भगवान ही सर्व वस्तु या व्यक्तिमें विद्यमान होनेसे प्रीतिका अनुभव होता है। 🌺 (स्कं.१०/५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९८९) 🌺

🌺 संपत्ति प्राप्त करनेके उपाय पूर्वमें हि किये जाते है, वैसे ही आपत्ति आनेसे पहले उसे रोकनेके, आयी हुई आपत्ति

को दूर करनेके, और उसके बाद सुख प्राप्त करनेका एक हि उपाय है - 'श्रीहरि की शरणागति' । 🌺 (स्कं. १०/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९९०) 🌺

🌺 पूतना अविद्या का स्वरुप है। उसमे अविद्याके पांचो पर्व दृष्टिगोचर हुए। माता केवल उसे देख रही, रोका नहीं वह 'स्वरुप विस्मृति', ग्वाले पुरुष होनेसे देखते रहे, वह 'देहाध्यास', उसकी सुंदरता - गंध वह 'ईन्द्रियाध्यास, लक्ष्मी समान लगना, वह 'अंतःकरणाध्यास' और अवाजके साथ वह गीरी, 'प्राणाध्यास' था।🌺 (स्कं.१०/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (९९१) 🌺

🌺 पयःपानके द्वारा आधिदैविक पुतना सहित उसमें स्थित मायारुप प्रभुका प्रभुमें प्रवेश हुआ। वह लीलापयोगीनी है, जो देहेन्द्रिय सहित मुक्त हो गई। पूनः जब कृष्णावतार होगा तब फिरसे वह प्रकट होगी। लीलोपयोगी सब सामग्री भगवानमें नित्य रहति है, जो अवतारके हाथ प्रकट होती है। 🌺 (स्कं.१०/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (९९२) 🌺

🌺 पुतना वध के प्रसंग के बाद गोपीजनने भगवानके श्रीअंगो पर उनकी रक्षार्थ गोपुच्छ फिरायाहै। ईसमें उनका स्नेहभाव प्रकट होता है। सभीको अधिकार मुजब भगवान समजमें आते है। भक्तोके भावकी वृद्धि करने हेतु भगवान भूख-प्यासादि धर्म प्रकट करतें है। 🌺 (स्कं. १०/६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९९३) 🌺

🌺 लौकिक संबंधमें जबतक आसक्ति होती है, तबतक भगवानमें आसक्ति नहिं हो शकती। लोकासक्ति का भी त्याग सरल नहि, भगवान छुडावे तब ही वह छुट सकती है। उसे छडवानेके लिये ही भगवान विभिन्न लीला करतें है।🌺 (स्कं.१०/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९९४) 🌺

🌺 जिसको सुनकर पुरुष (जो प्रभुको पानेके लिये प्रयत्न-परायण हो वह पुरुष) की अरति दूर होय, तृष्णा मीटे, त्वरित सत्वकी शुद्धि होय, भगवानमें भक्ति बढे, भगवद् भक्तोमें सख्यभाव उत्पन्न.होय, वही मनोहारी होता है। भगवानकी कथा श्रवणसे भगवानका महिमा - उपकार समजमें आते है। 🌺 (स्कं.१०/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९९५) 🌺

🌺 दुनियामें बहोतसी वस्तु मनोहारी होती है, लेकिन वे हरिसे दूर ले जाकर विनाश करने वाली होती है। भगवानकी कथा मनकी शुद्धि कर भवसागर तारने वाली होती है, जिससे हम विनाशसे बच सकते है, सत्य प्रकाश प्राप्त होता है, जीवनका कल्याण होता है। 🌺 (स्कं.१०/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (९९६) 🌺

🌺 भक्त अति-लोकसंगके कारण बहिर्मुख होते है, जो भगवानको अप्रिय होताहै। ध्यान लोकमें रहनेसे लौकिकता

आती है। अतः भगवान लौकिक जैसी लीला करके भी भक्तोका ध्यान अपनी ओर खींचते है, क्योकी भगवान भक्तोका निरोध करनेके लिये ही पधारते है। 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९९७) 🌺

🌺 रसरुप भगवानसे श्रेष्ठ कोई रस नहिं है। भगवान निधिरुप है, उनसे अधिक कुछ नहिं है। स्वल्प भी भक्ति हो तो सभी लोक रस व संग्रह छूट जाते है। संसार, काल, अहंकार आदि सब भक्तिसे निवृत्त हो जाते है। 🌺 (स्कं. १० / ७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (९९८) 🌺

🌺 उत्तम ब्राह्मण में भी काम, क्रोधादि मेसे उत्पन्न छ दोष प्रतिबंधक बनते है - 'असूया', निर्दोष पर आरोप ; 'अनृत', असत्य वाणी; 'दम्भ', मिथ्या अभिव्यक्ति ; 'ईर्षा', अन्यके गुण सहन न करना; 'हिंसा', परपिडन; और 'अभिमान'। ऐसे दो दो कायिक, वाचिक, मानसिक दोष है। 🌺 (स्कं.१९/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०००) 🌺

🌺 जो कुछ होता है वह भगवानकी ईच्छासे ही होता है, ऐसा समझ कर आनंदपूर्वक उसका स्वीकार करना चाहिये। यदि हम उससे भिन्न छच्छा रखें तो वह पूर्ण नहीं होती, परिणाम स्वरुप दुःख उत्पन्न होता है। भगवानकी ईच्छा के अनुकुल होनेसे भगवान प्रसन्न होते है। 🌺 (स्कं. १०/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१००२) 🌺

🌺 भगवानका मुखारविंद 'शुद्ध पुष्टिभक्ति' रुप है। यशोदाजीके उत्कट स्नेहके फलरुप अपना स्वरुप-ग्यान कराने हेतु भगवानने 'जृंभण लीला' की है। जृंभण द्वारा यशोदाजीको ग्यान-क्रिया शक्ति प्रदान कर भगवानने अपने मुखमें समग्र ब्रह्मांडके दर्शन कराया । 🌺 (स्कं. १०/७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (१००३) 🌺

🌺 आध्यात्मिक दृष्टिसे पांच बाबतसे शुद्धि होती है - 'भगवन्नाम' से अंतःकरणकी अरति दूर होती है, उनके 'रुप' से ईन्द्रियां प्रभुपरायण होती है, 'ग्यान' से देहाध्यास निवृत्त होता है, 'भक्ति' प्रभुमें प्रीति बढाति है और 'भाग्य' आत्मशुद्धिसे पूर्वजन्मके फलरुप लाभ प्राप्त कराता है। 🌺 (स्कं.१०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१००४) 🌺

🌺 भगवानके कथात्मक / नामात्मक संबंधसे अतःकरण शुद्ध होय, वासना-विकार दूर होय, तब हि भगवानकी कुंज-निकुंजकी अथवा रासादि-लीला, स्त्रीसंबंधी स्वरुप भावना करनी चाहिये। अन्यथा उनमें लौकिक भाव आनेकी संभावना होती है, जिससे विषय-वासना बढती है। 🌺 (स्कं.१०/८) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१००५) 🌺

🌺 भगवानकी रासलीलाके श्रवण-कीर्तन से कामादि दोष दूर होते है, लेकिश "श्रद्धान्वित" - श्रोता-वक्ता दोनोंमें श्रद्धा आवश्यक है। "वे भगवानकी निर्दोष लीला है, जिनमें विषय व काम लेशमात्र भी नहिं", ऐसी अंतःकरणकी

प्रतीति होनी वह 'श्रद्धा' रुप है। 🌺 (स्कं. १०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१००६) 🌺

🌺 भगवान विभिन्न स्वरुप धारण कर जगतमें अलग अलग समय बिराजतें है। कलियुगमें आपने 'कृष्णत्व' स्वीकार किया है, जो वास्तवमें सद्रुप, सर्वगत, आनंदरुपसे सर्वसमन्वित परब्रह्म ही है। शुद्ध तत्त्वमें आनंदका प्रकट्य होनेसे जो श्रृंगार-रसरुप हैे,अतः वे श्याम स्वरुप है। 🌺 (स्कं.१०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१००७) 🌺

🌺 जिनको गुरु और भगवानमें समान भक्ति और दुःसंगरहित हो, उन्हे भगवन्नाम, स्वरुप व लीला का ग्यान होता है, और उन्हे वे स्वरुपके नाममें जो लीला होती है, उसकी स्फुरतीके साथ नामोच्चार करनेसे तुर्त फलका अनुभव होता है। 🌺 (स्कं. १०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१००८) 🌺

🌺 प्रभुमें जिनकि प्रीति होती है वे महाभाग्यशाली कहा जाता है। प्रभुमें प्रीति करनेवालेका कोई पराभव नहिं कर शकता है। जैसे भगवान जिनके पक्षमें थे ऐसे देवोको दानव जीत नहिं पाये थे, ऐसे शत्रुओका संताप श्रीहरिमें स्नेह रखनेवाले को नहिं होता। 🌺 (स्कं.१०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत चिंतन (१००९) 🌺

🌺 भक्तोको भगवानके महिमासे भगवानकी प्रीतिमे आनंद आता है, वे आनन्दमय भगवानके स्नेहकी, उनके स्वजन बननेकी कामना करतें है।प्रभुके प्रेममें यदि विश्वका विस्मरण हो जाय, वह फलरुप है। 🌺 (स्क. १०/८) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०१०) 🌺

🌺 भक्तहितचिंतक भगवानने सभी गोपीजनोका - जो तीन प्रकार की - 'कौतुकाविष्टा', 'रसाविष्ट', और 'कामाविष्ट' है, अपनी लीलाओसे निरोध किया हे । वे प्रेमपूर्वक अपने देहको प्रभुके सेवोपयोगी समजकर सम्हालती, सजाती है। 🌺(स्कं. १०/१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०११) 🌺

🌺 गोपीजन उपनिषद रुपा होनेसे उन्होने भगवानको वेदांत सिद्धांतरुप समझा है, अतः जैसे कर्ममार्ग त्याग करे ऐसे घरके सभी कर्मको, गृहस्थाश्रम त्याग करें ऐसे गृहको छोडा है। उन्हे तो मात्र प्रभुको पानेकी हि मनोकामना थी। प्रभु-प्राप्ति हि फल था। 🌺 (स्कं.१०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०१२) 🌺

🌺 लोग विभिन्न कारणो - दोष दर्शनसे जीवनमें कटुता, सबकुछ अनात्म समझ कर, संसारादि का त्याग करतें है, लेकिन उससे उनकी पीडा / उदासी दूर नहिं होती। जो प्रभुमें प्रीति करतें है, वे बिना प्रभुके सबकुछ निरर्थक समजकर प्रभुके लिये प्रसन्नता पूर्वक गृह / संसार का त्याग करतें है। 🌺 (स्कं. १०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०१३) 🌺

🌺 भगवानकी राजस-तामस व तामस-तामस लीला श्रीशुकदेवजीने गोपीजनोके शब्दोमें कही है। भगवानकी लीलाकी बात कहनेसे उनमें आसक्ति होती है, दोष दूर होते है, भगवदावेश आता है, भगवानके षडगुणोकी स्फुर्ति होती है, भगवानमें निरोध होता है। 🌺 (स्कं. १०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०१४) 🌺

🌺 भगवानकी बाललीलाओमें उनके पांच प्रकारके ग्यान होने होना प्रतित होता है - १.'काल - समय का ग्यान',२. 'वस्तुओका ग्यान', ३.'अल्पासाध्य ग्यान' - सरलतासे खोज निकालना, ४. 'अत्यंतासाध्य ग्यान - प्रयत्नपूर्वक भी न प्राप्त होय उसे पाना, ५.'अंधकारमें भी ढुंढ निकालना । 🌺 (स्कं. १०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०१५) 🌺

🌺 बाललीलामें भगवानकी क्रियाऐं पांच प्रकारसे प्रकट होती है । १.धृष्टता - देहवत् , २. पुररीषादि - ईन्द्रियवत्, ३.चौर्य - प्राणवत्, ४. रुपांतर -अंतःकरणवत्, ५.स्वस्थ - आत्मवत् । भगवान अपनी लीला द्वारा अपने स्वरुपका रुपांतर करतें है। भक्तोके सर्व विषय रुप वे स्वयं बनतें है। 🌺 (स्कं.१०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१०१६) 🌺

🌺 मृतिका भक्षण लीलामें भगवान मुग्ध होकर व मातामें मोह उत्पन्न कर उनको मारनेके अपराधसे बचाते है। महापुरुषोका अकारण किया गया अपराधसे भी अधःपतन होता है, लेकिन भक्तवत्सल भगवान भक्तको अपराध होनेसे बचा लेते है। 🌺 (स्कं.१०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१०१७) 🌺

🌺 मर्यादा दृष्टिसे सर्वके आधदैविक रुप भगवान आरोगते है। नैवैद्यमें निवेदन मात्रसे संतोष होता है। स्वतंत्र भक्तिमार्गमें भक्तके प्रेममें परवश पुरुषोतम अपनी स्वरुप-मर्यादा का उल्लंघन करके भक्त जो भी, जब भी, जहां भी अरोगानेकी ईच्छा करें, वह साक्षात आरोगते है। भक्त-परवशता हि पुरुषोत्तमकी मर्यादा है। 🌺 (स्कं.१०/८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०१८) 🌺

🌺 भक्तका निरोध भगवानमें होता है ऐसे भगवानका निरोध भक्तमें होता है। ऐसा निरोध दृढ अथवा पूर्ण कहलाता है। उसमें भगवानको भक्तके अलावा कुछ ग्यान नहिं होता, भक्तके अलावा अन्यत्र राग भी नहिं होता, वैराग्य होता है। वे ग्यान, वैराग्य व स्वरुपसे भक्ताधीन होते है। 🌺 (स्कं. १०/९) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०१९) 🌺

🌺 स्वतंत्र भक्तिमार्गमें भगवान भक्तकी भावनानुसार संबंध स्वीकारते है, और तदनुकुल बन कर उनके आगे ग्यान और व्यवहार प्रकट करतें है। दामोदर लीलामें यशोदाजी भगवानको अपना पुत्र ही मानतें है, अतः भगवानने भी उनको माता समझ कर उनके वशमें हुए है। 🌺 (स्कं. १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०२०) 🌺

🌺 भगवान आत्मियता से वश में होते है। उसे हि 'पुष्टि' कहते है। श्रुति कहती है -"पुरुष द्वादशात्मक है"। भगवान अपने पुरुष रुपकी मर्यादाका उल्लंघन करके भक्तके वश होते है। पुरुषोत्तम पुरुषसे पर है, जो प्रेमात्मक स्वतंत्र भक्तिसे वशमें होते है। 🌺 (स्कं.१०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 ભગવત ચિંતન (૧૦૨૧) 🌺

🌺 કોઇ એકમાં પ્રીતિ હોય તો તે પ્રીતિ કરવાવાળા સૌની પરસ્પર પણ પ્રીતિ હોય છે. તે પ્રીતિનો પ્રભાવ છે. પ્રભુમાં પ્રીતિ હોય તેમને પ્રભુ સંબંધી સર્વમાં પ્રીતિ થાય છે. મુક્ત, જ્ઞાની સૌને પ્રભુમાં અવશ્ય પ્રીતિ હોય છે. (સ્કંધ ૧૦/૯) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -- चिंतन (१०२२) 🌺

🌺 माया से उत्पन्न मोह सांसारिक प्रवृत्ति करता है, भगवान द्वारा उत्पन्न मोह भगवत संबंधी प्रवृत्ति कराता है। मायासे उत्पन्न मोह से भगवान द्वारा उत्पन्न मोह प्रबल होता है। माया भगवान की दासी है, भगवान के आगे उसकी चलती नही। 🌺 (स्कंध १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०२३) 🌺

🌺 भक्त कदाचित सं सारसक्त हो, लौकिक कार्यरत हो, तब भी उदार भगवान उसके स्व लप स्नेह का स्वीकार करते है। हृदय की गागर में छाछ जैसा विषय रस भरा हो तब भगवान उसे फोड़ देते है। उसके आसुर भव दूर कर भगवद भाव रूप नवनीत अरोगते है। 🌺 (स्कंध १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०२४) 🌺

🌺 लौकिक वृत्ति, विषयासक्ती, क्लेश इत्यादि हो तब किए गए भगवत कार्य प्रभु स्वीकारते नहीं। वस्तु में मन जानेसे प्रभु उसे अंगीकार नहीं करतें। ऐसी मनोवृत्ति के कारण सुख, शांति, सद्भाव प्राप्त नहीं होते, क्योंकि आसुरावेश आता है। 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०२५) 🌺

🌺 तप: भगवान का सामर्थ्य है। प्रभु प्राप्ति के प्रयास तपो रूप है, जिससे सभी दोष दूर हो जाते है। बनमे जाकर क्लेश रूप तप: करने मात्र से प्रभु प्रसन्न नहीं होते, घरमें रहकर प्रभूसेवा रूप भगवद कार्य से वे प्रसन्न होते है। 🌺 (स्कं. १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०२६) 🌺

🌺 दामोदर लीला में यशोदाजी कों भगवान के सामर्थ्य से अंजान कहा है क्योंकि स्वरूप ज्ञान मर्यादा रूप है, जिसके कारण भक्त भगवान के वश होता है। लेकिन भगवान भक्ति के वश हो वह पुष्टि है, स्वतंत्र भक्ति है। 🌺 (स्कंध १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०२७) 🌺

🌺 यशोदा जी भगवान को रस्सी से बांधना चाहती है, लेकिन रस्सी का अग्र व पर भाग में भगवान ही है। व्यापक रूप से भगवान बाहर है, अन्तर्यामी रूप से सबकी भीतर भी। वे जगद रूप भी है। अत: अपने आप से कैसे बंध सकते है ? 🌺 (स्कंध १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०२८) 🌺

🌺 भक्तोके अधिकार अनुसार भगवान उनका निरोध करते है। वे अपने माहत्म्य से विपरीत प्राकृत जैसे चिन्ह - स्वरूप, गुण, क्रिया साधारण बालक जैसा प्रकट करते है। अत: अज्ञानवश यशोदा जी भगवान को उखलसे बांधने का विचार करती है। 🌺 (स्कंध १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०२९) 🌺

🌺 भाव के वश होकर भगवान भक्त द्वारा की गई स्नेहयुक्त सजा का स्विकार करतें है। लेकिन उसमें दो अवरोध होते है १.भगवान का नैसर्गिक स्वामित्व और २. जीव का सहज दासत्व। स्वामी पर नियंत्रण संभव नहीं लेकिन भगवान ने पुत्रतव स्वीकारा होनेसे यशोदा जी के वश हुए। 🌺 (स्कंध १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०३०) 🌺

🌺 भगवान् ने बंधन स्वीकारा फिर भी विश्व उनके वश है। भगवान भक्त के दिए हुवे वस्त्र, आभरण, भोजन सूखकर न होते हुवे स्वीकारते है क्योंकि वे भक्त की इच्छा के वश में होते है। बंधन भी "भक्त वश्यता" बताने के लिए स्वीकारा है। 🌺 (स्कंध १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०३१) 🌺

🌺 उत्पत्तिके नियामक पुत्र ब्रह्माजी, प्रलयकर्ता पौत्र महादेवजी, चरणसेवारत लक्ष्मीजी, जो स्वरुप, भक्ति, अधिकारसे उत्तम होते हुए न कर शके, वे सभीको मुक्ति देनेवाले भगवान जाति और स्वरुपसे सामान्य गोपी - भक्त मातासे भक्तवश्यता - कृपा के कारण बंधे। 🌺 (स्कं १०/९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०३२) 🌺

🌺 विद्या, धन और कुलिनता से सज्जन पुरुष में तो नम्रता आती है, लेकिन विद्यामद, धनमद, और कुलिनताका मद हिनमानवी को विवेकहीन बनाता है। ईनमें धनमद भयानक है, जीसके कारण स्त्रीसंग, जुआ और मद्यपान जैसे दुषण आते हैं। 🌺 (स्कं. १०/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०३३) 🌺

🌺 अनर्थ में से उगारने के लिए भगवान अनुग्रह कर धन हर लेते हैं। दारिद्र उत्तम अंजन है। जैसे अंजनसे आंख सुधरती है, वैसे धनमदसे भान खो देने वालों की दारिद्रसे सान ठिकाने आती है।दारिद्र का अथ है दुर्भाग्यसहित सम्पत्तिका अभाव। 🌺 (स्कं. १०/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०३४) 🌺

🌺 ज्ञानी-भक्त प्रभुको प्रियतम है। पुरुषोत्तम निराकार नहिं, नराकार है। मात्र शास्त्रसे भगवानको नहिं जाना जा सकता, उन्हें स्नेहसे समझ सकतें हैं। अपने भक्तोको द्रढ - प्रवृद्ध भक्ति देनेके लिए भगवान मनुष्यमावसे विविध लीलाएं करतें हैं। 🌺 (स्कं. १०/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०३५) 🌺

🌺 भगवान अलोकिक है, लौकिक नहिं, अंत: उन्हे हम प्रत्यक्ष नहिं समझ पाते। घट - पट आदि भी भगवान के रुप होते हुए उनको देखने, जानने से भगवान नहिं दिखते, समझमें आते। क्योकी जड प्रकृति पुरुषको आच्छादित कर देती है, उसको प्रकाशित नहीं होने देती। 🌺 (स्कं. १०/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०३६) 🌺

🌺 नलकुबेर - मणिग्रीवने मुक्त होने पर भगवान की स्तुति करतें हुए छ अंगों से भक्तिकी याचना कि - वाणी द्वारा गुणानुवाद, कान द्वारा कथाश्रवण, कर द्वारा सेवा, मन से स्मरण, मस्तकसे प्रणाम, और नैत्र द्वारा प्रभु दर्शन । 🌺 (स्कं. १०/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (१०३७) 🌺

🌺 नलकुबेर-मणिग्रीवने भगवदीयके दर्शन की कामना की है क्योंकि वे भगवद्रुप होते हैं, प्रभु उनमें बिराजतें है। सत्पुरुष अवतार-तुल्य होते है, अंत: उनके द्वारा भगवत्प्राप्ति संभव होती है। 🌺 (स्कं.१०/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०३८) 🌺

🌺 साधु पुरुष के दर्शनसे मानवीको कोई बंधन नहिं रहता। सत्कर्मसे कदाचित स्वर्गप्राप्ति होय, ज्ञानसे ब्रहमज्ञ हो सकतें हैं, परंतु भक्ति भगवानको प्राप्त कराती है।मर्यादा में मुक्ति मीले, कृपासे कृष्णकी प्राप्ति होती है। 🌺 (स्कं.१०/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१०३९) 🌺

🌺 प्रभु जिसका उद्धार करना चाहते हैं उसे हि भगवदीयका संग प्राप्त होता है। भगवदीय भगवानकी इच्छानुसार हि सब करतें हैं। भक्तोकी कृपा से जीवन कृतार्थ होता है। भक्तोके दास्यसे हि भगवद्भजन होता है। 🌺 (स्कं.१०/१०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४०) 🌺

🌺 यमलार्जुन वृक्षके रुपमें नलकुबेर-मणिग्रीव की मुक्ति विलक्षण प्रसंग है, जो युक्ति / अनुमान से निर्णय करनेवाले मनुष्यकी समजसे पर है। भगवान स्वयं हि उनकी मायाके बंधनमेंसे मुक्त कर सकते हैं। 🌺 (स्कं.१०/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४१) 🌺

🌺 भगवान में दोषबुद्धि दूर करने हेतु वत्सासुर का वध कीया। दोष दैत्यरुप होता है। भगवद् भक्तोका संग निर्दोष बुद्धिसे करना चाहिए। स्वरक्षितका वध शास्त्र विरुद्ध होते हुए भक्तोके अनिष्ठ दूर करने भगवान लोक-वेदकी मर्यादा भंग करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४२) 🌺

🌺 बकासुर दंभका स्वरुप है। लोभ और असत्य उसकी चोंच है। वह आनंदरुप भगवानको निगल गया। गोपबालक मुर्छितसे होनेसे भगवान बगुलेके गलेमें आ गये जिससे उसे असहाय पीड़ा हुई, और भगवानको बाहर निकाल दिया। तब भगवानने बकासुर की चोंच चीर डाली। 🌺 (स्कं.१०/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४३) 🌺

🌺 श्रृंगार रसरुप भगवानके लीलाविहारोमें लोक-वेद या स्वरुपकी भी मर्यादाएं प्रतिबंध नहिं कर सकती है। भगवान की लीलाओका अनुभव हृदयमें और बाहर भी होता है। 🌺 (स्कं.१०/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४४) 🌺

🌺 सच्चिदानंद ब्रहम सर्वव्यापक होते हुए मायाके परदेमें बिराजतें है। वे सत्-चित् अंशसे जड-जीव रुप सृष्टि प्रकट कर क्रीड़ा करतें हैं, अंतर्यामी रुपसे नियामक बनते है। मूलरुप भगवान श्रीकृष्ण अवतार धारण कर जगतमें पधारतें है और मानववत् लीलाएं करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४५) 🌺

🌺 लीलासृष्टि पुरुषोत्तम में से प्रकट होती है, जो अविकृत, मायासंबंधरहित, नित्य है। भगवान जिसका वरण करतें हैं, उसे उसका अनुभव होता है। भक्तोकी इच्छानुसार भगवान लीला करतें हैं, जिसका अनुभव भक्त अपने हृदयमें करतें हैं। 🌺 (स्कं.(१०/११) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४६) 🌺

🌺 भागवत अध्याय १२,१३,१४ प्रक्षिप्त अध्याय है क्योंकी अ.११ में कुमार लीला के पश्चात पौगंडलीला का अनुसंधान अ. १५ में प्राप्त होता है। अ.१३ की 'कौतुकलीला' है, जिसमें भगवान की नाभिकमलमें से जन्मे हुए अजन्मा ब्रहमाजी भगवानकी परिक्षा करतें हैं लेकिन अंतमें भगवान के शरण में आते है। (स्कं१०/१३-१४) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४७) 🌺

🌺 भगवान ने ब्रहमाजी द्वारा गोपबाल बछड़े चुराने पर उन्हें छुडाया नहिं, पर आत्मसृष्टि उत्पन्न कर वे स्वयं ही वत्स, बालक आदि रुप धारण किये। वर्ष के बाद भगवानकी यह कौतुकलीला देखकर ब्रहमाजी मुग्ध - मुर्छित होगये। 🌺 (स्कं.१०/१३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४८) 🌺

🌺 भक्ति कल्याणकल्पतरु जैसी है,जिससे ईच्छित सबकुछ प्राप्त होता है। ज्ञान भी भक्तिका अंगभुत है।जो भक्तिको छोड़कर केवल स्वरुपज्ञानके लिये प्रयास करतें हैं, उनका प्रयत्न निष्फल हि रहता है। 🌺 (१०/१४) 🌺

🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०४९) 🌺

🌺 भगवत्कृपासे मनुष्य कृतार्थ होता है, तबतक अपने कर्मोके फलरुप सुख-दु:ख भुगतनेका विकल्प नहीं है। सुखमें असंयमित नहीं होना चाहिए न दु:खमें डूब जाना चाहिए। दोंनो स्थितिमें मन-वाणी-देहसे भगवद् शरणागति स्वीकारनी चाहिए। 🌺 (स्कं.१०/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०५०) 🌺

🌺 सामान्य मानवी अपनी भूल छुपानेकी / उसका बचाव करनेकी कोशिश करता है, लेकिन ज्ञानी और भक्त उसे जाहीर कर माफी मांगते हैं। अपने दोष छुपाना दोष करनेसे ज्यादा अनुचित है। ब्रह्माजीने अत: भगवान से क्षमा-प्रार्थना की ।🌺 (स्कं.१०/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (१०५१) 🌺

🌺 भक्तोके बीच सत्संगका-भगवद्भजनका लाभ प्राप्त होना महाभाग्यरुप है। विजातियोका संग भक्तोके लिये दुःखदायक होता है। भगवद्भक्तको समानस्वभाववाले भक्तोके साथ भजन करनेमें हि आनंद आता है, क्योंकी उससे उनके भावका पोषण होता है, भक्तिकी वृद्धि होती है। 🌺 (स्कं.१०/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०५२) 🌺

🌺 ब्रह्माजीको भी कमलासन स्थित होनेसे व सृष्टिके सर्जनकार्यसे ज्यादा कृष्ण-चरणकमलकी सेवा उत्तम लगी। अधिकारसे दास्यकी महत्ता समझायी। देव/ ऋषि संगसे भक्तसंग महाभाग्य रुप लगा। 'अज' रहनेसे भक्तरुप जन्मकी कामना हुई। 🌺 (स्कं. १०/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०५३) 🌺

🌺 जीव जब कृष्ण का दास बनता है, तब उसे अभय प्राप्त होता है। शरणागतको आनंदका दान देने हेतु भगवान लौकिक अनुकरण करतें हैं। वेदगर्भ ब्रह्माजीको भी भगवान का वैभव और स्वरुप मन-वाणी-देहका विषय नहीं, उससे पर है। 🌺 (स्कं.१०/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०५४) 🌺

🌺 स्नेह स्वात्मनिष्ठ है। जीवमें भगवदंश होनेके कारण सहज स्नेह होता है। लोगोको देहसंबंध के कारण सब प्रिय लगतें है, अपनेपनमें प्रेम स्पष्ट दिखता है, फिरभी "अहं" रुप देह में जितनी प्रीति होती है उतनी "मम" रुप संतानमें नहीं होती। अत: देह जीर्ण होते हुए भी जीने की प्रबल इच्छा रहती है। 🌺 (स्कं.१०/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत- चिंतन (१०५५) 🌺

🌺 अमृतरुप आत्माका दर्शन वह अनुभव सबको नहीं मिलता। सामान्य लोग तो संसारमें आथडतें है, संपत्ति, संतति, सत्ता, और सलामती के लिए प्रयास करतें मरते हैं। करोड़ो में से किसी को हि अमृत्व प्राप्त करनेकी, प्रभुप्राप्तिकी ईच्छा होती है। 🌺 (स्कं.१०/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०५६) 🌺

🌺 जगत की रक्षाके काज सर्वके आत्मारुप श्रीकृष्ण प्रादुर्भूत हुए हैं। मायासे मानव-सम लगते हैं लेकिन वे साक्षात परब्रह्म ही है। कृष्ण सर्वरुप है। जगत उनका हि दूसरा रुप है। कृष्णको जान लेनेसे अन्य कुछ जानना शेष नहिं रहता। 🌺 (स्कं.१०/१४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०५७) 🌺

🌺 अ.१२-१४ प्रक्षिप्त है।अ.५-११ के ता.प्रमाण प्रकरण में भगवान ने पुतनामोक्षलीला द्वारा भक्तोकी आधिभौतिक-अविद्या दूर करने के बाद अ.१५-२१ की ता.प्रमेय प्रकरण में, उनकी आध्यात्मिक-आधिदैविक अविद्या दूर की है। 🌺 (स्कं.१०/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०५८) 🌺

🌺 ईस पेटा-प्रकरणमें भगवानने धेनुकासुर वध द्वारा देहाध्यास, कालियनिग्रह द्वारा ईन्द्रियाध्यास, प्रथम दावाग्निपान द्वारा प्राणाध्यास, प्रलंभवध द्वारा अंत:करणाध्यास, और दूसरे दावाग्निपान द्वारा स्वरुप विस्मृति दूर की है। 🌺 (स्कं.१०/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०५९) 🌺

🌺 प्रमाण प्रकरणमें पांच वर्ष तककी बाल्यावस्थामें भगवानने अनेक निर्दोष लीलाओ द्वारा भक्तोका निरोध किया। प्राणहारक पय:पान करानेवाली पूतना का प्राण हरकर उसे मोक्ष प्राप्त करवाया, कोमल चरणके स्पर्शमात्रसे शकटभंजन किया, तृणाव्रतवध कीया, अपने मुखमें माताको विश्वदर्शन कराया, दामोदर लीला की। अब भगवानने पौंगंडवयका स्वीकार कर जो लीलाएं की उनको इस प्रमेय-प्रकरणमें निरुपित की गई है। 🌺 (स्कं.१०/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०६०) 🌺

🌺 भगवान वेणुनाद करते हुए व्रजलक्ष्मीके साथ विहार करनेकी ईच्छासे पुण्यभूमि वृंदावनमें पधारतें है। वेणु ब्रह्मानंद और विषयानंद जिसके आगे अणु-सम तुच्छ लगे ऐसी है। ब्रह्मानंद ईन्द्रियसे पर मुक्तिसुख देता है, विषयानंद ईन्द्रियसुख देने वाला हैं। वेणु उन दोनोको भूला दे ऐसा परमानंद प्रदान करती है। 🌺 (स्कं.१०/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०६१) 🌺

🌺 वृंदावनके वृक्ष देवरुप है, वेदात्मक स्वरुप बलराभजी देवश्रेष्ठ है, भूमिभार हरनार संकर्षण रुप भी है, तमोगुण के नियामक है। भगवान ने उन्हें गुणाधिकार दीया है। अत: वृक्ष उनके चरणमें मस्तक झुकाकर नमन करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन ((१०६२) 🌺

🌺 मुनीरुप भ्रमर सर्वलोकको पावन करनेवाला भगवान के तीर्थरुप यश: का गान करनेवाले सेवक है। दंडकारण्य के

जो मुनीगण गोपीरुप नहीं हो सके हैं, वे भ्रमर होकर, दासत्व स्वीकार कर भगवान के गुणगान करतें हैं। 🌺 स्कं.१०/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०६३) 🌺

🌺 धेनुकासुर लिंगशरीरात्मक देहाध्यास रुप है, जिसका वध करके भगवानने व्रजजनोका देहाध्यास दूर किया है। भगवत्सानुभावसे सबकुछ विस्मृत हो जाता है, वह अध्यास-निवृत्ति है। 🌺 (स्कं.१०/१५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१०६४) 🌺

🌺 कालियदमन लीला कृष्ण, कृष्णा, कृष्णसर्पकी कथा है। कृष्ण भगवान, निर्दोष, कृपापूर्ण है ; कृष्णा भगवदिय, विषदुषित, क्लिष्ट है ; कृष्णसर्प कालिय-काल, दुषित करनेवाला, क्लिष्टकर्मा है। 🌺 (स्कं.१०/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०६५) 🌺

🌺 भगवान की सभी लीला षडगुणयुक्त है। सर्वत्र लीलामें अधिकता होती है, स्वतन्त्र लीला है। लौकिक लोगोकी बुद्धि वश करने हेतु प्रभु गोपाल रुपसे ईन्द्रिय-विषयरुप होकर कालिय-मर्दन लीला की है। 🌺 (स्कं.१०/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०६६) 🌺

🌺 भगवद् अवतार दुष्टोको दंड देने हेतु हुवा है। दंड योग्य, अधिक या अल्प देनेमें प्रभुकी ईच्छा हि नियामक होती है। प्रभु सबके आत्मारुप होनेसे किसीको दु:ख देने के लिए दंड नहीं देते, वे हित करने हेतु दोषोका दमन करतें हैं। 🌺 (स्कं. १/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०६७) 🌺

🌺 भगवानके चरणकमलकी रजके शरणमें आनेवाले भक्त, स्वर्ग, सार्वभौम साम्राज्य, ब्रह्मस्थान, रसाधिपत्य, योग, अणिमा आदि सिद्धिया अथवा मोक्ष इत्यादि फल की कामना नहीं करतें हैं। 🌺 (स्कं. १०/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०६८) 🌺

🌺 भगवान कृष्णने कालियनिग्रह करके कृष्णाको निर्दोष किया और स्वभक्तोका आध्यात्मिक ईन्द्रियाध्यास निवृत्त किया। निग्रह दोष का होता है, दोष-विषय विषरुप है। कालिय दुष्ठ-ईन्द्रिय रुप है। विषरुप विषयपूर्ण ईन्द्रियां मृत्युरुप है। 🌺 (स्कं. १०/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०६९) 🌺

🌺 भगवानने धेनुकवधसे तनुनवत्व और कालिय निग्रह करके ईन्द्रियनवत्व किया है, जिससे संसारासक्ति-विषयासक्ति दूर हुई। ज्ञानमार्गमें ईसके लिए देहत्याग करना जरुरी है, कृपापूर्ण भक्तिमार्गमें भगवत्संबंधसे निर्दोष

होकर भक्त कृतार्थ होता है। 🌺 (स्कं.१०/१६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७०) 🌺

🌺 कृष्ण कृपालु है, शरणमें आनेवालोको स्वजन समझतें है। वनमे दैत्य द्वारा प्रकट कीये गये दावाग्निका पान करके व्रजजनोकी रक्षा की। अग्नि क्षुधारुप है, क्षुधा प्राणधर्मरुप है। दावाग्नि पान कर भगवानने भक्तोका प्राणाध्यास दूर कीया। 🌺 (स्कं.१०/१७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७१) 🌺

🌺 भगवान अवतारकालमें गोपालके रुपमें गुप्तवेश धारण कर बिराजते है। लीलाके लिये वे प्राकृतभाव को स्थापित कर स्वेच्छया मनुष्यभाव स्वीकारतें है। भगवान भक्तोके क्लेश / दोष स्वयं अथवा अन्य द्वारा दूर करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७२) 🌺

🌺 भगवान विभिन्न लीला द्वारा भक्तोके लौकिक भाव दूर करके उनके अंत:करणके दोष दूर करतें हैं। लौकिक कार्य भी प्रभु प्रसन्नताके लिए करनेसे अलौकिक हो जातें हैं। भक्तोके निरोध के लिए वस्तु, क्रिया इत्यादि में प्रभुके प्रवेशसे वे भगवद्रुप होते हैं। 🌺 (स्कं.१०/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७३) 🌺

🌺 देह के सुखकी चिंता आसुरभाव है और अंत:करणकी असावधता-जडता प्रमाद है। प्रभुकार्यमें प्रमाद प्रभुप्राप्तिमें विध्नकर्ता है। वही 'प्रलंभ' का स्वरुप है। भगवान ने बलरामजी द्वारा प्रलंभासुरका वध करके व्रजभक्तोका 'अंत:करणाध्यास' दूर किया है। 🌺 (स्कं.१०/१८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७४) 🌺

🌺 मानव लोभवश जीवनकी उलझनमें फंसता है। छल, असत्य, व्यर्थव्यवहार, ईर्षा, लोभ, स्वार्थ ईत्यादिके कारण सुख-चैन स्वप्नवत् हो जाता हैं। वह प्रभुसे विमुख बनता है, और संसारासक्त बन जाता है। यही जीवन-वनमें दावाग्नि समान है। 🌺 (स्कं.१०/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७५) 🌺

🌺 आपत्तिके समयमें न चिंता करनी चाहिए, न व्यर्थ प्रयास, बल्कि दृढभावसे दीनतापूर्वक प्रभुकी शरणागति करनी। भगवान ने दावाग्निपान करके गोवालोकी अवज्ञाके कारण उत्पन्न आत्मविस्मरणरुप दोष - 'स्वरुपविस्मृति' दूर की है।🌺 (स्कं.१०/१९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७६) 🌺

🌺 सूर्य प्रजापति है जो अपनी किरणोसे पिया हुवा जलरुप धन 'वृष्टि'के रुपमें पून: परत देता है, जिससे अन्न पेदा होता है जो प्रजाका पोषण करता है। 'वृष्टि' की तरह भगवान की 'पुष्ठि' का भी समान धर्म है, वेस्वयं ही बरसते है।🌺 (स्कं. १०/२०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (१०७७) 🌺

🌺 जब समग्र प्रकृति आल्हादक - प्रफुल्लित हुई है तब श्रृंगाररसरुप वसन्ताधिपति मधुपति श्रीकृष्ण क्रियाशक्तिरुप गोपो व ज्ञानशक्तिरुप बलरामजीको संग लेकर गोचारणके लिए पधारतें है और सुंदर लीलोपयोगी वृंदावन को देखकर वेणुकूजन करतें हैं। 🌺 (स्कं १०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७८) 🌺

🌺 भगवान के वेणुनाद से ध्वनि व शब्द दोनों निकलते हैं, जिसका श्रवण करके गोपीजनो को ह्रदयमें रस का अनुभव हुआ। अत: उन्होंने लीलाविशिष्ट भगवद्रुप वेणुगीतका आरंभ किया। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०७९) 🌺

🌺 वेणुकूजन श्रवण कर व्रजमें स्थित गोपीजनोने कृष्णसंग का अनुभव किया, उनमें आधिदैविक स्मर प्रकट हुवा, जिससे कुछ मुर्छित हुइ। स्वमानशील-व्यसन गोपीजन परोक्षमें प्रभुके गुणोका अनुवर्णन करने लगी। वही वेणु गीत है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०८०) 🌺

🌺 भगवान के वेणुमेंसे निकलते अद्भूत ध्वनि व शब्द रसका लीलाविशिष्ट अनुभव ही स्वरुपात्मक है जिसके श्रवणसे हि मनोविक्षिप्त होने के कारण गोपीजनें उसका वर्णन नहीं कर शकी। अत: वह श्रीशुकदेवजीने "बर्हापीडं....." श्लोकमें किया है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१०८१) 🌺

🌺 मयुरपिच्छ मुकुट, कर्णमें कर्णिकार पुष्प, पित-पितांबर, वैजयंतिमाला, और अधर पर वेणु धारण कर वेणु-सुधा प्रसारित करते हुए, गोपवृंदसे घीरे, 'नटवर वपु' है जिनका, ऐसे भगवान कृष्णने अपने चरणविहार रुप वृंदावन में प्रवेश किया।🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०८२) 🌺

🌺 भगवानको निर्विकार, निर्विषयी भक्त प्रिय है, अत: वे मस्तक पर मयूरपिच्छ-मुकुट धारण करतें हैं। रसमत्त कृष्ण भक्तको रसदान करनेके लिये मोरपिच्छ तीरछा धरते है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०८३) 🌺

🌺 भगवान 'नटवर वपु' है, 'नट' वत् जो केवल रसका अनुभव कराता है, और 'वर' वत् जो धर्मसहित रसका अनुभव कराता है। विप्रयोग 'केवल रस' है, जो प्रकट अनुभव नहीं कराता, लेकिन सभी पदार्थ प्रकट होकर अनुभव करावे वह धर्मसहित 'संयोग रस' है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०८४) 🌺

🌺 भितर बिराजते भगवानसे ज्ञानीओको सुख मिलता है, भक्तोको नहीं, उन्हें तो पर्यटक प्रभु चाहिये। हरदयमें

बिराजते न प्रभुका अनुभव मनसे होता है, प्रकट प्रभुका अनुभव गोपीजनोकी तरह सर्वेन्द्रियसे किया जाता है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१०८५) 🌺

🌺 भगवान ने कानोमें कर्णिकार का पुष्प धारण किया है, जो श्रृंगार रस उद्दिपक है। श्रृंगार रसके दो भेद है - १.संयोगात्मक, जिसमें प्रियजनके वचन श्रवणसे, और २. विप्रयोगात्मक, जिसमें प्रियजनके गुण श्रवणसे, कर्ण द्वारा अनुभव होता है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (१०८६) 🌺

🌺 भगवान वेणुके रन्द्रोको अपनी अधरसुधासे पुरित कर गुणरुप बनाते हैं, जो तीन प्रकारकी होती है १. देवभोग्या - क्रीडा परायण देवों के भोग्य, २.भगवद् भोग्या - मुख्य लीला में भगवान की भोग्या, ३.सर्वाभोग्या - सर्वके लीये जो भोग्य नहीं हे। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०८७) 🌺

🌺 रासलीलामें भगवान भक्तोमें स्थित सुधाका अनुभव करतें हैं, फीर रस प्रबलताके कारण भक्त साक्षात् उच्छिष्ट भगवत्सुधा रसपान करतें हैं। वेणुगीत प्रसंगमें वे वेणु द्वारा अधरसुधा का पान कर्णोके द्वारा प्राप्त करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०८८) 🌺

🌺 वेणुकूजनमें वेणुको अधरसुधाका साक्षात् स्पर्श नहीं होता, वह नाद द्वारा संबद्ध होकर व्रजभक्तोके कर्ण द्वारा उनके हलदयमें प्रवेश करता है, जहां सर्वेन्द्रियके विविधरसभावरुप प्रवाहकी तरह शब्द वेणुगीतके रुपमें मुखसे प्रकट होता है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१०८९) 🌺

🌺 भगवान ने सभी व्रजवासीओको वैकुंठ दर्शन कराके ब्रहमानंदका अनुभव करवाया। पून: अपनी लीलाका का अधिक आनंद प्राप्त कराने हेतु उन्हें व्रजमें स्थापित कर उनमें अपनी प्रसादरुप शक्तिका प्रवेश कराकर रसलीलायोग्य स्त्रीत्व प्रदान किया है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०९०) 🌺

🌺पुरुष अन्योपभग्य व स्वोपभोग्य न हो सके अतः रसानुभवकी प्राप्ति करने हेतु दंडकारण्य के ऋषि कुमारिकाए हुई, जिन्होंने भगवानकी आधिदैविक तामसशक्ति कात्यायनी देवी की आराधना की। भगवाऩे अत:, स्वरुपसे अधरामृतपान कराने हेतु वृंदारण्यमें प्रवेश किया। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०९१) 🌺

🌺 जो गुण में आसक्त होते हैं, वे गुणशीलमें आसक्त होते ही हैं। प्रेमके बाद आसक्ति होती है, अत: 'प्रमाण प्रकरण' मे प्रेम का निरुपण कर 'प्रमेय प्रकरण' में आसक्ति बताई है। जबतक प्रभु कृपा न करे, उनके स्वरुप, गुण व लीला

कीसी साधनसे जाना नहीं जा सकता।🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०९२) 🌺

🌺 वैराग्य, सांख्य, योग, तप: और भक्ति 'पंचपर्वा' विद्या है, जो लीला के जीवोके लिए क्रमश: १.कृष्णके अलावा अन्यत्र रागका अभाव, २. पुरुषोत्तम के रसात्मक स्वरुपका ज्ञान, ३.चित्त प्रभुमें एकतान, ४.भगवद् विरह का संताप और ५. सर्वपुरूषार्थोकी इच्छारहित भगवदासक्ति को कहते हैं। 🌺 (स्कं १०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०९३) 🌺

🌺 व्रजस्त्रीओके हलदयमें वेणुनाद के द्वारा पुरित भाव गूढ-सर्वाभोग्या है। कृपामार्गमें वह स्वामाविक मुख्य फलरुप है। वह कृष्ण-स्वरुप है। लीलामें वेणुनाद मुख्यहै, अत: गोपीजनोने वह श्रवण कर गान द्वारा वेणु गीत में वर्णित किया है। 🌺 (स्कं १०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०९४) 🌺

🌺 स्रीभावमें दो संभावना होती है, 'पत्नीभाव' - मर्यादा, जो प्रकट होता है, 'प्रियाभाव - पुष्टि, जो गूढ़ होता है। रसोद्रेकमें प्रभु 'प्रियाभाव' प्रकट करते हैं। भगवान भक्तवश - स्वाधीन होते हैं, अत: भक्त इच्छानुसार भगवद्रसका अनुभव करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०९५) 🌺

🌺 वेणुनाद को "वेणु रव" कहा है। 'र' वियोग सूचक और 'व' संयोग सूचक है। भगवान वनमैं है, 'वेणुगीत'का वर्णन करनेवाले गोपीजन व्रजमें है, जिन्हे देह से 'वियोग' है, लेकिन वेणुनाद के श्रवण द्वारा स्वरुप ह्रदयमें पधारनै से 'संयोग' अनुभव होता है। उभय के अनुभव से हि 'कृष्ण' का साक्षात्कार होता है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१०९६) 🌺

🌺 'वेणुगीत' श्रीगोपीजनोको प्रमेयबलसे प्राप्त भगवद् रुप वेणुनाद का किया गया अनुवर्णन है, जिसमें पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण जो काल से पर, नित्य है, उनके स्वरुप, गुण, लीला आदि बताते गये है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०९७) 🌺

🌺 श्रवण-कीर्तन-स्मरण पुष्टिभक्तिके अंगरुप है, जो वेणुगीत में प्रकट होता है। भगवान स्वयं कृपा करके वेणुनाद द्वारा 'श्रवण' करातें है, गोपीजन उत्कट प्रेममग्न होकर उसका अनुवर्णन-'कीर्तन' करतें हे, वह दृढासक्तिके प्रभावसे सानुभाव रुप 'स्मरण' हो जाता है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०९८) 🌺

🌺 "अक्षण्वतां....."श्लोकमे सुचित है की भक्तिमार्गमें रसात्मक भगवानका अनुभव सर्वेन्द्रियसे होता है। भगवद् स्वरुप हि फलरुप है। अत: वाणी, नेत्र, भुजा, कर, त्वक्, रसना, भोगेन्द्रिय, पायु, कर्ण, नासिका,चरण और मनसे

भगवान का रसास्वादन बताया है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१०९९) 🌺

🌺 भक्तकी सर्वेन्द्रिय मधुपतिके मधुर रसास्वादका आनंद लेती है। मोक्षमें इन्द्रियोका उपयोग विफल होता है, आनन्द परिमित है, जबकी लीला में कृष्णसंबंधसे अपरिमित प्रकट परमानंद प्राप्त होता है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११००) 🌺

🌺 सर्वमां आत्मभाव-भगवाननो भाव मर्यादामार्गीय सर्वात्मभाव है, जिसमें ज्ञान मुख्य है। आत्मारुप भगवानमें भक्तिके कारण अभेदानुभव, पदार्थमात्रमें पुरुषोत्तम की स्फुर्तिसे सर्वात्मभाव शुद्धपुष्टिमार्गीय है, जिसमें प्रेमकी मुख्यता है। 🌺 (स्कं १०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११०१)🌺

🌺वृंदावनमं प्रवेश करते समय भगवान गायों के पीछे समवयस्क सखा - गोपोके संग चल रहे हैं। कहीं उनके पीछे भी चलतें है। भगवान के पीछे भक्त चले, अनुसरण करें, वह मर्यादा, भगवान भक्त का अनुसरण करें, यह पुष्टि है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११०२) 🌺

🌺 वेणुगीत रसात्मक वाक्य काव्य है। उसके श्रवणसे श्रोताको रसानुभव होता है। वैसे गोपीजन को तादृशवर्णन से रसानुभव होता है। यह रस पल्लवरुप है, जो रसरुप फल का अनुभव कराता है। 🌺 (स्कं१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११०३) 🌺

🌺 जैसे आम के वृक्षको प्रथम पल्लव के बाद फल लगतें है जो पकने पर रसपूर्ण होते है, वैसे ही आगे रासमें रसरुप फल-स्वरुपानंद के साथ रुप अधरसुधाके अनुभव का संकेत 'चुतप्रवाल' - 'भगवान ने पल्लव धारण किया' से दिया है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११०४) 🌺

🌺 तामस-प्रमाण प्रकरणमें प्रेम उत्पन्न होने के बाद प्रमेय प्रकरणमें आसक्ति हुई है। जैसे कलीमें रस,रुप, गंध होते हुए वे प्रकट नहीं होते, वैसे आसक्तिमें कटाक्ष-स्मित-आलाप आदि अस्पष्ट होता है। ईसके संकेत रुप प्रभुने कली सदृश्य मयुरपिच्छ धारण किया है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (११०५) 🌺

🌺 दर्शन - स्पर्श आदिसे लोकमें रस प्रकट हो जाय तो रसाभास होय, अत: भगवान ने मायारुप पिताम्बर धारण किया है, जिससे रस सुरक्षित रहे। फलरुप रसका अनुभव भगवान ने फल-प्रकयणमें (रास में) व्रजभक्तोको करवाया है। (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११०६) 🌺

🌺 भगवान गोपीजन वल्लभ है, वे गोपीजन के स्नेह-पासके बंधनके कारण उनके वशमें है। उन्होंने वेणु अपने अधर पर धारण की है। गोपीजन रसज्ञ है, भगवान की 'सर्वाभोग्या - अधरसुधा का आस्वाद लेना उनका ही अधिकार है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११०७) 🌺

🌺 स्रीभाव के दो प्रकार हैं, 'पत्नीभाव' और 'प्रियामाव'। मर्यादा में पत्नीभाव है जो प्रकट होता है, और पुष्टि में प्रियाभाव है जो गुढ होता है। रसोद्रेकमें प्रभु भी प्रियाभाव रखतें हैं, जो पुष्टिमार्गीय स्त्रीगूढभाव है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११०८) 🌺

🌺 श्रुति-वचन "विविध रसभोगचतुर ब्रहम के साथ वह सर्वकामका भोग करतें है", अनुसार भक्त मुख्य है, भगवान गौण बनतें है। भगवान भक्तो के भाव वश होतें है। भक्त कृष्णवश होय, वह मर्यादा ; भगवान भक्तवश - स्वाधिन होय, वह पुष्टि है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (११०९) 🌺

🌺 'वेणुरव' गोपीजन के मनको हर लेता है। भगवान वनमें है, नादवर्णन करनेवाले गोपीजन व्रजमें है। शरीर से वियोग है, लेकिन स्वरुप ह्रदयस्थ होनेसे संयोग है। उभय के अनुभवसे श्रृंगार रुप कृष्ण स्पष्ट होते है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१११०) 🌺

🌺 प्रमेयबलसे भगवद्रुप वेणुनाद का वर्णन गोपीजनोने भगवान कालातित नित्य होने से तेराह श्लोकोमें कीया है जिसमें उनके स्वरुप, गुण, लीला द्वारा पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण भगवान है यह स्पष्ट कीया है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११११) 🌺

🌺 गीत गोविंद का, गोपीजन ने गाया, सुधा श्रीकृष्णकी, स्वान्तसंवेदना स्वामिनीजीओकी, सुधालाभ प्राप्त हुवा वेणुनाद द्वारा, अत: 'वेणुगीत'। स्वरुपयोग्यता का संपादन भगवान ने वेणुनाद द्वारा करवाया है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१११२) 🌺

🌺 "अक्षण्वतां फलमिदं....." से ह्रदयके मनोरथ का फल समझा दिया है। भक्तिमार्गमें रसात्मक प्रभुका अनुभव सर्वेन्द्रियसे होता है क्योंकी भगवान का स्वरुप ही फलरुप है। यहां मात्र नेत्रसे दर्शनका तात्पर्य नहीं है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१११३) 🌺

🌺 सर्वमें आत्मा-भगवान का भाव मर्यादामार्गीय है। भगवद् विषयक, उपाधिरहित, शुद्धस्नेह, भगवानमें प्रेम-सर्वभाव आत्मारुप भगवान में भक्तिसे अभेदानुभव, पदार्थ मात्र में पुरुषोत्तमकी स्फुर्ति होने से श्रृंगार-रसप्रगाढ सर्वात्मभाव शुद्धपुष्टिमें है। 🌺स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१११४) 🌺

🌺 वेणुनाद के श्रवण से सत्पुरुषोको भगवद्भाव होनेसे रोमांच होता है। नदी, लता, वृक्ष,आदि को भी 'देवभोग्या' सुधाका संबंध होता है, अन्यथा लीला संभवे नहीं। भक्तवश भगवान भक्तमनोरथ पूर्ण करने हेतु सबकुछ करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१११५) 🌺

🌺 भगवान के चरणकमलकी शोभा-प्राप्त वृंदावन की भूमि का यश बढा है, क्योंकी ये चरण लोकवेदातीत पुष्टि-पुरुषोत्तम के है। अत: यह शुद्धपुष्टिलीला है। लीला में जहां पुष्टिभक्ति प्रकट होय, वहीं ही इन चरणों का आविर्भाव होता है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१११६) 🌺

🌺 वृंदावनभूमि पर भगवानके चरणकमलके ध्वज, वज्र आदि चिन्ह अंकित होने से सौभाग्य युक्त हुई है। भक्तिमार्गमें चरण मुख्य है। ये तो प्रभुके चरणकमल है, जो संसार के सर्वसंताप दूर करतें हैं। 🌺 (स्कं १०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१११७) 🌺

🌺 मूढमति हरिणीओको वेणुरव श्रवण कर संवेदना हुई है। उनके संगमें 'कृष्णसार' कृष्ण जिनका साथ है, वे कालीयार मृग भी है। उन्होंने स्नेहपूर्ण प्रणयावलोकनसे प्रभुका पूजन किया है। मूढमति पशु द्वारा पूजन भगवान के ऐश्र्वर्य का सुचक है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१११८) 🌺

🌺 आकाशमें विमानस्थ, शणगार सजी हुई अप्सरायें भी वेणुनादके श्रवण द्वारा सदानंद कृष्णके दिव्यदृष्टिसे दर्शन करके मोहयुक्त - मन मुग्ध हुई, मुर्छित हुई। साथमें पति होते हुए विवेक चुक गई, प्रभुप्राप्तिकी स्पृहा हुई। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१११९) 🌺

🌺 अमृतसम वेणुनाद के श्रवणसे वनमे गायों के दो◌ंना जैसे कान छलकने लगे, बछड़े जो पय:पान कर रहे थे उनके दुग्धके घुंट गले में हि अटक गये, गाये स्थिर हो गयी व उनके नेत्रोमेंसे हर्षके अश्रु श्रवित होने लगे, क्योंकि गोविंद स्वयं उनके हृदयमें पधारे हैं। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२०) 🌺

🌺 प्रभुका प्राकट्य सुनकर मुनि वृंदावन में पक्षी होकर आते हैं। उन्होंने भी कृष्णके दर्शन करते हुए मधुर वेणु गीत सुना। वेणु बजाते प्रभु दूर पधारे तब पक्षी साथ न गये, बेठे रहे, क्योंकी उडनेके आवाज से रसभंग होता, अतः वे आंखें मूंद कर मौन रहे। 🌺 (स्कं १०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२१) 🌺

🌺 पक्षीरुप मुनिओं वृक्षकी डाली पर बेठकर मधुर नाद का आस्वाद लेते हैं। उन्होने आंखें मुंद रखी है व मौन धारण किया है, जिससे वृक्षकी कोमल कूंपल खानेकी लालसा न हो। वृथास्वाद वृथावादसे दूर रहने पर हि भगवद् रसका आनंद प्राप्त होता है। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२२) 🌺

🌺 वेणुनाद की असर सरकनेका स्वभाववाली सरिता पर भी हुई है। मोक्षदाता मुकुंद के गीतका श्रवण करके उसके जलमें वमल होने लगे जैसे मुर्छा आती हो। मुरारिके चरणस्पर्श से नदीकी अविद्या नष्ट होने से वह आनंदित हुई। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२३) 🌺

🌺शरदके तापमें विचरते हुए मेघश्यामका वेणुवादन सुनकर मेघ भी प्रभावित हुवा है। वेणुनाद द्वारा प्रभु सभी के आधिदैविक रुपोका उद्दीपन करतें है। वे ज्ञान-क्रिया-सर्वशक्तिओके साथ विहार करतें है। अत: मेधने भगवान के छत्ररुप होकर छाया की। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२४) 🌺

🌺 पुलिन्दियां भी कृष्णके पदप्रभावसे पूर्ण हुई है। लक्ष्मीजी प्रभुके चरणके अनुराग से उन्हें समर्पित हुए हैं। उनके संबंध युक्त दिव्य कुंकुम भगवान के चरणारविन्द से तृणके पर लगा है, जिसे पुलिंदीओने अपने ह्रदय पर लगाकर सौभाग्य का अनुभव किया। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२५) 🌺

🌺 भगवद् भक्तके संगसे भगवान मीलतें है। पुलिंदीओको गुणातित 'हरिदासवर्य' श्रीगिरिराजजी का सत्संग प्राप्त हुवा है। वे निर्धन होते हुए गोधन सह पधारे हुए प्रभुका पानी, दुब का आसन व कंदमूल प्रदान कर सादर सत्कार करतें हे।🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२६) 🌺

🌺 सर्वरस-भोक्ता भगवान विरुद्धधर्माश्रयी है। पुलिन्दीओको लक्ष्मीसमान सौभाग्य दीया और गिरिराज पर्वतके कंदमूल अंगीकार किये। ग्वालो के संग वनमें गायोको चलाते हुए भगवान वेणुनिनाद करतें है, जिनके शब्द मधुर, अव्यक्त है, सभीको प्रभावित करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/२१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

भागवत - चिंतन (११२७) 🌺

🌺 प्रमाण-प्रमेय प्रकरणोमें क्रमश: प्रेम-आसक्ति रुप निरोध का निरुपण करके अ.२२में अविहित-स्वतंत्र-प्रेम के

कारण भक्तो को स्फुरित साधन, द्वारा निरोध का वर्णन कीया है, जहां साधन स्वयं, कृष्ण बने है। ईसिसे भगवान में व्यसन होता है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२८) 🌺

🌺 जैसे व्यसनी व्यसनकी वस्तु बिना नहीं रह सकता, वैसे हि, बिना भगवान, भक्त नही रह सकता। देहादि सर्वसंकोच त्यागकर प्रभु-प्राप्तिके लिए प्रयत्न करें, वह 'व्यसनी' कहलाय। सर्वव्यसन विपत्ति बढाता है, 'कृष्ण व्यसन' कृतार्थ करता है। (स्कं. १०/२२) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११२९) 🌺

🌺 ब्रह्मानंद का अनुभव विद्यासे होता है। मर्यादामार्गमें वैराग्य - सांख्य - योग - तप: और भक्ति ये पांच विद्याके पर्व है। लेकिन पुष्टि-साधनमार्गमें स्वतंत्र विद्या बतलाई गई है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११३०) 🌺

🌺 कुमारिकाओं ने कृष्णकामनासे परंपरानुसार प्रभुसेवनरुप कात्यायनी पूजन-कर्म किया है। वह लोकानुसारि-कर्मरुप विद्या है। लोकमें प्रियकी प्राप्ति दूतिका द्वारा की जाती है। दूतीको द्रव्यादि से संतुष्ट किया जाता है, जो कुमारिकाओं ने किया है। 🌺 (स्कं१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (११३१) 🌺

🌺 कृष्णकामनासे कुमारिकाओने कात्यायनी-व्रत किया, जिसमें लौकिक भाव है, लेकिन वह लौकिक भावको त्यागकर उन्होंने भगवद् आज्ञानुसार वह सबकुछ किया। ईसीका परिणाम-स्वरुप उन्होंने भगवन्प्रसन्नता और परमफल कीप्राप्ति हुई। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११३२) 🌺

🌺 गोपीजनो के दो प्रकार है - एक 'श्रुतिरुपा', जिनका मंत्रोके अभिमानी देवरुप गोपोके साथ विवाह संस्कार हुवा है, उन्हे 'अन्यपूर्वा' कहा है, और दुसरा 'ऋषिरुपा', जो कुमारिकाएं - अविवाहित है, उन्हे 'अनन्यपूर्वा' कहा है। श्रुति व देवरुप गोप प्रभुके ही अनन्य है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११३३) 🌺

🌺 भगवदनुकुल अन्यपूर्वा (श्रुतिरुपा) गोपीजनोका विवाह-संस्कार हुवा है जो रसरूप भगवान के रसानुकुल संबंध के लिये जरुरी है, क्योंकि रसशास्त्रकी मर्यादानुसार परकीयाभावमें विशेष रसानुभव होता है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११३४) 🌺

🌺 अनन्यपूर्वा - ऋषिरुपा कुमारिकाओं में रसशास्त्रानुकुल स्वकियाभाव है। उनके संस्कार नहिं हूए है। अत: उन्होने कृष्ण-प्राप्तिके लिए कात्यायनी व्रत किया और भगवान ने चीरहरण लीला द्वारा उनके संस्कार किये। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११३५) 🌺

🌺 पुष्टिमार्गमें भगवद् प्राप्तिके लिए गृहादिका त्याग आवश्यक नहीं, गृहमें रहकर ही प्रभुप्राप्तिके सानुकुल प्रयत्न करने है। जैसे जैसे भगवद्भावमें वृद्धि होती है, लौकिक-वैदिक सभी स्नेहकी स्वाभाविकतासे छुट जाते है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११३६) 🌺

🌺 भगवान कृष्ण की आधिदैविक तामसशक्ति कात्यायनी है, जो तामसभक्तोको और आधिदैविक राजसशक्ति पार्वती राजसभक्तोको प्रभुप्राप्ति कराती है। अंबिका, दुर्गा ईत्यादि भगवानकी आधिभौतिक शक्तियां हैं। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११३७) 🌺

🌺 भगवान की शक्तियां जिनके भिन्न भिन्न नाम है, वे भगवान के वशमें होती है। कात्यायनी व्रतमें कोई स्वतंत्र देवीकी आराधना नहीं है, अत: अन्याश्रय-दोष नहीं है। आधिदैविक स्त्री रुप से भगवान स्वयं ही बिराजतें है, वेही कात्यायनी रुप है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११३८) 🌺

🌺 कुमारिकाओने कात्यायनी देवी का पूजन करते हुए उन्हे १. महाभागा, २. महायोगीनी और ३. अधीश्वरी नाम देकर संबोधन करके 'नन्दगोपके पुत्रको हमारे पति करो' एसी प्रार्थना करते हुए नमन किया है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११३९) 🌺

🌺 "कात्या - अयन"_'यह वचन जिसका है', वह "कात्यायनी"। प्रभु जिस स्त्रीमें अपनी प्रसादशक्ति पधरावे वह कात्यायनी भगवद्रुपा है। आवेशरुप/अंशावतार से नहीं, मात्र पुरुषोत्तम संबंध की कामना से, उन्हीका कुमारिकाओंने व्रत किया है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (११४०) 🌺

🌺 नन्द-यशोदा के पूर्ववतारमें द्रोण-धरा को ब्रह्माजी द्वारा दिए गये वचनको सत्य करने हेतु भगवान उनके पुत्र रुप हुए, अर्थात् वे "नदगोपसूत" हुए, तो हमे दंडकारण्य में दिये हुए वचनको निभाने के लिए क्या प्रभु "पति" रुप नहीं हो सकते हैं ! कुमारिकाओने तर्क कीया। 🌺 (स्कं.१०/२२)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११४२) 🌺

🌺 श्रीयमुनाजीमें नित्य स्नान-पान-गान करने से उनकी कृपा से कुमारिका तीन दोषों से मुक्त रही - १.परस्पर कलह, २.भगवान के साथ कलह, ३. कलिकाल - दोष। नित्य गानादि द्वारा अप्रकट भगवानकी उपस्थिति के कारण उनमें दोषोका अभाव रहा। 🌺(स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (११४३) 🌺

🌺 भद्रकालमें आनंदरत कुमारिकाओ गानमग्न होकर और वस्त्रहिन अवस्थामें नदी में क्रीडारत हुए, जो शास्त्र निषिद्ध है। भक्तिमार्गमें कीर्तनके लिये मौनत्याग, भक्तिमदमें वस्त्रत्याग, भावोद्रेकमे क्रीडा व देहविस्मृति गुणरुप है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११४४) 🌺

🌺 भगवान ने सृष्टिमें दो प्रकारके जीव प्रकट किये है - १.पुरुष स्वभाववाले, जिनमें 'पुरुष' का अंश होता है, २.स्त्री स्वभाववाले, जिनमें 'प्रकृति' का अंश होता है, चाहे उनका देह पुरुष अथवा स्त्रीका हो। अत: पुरुषअंशवाले भगवान से प्रेम करतें हैं, प्रकृतिअंशवाले (स्त्री) नहीं। 🌺 (स्कं.११/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११४४) 🌺

🌺 दंडकारण्यके ऋषियो पुरुष-प्रकृतिवाले भजनरत जीव है, अत: प्रभुको अतिप्रिय है। प्रियका सभी प्रिय ही लगता है। ऋषिरुपा कुमारिकाओमें पुरुषभाव स्थापित करने भगवानने बालक रुपो प्रकट किये। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११४५) 🌺

🌺 कुमारिकाओं को फल प्रदान करने हेतु उनको भजनानंदकी योग्यता देने भगवान अपने भितर रहे हुए गोपबालको को दृष्टि द्वारा उनमें पधराके उन्हें कृतार्थ करनेके लिए जहां वे स्नान कर रही थी वहां पधारे। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११४६) 🌺

🌺 भगवान गोपीजन के वस्त्र लेकर कदंबके वृक्ष जो वैष्णव है, उस पर चढ़ गये, जिससे आसुरभाव नहीं आवे। भगवान ने कुमारिकाओ में स्वविषयक काम स्थापित किया क्योंकि निष्कामपनासे 'कृष्णकामना' विशेष रुपसे कृतार्थ करती है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११४७) 🌺

🌺 कामना कृष्ण जलमें स्थित निर्वस्त्र कुमारिकाओको कामानुसार स्वकाममय वस्त्र लेकर जाने को कहकर उन्हें कामदान और वस्त्रदान कर कृतार्थ करतें हैं। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११४८) 🌺

🌺 भगवद् प्राप्ति होती है - अनन्य भक्तिसे, प्रभुमें प्रगाढ प्रेमसे, सर्वात्मभावसे। यही यथार्थ बल है जो कृष्णकृपासे ही प्राप्त होता है। भगवान ने अबला कुमारिकाओको पास बुलाकर सर्वात्मक - भजनानंदकी योग्यता प्रदान की है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११४९) 🌺

🌺 दास के लिए स्वामीसुखका ही विचार होना चाहिए, स्वसुखका नहीं। जो अपने शरीरसुख का विचार करें वे विमुख

होतें है। उससे दासधर्म खंडीत होता है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११५०) 🌺

🌺 कुमारिकाएं जो पांच वर्षकी निर्दोष बालिकाएं है, वे भगवद्आज्ञासे दासीधर्म समझ कर निर्वस्त्र भगवान के पास आकर उनसे वृक्षरुप वैष्णवके संग प्राप्त अपने वस्त्र ग्रहण किये। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११५१) 🌺

🌺 भगवान ने कुमारिकाओके वस्त्र चुरालिये थे, और निर्वस्रावस्थामें बुलाकर वापिस किये, फिरभी उन्होंने भगवान की असूया नहीं की न उन्हे दोष दिया। प्रियके संगसे उन्हे आनंद ही मीला। प्रतिकुलतामें भी प्रभुका दोष नहीं देखना चाहिए। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११५२) 🌺

🌺 भगवान द्वारा कुमारिकाओमें दृष्टि पुंभाव स्थापित करने से और कृष्णकामरुप वस्त्र पाकर धारण करनेसे उनके देह, ईन्द्रिय, अंत:करण भगवद्स्वरुपात्मक हूए, जिससे उन्हे स्वरुपानंदके अनुभव की योग्यता प्राप्त हुई। 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११५३) 🌺

🌺 भगवान की लीला लोकवत् है, लौकिक नहीं, मोक्षप्रद है। कृष्णमें बुद्धि रहनेसे बुद्धिसमर्पणसे सर्वस्वसमर्पण हो जाय तो भगवत्स्वरुपमें स्थिर हुई बुद्धियुक्त काम कामफल नहीं देता। अत: चिरहरण लीलामें काम का लेशमात्र संबंध नहीं। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११५४) 🌺

🌺 भगवान ने सखाओको पंचपर्वा विद्या दी -१.सबकुछ भगवान के लिये है, २.सर्वत्र भगवान बिराजते है ऐसी समझ, ३. तदनुसार सर्व प्रकारकी सेवा, ४. लौकिक ईच्छाओका अभाव और ५. सर्व प्रयत्नके लिए भगवानको विनंति। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (११५४) 🌺

🌺 सर्वांगसे वृक्ष सर्वोपकार करतें है। उनके पत्र, पुष्प, फल, छाया, मूल, छाल, सूखी लकड़ी, गन्ध, भीतरकी छाल, भस्म, थड और पौधे सब मानवके लिए उपयोगी होतें है। जैसे वृक्षोकी समृद्धि बढ़ती है, वे नम्र होते हैं। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११५५) 🌺यज्ञ

🌺 यज्ञ द्वारा सर्वका श्रेय सिद्ध होता है। जिनका यज्ञात्मक जीवन नहीं होता उनका जीवन व्यर्थ होता है। आजिविकाके लिये अनर्थ आचरण करनेवाला, स्वच्छंद, पापमय तरीकोसे जो जीता है वे निष्फल - निष्प्रयोजन जीवन है। 🌺 (स्कं.१०/२२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (११५६) 🌺

🌺 सत्संग करने से भक्ति सुद्रढ होती है। जब दु:संग छुटे तब सत्संग प्राप्त होता है, और तब भक्तिमें वृद्धि हो कर स्थिर होती है। बिना सत्संग भक्तिमार्ग पर चलना संभव नहीं । 🌺 (स्कं.१०/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (११५७) 🌺

🌺 भोजन के लिये भगवान ने गोपबालको को यज्ञ-कर्म करते हूए कर्ममार्गीय ब्राहमणोके पास भेजे लेकिन दोषबुद्धि से उन्हें साक्षात् परब्रहम पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण को न पहचानने के कारण उनकी अवज्ञा की। (स्कं.१०/२३) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११५८) 🌺

🌺 छीपमें रजतकी भ्रांति होना 'निरुपाधिक भ्रम' है। छीपका सही ज्ञान होने पर भ्रम दूर होता है। गोल घुमने से चोपासकी वस्तुए फिरती महेसुस होती है। वह 'सोपाधिक भ्रम' है। भगवान में न होते हुए भी, बुद्धिदोषके कारण उनमें मनुष्यधर्म दिखना 'सोपाधिक भ्रम है। 🌺 (स्कं. १०/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११५९) 🌺

🌺 जिनकी बुद्धि भगवान में होती है उनकी बुद्धि और भाववृद्धि स्वाभाविक होती है। भागवत में भावयुक्त भक्त मधुर कोमल होते है। ऋषिपत्नीका स्वभाव इसप्रकारका होने से भगवान ने भोजन लाने के लिए गोपबालकोको उनके पास भेजे। 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६०) 🌺

🌺 धर्म - पतिसे, अर्थ - भाईसे, अभिलषित काम - बन्धुजनसे, और मोक्ष - पुत्रसे सिद्ध होता है। इनकी परवा न करते हुए 'भक्ति' रुप पंचम पुरुषार्थ के लिये लोग भगवान का स्तवन करतें है। 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६१) 🌺

🌺 भक्तिमार्गमें भगवान ही स्वतंत्र पुरुषार्थ रुप है। उपाधिरहित स्नेह भगवान में होता है, तब उसमें उपयोगीताके कारण ही हमें अपने आत्मा आदि प्रिय रखतें हैं। 🌺 (स्कं. १०/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६२) 🌺

🌺 जन्मादि का फल है - भक्ति है । शरीरमें प्राण न होय तब शवको जलाने के योग्य - फालतु माना जाता है। बिना भक्तिके जन्मादि उत्तम होते हुए भी देह बेकार - धिक्कार के योग्य - जलाने लायक होता है। 🌺 (स्कं.१०/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६३) 🌺

🌺 ज्ञानसे आत्मदर्शन होते हैं। कर्मसे ज्ञानरहितको क्रिया रुपसे भजन होता है। अदृष्टके द्वारा फलप्राप्ति होती है। ज्ञानयुक्तको अलौकिक यज्ञ रुपसे भजन होता है। भक्तिमार्गमें भगवत्साक्षात्कार होता है, जो ईन्द्रियजन्य नहीं होता। वह दर्शनसे भी अधिक है। 🌺 (स्कं.१०/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६४) 🌺

🌺 यज्ञ को भगवद् रुप माननेवाले के लिए श्रीकृष्ण ही सेव्य है।वे आधिदैविक यज्ञरुप है। "यज्ञ विष्णु रुप ही है" ।साक्षात् विष्णु पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण है। कृष्ण को भोग धरने से विश्वको तृप्ति होती है। 🌺 (स्कं.१०/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११६५) 🌺

🌺 भगवान का ऐश्र्वर्य और ज्ञान साधारणतया नित्य ही है। कृष्ण पूर्ण ज्ञान-क्रिया शक्ति युक्त है। भक्त भगवान के अलावा अन्य किसीको नहीं जानते हैं। वैसे ही भगवान भी भक्तको कभी नहीं विसारते। 🌺 (स्कं.१०/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६६) 🌺

🌺 प्रभुकी प्रेरणा दो प्रकारसे होती है - १. जीव की अदृष्टानुसार प्रकृति रुप से अथवा अंतर्यामी रुप से, २. भगवान की स्वतंत्र कृपा करनेकी विशेष ईच।छानुकुल लीलानुसार भावात्मक रुपसे। 🌺 (स्कं१०/२३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६७) A 🌺

🌺 जहां शास्त्रोकत श्रवणादि परंपरा हो, भगवत्संबंधि धर्म हो, वहां अन्य धर्मोकी उपस्थिति संभव नहीं। व्रजमें ऐश्वर्ययुक्त साक्षात् धर्मी स्वरुप श्रीकृष्ण बिराजतें हों, वहां स्वल्प भी अन्यधर्म संभवित नहीं। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६७) B 🌺

🌺 भगवान ने वर्णाश्रम अनुसार कर्मका महत्त्व समझाते हुए कहा की व्रजजनोका कर्म गोरक्षाका है, खेतीका नहीं, जिसके कारण वे ईन्द्र के आश्रित नहीं, जो स्वयं गुणाधिन है, स्वतंत्र नहीं। ईस तरह उन्होंने सामान्य ईश्वरवादका खंडन किया है। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६८) 🌺

🌺 भगवान ने व्रजजनोका निरोध करनेके लिए उनके द्वारा हेतुबुद्धिथी कियेजानेवाले अन्याश्रय रुप अयोग्य इन्द्रयाग को बंद कराने हेतु आत्मियतापूर्वक नन्दबावासे उसके लिए की जानेवाली तैयारी का प्रयोजन बाबत प्रश्न किया है। 🌺 (स्कं. १०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११६९) 🌺

🌺 वैदिक कर्म भी ज्ञानपूर्वक करने से ही वह सफल होता है, ऐसा श्रुति वचन है। ईन्द्रयाग वैदिक, स्मार्त, अथवा कुल-देश धर्मरुप लौकिक ? भगवान ने प्रश्न किया, क्योंकी बिना प्रयोजन कर्मकी फलदायिता नहीं होती। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७०) 🌺

🌺 भगवान् कृष्ण धर्मरक्षक है, वे पाखंड-धर्म का स्वीकार नहीं करतें, क्योंकि धर्मके आभास रुप कल्पित क्रिया, परंपराओसे अधर्म ही बढ़ता है, उससे कोई फलप्राप्ति नहीं होती। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७१) 🌺

🌺 भगवान ने हेतुवाद का खंडन युक्ति द्वारा समझाते हुए 'कर्मवाद' बताया है। कर्मानुसार जन्म, शुभाशुभ फल, सुख-दुख प्राप्त होते हैं। उसमें ईश्वर का कोई प्रयोजन नहीं। कर्मका 'अद्रष्ट' फल कालांतर में प्रकट होता है। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७२) 🌺

🌺 कर्मानुसारी मनुष्यको ईन्द्रसे क्या प्रयोजन ? देव-मनुष्य-असुरके कर्म स्वभाव-प्रकृति प्रेरित होते है। 'सत्व'से सत्कर्म, 'रजो'से मध्यम, 'तमो'से अधम कर्म होते हैं। गति अथवा देहादि, शत्रु-मित्रादि संबंध, फल कर्मानुसार ही मिलता है। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७३) 🌺

🌺 भगवान ने वर्णाश्रम अनुसार कर्मका महत्त्व समझाते हुए कहा की व्रजजनोका कर्म गोरक्षाका है, खेतीका नहीं, जिसके कारण वे ईन्द्र के आश्रित नहीं, जो स्वयं गुणाधिन है, स्वतंत्र नहीं। ईस तरह उन्होंने सामान्य ईश्वरवादका खंडन किया है। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (११७४) 🌺

🌺 'ईन्द्र द्वारा बारिश के कारण अन्न उत्पन्न होने से हम जीते है' अत: ईन्द्रयाग जरुरी है, यह वेदोक्त नहीं, हैतुक है। इसलिए भगवान उसके बजाय 'गोवर्धन याग' करातें है, क्योंकी गोवर्धन भगवद्रुप होनेसे वह 'भगवद् याग' है, जो वेदोक्त है। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७५) 🌺

🌺 कालके आधिदैविक स्वरुप भगवान ने व्रजवासियोका इन्द्रयाग रुपी अन्याश्रय छुड़ाने ऐवम् ईन्द्रको अभिमान मुक्त करने हेतु अन्नकुटके रुप में विधिवत गिरिराज पूजन द्वारा 'गोवर्धन याग' करनेकी आज्ञा की।🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७६) 🌺

🌺 सर्वके "मूलरुप" सदानंद श्रीकृष्ण ही है, जिनके विभिन्न अवतार रुप "अन्य रुप" है, विभूति योगमें जगतमें जो उत्तम रुप है, वे "अन्यतर रुप" है, और जगतमें सर्व सामान्य प्राणी-पदार्थ "अन्यतम्" रुप कहलाते हैं। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७७) 🌺

🌺 कृष्ण सदानन्द रुप से आधिदैविक - ब्रहम स्वरुप है जो सर्वके नियामक अन्तर्यामी रुपसे "अन्य स्वरुप" है, अक्षरब्रहम - आध्यात्मिक रुप से "अन्यतर" रुप है और जगत रुपसे ब्रहमका आधिभोतिक स्वरुप "अन्यतम" रुप है।

🌺 (स्कं. १०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७८) 🌺

🌺 श्रीगिरिराजजी "हरिदासवर्य" है। भगवान में भक्तोको विश्वास होता है, भगवान तो भक्तोमें विश्वास करातें है। भक्तोके भरोंसे ही भगवद्-शरणागति प्राप्ति होती है। भक्तोके द्वारा ही भगवद् कृपा होती है। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११७९) 🌺

🌺 भगवान ने वर्णाश्रम अनुसार कर्मका महत्त्व समझाते हुए कहा की व्रजजनोका कर्म गोरक्षाका है, खेतीका नहीं, जिसके कारण वे ईन्द्र के आश्रित नहीं, जो स्वयं गुणाधिन है, स्वतंत्र नहीं। ईस तरह उन्होंने सामान्य ईश्वरवादका खंडन किया है। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११८०) 🌺

🌺 प्रभु सर्वमें सर्वरुप बिराजतें है, और वे प्रभु रुप से भी बिराजतें है। विभु में से विश्व प्रकट होता है, फीरभी उनमें विकार नहीं होता। भगवद् संबंधसे सभी वस्तु भगवद्रुप हो जाती है। कल्पवृक्ष की तरह प्रभुके आरोगने पर भी सामग्री कम नहीं होती। 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११८१) 🌺

🌺 श्रीगिरिराजजी ईच्छानुसार रुप धारण करतें हैं। (१)शिला रुप, (२) विविध धातु - रत्नमय रुप, (३) 'हरिदास वर्य' भक्त रुप अथवा ग्वाल रुप, (४) सिंह, व्याघ्र अथवा गाय रुप, (५) सफेद सर्प रुप, और (६) स्वयं भगवद्रुप । 🌺 (स्कं.१०/२४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (११८२) 🌺

🌺 ईन्द्र निषिद्ध-भोक्ता है। शास्त्र-संमत न हो ऐसे (ईन्द्रयाग जैसे) भोग करनेसे बुद्धिका सर्वथा नाश होता है। सत्ता,व संपत्ति से भोग बढ़ता है, सभानता नहीं रहती, अयोग्यता आती हे, और अनर्थ होता है। यही ईन्द्रके साथ हुआ है। 🌺 (स्क.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११८३) 🌺

🌺 ईन्दयाग बंध होने से क्रोधवश उद्धत ईन्द्रने भगवान के छ गुणोको दोष रुप गिनाये _१. वाचाल- ऐश्र्वर्य विहिन, २.बालिश -वीर्य रहित, ३.स्तब्ध - बिना यश, ४ अज्ञ - ज्ञान रहित, ५.पंडितमानिन - श्री का अभाव, ६.मर्त्य - वैराग्य विहिन। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११८४) 🌺

🌺 ईन्द्र अपने-आप को अधिकारी माननेके बजाय ईश्वर मान बेठा,इसलिए होश खो बेठा। मानवी सत्ता-सम्पत्ति-शरीर-स्वजन का स्वामी नहीं, सेवक-अधिकारी-व्यवस्थापक होता है। अन्यथा मानना मूढता-मूर्खता है। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११८५) 🌺

🌺 शुद्धसत्त्व, देवत्व,पूज्यत्व व ऐश्र्वर्य जहां यथार्थ रुप से हो, वहां अज्ञान न संभवे, अन्यथा वे विमुख बनावे। तब भगवान मानभंग कर शिक्षा देवें। उद्धत ईन्द्रका मानभंग कर भगवान ने सभी लोकपालोको पाठ पढ़ाया है। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११८६) 🌺

🌺 भगवान श्रीकृष्ण कहतें है -"व्रज मेरे शरणमें है, मैं हि उनका नाथ हुं, मैंने उनका अंगीकार किया है, अत: स्वात्मयोगसे मैं उनकी रक्षा करुंगा, यह मरा व्रत है जिसका मैंने स्वीकार किया है।" 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११८७) 🌺

🌺 शरणागत जीव सर्व परिस्थिति में प्रसन्न रहता है; यह भूलता नहीं है कि वह प्रभुका दास है; भगवानको ही सर्वस्व मानता है; वाणी, विचार, वर्तन, व्यवहार सरल रखकर प्रभुकी प्रसन्नताके लिये ही जीता है। अष्टाक्षर मंत्र का सतत रटण करता है। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (११८८) 🌺

🌺 जिनको कृष्णमें स्वाभाविक स्नेह है, कृष्ण-कृपा का जिसने अनुभव किया हो, वे कृष्ण को छोड अन्यत्र न जाय, अन्यकी ईच्छा न रखें, अन्यका भजन न करें, इसमें अन्यका अनादर नहीं, अनन्यताकी, सुदृढ सर्वतोधिक स्नेह की स्वाभाविकता है। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११८९) 🌺

🌺 जो तन, मन, धन, स्वजन, देव, देवी, घर, संयोग, समाज, व्यवहार, व्यवसाय, स्थिति, शरीर, ईन्द्रिय, साधन, आलोक, परलोक ईत्यादि पर आधारित रखता हो, आश्रित हो वह कृष्ण का शरणागत / अनन्याश्रयी नहीं कहा जा सकता। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (११९०) 🌺

🌺 शरणागति, अनन्यता और दृढ़ता जीवका कर्तव्य है, लेकिन उसका स्वीकार करना वह स्वामी की स्वतंत्रता है। प्रभु जिनको अपनातें है, उनके सकल मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं, फिर उनको अन्य साधनकी आवश्यकता नहीं रहती। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (११९१) 🌺

🌺 भगवान ने क्रियाशक्तिरूप करका स्पर्श कर अचल गोवर्धन पर्वत को चल बनाकर श्रीगोवर्धनधारण लीला की है।अनायास हर्षपुर्वक की जाती बालवत् क्रिडा को 'लीला' कहते है, जिसमें प्रभु को श्रम नहीं होता। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (११९२)🌺

🌺 भगवान ने प्रमेय बलसे सात दिन श्रीगिरिराजधारण लीला करके अपने छ गुण और स्वरूपसे शरणागत व्रजवासीओ और गायों की रक्षा की है। सात दिन बाद ईन्द्र द्वारा वर्षा चालु रहने पर उसका वध होता। 🌺 (स्कं. १०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११९३)🌺

🌺 श्रीगिरिराज धारण कर के भगवान ने व्रजवासियोके सात बाबतें - देव, ऋषि, पितृ, आत्मा-स्वयं, आत्मीय-पुत्रादि, वैदिक, पारलौकिक- यागादि धर्म, जिनपे आधारित होनेसे अन्याश्रय होता है, उन्हे दूर कीये। 🌺 (स्कं.१०/२५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन। (११९४)🌺

🌺 भगवान ने दक्षिण श्रीहस्तमें श्रीगिरिराजजी धारण किया है, वाम श्रीहस्तमें शंख धारण करके े समस्त जल शोष लिया और अन्य दो भुजा धारण कर वेणुनाद कर रहे हैं, जिसे देखकर ईन्द्र विस्मित हुवा, उसका गर्व नष्ट हुवा। 🌺 (स्कं.१०/२५)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११९५)🌺

🌺 श्रीगोवर्धनधारणलीला गोपोको अद्भुत लगी, आश्चर्य हुआ, अज्ञान एवम् अन्यथाज्ञानके कारण उन्हें कृष्ण की क्रियाशक्ति समजमें न आई। जैसे गजराज कमलको लेवें वैसे सहजता से गोवर्धनको उठाकर अंगुली पर नचावे, वह नंदपुत्र कैसे हो सकता है ?, वे सोचने लगे !🌺 (स्कं.१०/२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११९६)🌺

🌺 भगवान लौकिक युक्तिसे नहीं समझमें आवे ऐसे अद्भुतकर्मा है। वे अप्राकृत होते हुए नन्दजीके पुत्र बने हैं। भगवान ने ही उन्हे लीलाके लिये ऐसी समझ ली है। अत: उन्हे 'नन्दस्वात्मज' कहा है। 🌺 (स्कं. १०/२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११९७)🌺

🌺 यज्ञभंगके कारण कोपित महेन्द्रके मदको खंडित करते हूए गोविंद पर व्रजवासीओ की सहज प्रीति देखकर स्वयं शुकदेवजीको भी कृष्ण-प्रसन्नता-प्रीति की कामना हुई है। 🌺 (स्कं.१०/२६) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११९८)🌺

🌺 भगवान् सर्वात्मा, सर्वकर्ता, सर्वप्रेरक है, अत: उनमें क्रोधकी संभावना नहीं है, क्योकी क्रोधके कारणरूप रज: और तम: गुण उनमें विद्यमान नहीं है। वे विशुद्ध सत्व वसुदेव रूपमेंसे प्रकटे है, इसलिए 'वासुदेव' कहलातें है। 🌺 (स्कं. १०/२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (११९९)🌺

🌺 भगवान किसीको सजा करतें हैं, उसमें क्रोध नहीं, कृपा होती है। भगवान की कृपा से की जाती सजा सभीके

कल्याण हेतु होती है। भगवान ने ईन्द्र का मानभंग किया वह दंड नहीं, शिक्षा - शुद्धिप्रद संस्कारदान है। (स्कं.१०/२७) 🌺(डो.जयेन्द्र सोनी) 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (१२००) 🌺

🌺 भगवान के भजन में अभिमान अवरोध रुप है। 'गोवर्धन धारण' जैसी कृष्ण की कौतुक लीला जो कृपारुप है, अधिकार के अभिमान में मूढ़, ऐश्वर्य मदमें मां भूलें हूए ईन्द्र - वरुण आदि देवो को शिक्षा करके पाठ पढाते है। 🌺 (स्कं.१०/२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२०१) 🌺

🌺 ईन्द्रका अभिमान दूर होने पर उसने भगवान को ईश्वर - गुरु - आत्मा रुप मानकर, उनके शरणागत होकर स्तुति करते हुए उसे पदभ्रष्ट न करनेके लिए कृतज्ञता प्रकट की है। 🌺 (स्कं.१०/२७) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२०२) 🌺

🌺 धर्मनिष्ठ-व्रतरत नन्दरायजीको असुर-कालमें यमुनाजी में स्नान करनेके कारण वरुणके सेवक वरुणलोकमें ले गये तब, उन्हे छुडाने कृष्ण वहां पधारे। वरुणदेव द्वारा उनकी स्तुति करते देखकर नन्दजी को कृष्ण का अपार महिमा समजमें आया। 🌺 (स्कं.१०/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२०३) 🌺

🌺 भगवत् जीव देव - मानव- दानव रुप में है। भगवान आकृतिसे मनुष्य, अभिषेक से देव, और दैत्यपति वरुण से पूज्य भी है। अत: उन्होंने स्वरुपसे मनुष्य का, अभिषेक से ईन्द्रका और पूजासे वरुणका अंगीकार किया है। 🌺 (स्कं.१०/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२०४) 🌺

🌺 कृष्ण चरण की शरण और भक्ति भवसागर पार कराति है, उसकी संसार-गति नहीं होती। आनंद-निधि कृष्ण किसी साधन से प्राप्त नहीं होते। भक्तिमार्गमें तो माया से पर सेव्य पुरुषोत्तम ही उत्तम है। 🌺 (स्कं.१०/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१२०५) 🌺

🌺 वरुण लोकमे ज्ञात होने पर नन्दजी द्वारा कृष्ण का महिमा सुनकर, वृजवासीओकी वैकुंठ-दर्शनकी अभिलाषा जानकर भगवान ने उनके द्वारा बिना साधन किये, उनके समक्ष व्यापिवैकुंठको प्रकट कर कृपामत्रसे उनकी संकल्प सिद्धी करवाई। 🌺 (स्कं.१०/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२०६) 🌺

🌺'अक्षर' भगवान के धामरूप है। ब्रह्मानन्दमय लोक, भगवद्रूप व्यापिवैकुंठ है, जिसके दर्शन भगवान ने व्रजभक्तोको करायें। ज्ञानीयोके लिये वह ज्योतिरूप, नित्य, निर्दोष, सूर्यकोटिप्रकाशरूप है। उनका अंतिम गंतव्य है। 🌺 (स्कं. १०/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२०७) 🌺

🌺 जिस तरह काष्टमें स्थित अग्नि प्रकट होने से काष्ट अग्निरूप होता है, और काष्ट नष्ट होता है, वैसे ही व्रजवासीओ के मनोरथ पूर्ण करने और ब्रह्मानन्दसे भजनानन्दकी अधिकता समझाने हेतु कृष्ण ने उन्हें 'वैकुंठ दर्शन' कराया। 🌺 (स्कं.१०/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२०८) 🌺

🌺 वैकुंठ को व्रजमें प्रकट करके, उसका दर्शन कराकर, व्रजवासीओका अभिलाष पूर्ण किया। भगवान उनको भजनानन्द (स्वरूपानन्द) का दान करना चाहते थे, अत: उन्हे वैकुंठ में न रखकर वापस लायें। 🌺 (स्कं.१०/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१२०९) 🌺

🌺 तामस-साधन प्रकरण की फलश्रुति है - १.मायासे उत्पन्न मोह दूर कर भगवदआज्ञाका पालन करना, २.वृक्षवत् सर्वका कल्याण करना, ३. भगवद् ईच्छा जानकर उनको अनुकूल होना, ४.यज्ञादि का त्याग करना और ५.अपेक्षित प्राप्ति में भगवदीच्छा मानकर प्रभुपरायण होकर रहना। 🌺 (स्कं.१०/२८) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (१२१०) 🌺

🌺 "रसो वै स:" श्रुति वचन अनुसार रसरूप भगवान श्रीकृष्ण की कृष्णलीला रसात्मिका है, उनकी कथा रसरूपा है, जिनके रसानुभवमें कृष्णकृपासे गोपीजनोको जीवनमे कृतार्थता प्राप्त हुई है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२११) 🌺

🌺 'ब्रह्मानन्द' मे से समुद्धार करके श्रीगोपीजनोको 'भजनानन्द' की प्राप्ति कराने हेतु जो निर्दोष रासलीला कृपानिधि कृष्ण ने की, उसका निरुपण दशम स्कंध के 'तामस फल प्रकरण - 'रास पंचाध्यायि' में किया गया है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२१२) 🌺

🌺 भगवान अवतरित होते हैं तब असुरोको दर्शन - स्पर्ष होते हुए उन्हें आनन्दानुभव नहीं होता। शास्त्रोक्त साधनों द्वारा मर्यादा जीवो को भगवान मुक्ति देवें तब ब्रह्मानन्दका अनुभव होता है, लेकिन बिना साधन, केवल कृपा से भगवान पुष्टिजीवोको भजनानन्दका अनुभव करातें है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२१३) 🌺

🌺 निष्काम ज्ञानी को भगवत्साक्षात्कार रूप सायुज्य प्राप्तिसे ब्रह्मानन्दका अनुभव होता है, प्रकट परमानंद का नहीं, जो लोकवेदातित पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण के रसात्मक लीलाविहारोसे ही प्राप्त होता है। वहीं परमफलरूप है। 🌺 (स्क.ं१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२१४) 🌺

🌺 तामस 'प्रमाण प्रकरण' मे वर्णित श्रीहरिमे 'प्रेम' के कारण भक्तको संसारमेसे राग दूर होने से प्रेमकी दढता 'आसक्ति' में बदलती है, जिसका निरुपण 'प्रमेय प्रकरण' में किया है, और 'व्यसन' अवस्था 'साधन प्रकरण' में निरुपित की है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२१५) 🌺

🌺 केवल भाव द्वारा ही गोपी, गाय, खग, मृग और अन्य मूढमति पशु, हाथी, सिद्ध आदि को कृष्ण सरलता से प्राप्त होने का कारण स्वयं उनकी कृपा ही है। स्वरूपानंद ब्रह्मानंदसे अधिक है। 🌺 (स्कं. १९/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२१६) 🌺

🌺 भक्तोके हृदयरूप गूहा में प्रकटित परम व्योम अक्षरब्रह्मरूप व्यापिवैकुंठ है, जो पुरुषोत्तम का निवास स्थान रूप है। वहां बिराजमान ब्रह्म-पुरुषोत्तम नित्य-अविकृत स्वरूप है, जो विविध रसभोग चतुर होनेसे निज भक्तोके साथ सर्वभोगोका भोग करते हैं। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२१७) 🌺

🌺 वेदकी ऋचायें - श्रुतियां एवम् रामावतार के तपस्वी ऋषिगण व्रजमें गोपीजन रूपसे प्रकट हुए, जिनमें भगवान एकरूप हुए। भक्तोका भगवानमें एकरुप होना सायुज्य-मुक्ति, 'मर्यादाफल', लेकिन भगवान भक्तोमें एकरूप होय वह 'पुष्टिफल'। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२१८) 🌺

🌺 श्रुति वचन है - "भगवानने रमण किया नहीं था, अत: रमणके लिये अन्यकी ईच्छा की और अनेक रुप धारण कीये"। वे स्वयं ही लीला विहारार्थ विश्वरूपसे विलसित है। जगद्रुप आविर्भूत होकर क्रीडा कर रहे हैं। 🌺 (स्कं १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२१९) 🌺

🌺 पूर्णानंद पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण का अनुभवात्मक ज्ञान केवल उनकी 'वरण' रूप कृपा द्वारा ही हो सकता है। अक्षरब्रह्म के ज्ञानसे अविद्या दूर हो जाय, पाकृतधर्म न रहे, तब 'पुरुषोत्तम-प्राप्ति' की 'स्वरूपयोग्यता' का संपादन होता है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२०) 🌺

🌺 ब्रह्मज्ञानी को अखंड ब्रह्माद्वैत की समानता से प्रापंचिक-जागतीत भेद का अनुभव नहीं होता। विश्व विभु की विभूति रूप है, प्रभु उससे महान है, जिनके साथ जीवात्मा को लीलानुभव होता है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२१) 🌺

🌺 सूत्र ब्रह्म को "आनंदप्रचूर" कहती हैं, जो पूर्णानंद श्रीकृष्ण है, जिन्है श्रीमहाप्रभुजी "आनन्दमात्रकरपादमुखोदरादि" बतलाते हैं। ता.फ.प्रकरणमे उन्ही रसात्मक प्रभुकी सर्वकामोपभोगमें भजनानंद कराती लीला का वर्णन है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२२) 🌺

रास-पंचाध्यायी के प्रथम अध्यायमे भगवान का 'ऐश्वर्य' - कर्तुम, अकर्तुम्, अन्यथाकर्तुम् सामर्थ्य प्रकट होता है। वेणुनाद द्वारा गोपीजनोको बुलाते हैं, वापस जाने की आज्ञा देकर, उनको न जानेके लिये प्रेरित करतें है और विहारसुख देकर मद दूर करने अंतर्हित भी होते हैं। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२३) 🌺

🌺 सर्वोकृष्ट भगवन्मार्गमें भगवान भक्तोको बाह्य-आंतर् संबंध - दोनों तरह से संपूर्ण सुख ही देतें है, परित्याग नहीं करतें। रासमे गोपीजनोको तन से बाह्य सुख दीया और अंतर्ध्यान होकर भीतर संबंध से मन - वाणी से विहार करवाया। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२४) 🌺

🌺अंतर्धान हुवे तब भगवान ने परोक्षमें प्रियजनोकी प्रीति निभाई, उसमें उनका 'वीर्य, 'गोपीगीत' में 'यश', अंतमे उनका प्रकट होना, 'श्री' गुण के सूचक है। आखिरमे भगवानने प्रकट 🌺होकर 'धर्मी' स्वरूपसे गोपीजनोको अपने रसात्मक स्वरूपानंदका अनुभव कराया। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२५) 🌺

🌺 प्रभुके अलावा अन्य सभी पदार्थोका त्याग पुष्टिमार्गीय 'वैराग्य' है, व प्रभुके गुणगान, पुष्टिमार्गीय 'ज्ञान' है, जो विरह में संभव होय, अत: उन गुणोको ता.फ. प्रकरणके अंतिम अध्यायोमें वर्णित किया है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२६) 🌺

🌺 प्रभुके परोक्ष - अनवसरमें कथा-गुणगान, व प्रत्यक्ष - अवसरमें स्नेहपूर्विका सेवा कृतार्थ करतें हैं। विप्रयोगमें नामात्मक और संयोग में सेवा द्वारा स्वरुपात्मक रूपसे, रुपनाम विभेदसे क्रीडा करते श्रृंगार रसात्मक पूर्णानंद कृष्णका अनुभव होता है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२७) 🌺

🌺 प्रभुके प्रति प्रेमकी प्रगल्भतामें लौकिक-वैदिक सभीका त्याग व्रजभक्तो ने सहजता से किया था। उनकी सभी वृत्ति-प्रवृत्ति प्रभुके लिये ही थी। भगवानने भी भक्तोके लिये अपनी मर्यादाएं छोड कर सर्व प्रवृत्ति की। अत: परस्पर निरोध हुवा। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२८) 🌺

🌺 'रासपंचाध्यायी' में रसस्वरूप भगवानने गोपीजनो को उनके लोक-वेद का त्याग करा कर 'भजनानन्द',का अनुभव कराया है, जो रसात्मक रसरूप है, जीसका वर्णन रसशास्त्रमे संयमशील ऋषिओने किया है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२२९) 🌺

🌺 'रस' को समझाते हुए श्रुति कहति है -"इस रसको प्राप्त करके जीव आनंद का अनुभव करता है। यदि ह्रदयाकाशमें रसरूप आनंद नहीं होता तो क्यों कोई प्राण टिकने देवें ? अत: वह आनंद भगवान ही देतें है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२३०) 🌺

🌺 भगवत्संबंधी रस निर्दोष, निर्विकार, सर्वोत्तम, मंगल, पवित्र स्वरूप श्रृंगारमिश्रित है। कृष्ण-रसात्मक-आनंद लौकिक वाणीसे व्यक्त नहीं किया जा सकता, न लौकिक-कामनापूर्ण मनवाला उसे जान सकता हैं, न आनंद ले पाता है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸 🌺

🌺 भागवत - चिंतन (१२३१) 🌺

भगवान कृष्ण के स्वरूपमें अनन्य स्नेहवाले तामसभक्तोकी, व्यापक व आत्मारुप भगवानको जानते हुए, प्रकट प्रभुमें प्रगाढ प्रीति है, कर्म, ज्ञान, अथवा शास्त्रोक्त भक्तिकी उन्हे स्पृहा नहीं है। यही मर्यादामार्गसे भक्तिमार्गकी विलक्षणता है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२३२) 🌺

🌺 मुक्तिमें प्रतिबंधरुप काम भक्तिमार्गमे प्रभुप्राप्ति में सहायक है। प्रभुमे कामानुकुल स्नेहके कारण प्रभु प्रकट होकर, ब्रहमादि देवोको अनेक साधनों से भी दुर्लभ, अपने स्वरुपानन्दका अनुभव व्रजभक्तो को प्रेमपरवश होकर करातें है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१२३३) 🌺

🌺 रसोके समुह को 'रास' कहते हैं। भक्ताभिलाषापूरक कृष्णने भक्तकाम होकर गोपीजनोको अपने रसात्मक स्वरूपका अनुभव कराया, वह 'रास'। श्रृंगार रसरूप भगवानने, व्रजवधुओको हास्यादि सर्वरसके समुहका किया हुआ दान - 'रास' है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२३४) 🌺

🌺 'रास' वेदांतरहस्य रूप है, वह कुत्सित अथवा काल्पनिक नहीं, मात्र किसीकालमे हुई धटना नहीं, बल्के, भगवान की 'नित्यलीला' है। श्रुतिमें 'ब्रहमानंद' का नित्यत्व बताया है, उससे अधिक 'भजनानंद' रूप रासलीला का नित्यत्व स्पष्ट है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२३५) 🌺

🌺 रास में रसकी अभिव्यक्ति नृत्य द्वारा होती है। उसमें चार प्रकरके अभिनय बतायें है - १.'आंगिक' - अंगों द्वारा, २.'वाचिक' - वाणी द्वारा, ३.'आहार्य' - आभूषण रूप, ४. 'सात्विक' - सात्त्विक भावो द्वारा। रसानुकुल प्रकारसे भगवान भी भक्तोमें रस स्थापित करतें है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२३६) 🌺

🌺 श्रृंगार-रसात्मक कृष्ण संयोगदशामें बाह्यविहारोसे व्रजभक्तोको सुख देतें है और दाहक वियोगदशामें बाह्यानुभवसे अनुभूत कृष्ण भक्तोके भावका पोषण करते हुए उनके रोमरोममें तद्रुप होकर भगवदनुभव करातें है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२३७) 🌺

🌺 रास में भगवान ने पांच प्रकारसे रूपरमण किया है - आत्मासे, मनसे, वाणी-प्राणसे, ईन्द्रियसे और शरीर से, जिसका वर्णन रासपंचाध्यायी में किया गया है। भगवदत्स्वरूप एक रस-रूप, आनंदमय है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२३८) 🌺

🌺 भगवानने व्रजजनो को 'ब्रह्मानंद'का अनुभव कराया जिससे उन्हें 'विस्मय' (आश्चर्य) हुआ। गोपीजनोको 'भजनानंद' दिया, जिससे उन्हें 'स्मय' (मद) हुआ। साधनमें 'विस्मय', फल में 'स्मय'।भगवानने विस्मय दूर नहीं किया, स्मय श्रीहरिने हर लिया।🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२३९) 🌺

🌺 सारस्वत कल्पमें सर्वरसकलापूर्ण श्रीकृष्ण जब प्रकट हुए तब, उन्होंनेने सृष्टि के प्रारंभ में श्रीगोपीजनोके साथ विहार के लिये जिन रात्रिओको निश्चित की थी वे लौकिक शरदकी रात्रिओमें अलौकिक-आधिदैविक रात्रिओका स्थापन किया। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४०) 🌺

🌺 भगवान ने रासमें शरद् ऋतुका स्वीकार किया है क्योंकि भगवान ने शरद को दोष दूर करने का एवम् गुण प्रकट करने का स्वाभाविक असाधारण सामर्थ्य प्रदान किया है। रसमय लीला में निर्मलता व शोभाकी वह प्रतिक है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१२४१) 🌺

🌺 भगवान ने मल्लिकाके पुष्प प्रकट कर रस उद्दिपक सर्व साहित्य सिद्ध किया। उसे देख कर विहार के लिये स्वानंदप्रकाशक कामपितामह रूप में प्रभुने मन बनाया। काम संकल्पसे होय, और संकल्प मनमें होता है। अत: मन कामका पितामह हुआ। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४२) 🌺

🌺 भगवान ने रासलीला में योगमाया को साथ में रखी है, जो पदार्थ को बिना विकार अन्यत्र स्थापित करती है। भगवान सर्वसमर्थ होते हुए रसलीला - परवश है। अतः रसानुकूल सेवा योगमाया करती है। उसने ही गोपीजनोको कान्तमार्ग पर और गोपोको अन्यमार्ग पर प्रेरित किया। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४३) 🌺

🌺 योगमाया भगवान की अचिन्त्य स्वरुपभूत शक्ति है, जो भक्तोके साथ योग-संयोग-वियोग साधनेका कार्य करती है और उनके भगवद्स्वरूपात्मक सर्वात्मभाव को जाग्रत करती है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४४) 🌺

🌺 रासलीला पूर्वे देवताओं की दिशा पूर्व, जिसके स्वामी ईन्द्र है, वहां चंद्रदर्शन हुआ है। स्थल पर गोविंद के पदार्पण होने से वहां स्वयं भगवान ही ईन्द्र है। चंद्र-दर्शनसे भक्तोके मनमें भी भगवदनुराग उत्पन्न हुआ, जो रस-निष्पत्तिमें आवश्यक है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४५) 🌺

🌺 'रमाननाभं" - लक्ष्मीजीके मुख समान शोभायमान पूर्णचंद्र को देखकर भगवान को भावोद्रेक हुआ और रसराज प्रभुने रसपरवश होकर वेणुगान किया। चंद्रको 'कुमुदवान' कहा है, क्योंकि पृथ्वि पर सर्वत्र हर्षोल्लास प्रकट हुआ है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४६) 🌺

🌺 सर्वेन्द्रियोको भगवद्रसानुभव कराने के लिए, अलौकिक कामका दान करने हेतु भगवान ने मधुर अव्यक्त गीतका वेणु द्वारा गान किया, क्योकि मधुरता मनको वश करती है, अव्यक्त के कारण आकर्षण तीव्र होता है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४७) 🌺

🌺 भगवान का वेणुगान श्रवण कर अलौकिक देहादि संपादन होनेसे कुमारिकाएं एवम् श्रुतिरुपा दोंनो प्रकारके गोपीजन, चुंबकीय बल की तरह आकृष्ट होकर, अपना देह-गेह भूल कर पंहोंच जाति है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४८) 🌺

🌺 भगवान के पास पहुंचनेवाली सोलह हजार 'अनन्यपूर्वा' ऋषिरूपा (कुमारिकाओं) गोपीजन, एवम् 'अन्यपूर्वा' श्रुतिरूपा (विवाहिता) गोपीजन थीं, जिनके 'सात्विक, राजस, तामस' के प्रभेद और निर्गुण सहित दश प्रकार थे। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२४९) 🌺

🌺 विभिन्न प्रकारके गृहकार्योमें व्यस्त गोपीजनोने भगवान के वेणुनाद श्रवण करतें ही जाति-धर्म, कुल-धर्म और लोक-धर्म का त्याग कर, अर्थात् सर्व धर्मोको छोडकर वे भगवान के पास पहुंच गई। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ.

जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५०) 🌺

🌺 जहां सबकुछ भूला देने वाला उत्कट भगवद्भाव हो, वहां किसी प्रकारके प्रलोभन अथवा भय बाधा नहीं बनता। जीवन में लौकिक-त्याग, सत्संग आदिकी क्षणोमें प्रमाद और गाफेल रहनेसे हम बहुत कुछ गंवा देते हैं।🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५१) 🌺

🌺 सर्वात्मभाववाले गोपीजन उल्टे-सीधे वस्त्रालंकार धरके, उनके स्वजन - पति, पुत्र, पिता आदि के रोकने के बावजुद, प्रभु द्वारा प्रेम परवश होने से, आवोद्रेकमें दोडते हूए भगवान के पास पहुंचे, जहां योगमाया ने उनके परिधान सुव्यवस्थित किये। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५२) 🌺

🌺 भगवान स्व-प्राप्तिमें स्वयं प्रतिबंध नहीं करतें। 'जारभाव' वाले अंतर्गृहगता गोपीजनो को 'काल' प्रतिबंध रूप होनेसे उन्हें परिवारजनोने भगवान के पास जाने को रोका, जिससे उन्हें भजनानंद प्राप्त नहीं हुआ। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५३) 🌺

🌺 भगवान के पास न पहोंच पाने से अंतर्गृहगता गोपीजनो को एक क्षणमें करोड़ों कुंभीपाक नरक भोगने में होय ऐसा दुःख कृष्ण विरहके एक क्षणमें हुआ। ध्यानमें कृष्ण संगति हुई। पाप-पुण्य का क्षय होने से उन्हें 'सायुज्य मुक्ति' प्राप्त हुई। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५४) 🌺

🌺 श्रुति वचन है -"ब्रह्मज्ञान से मुक्ति मिले"। भगवान भक्तिसे प्रसन्न होतें है, अन्यथा नहीं। मुक्तिका कारण भक्ति हि है। भगवन्निष्ठ ज्ञान और भक्तियोग निर्गुण है, और उसका फल भगवान।
अंतर्गृहगता गोपीजन को मुक्ति कैसे मिली ? राजाने पूछा। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५५) 🌺

🌺 ईन्द्रियप्रेरक भगवान का द्वेष करने पर भी शिशुपाल को योगीओको दुर्लभ सायुज्य मुक्ति प्राप्त हुई थी, तब ईन्द्रियोसे अगम्य अधोक्षज भगवान के साथ प्रीति करनेवाली गोपीजन को कान्तभावके कारण मुक्ति प्राप्त होने में आश्चर्य नहीं। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१२५६) 🌺

🌺 भक्ति और ज्ञान की तरह भगवान का स्वरूप भी मुक्तिप्रद है। मुक्तिदानके लिये हि सच्चिदानंद भगवान ने अवतार धारण किया होता है। अवतार दशामे किसी भी प्रकार से प्रभुके स्वरूप-संबंध मात्रसे हि कृतार्थता होती है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५७) 🌺

🌺 साधन रहित प्राणीमात्र को मोक्ष प्रदान करने हेतु हि भगवान का प्रादुर्भाव होता है। कृष्णावतारका यही रहस्य है। शास्त्रोक्त साधन से श्रेय: सिद्ध होता हैं। स्वरूप-संबंधसे बिना साधन नि:श्रेयस् (मोक्ष) की प्राप्ति होती है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५८) 🌺

🌺 पुष्टिमार्गके लिए प्रभु 'नि:साधन फलात्मा' है। प्रकट प्रभुके साथ संबंध के साधन - स्त्रीओके लिए 'काम', शत्रुओके लिए 'क्रोध', वध्यके लिए 'भय', संबंधी के लिए 'स्नेह', ज्ञानीओके लिए 'ऐक्य' और भक्तोके लिए स्वतंत्र भक्ति - सख्य है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२५९) 🌺

🌺 श्रीहरिके साथ इस प्रकारकी भावना से संबंध जोड़ने पर गोपीजन जैसी मुक्ति प्राप्त होय - हरि सर्वदु:खहारि है,विश्व भगवद्रुप है, भगवदावेशसे तादात्म्यता का अनुभव, देह, गृह पुत्रादिमे प्रभु बिराजतें है, काम-क्रोधादिका सर्वथा त्याग। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२६०) 🌺

🌺 वेणुनाद श्रवण करके भगवान के पास पहुंचने वाले गोपीजन में सर्वात्मभाव वाले अनन्यपूर्वा कुमारिकाएं और अन्यपूर्वा श्रुतिरूपा के तामस-राजस-सात्विक के नौ नौ पेटा भेद उपरांत निर्गणका समावेश है, जो रसानुकूल नायिकाभावसे ही भेद है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२६१) 🌺

🌺 तमस्-रजस्-सात्विक गुणोका तात्पर्य है - प्रिय प्रभुके संगम के विलंबके कारणोका लय करने का सामर्थ्य - 'तमोभाव'; प्रभुके संगम का विलंब नहीं सहन कर सकना - 'रजोभाव' ; उनके रक्षणसे स्थिर रहने का सामर्थ्य - 'सत्वभाव' है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२६२) 🌺

🌺 गोपीजन वेणुनाद श्रवण करतें हि सबकुछ त्यागकर रात्रिके समय दोडकर आये, तब भगवान ने 'महाभाग्यवान' संबोधन करके उनके आनेका का प्रयोजन पूछते हुए 'व्रजमें वापस जाने को कहा', लेकिन उसका तात्पर्यार्थ 'यहां रहना चाहिए' ऐसा था। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२६३) 🌺

🌺 अन्यय कृष्ण-चिंतन करनेवालोको कृष्ण बुद्धियोग देते हैं,जिसके कारण भक्त उन्हें पा सकतें हैं। संसारासक्त करनेवाली बुद्धि सभी को मिलती है, लेकिन भगवदासक्त करनेवाला बुद्धियोग भक्तको ही प्राप्त होता है, जिसके कारण उन्हें सिवा भगवन्मार्ग कुछ नहीं दिखता। 🌺 (स्कं १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२६४) 🌺

🌺 केवल कृष्ण ही 'पुरुष' है, अन्य सर्व जगत तो 'स्त्री-मय' है। सभी के स्वाभाविक स्वामी तो 'कृष्ण' ही है। अतः 'कृष्ण सेवा' से सर्व दोष दूर होते हैं, और सुख की प्राप्ति होती है। सेवामें स्नेह, संन्निधि, और स्वाभाविकता आवश्यक है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२६५) 🌺

🌺 प्रभु संबंधि स्नेह हि अलौकिक होता है। लौकिक प्रेम कामभावरूप-हीन होता है। अलौकिक स्नेह तीन कारण से होता है -१. तात्पर्य निरृधारण सह श्रवण, २. श्रवणके अर्धरूप दर्शन, ३. वर्तमान - योग द्वारा । उन्हें भगवद् भाव उत्पन्न होता है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२६६) 🌺

🌺 भगवान भक्तेच्छापूरक है। वे भक्तोको प्रिय बने, वह 'पुष्टि', वे तटस्थ अथवा शास्त्रधर्ममार्गीय बने, वह 'मर्यादा'। वे जगद्रूप होते हुए उससे भिन्न भी है। प्रिय होते हुए प्रभु धर्ममर्यादा भी बताते हैं, अतः कभी अन्यथा वचन भी बोलते हैं। गोपीजनोको यही अनुभव हुआ है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१२६७) 🌺

🌺 प्रभुकी वक्र वाणीसे विक्षुब्ध गोपीजनो के ह्रदयमेसे पुष्टिभक्तिमार्गके सिद्धांत रूप वाणी प्रकट होती है। मर्यादाधर्मके वक्ता भगवान स्वयं भी बनतें है, लेकिन पुष्टिधर्म के वक्ता तो भगवान गोपीजन जैसे पुष्टिमार्गीय भक्तो को बनातें है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२६८) 🌺

🌺 गोपीजन अपनी एकादश इन्द्रियोके विषयों को वासना सहित संपुर्ण त्यागकर भगवान के पास आये थे, तभी वे उनके यादमूलको प्राप्त कर सकें थे। अतः उनका त्याग न करनेकी उन्होंने भगवानको विनंती की। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१२६९) 🌺

🌺 वेद के उत्तरकांड अनुसार आदिपुरुष मुमुक्षु को मोक्ष देते हैं, उनका आत्मारूपसे अनुभव होता है, लेकिन लीलाके लिए जब वे अवतरित होते हैं तब वे सभी के पति हैं, नित्यपति है, अतः उनकी सेवा का त्याग कभी भी नहीं करना चाहिए। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२७०) 🌺

🌺 भगवान ने गोपीजनोको पति-परिवार आदिकी कपट रहित सेवा को स्त्रीका स्वधर्म बताया । नारदजीने भगवद्धर्म को और याज्ञवल्कने आत्मधर्म को बताया है। देहविशिष्ट आत्माका कर्तुत्वके अनुसंधान में ही शारीरधर्म कहतें है। 🌺(स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२७१) 🌺

🌺 सांसारिक को देह प्रिय लगनेसे धर्मशास्त्रोमें शरीरधर्म बताये है। किसीको देह, किसीको आत्मा, किसीको परमात्मा प्रिय लगते हैं। भगवान तो सर्वरूप होनेसे 'प्रेष्ठ' - प्रियतम है, परमप्रेमास्पद आनंद रूप है। अतः प्रभुसेवा ही मुख्य है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१२७२) 🌺

🌺 पुष्टिमार्गमें ईन्द्रिय संयम सहज होता है, लेकिन संयम से सेवा श्रेष्ठ है। बिना स्नेह सेवा संभवित नहीं, मात्र क्रिया होती है। स्नेह के कारण संताप होता है। भगवान संबंधी ताप:क्लेश तपसे ज्यादा श्रेष्ठ साधन है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१२७३) 🌺

🌺पुष्टिमार्गमें 'कृष्णाधरामृत' परमफल है। भक्तोके भावकी वृद्धि भगवान ही करतें है। भक्तोके जीवनका आधार भगवतानंद है। प्रभु प्राप्तिका तापभाव और संयोग के बाद विरह का अनुभव भक्त सदैव करता है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१२७४) 🌺

🌺 तन एवम् मनसे किसी का भी संग त्यजना चाहिए। अनिवार्य हो तो नाराजी प्रकट होनी चाहिए। भगवदीयका संग ईच्छनीय है, लेकिन विजातीय भाव वालों से सावधान रहना चाहिए। सर्वत्याग पूर्वक भगवद् शरणागति, अनन्य आश्रय अवश्य करना चाहिए। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१२७५) 🌺

🌺 भक्त के भक्त (दासानुदास) अथवा भक्तिके भक्त भगवान को अतिप्रिय है। भक्तोका देह भगवान के चरणरज:मेंसे उत्पन्न होते हैं। चरणरज: की प्राप्ति का लाभ अभय दान है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१२७६) 🌺

🌺 पुष्टिमार्गमे अहंकार की निवृत्ति के लिए शरणागति आवश्यक है, भक्तोमें परस्पर द्वेष न होय, अन्यसंबंधकी गंध भी न होय, स्वरूप सेवा एक मात्र कर्तव्य होय, दासानुदास बननेकी लालसा होय। ऐसे भक्तोके लिए ही भगवान स्वयं प्रकट होते है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१२७७) 🌺

🌺 सद्गति,सत्ता, व सम्पत्ति लोक और परलोक मे फलरूप है, लेकिन भगवान के रसात्मक दास्य की तुलना में वे तुच्छ है, त्याज्य है। ऐसा दास्य परमफल रूप है, जिससे परमानंद - परम शांति का अनुभव होता है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२७९) 🌺

🌺 पुष्टिमार्गमें कृष्ण कृपासे भक्तोकी मति भगवान में दृढ़ होय, भगवद्भावोद्रेकमें उन्हें देहगेहका भान न रहे,

भगवान भक्तोके मन हर लेवें, भक्त निर्भय होय, प्रलोभनसे उनका मन चलित न होय, भगवान के रूप और नाम भक्तोको फलात्मक अनुभव देवे। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२८०) 🌺

🌺 गोपीजनोके हृदयमेंसे - रोम-रोम विलसित पुष्टि सिद्धांत रूपी वाणी व्यक्त हुई है। उन्हें पराजय अथवा मृत्यु से अधिक त्रासदायक प्रिय प्रभु द्वारा उनका अस्वीकारका अवसर था। दारुण दुःख में भी उनको स्वाभाविक सुदृढ़ भक्ति ही स्फुरित होती है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२८१) 🌺

🌺 गोपीजन भगवान को उनके अवतार का प्रयोजन पूछते हूए कहते हैं - भूभार हरण - संकर्षणांशसे, पुत्र परंपरा - प्रद्युम्नांशसे, धर्म रक्षा - अनिरुद्ध से, वासुदेव व्युह - मोक्ष प्रदान करने हेतु, तो 'लोकवेदातीत पुरुषोत्तम' के प्राकट्यका प्रयोजन करता ? 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२८२) 🌺

🌺 बिना किसी हेतु, मात्र पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण की निर्गुण भक्ति करनेवाली गोपी श्रेष्ठभक्त है, जो सकलविश्वसंरक्षक प्रभुको रासलीलामें, स्वयुथमें, कुंजमें अथवा हदयमें निगुढ रखती है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२८३) 🌺

🌺 गोपीजनो की विकलवाणी श्रवण करके योगेश्वरेश्वर कृष्णने, जो आत्माराम - षडगुणैश्वर्ययुक्त तत्त्व है, अनेकविध विहार किये, जिनमें लेशमात्र भी माया निहित प्राकृत गुण संबंध नहीं था। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२८४) 🌺

🌺 रमणमें भगवान जब जिन गुणों की आवश्यकता होती है, वह धारण करके विहार करतें हैं। उन्होंने गोपीजनोके रसके आधार रूप होकर उन्हें श्रृंगाररसानुभव कराया। विविध प्रकार के विलासोसे व्रजभक्तो तृप्त किये। रसशास्त्र की सभी क्रियाये होते हुए भी रासलीला में लौकिक काम नहीं है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२८५) 🌺

🌺 भक्तोका काम यदि लौकिक होता तो वह अलौकिक भगवत्-कामसे संपुर्ण नहीं होता। अतः भक्तोका काम भी अलौकिक था। भगवान में आविष्ट बुद्धिवालोका काम कामप्रद नहीं होता, मात्र क्रिया में समानता होती है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२८६) 🌺

🌺 यदि रासलीला 'कामलीला' होती तो द्वारकालीलामें प्रद्युम्न आदि व्युहलीलासे पुत्रादि की तरह संसार होता। मोक्षसे पर यह लीला है, इसलिए ईसके श्रवणसे कामदोष दूर होता है। निष्काम भक्त को ही परम भक्ति प्राप्त होती है। 🌺 (स्कं. १०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२८७) 🌺

🌺 सर्वरसदान-समर्थ प्रभु ने गोपीजनोके मनोरथ पूर्ण किये, लेकिन उन्होंने स्वयंको पूर्ण माना, प्रभुको नहीं, प्रभुसे अपनी पूर्णता नहीं मानी। प्रभु अपने स्वभावसे ही जीवको पूर्ण बनातें है, लेकिन अपूर्णको मद होता है, पूर्णकी पूर्णताका महिमा समझमें नहीं आती। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१२८८) 🌺

🌺 भगवान गोपीजनोका सौभाग्य मद देखकर उसके प्रशमनके लिए - (१) लौकिक रीतिसे छुपकर उनके युथमें ही अंतर्धान हो गये, (२) अलौकिक रीतिसे गोपिकाओके ह्रदयमें लीलासहित पधारे, (३)व्यापिवैकुठमे लक्ष्मीजीके पास पधारें। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१२८९) 🌺

🌺 लघुरासमें संयोग-श्रृंगार रस है। पूर्ण रसानुभव के लिए प्रभुने गोपीजनोको अपने विप्रयोगात्मक स्वरूपका भी अनुभव करवाया है। अतः रासलीला संयोग-वियोग-संयोग-क्रमसे श्रृंगाररसानुभवसे संयोग-संपुट है। 🌺 (स्कं.१०/२९) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भगवान - चिंतन (१२९०) 🌺

🌺 भगवान भक्तोमें स्वानंद-स्थापनके लिए बाहयाभ्यंतर - आत्मासे लीलानुभव कराके, रासमें से तिरोहित हो गये। लौकिक कामजन्य आनंद स्वल्प - विकृत होता है, अलौकिक लीलासे प्रकट होता हुआ आनंद स्वरूपात्मक होने से अविकृत - शास्वत होता है। 🌺 (स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२९१) 🌺

🌺 लघुरासमें बाह्य प्रकट पुष्टरस को अंत:प्रवेश कराने हेतु भगवान ने लीला-सहित गोपीजनोके ह्रदयमें प्रवेश किया, जिससे संयोग में अनुभूत रस विशेष ह्रदयस्पर्शी हो शके। वियोगके बाद पून: संयोग में अधिक पुष्टरसानुभव होता है। 🌺 (स्कं. १०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३९२) 🌺

🌺 भगवान की लीला में गोपांगनाओने प्रेष्ठ प्रभुकी प्राप्तिके लिए की हुए साधनानुष्ठान रूप रसासक्ति, हरि-संबंधि क्रियाऐं, और गोपीजनोका गर्वाभाव ऐसे उद्देश्य, लक्षण व फलका निरूपण इस अध्यायमें करके रसस्वभावसे गुणगान बादवालेमें कियाहै। 🌺 (स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१२९३) 🌺

🌺 गोपीजन भगवान के स्वरूप, वाणी एवम् मन के वश हो गये है, भगवद्भाव-संपन्न हो चुके हैं।भगवान की हि चेष्टाए करतें हैं। उनकी गति कायिक चेष्टा है, अनुराग -मानसिक है। प्रभुका सस्नेह कटाक्षविलास उन्हें मोहित कर देते है, उनमें मानादि भाव उत्पन्न करतें हैं। 🌺 (रा.पं. स्कं१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१२९४) 🌺

🌺 भगवान तिरोहित होते ही प्रियप्रभुके गति-स्मित-प्रेक्षण-भाषण आदिमे अपना स्वरूप आरोपित करनेसे गोपीजन कृष्णवत् विहार और विलास में रत हो गई और कोई भगवान को ढुढ रही अन्य सखी को स्वत:को कृष्ण बताने लगी।🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२९५) 🌺

🌺 गोपीजनोको बाह्य अनुसंधान होने पर वे प्रभुकी पृच्छा करने लगी। उन्हें मनमे विकलता है, भगवान के तिरोधान होना अभी स्फुरित नहीं हो पाया है। भगवद्भावापन्न गोपी स्वयं को कृष्ण समझती है, लेकिन अन्य गोपी यह न समझकर सानुकुल प्रतिसाद नहीं दे पाती है। 🌺 (रा.पं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१२९६) 🌺

🌺 संयोग-विप्रयोग के मिश्र भावसे गोपीजनोने, जैसे काष्टमेसे धुम्रके कारण आर्द्रता निकल जाने पर अग्नि पूर्णतया प्रकट होती है, वैसे संपूर्ण विप्रयोग प्रकट हो इसलिए उन्मत् वत् विचित्र गान किया है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२९७) 🌺

🌺 उन्मत्त गोपीजन प्रेमपूर्वक हास्य सहित कटाक्ष करते हुए भावानुकुल होकर पीपल, बड, कुरबक, अशोक, नाग, पुनांग, चंपक, और गोविंद-चरणप्रिया तुलसी आदिको पुछतें है की क्या उन्होंने उनके मनका हरण करनेवाले नन्दपुत्रको कहीं देखा है ? 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२९८) 🌺

🌺 मालती, मल्लिका, जाति, युथिका सुगंधि पुष्प देनेवाली बेलोको माधवके बारे में पूछने पर प्रत्युत्तर न पाने से गोपीजनोने सोचा की उनके सुगंधित पुष्प लक्ष्मीजीके केश-श्रुंगारमे उपयोगी होने से वे फलरहित स्वार्थी लक्ष्मीपतिका पता क्यो बतायेगी ? 🌺 (रा.पं. स्कं १०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१२९९) 🌺

🌺 यमुना तट पर उगे हुए आम - रायण ईत्यादि उत्तम फलवाले परोपकार परायण तपस्वी जैसे वैष्णव वृक्षोको गोपीजन पुछते है - "हमारे सदानंद कृष्ण जिस रास्तेसे पधारें है वह मार्ग बतायें। 🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भगवान - चिंतन (१३००) 🌺

🌺 अतिदीन गोपीजनोको प्रभुपदचिन्ह पृथ्वी पर दिखे। धरणिके सौभाग्य की प्रशंसा की। रसोन्मत होनेसे चरणमार्ग पर न जाके, जैसे प्रभुको नमन करतें हो ऐसे निचे झुके हुए तरु - तुलसी आदिको प्रभुके बारेमें पूछते रहै।🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३०१) 🌺

🌺 उन्मत्त वचनसे कृष्णको खोजती गोपीजन दीन होकर भगवान की लीलाओं का कायिक-वाचिक-मानसिक अनुकरण करने लगी। लीला संबंधी भाव उनकी स्मृतिसे स्फुरित हुए। भक्त हृदयमें जेसा भाव वैसा व्यवहार, वैसी ही चेष्टाएं वे करने लगी। 🌺 (रा.पं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३०२) 🌺

🌺 सर्वत्र भगवत्संबंध बुद्धि से भक्तोमें तद् तद् लीला -वस्तुओका भाव प्रकट होता है। कोई गोपीको 'पूतनाभाव' उत्पन्न हुआ, दुसरी को 'कृष्णभाव, जो पूतनाभाव वाले गोपीका पय:पान करने लगी। भावना कल्पना अथवा नाटक नहीं होता, तदेकतान-दशाकी यथार्थ वास्तविकता है। 🌺 (रा.पं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३०३) 🌺

🌺 उसी तरह गोपीजनोने अलग-अलग चरित्रोकी भूमिका अथवा कृष्णका पात्रमे, भगवान की विभिन्न लीलाओं को याद करके शकटभंजन, तृणावत वध, बकासुर वध, कालियमर्दन, दामोदर लीला, गोवर्धनलीला, ईत्यादि का अनुकरण किया। 🌺 (रा.पं. स्कं १०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३०४) 🌺

🌺 गोपीजनोको वनस्पतिसे भगवान का पता नहीं चलते उन्होंने लीलानुकरण किया, जिससे उनमें भगवदावेश हुआ। इस तरह अन्वेषण, लीलावेश और भगवदावेश अनन्तर उन्हे परमपुरूषार्थ रूप प्रभुके चरणदर्शन हुए। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३०५) 🌺

🌺 गोपीजनोने भगवान के चरण-चिन्ह पहेचाने क्योकी उनमें ध्वज, कमल, चक्र, अंकुश, यव, वज्र, आदि थे। साथमे उन्होंने अन्य चरणोके निशान भी देखें। ईर्षाका भाव उत्पन्न हुआ की कोई गोपी प्रभुको प्रसन्न कर अपने साथ ले गई होगी। 🌺 (रा.पं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३०६) 🌺

🌺 फलप्रद भगवान, दु:खहर्ता श्रीहरि स्वेच्छानुसार करनेवाले स्वतंत्र ईश्वर है। क्वचित् कर्म, ज्ञान, अथवा भक्तिसे या क्वचित् स्वेच्छासे फल प्रदान करतें हैं। भगवान किसी गोपिका को लेकर अंतर्धान हुए हैं, जिसने शायद विशेष प्रीतिसे प्रभुको प्रसन्न किये होंगे ! 🌺 (रा.पं. स्कं१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३०७) 🌺

🌺 भगवान भक्तोको भजनानंद देते हुए स्वयं भी रसानुभव करतें हैं। अनेकमेंसे एकको साथ में ले जाकर विहार करतें हुए विशेष रसानुभूति करतें हैं। रसाधारके लिए भगवान गोपीमें अपना स्वरूप स्थापित कर आत्मरमण करतें हैं। तभी तो उन्हें 'आत्माराम' कहा है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१३०८) 🌺

🌺 जिनको मद नहीं हुवा, उस गोपीको भगवान अपने साथ ले कर गये तो वह भी स्वयंको सर्वश्रेष्ठ मानने लगी। सौभाग्यमद व मान भी भगवद् भावात्मक ही है। उस गोपीको भी भगवान ने वह अनुभव कराया, क्योकी विप्रयोगके बाद ही पूर्णरसदान संभव हो सकता है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१३०९) 🌺

🌺 अभिमान आने पर अनुग्रहका अधिकार रहता नहीं। अनन्यपूर्वा गुणातित राधासहचरीजीने चलनेकी असमर्थतता प्रकट की। चतुर्शिरोमणी कृष्ण ने उसे स्कंध पर आरूढ़ होने को कहा, लेकिन उसके लिए जहां वह वृक्षकी शाखा पर चढ़ने गई, सदानंद कृष्ण अंतर्धान हो गये। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३१०) 🌺

🌺 प्रभुको खोजते हुए जब सभी गोपीजन राधासहचरीजीके पास पहुंची तब सत्य समझमें आया। स्वदोष का परिज्ञान भगवद्कृपासे ही होता है, स्वतः नहीं। गोपीजनोको स्वदोष समझाने हेतु ही भगवान ने यह लीला की थी। 🌺 (रा.पं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३११) 🌺

🌺 गोपीजनको देह-गेह का भान नहीं, मन भगवान में है। वे अन्यमनस्क - शून्यमनस्क नहीं, भगवन्मनस्क है। उनके चित्तमें कृष्णात्मभाव है, आत्मारूपसे भगवान ही स्फुरित हो रहे हैं। अतः वे भगवान के ही गुण गाते है। 🌺 (रा.पं.स्कं१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३१२) 🌺

🌺 किसको पता किनके भाग्यसे भगवान मिले ! किनके पर उनकी कृपा बरसे ! यह सोच कर सभी गोपीजन- गुणातित, श्रुतिरूपा, रुषिरूपा, नि:साधन, निराभिमानी होकर प्रभु-प्राप्तिके लिए यमुना पुलिन पर आ कर प्रभुको प्रिय गान करने लगी। 🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३०) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३१३) 🌺

🌺 अक्लिष्टकर्मा कृष्णकी सर्व लीलाएं अद्भुत है। कलानिधि कृष्णकी लीलायुक्त सेवामे सभी व्रजलकक्ष्मी अविरत निरत है। वे वेदविहित लगती होते हुए उनमें वेदविहित विधि कुछ भी नहीं। वे लोकवेदातित पुरुषोत्तम के सुमधुर विहार है। 🌺 (रा.पं.स्कं १०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३१५) 🌺

🌺 गोपीजनोकी उष्णभावयुक्त संवेदना शब्द स्वरूपसे स्वाभाविक रूपमे 'गोपीगीत' में स्फुरित हुई। भावरूप भगवान ही स्वयं भाषा बन गये है। वाणीरूपसे व्यक्त होकर विभू विलस रहे हैं। दोष निवारण का साधन होते हुए यह फलात्मक गुणगान है। 🌺 (रा.पं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३१६) 🌺

🌺 पुष्टिमार्गमें नि:साधनता हि फलप्राप्तिमें साधन है। फलात्मक कृष्ण ही स्वरूपतः अनन्य साधन बनतें है। गोपीजनोके मानभावके कारण ही उन्होंने प्रभुकी अवज्ञा की थी। अब उसकी सभानता के फलस्वरूप वे प्रभुको प्रसन्न

करने हेतु उनकी स्तुति कर रही है। 🌺 (रा.पं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३१७) 🌺

🌺 गोपीगीतमें गोपीजन अपने दोष-निवारण हेतु स्तोत्र रूप गान करती है, फिरभी उसमें प्रभु पर दोषका आवरण भी है, क्योकी कृष्णने उनका वरण वैसे ही किया है। अतः रस-स्वभावानुकुल वे संवेदना सुनकर भी प्रभु परम प्रसन्न होते हैं। 🌺 (रा.पं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३१८) 🌺

🌺 गोपीजनोके १९ युथ द्वारा प्रस्तुत गोपीगीत १९ श्लोको में गाया गया, वह सूचक है। प्रथम स्कंध-अधिकारलीला के १९ अध्याय, षष्ठ स्कंध-पोषणलीलाके १९ अध्याय, प्रभुप्राप्तिके लिए १९ कदम चलकर अधिकार, अनुग्रह, आदि प्राप्त करानेवाला यह गान है। 🌺 (रा.पं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३२०) 🌺

🌺 लोक कल्याण के तीन योग भगवान ने बताते हैं - ज्ञान-कर्म-भक्ति। उनमें से कुछ न कर सके ऐसे नि:साधन लोग दीनतापूर्वक भगवान का शरण स्वीकार कर भागवतजीके सेवन से उनके संतापका शमन होता है, वे कृतार्थ होते हैं, यही सूचित करने गोपीगीत का प्रारंभ 'ज' कारसे हुआ है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸
1321-1330 नथी..

🌺 भागवत - चिंतन (१३३१) 🌺

🌺 गोपीगीतका प्रारंभ "जयति" क्रियापदसे है जो सूचक है। ह्रदयका भाव और शरणागति का स्वभाव क्रियारूपसे प्रकट होना आवश्यक है। पुष्टिभक्तिमार्गमें प्रभुको प्रसन्न करने हेतु स्वाभाविक स्नेहसे उनकी सुखजनित सेवा करनी जरूरी है । 🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३३२) 🌺

🌺 भक्तोके जीवनका ध्येय 'प्रभु प्रसन्नता' ही होता है। गोपीगीतके उपक्रम व उपसंहारसे यही फलित होता है। भगवान के लिए ही गोपीजनोने प्राण धारण किये है, भगवान की लीलाके लिए ही उनका जीवन है। प्रभुकी प्रसन्नताके लिए जीनेमें ही जीवनका साफल्य है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१३३३)🌺🌺

🌺 पुष्टिभक्तो का लौकिक जीवन भी अलौकिक होता है। उनका लौकिक व्यवहार बिना क्लेश-द्वेष, प्रसन्नतापूर्ण होता है। श्रीगोपीजनोने गृहमे रहकर भी देवदुर्लभ, श्रुतिमुग्ध, मुनिओको समाधि द्वारा भी अप्राप्य परब्रह्म कृष्णको प्रेमसे प्राप्त कर लिये थे। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

भागवत - चिंतन (१३३४) 🌺

🌺 गोपी गीत के मंगलाचरण में "जयति" शब्दसे प्रारंभ कर प्रभु प्रसन्नताके लिए सदा तत्पर गोपीजन ने स्नेहकी स्वाभाविक क्रिया एवम् माहात्म्यज्ञान और सुदृढ़, सर्वतोधिक स्नेह के साथ आग्रहका अभाव व

कृष्णप्रेमकी परवशता सुचित किया है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३३५) 🌺

🌺 मुख्य जीवनध्येय है - 'प्रभु प्रसन्नता प्राप्ति'। मानव देह उसके लिए सानुकुल है। दैवयोगसे प्राप्त मनुष्य शरीर व्यर्थ वेडफना द्रोह है। मृत्यु पुर्वे माधव यदि न मिले, वह आत्मघात समान है। अतः गोविंद का गान आवश्यक है। 🌺 (रा.पं स्क. १०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१३३६) 🌺

🌺 प्रभुप्राप्तिमें और सेवामें शरीर साधन है, स्वजन व धन आदि भी मात्र सहकारी-साधनरूप है। शरीर को सेवानुकुल रखना और व्यवसायादि साधनरूपमे आवश्यक है, वे साध्य नहीं। लेकिन मनुष्य भान खो कर उन सब साधनोको साध्य मान कर उसीमें प्रवृत्त रहता है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३३७) 🌺

🌺 कुछलोग पाप दूर करने अथवा पुण्य प्राप्त करने हेतु, ईच्छित स्वार्थकी परिपूर्तिके लिए, मुश्किलोमे मार्ग प्राप्त करने भगवानकी आवश्यकता समझकर भजतें है। लेकिन उनके बिना जी नहीं सकते इसलिए उन्हे भजना अनिवार्य समज़के कितने भजतें होंगे !। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३३८) 🌺

🌺 ज्ञानमार्गमें आरंभ से ही विचार है - " प्रभु प्रसन्न होय तब क्या प्राप्त होगा" !.भक्तिमार्गमें आरंभ से ही आचार है, शुरुआत ही प्रिय प्रभु के लिए सेवा रूपी क्रिया से होती है। व्यावृत्ति आदिको सेवा के साधन समझनेसे सेवा भक्तिमार्गीय जीवन का अंग बन जाता है। 🌺 (रा.पं. स्कं. १०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३३९) 🌺

🌺 गोपीजनोने प्रथम संयोग में सेवा के सुखका अनुभव किया, अब वियोग में गोपीगीत द्वारा कथा का - गुणगान रूप सुखका अनुभव कर रहे हैं। सेवा और कथा, पुष्टिभक्तिमार्गकी दो आंख है।सेवा व कथामे आसक्त रहने से जीवन में अनर्थ नहीं होता। 🌺 (रा.पं.स्कं. १०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३४०) 🌺

🌺 प्रभुकी अप्रकट दशा में वियोग भी भगवद्रूप है। यहां साधन भी फलात्मक कृष्ण ही है, क्योंकि फलरूप भगवान की ही सर्व लीला है। अतः भक्तोके लौकिक समान जीवन यदि भगवत संबंधित हो, तब बिना लौकिक का त्याग किए सब कुछ अलौकिक बन जाता है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३४१) 🌺

🌺 'व्रज' का तात्पर्य है जो सर्वत्र व्याप्त हो कर रहें। गणातीत सदानंद परब्रहम कृष्ण का नित्यधाम व्रज है, जहां वे विविध विहार करतें हैं। वैकुंठ में सेवक भगवान के पीछे घुमतें है, व्रजमें भगवान गाय, गोपी, गोपीके पीछे फिरतें हैं। वैकुंठ में लक्ष्मीजी साम्राज्ञी है, व्रजमें वे दासी है। 🌺 (रा.पं. स्कं१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३४२) 🌺

🌺 भगवान व्रजमें बिरजतें है, यह जानकर ब्रहमादि लोग भी व्रजमें आते हैं और उन्हें ढुढतें है। कभी उनको मिलतें भी है लेकिन हम व्रजवासी, गोपीजन कहती हैं, आपके ही लिये जीनेवाले, आपको ढुढतें है, और आप न मिलों, करता यह उचित है ?.🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भगवान - चिंतन (१३४३) 🌺

🌺 भक्तो के जीवन में स्वधर्म-पालनके अलावा कोई आग्रह नहीं होता। यदि आग्रह हो तो विग्रहकी संभावना होती है। स्नेहमें बिना आग्रह ईच्छानुसार कार्य कराने का सामर्थ्य होता है, अतः समर्पणमें सफलता होती है। यही भक्तिमार्गकी विशेषता है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१३४४) 🌺

🌺 भगवान वरदान देनेवाले है, जो सामान्यतः दयालु होतें है । वे अल्प तप; ईत्यादिसे भी अत्यधिक फल देने वाले हैं। लेकिन गोपीजन कटाक्ष में कहती हे की भगवान दयालु नहीं लगतें, बल्कि घातक दृष्टिवाले है, क्योंकि पधारतें नहीं। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३४५) 🌺

🌺 गोपीजन स्वयंंको भगवानकी अमुल्य दासी के रूप में प्रार्थना करती हुईं कहती हैं की उनका अधिकार रास-विहारमे रखते हुए भी क्या उनको दर्शन न देकर भगवान उनका वध करने जैसा दोष नहीं कर रहें हैं, क्योंकी उनके दर्शन गोपीजन का जीवन-संपादक है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३४६) 🌺

🌺 भगवान दयालु है। अतः, गोपीजन कहती हैं की उन्होने स्वजनों को कालियके विषयुक्त जलपानसे गंधर्व, सुदर्शन, आदि सर्पोसे, तृणावरृत आदि राक्षसोसे, वर्षा, वायु, बिजली, दावाग्नि, व्योमासुर, आदि के भयसे अनेक बार बचाये है, तो अभी कर्मों नहीं बचायेंगे ! 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३४७) 🌺

🌺 गोपीजन भगवान के वास्तविक स्वरुप को समझाते हुए कहती हैं की वे यशोदानंदन अथवा उनमें लोकवत् नन्दपुत्रत्व नहीं होकर सर्वदेहीओके अंतःकरण के वे द्रष्टा है। अन्यथा उन्होंने जैसे यशोदाजीको आनंद प्रदान किया, वैसा उन्हें क्यों न देवे?🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३४८) 🌺

🌺 वेद विचारक ब्रह्माजीने वैखानस मत प्रकट किया है। विश्वरक्षा के लिए भगवानसे प्रार्थना की है। वे प्रभुको प्रसन्न करने हेतु विश्वकी रचना करतें हैं, लेकिन उसकी रक्षा तो भगवान ही करतें है। ब्रह्माजी को शरणागति व स्नेहका महत्व समझ आने के बावजुद वे मोहवश आचरण नहीं करतें। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३४९) 🌺

🌺 प्रभु सबके अंतरात्मा है, वे सदा हितकारी सखा के रूप में साथ रहते है। लौकिक संबंधि सब लोग समय आने पर विदाय लेतें है। सच्चा साथी श्रीहरि हि है। अतः उन्हें पहेचाने चाहिए, स्नेह करना चाहिए, उनकी हि शरणागति स्वीकारनी चाहिए । 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३५०) 🌺

🌺 गोपीजन भगवान को विनंती करती है के "हे कान्त! कृपा करो। आपका करकमल हमारे मस्तक पर धरो, क्योंकि वह संतापनाशक और कामना पूरक हैं। संसारभयसे हम आपकी शरण में आते हैं, आप शरणागत के रक्षक हो। 🌺 (रा. पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भगवान - चिंतन (१३५१) 🌺

🌺गोपीजन खुलासा करतें है की उनका संसार अविद्याजन्य अहंता-ममतात्मक नहीं, लेकिन लीलोपयोगी है, क्योंकी लीला लोकवत् है। संसार सर्प जैसा विषयुक्त है जो विचारशील को व्याकुल करता है। भगवान अभयप्रद होनेसे उसमें से छुड़ा सकते हैं। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३५२) 🌺

🌺 गोपीजन भगवान को उनकी प्रतिज्ञा याद कराके कहती हैं की आप 'सखा' हो, हम 'किंकरी' है। हम आपके सानुकुल है, आप हमारे सानुकुल बनो।आप प्रतिज्ञापालक हो। आपका अवतार ही व्रजजनोके दुःख दूर करने हेतु हुआ है। अबलाको आपत्तिमेंसे उगारना आपका कर्तव्यहै। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३५३) 🌺

🌺 गोपीजन भगवान को समझाती है - 'आपका हास्य माया रूप है, जिसके कारण मोह उत्पन्न होता है जो मद की वजह है। सेवकोमें गर्व दोषरूप है, सेवक स्वयं नहीं। अतः उनके दोष दूर करने चाहिए, सेवक को नहीं।आपके अधरामृत स्रवित मुखके दर्शन करा के हमें दोषमुक्त किजिए। 🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (१३५४) 🌺

🌺 अन्य गोपीजन ने प्रभुके पादपद्मको अपने हृदय पर पधरानेकी प्रार्थना की, जिससे उसमें छुपे हुए अनेक दोषरूप, ज्ञानविज्ञान-विनाशक शत्रुरूप काम का नाश होय। वह अपने शरीर को खुदका नहीं मान कर उसे प्रभुका ही मानती है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३५५) 🌺

🌺 गोपीजन भगवान को 'कालिय मर्दन' लीला की स्मृति दिलाकर कहती हैं की उनका हृदय कालियकी फणा से ज्यादा कठोर तो नहीं है। उसके पर चरण धरनेसे उसके दोष दूर हुए तो वे तापनाशक होनेसे गोपीजनोके दोष भी अवश्य निवृत्त होंगे। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३५६) 🌺

🌺धर्मी स्वरूप कृष्णके चरण, उनको दीनतापूर्वक शरणागति सह नमन करने वालोके सभी दोषोको दूर कर उन्हे निर्दोष बनाते है। गोपीजन कहती हे की उन्में देहाभिमान है, और ज्ञान नहीं है। अतः वे भगवान को नमन करती है, क्योंकि अन्य प्रकारसे उनके दोष दूर नहीं हो सकते। 🌺 (,रा.पं.स्कं. १०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (१३५७) 🌺

🌺 भगवान के स्वरूप की तरह उनकी वाणी भी 'सच्चिदानंद' रूप ही है। मधुरता, वल्गुवाक्यता, मनोज्ञता, ये तीन गुण है। कमल जैसे संतापशामक उनके लोचन है। अतः गोपीजन भगवान से वार्तालाप, उनके दर्शन व अलौकिक अधरामृत-पानकी अभिलाषा करती है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१३५८) 🌺

🌺 भगवान के जैसा सामर्थ्य भगवान की कथा में भी होता है, जो षडगुण युक्त मोक्षदायिनी परमानंदरूपा है। वह अमृतरूपा, भगवद्रसात्मक होने से मृत्युका भय मिटाती है। जैसे अमृत संताप दूर करता है, भगवत्कथा संसार के संताप का शमन कर जीवन प्रदान करती है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१३५९) 🌺

🌺 भगवत्कथा को गोपीजन ने १.'तप्तजीवनं' - जीवन के संताप दूर करनेवाली, २.'कविभिरीडितं' -कवि शब्द व अर्थके रसज्ञाता, ३.'कल्मशापहं' - पापनाशक, ४.'श्रवणमंगलं' - श्रवण ही मंगलरूप, ५. 'श्रीमद्' - श्री , शोभारूप, ६.'आततं' - सर्वत्र सुलभ है, बताया है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३६०) 🌺

🌺 भगवत्कथा का महिमा गोपीजन बताती है - "स्वरूप व स्वभावमे कृष्ण कथा और कृष्ण समान होते

हुए कृष्ण वियोग में व्यथा बढ़ायें, कृष्ण कथा तो जीवन टीकावे। भगवान ब्रहमाजीकी बिनतिसे पधारे व तिरोहित भी होय, कथा कभी भी अंतर्धान न होय"। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत-चिंतन (१३६१) 🌺

🌺 भगवान मायासे कपटलीला करतें हैं क्योकी उनमें में छ मोहक गुण है -१.प्रहसितं, प्रकर्षणयुक्त हास्य, २.प्रियं - प्रियत्वरूप संबंध, ३. प्रेमविक्षणं - प्रेमावलोकन, ४. विहरणं - लीलाविहारादिमें चलन, ५. रहसि संविदो - एकांत में रसविहार ज्ञान, और ६. हृदिस्पृश: - हृदयस्पर्शी वाणी। 🌺 (रा.पं.स्कं१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३६२) 🌺

🌺गोपीजन पूछती है - 'प्रभु आपको हमारे बारे मैं खेल नहीं होता ?' । आप व्रजमेंसे गोयोको चराते हूए भ्रमण करतें हैं, तब कमलसे भी कोमल आपके चरण वनमें कंकर-कंटक आदिसे कष्ट पाते हैं,यह जानकर हमें अति क्लेश होता है। 🌺 (रा.पं स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३६३) 🌺

🌺 अन्यपूर्वा गोपीजनो गृहकार्य की वजह से बाहर नहीं जा सकती अतः उन्हें संध्याकाल प्रभु गौचारण कर पधारें है तब कृष्ण दर्शन होते हैं, और कामना जागृत होती है। दिनमें विभुके असहय वियोग के कारण दिलमें दुःसह दर्द से दुश्मन सरीखा लगता है। 🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१३६४) 🌺

🌺नित्य सायंकाल कुंतलकेशधारी, गोधनरज मंडित मुखकमलके दर्शन कराके भगवान गोपीजनोके मनमें कृष्ण-कामनाओं का दान करते है, जिससे उनके भाव में वृद्धि होती है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३६५) 🌺

🌺 गोपीजनोने भगवान के चरणपंकजके महिमा-गान करतें हूए उनके पांच उपकार बताए हैं- १.लौकिक काम खंडन, २. ऐश्वर्यदान, ३. स्वकामदान, ४. अलंकरण, ५. आपत्ति-निवारण। लेकिन वे तो चाहती है - मात्र 'तापनिवारण' । 🌺 (रा.पं.स्कं. १०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१३६६) 🌺

🌺 भगवान का अधरामृत में चार गुण है - १. काम वर्धक, २.अंतःकरण के दोष दूर करके शोकको नष्ट करनेवाला, ३. स्वरित वेणुसे सुंदर प्रकारसे चुंबित, ४. निस्साधन, कृपापात्र भक्तोको दुर्लभ लाभ प्राप्त करानेवाला । 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१३६७) 🌺

🌺 भगवान का अधरामृत में चार गुण है - १. काम वर्धक, २.अंतःकरण के दोष दूर करके शोकको नष्ट करनेवाला, ३. स्वरित वेणुसे सुंदर प्रकारसे चुंबित, ४. निस्साधन, कृपापात्र भक्तोको दुर्लभ लाभ प्राप्त करानेवाला । 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (१३६८) 🌺

🌺 गोपीजन शिकायत करती है - भगवान का लक्ष्मीजीके धाम-रूप विशाल वक्ष:स्थल विहार-स्थिति योग्य है, उनका हास्ययुक्त मुख क्लेश दूर करता है, काम बढ़ाता है, स्वरूप दर्शनसे मनोरथ पूर्ण होते हैं। बावजूद इन सबके उनका मनोरथ पूर्ण नहीं होता, मूर्छा होती वे, जीवन व्यर्थ जा रहा है।🌺 (रा.पं.स्कं१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत -चिंतन (१३६९) 🌺

🌺 मनोरथमग्न कुमारिकाए भगवान से विनति करती है की "आपका प्राकट्य व्रजवासी व वनवासी के सर्व पापोका नाश करनेवाला है, विश्वके लिए मंगलरुप है, हमारे सब दोष दूर करनेके लिए है, गुणप्रद है। इसलिए हमें उसका स्वल्प भी दान करो"। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७०) 🌺

🌺 केवल कृष्ण के सुखका विचार करने वाली गोपीजन सोचती है की सामान्यतः चरण से हृदय कोमल होते हूए भी प्रभुके चरण उनके हृदयसे भी अति कोमल और सुकुमार है। इसलिए वे उन्हें, मन्दगतिसे, कोमलतापूर्वक, स्नेह से अपने वक्ष:स्थल पर पधरातें है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३१)🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७१) 🌺

🌺 विप्रयोग शृंगार की दश अवस्थाएं हैं - १.लालसा- मिलनकी तीव्र उत्कंठा, २. उद्वेग- मन:क्लेश, ३.अनिंद्रा, ४. तनाव- अशक्ति, ५. जडत्व महेसुस होय, ६.व्यग्रता - खेद, ७. व्याधि, ८.उन्माद, ९. मोह - मूर्छा, बेभान अवस्था, जो अंतमे (१०) मृत्युमें परिणमित होय ।🌺 (रा.पं.स्कं १०/३१) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७२) 🌺

🌺 स्नेहसंतप्त गोपीजन को कृष्ण कृपा की आकांक्षा है। उन्होंने काम-कलानिधि कृष्ण के दर्शन की अभिलाषा है। अपने दोषनिवारण हेतु गुणगान रुप साधन करने पर भी श्याम नहीं मिलने से उन्होंने मानभंगका अनुभव कर सुस्वरमें रुदन करना शुरू किया। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७३) 🌺

🌺 प्रभुप्राप्तिके साधन त्याग देना 'नि:साधनता नहीं, निष्क्रियता हैं, जिससे निष्फलता ही प्राप्त होती है, फलरूप कृष्ण नहीं। सभी साधन संपूर्ण निष्ठाके से करनेके बावजूद निष्फलता मिलने पर संतापके कारण

दैन्य उत्पन्न होय, दुःख से सहज रूदन आवे, वह निःसाधनता हे। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७४) 🌺

🌺 अपने अनन्य भक्तको भगवान के लिए क्लेश करते हुए जानकर वे कृपायुक्त होते हैं, तब हृदयस्थ सदानंद रसात्मक कृष्ण बाहर प्रकट होते हैं, और भक्तका सभी दुःख सर्व प्रकारसे दूर करतें हैं। अतः रूदनके पश्चात कृष्ण गोपीजनोके सन्मुख प्रकट हूए। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७५) 🌺

🌺 गोपीजनोका रुदन सर्वशास्त्र साधनबल नाशक है। इसलिए जब उनमें निःसाधनभाव आया तब स्वरूपानंद स्थापन करतें हुए सदानंद श्रीकृष्ण माया का परदा हटा कर प्रकट हो गये और गोपीजनो को प्रत्यक्ष दर्शन दिया। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७६) 🌺

🌺 पुष्टिभक्तोको भगवद् सेवार्थे देहादिकी रक्षा करनी होती है। गोपीजनोका यही भाव था। जब वे अपने हाव-भाव से मूर्तिमंत 'कृष्णदर्शन-लालसा ' रूप बन गये तब उनके समक्ष "साक्षान्मन्मथमन्मथ" प्रकट हो गये। वेही गोकुल में प्रदुर्भूत निःसाधन फलात्मा थे। 🌺 (रा.पं.स्कं१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७७) 🌺

🌺 भक्तोको रस देने, कीर्ति बढ़ाने रसरक्षक प्रभु पीताम्बर और कीर्तिमयी वरमाला धारणकर, प्रकट हुए जो आधिभौतिक मन्मथ, देवतारूप, आध्यात्मिक सर्वके हृदयमें बिराजमान साक्षात मन्मथ, और सर्वके सर्वरूप , कोटिकन्दर्प लावण्य, जिससे काम भी मुग्ध हो जाय। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७८) 🌺

🌺 प्रभुके प्रकट होने से उनके दर्शन करके सर्व गोपीजन परमोत्सव समान आनंद में मग्न हो गई। वे लौकिक नहीं, न उनमें मुक्तिकी भी आकांक्षा है। वे केवल प्रकट प्रभुका सांनिध्य प्राप्त करना चाहती थी। प्रभु मनोरथपूरक है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३७९) 🌺

🌺 भगवान सभी गोपीजन को लेकर श्रीयमुनाजीके पुलीनमें पधारे, जहां श्रीयमुनाजीने हस्तरूप तरल तरंगों द्वारा कोमल वालुका बिछाई है। वहां सुगंधी पुष्पों के मकरंदके मिश्रित शीतल वायु प्रसरित हो रहा हे, मत्त भ्रमर नाद कर रहे है, शरदके चंद्रकी चांदनी से आकाश आच्छादित है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३८०) 🌺

🌺 जीवोके पुरूषार्थ सिद्धि हेतु भगवान ने वेद प्रकट किये है।वेदके अर्थ और शब्द अलौकिक है। वेदके लौकिक शब्द लौकिक अर्थ का निर्देश नहीं करते। अतः उनके श्रवणसे चित्त शुद्धि होने पर हि स्वरूप योग्यता प्राप्त होती है। 🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३८१) 🌺

🌺 श्रीगोपीजनोने परम-पुरूशार्थ रूप प्रभुकी पूजा एवम् आत्मनिवेदन करने हेतु अपने उत्तरिय बस्त्र बिछा कर प्रभुको पधराये, और वे सभी उनके आसपास बैठ गई। वे प्रभुके कोटी कन्दर्प लावण्यमय स्वरूपको देखनेमें निमग्न हो गई। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३८२) 🌺

🌺 गोपीजनोने भगवान के चरणारविन्द अपने अंकमे पधराकर सहलाते हुए अपना स्वल्प क्रोध जताते हुए उनसे प्रश्न कीये। सर्वभावसे शरण में आने के बावजूद भगवान ने उन्हें क्यों छोड़ दिया, यह बात वे समझ नहीं पा रही थी, और ईसे भगवान का दोष मानकर उनसे खुलासा चाह रही थी। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत- चिंतन (१३८३) 🌺

🌺 गोपीजनके भावका उद्बोधन वेणुनादात्मक शब्दसे हुआ है, अतः निर्दोषपूर्ण गुणरूप भावका प्रकट्य भी भगवान की वाणीरूप शब्दसे होना स्वाभाविक है। भगवान उनको छोड़कर क्यों चले गये, उसका समाधान वे उनके मुख से सुनना चाहती है, अतः परोक्ष प्रश्न करतीं हैं। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३८४) 🌺

🌺 गोपीजन ने भगवान से तीन प्रश्न किये - १. कुछ लोग उनका भजन करनेवालों को भजतें हैं, २.कोई लोग उनका भजन नहीं करनेवालोको भी भजतें है, और ३. कुछ लोग ऐसे भी होते हैं की कोई उनको भजे या न भजे, वे किसी का भजन नहीं करते हैं। 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३८५) 🌺

🌺 भगवान ने प्रत्युत्तर देते हुए कहा - १. परस्पर भजनमें स्वार्थ होता है, २. नहीं भजनेवालेका भजन करनेवालों वात्सल्य भाव होता है, परंतु ३. भजनेवाले या नहीं भजनेवालो को जो नहीं भेजता वह आत्माराम, आप्तकाम, अथवा अकृतज्ञ या गुरुद्रोही होते हैं। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२ 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३८६) 🌺

🌺भगवानने कहा कि वे ईन तिनोमेसे में कोई कोटिमे नहीं है। प्रयोजन समझाते हैं - जैसे कोई निर्धनको

बहुत धन पाने के बाद जब वह नष्ट हो जाय तब उसका चित्त मात्र उस धनमें रहता है, वैसे ही गोपिकाओको जीवन-धन रूप भगवान मिलने के बाद वे अंतर्धान होने पर वे उन्हिमें निमग्न हो गई। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३८७) 🌺

🌺 भगवान ने कुबुल किया - "मैं परोक्षमें तुम्हारा भजन करतें हुए तिरोहित हुआ"। वजह बताते हैं की "हे गोपीजन ! तुमने मेरे लिए लोक-वेद-आत्मादिका त्याग किया है"। भगवान मिलने पर शायद कोई ये सब त्याग करें, लेकिन गोपीजन ने तो प्रभुप्राप्तिकी कामना से ही त्याग कीया था। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३८८) 🌺

🌺 जो प्रभुके अनन्य बने उसके लिये प्रभु भी अनन्य होते हैं। भगवान ने कहा - "मैं तो आपके आनंदका अनुभव कर रहा था। मैं प्रिय हुं,आप पथरिया है। प्रीतिमें कृतज्ञता नहीं होती। आपने मेरे लिए सर्वस्वका त्याग किया, अतः मैं आप सभी का ऋणी हुं। 🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३८९) 🌺

🌺 "निर्दोष भजनसे मेरे साथ संबंध स्थापित करके जो उपकार किया है, उसका बदला मैं ब्रह्माके आयुष्यसे भी नहीं चुका सकता", भगवान एकरार करतें हैं। वे कहते हैं -"घरकी दुर्जर बेडीओको तोड़ कर तुमने मेरा भजन किया है, उस सत्कार्य का बदला मेरा संतोष ही हो सकता है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३९०) 🌺

🌺 गृहकी अहंता-ममतात्मक आसक्ति न छुटती है, न तुटती है न शिथिल हो सकती है। गोपीजनोने उनका त्याग करके भगवानको अपना सर्वस्व का समर्पण किया। जैसे स्त्री-पुरूषों सत्कर्म करके स्वयं संतुष्ट होते हैं, प्रत्युत्पकारकी अपेक्षा नहीं रखतें। उन्होंने वैसा ही अनुभव किया। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३९१) 🌺

🌺 कर्म-ज्ञान-साधनभक्ति मार्ग तो भगवान ने जीवोके कल्याण हेतु प्रकट किये है, लेकिन फलरूप भक्तिमार्ग तो भगवान ने स्वयं के लिए प्रकट किया है, अन्यथा वे अपने रसात्मक आनंदका अनुभव नहीं कर पाते। अतः वे कहतें है -"न पारयेहं"। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३२) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३९२) 🌺

🌺 भगवान क सुमधुरे वचन श्रवण कर गोपीजनोका संताप दूर हुआ।उनका विरह दो प्रकारका था - १.

भगवद्रूप - रसरूप, और २. अज्ञान जन्य - प्रभु उनको छोड़कर चले गये हैं ! स्वरुपात्मक विरह प्रभुके प्राकट्यसे और दुसरा उनके वचनों से दूर हुआ। 🌺 (रा.पं.स्क.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३९३) 🌺

🌺 श्रीशुकदेवजी ने खुलासा किया है - ब्रहमके अविद्यारूप भ्रमके कारण सदंशरूप जब देह को, स्वयं का वास्तविक रूप मानकर व्यर्थ भोगमग्न होनेवाले ब्रहम के चिदंशरूप सामान्यत जीवकी - सामान्य स्त्री-पुरुष की कथा 'रासलीला' नहीं है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३९४) 🌺

🌺 भगवान ने रासलीला में कामशास्त्र आदिको सनाथ करने हेतु रासमें नृत्य किया और गोपीजन से भी करवा कर सर्वांग गूढ़ रहा हुआ रसात्मक आनंद प्रकट किया है। इस लीला के श्रवण से श्रोता कृतार्थ होता है। 🌺 (रा.पं. स्कं. १०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३९५) 🌺

🌺 रासजन्य आहलाद 'रासोत्सव' है। गोपीजनोका अनेक मंडल है, जिसमें प्रभु पधारे हैं। इसमें लौकिक जैसी विविधता है। सर्वत्र रस प्रकट करने का सामर्थ्य योगेश्वर कृष्ण में है। सदानंद श्रीकृष्ण के संपर्कमें आते ही गोपीजन में भी आनंद प्रकट हो जाता है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१३९६) 🌺

🌺 सुवर्णमणियोके बिच महा मरकतमणि कि शोभावत् भगवान गोपीजनो के बिच शोभायमान है। नृत्यभावानुकुल चरणन्यास, हस्तमुद्रा, मंदहास्ययुक्त कटाक्ष आदि क्रियाए द्वारा कृष्णवधुए नृत्य करती नृत्यप्रविण सदानंदकी भावभंगीमाओका आनंद ले रही है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३९७) 🌺

🌺 नृत्य करती कोई रतिप्रिय गोपीजनने रंजक स्वरमें उच्चकंठ से गान किया जिससे जगत व्याप्त हो गया। उत्पन्न हुए नाद की अमतमयताके लिए भगवान ने भी मधुर नाद से जगत को भर दिया। मोक्षदानके लिए भगवान स्वनाद पुरित करतें हैं। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१३९८) 🌺

🌺 भगवान के नाद द्वारा गोपीजनो को शृंगार रसात्मक कृष्णाद्वेतकी स्फुर्ति होती है, जिससे परम आल्हाद प्राप्त होने से अन्य-सर्व-विस्मृति होती हैं। अलौकिक और अपूर्व नाद से भगवान मेंसे अन्यभाव दूर होकर मात्र स्वसंबंधि भाव रहता है, जो रसानुभावक बनता है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत चिंतन (१३९९) 🌺

🌺 विभिन्न गोपीजन की अलग अलग भावभंगीमाऐ है। कोई यशोरूपा गोपी रसाधिक्यसे रासश्रमित होकर भगवान के स्कंध थामकर आप्तत्व जताकर नृत्य करती हुई सन्मुख होती है। उसके केशपासमें कंकणाकार बंधे हुए मल्लिका मालाके पुष्प शिथिल हो गये। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१४००) 🌺

🌺 अत्यद्भूत "राधा दामोदर" की तरह अपूर्वरसके लिए उभयका अपूर्व नृत्य हुआ। एक एक गोपीके साथ कृष्ण नृत्य करतें हैं।सभी को युगलरसानुभव प्राप्त होता है। भगवान के नृत्य के सानुकुल सभी गोपीजन स्वत: नृत्य करती हैं। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१४०१) 🌺

🌺 जैसे बालक दर्पणमें देखकर अपने प्रतिबिंब के साथ खेलता है, वैसे ही रमापति भगवान ने व्रजसुंदरीओ में अपना स्वरूप पधराकर, ब्रह्मानंद प्रकट करके मनोरथपूर्वक मधुर विहार किया। रमा ब्रह्मानंद रुपा होने से अप्राकृत है। प्रभुकी लीला भी अप्राकृतके साथ ही हो सके हैं । 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत चिंतन (१४०२) 🌺

🌺 रासमें भगवान ने सर्वस्वरूप गोपीजन में पधराया है। ब्रह्म और ब्रह्मानंद प्रकट करके रमास्थापन और स्वस्थापन से विहार किया है और अविकृत, नित्य, विपुल रसानुभव किया है। गोपीजनोकी प्रसन्नता के लिए बाललीला की तरह ही व्रजसुंदरीओ को अधिक आनंद दिया है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत -चिंतन (१४०३) 🌺

🌺 आत्माराम भगवान ने कुमारिकाओं के व्रतफल -"नन्दसुत पति" की इच्छानुसार गोपीजन जितने स्वरूप प्रकट करके भक्ताभिराम बने और श्रमित प्रियाओके श्रमजल-कण अपने स्वकरकमलसे निवारण किया व वे पून: अभिमानरत न बने इसलिए गानमग्न हुए। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत - चिंतन (१४०४) 🌺

🌺महारास समय हुए श्रम निवारण हेतु प्रभु गोपीजन के संग जलविहार के लिये, जैसे मत्त गजराज अपने युथके साथ आता है, वैसे श्रीयमुनाजी में पधारे और आत्माराम रूपा ब्रह्म-मर्यादा, देश-काल मर्यादा आदि निवृत्त हो गई !🌺 (रा.पं.स्कंध१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺भागवत चिंतन (१४०५) 🌺

🌺प्रभु 'सत्यकाम' है। तदर्थ उन्होंने सभी गोपीजन के काम-अभिलाष सत्य किया। गोपीजन ने कामना की थी वे भगवान उन्हें प्राप्त हुए। अच्युत भगवान के अस्खलित विहार नित्य है, जिनमें काम नहीं रसमात्र

है। तभी संसार उत्पन्न नहीं हुआ। उनका आनंद स्वरूपस्थ है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४०६) 🌺

🌺 रासमें 'परस्त्रीसंग'का राजा परीक्षित के संदेह का समाधान दिया है - "सर्वरुप और सभीके आत्मारूप प्रभुके लिये कुछ भी 'पर' नहीं हो सकता। भगवान ने यह लीला स्वरूपानंददान के लिए की है, जिसका श्रवण मात्र सभीको कृष्णपरायण बनाने के लिए सक्षम है। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४०७) 🌺

🌺 श्रीशुकदेवजी ने राजा का रस में अधिकार न देखकर भगवान की दान-मान लीला न कहकर समझाया की "ईश्वर" समर्थ स्वतंत्र है। विधि-निषेध प्रभु पर लागु नहीं होते। लोकवेदके बंधनसे वे बंधे हुए नहीं। जैसे कालकुट रुद्र ही ग्रहण कर शके, वैसे भगवान की लीला का अनुकरण सब नहीं कर शके। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४०८) 🌺

🌺 लीलोपयोगी योगमाया के प्रभावसे सभी गोप मोहित होने से उन्हें गोपीजन की अनुपस्थिति महेसुस नहीं हुई । ब्रहमरात्रि समाप्त होकर अरुणोदय समये अंतर्यामी स्वरूपसे बिराजमान प्रभुने गोपीजनोको उनके सर्वपरित्याग कीया हुआ होने के बावजूद अपने धर जाने की प्रेरणा दी। 🌺 (रा.पं. स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४०९) 🌺

🌺 रासपंचाध्यायी के अंतमे व्रजवधुओके साथ भगवान श्रीकृष्ण के विहारकी के कथाश्रवणका फल निर्देश करतें हुए कहा की लौकिक कामी भी प्रभुप्रेमी बन जाय, हृदयरोगसम बाधक काम दूर हो जाय ओर व्रजपतिमें रतिपूर्वक गति होय। 🌺 (रा.पं.स्कं.१०/३३) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१४१०) 🌺

🌺 पांच अध्यायोमें 'स्वरूप लीला' का वर्णन करके अब 'तामस फल' प्रकरण के दो अध्यायोमे भगवान की 'नामलीला' का निरूपण किया है। प्रथम अन्यदेवता-भजन त्याग रूप 'मर्यादामिश्रपुष्टि, और बादमें शुद्धपुष्दिमार्गीप प्रकार 'युगलगीत' में निरुपित किया है। 🌺 (स्कं.१०/३४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत - चिंतन (१४११) 🌺

🌺 कौतुक से भी स्वधर्म की मर्यादा का उलंघन, अथवा अनजाने में भी अन्याश्रय बाधक होता है। वैदिक देवता भगवदंश रूप होते हुए शरणागत को वैदिक-काम्य कर्म नहीं करने चाहिए, नित्यकर्म कर सकते हैं। तीर्थस्नान,दानादि भी प्रभु-प्रीत्यर्थ संकल्पपूर्वक करने चाहिए। 🌺 (स्कं.१०/३४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४१२) 🌺

🌺 अन्याश्रय-दोषके कारण नन्दरायजीको सर्पने निगला तब ग्वालोने भगवानको पुकारने से उनके चरणस्पर्श से सर्पने अपना सुदर्शन गंधर्व रूप प्राप्त किया। इसमें अन्याश्रयका दुष्प्रभाव और कृष्ण कृपासे सर्पयोनी से मुक्ति का निरूपण किया गया है। 🌺 (स्कं.१०/३४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४१३) 🌺

🌺 भगवान के चरणसे रज, गंगा, भक्त, अमृतरस व भक्ति की सन्निधि प्राप्त होती है। भगवान के दर्शन मात्र से दुरंत दोष दूर होते हैं, उनके शरणागत होने से सर्व अपराध दूर होते हैं, और सर्प जैसे भयंकर जहरीले भी संत होते हैं। 🌺 (स्कं.१०/३४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४१४) 🌺

🌺 शास्त्रपरायण लौकिकधर्मरत अन्य गोपीजनो को प्रभु का प्रभाव देखकर भगवानके साथ विहार करनेकी ईच्छा होनेसे भगवानने प्रमाणपरायण अद्‌भुत पराक्रमवाले आवेशयुक्त बलरामजीको अपने साथ रखकर रासविहार किया, तब राम-श्याम का मधुरगान श्रवण कर वे विहारमग्न हुई।🌺 (स्कं.१०/३४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४१५) 🌺

🌺 पाखंडरूप शंखचुड ने भगवत्परा गोपीजन को हरनेकी चेष्टा की। वेदरुप बलरामजी है, वेदार्थरूप कृष्ण है, उभय-परायण गोपीजन है। वे यदी केवल कृष्ण-परायण होती तो न हराति। लेकिन उनकी पुकार सुनकर कृष्ण ने शंखचुड के पीछे भागकर उसका वध किया और गोपीजन की रक्षा की। 🌺 (स्कं.१०/३४) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४१६) 🌺

🌺 पूर्णानंद प्रभु अपने प्रियजनों को भी आनंदपूर्ण बनातें है। सामान्यतः आनंदका अनुभव अंतरमें होता है। प्रथम बाहयलीलामें काया मुख्य है। तद्रुप आनंदरस स्वरूप प्रभु भी प्रकट होते हैं। इसलिए देह-ईन्द्रिय आदि में स्वरूपत: पधारनेसे मनसे आनंद की अनुभूति होती है। 🌺 (स्कं.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४१७) 🌺

🌺 भगवान में स्वरुप व नाम दोनों पूर्णानंद रूप है। दोनों प्रकारसे आनन्दानुभवसे भगवान स्वानंदपूरण अर्थात् भावकी स्थिरता भक्तोमें करतें हैं। अतः धर्मि-स्वरूपके विरहसे होनेवाला दुःख धर्मरूप गुणगान से शांत होता है। उससे स्वरूपानंदका स्वानुभव प्राप्त होता है। 🌺 (स्कं.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४१८) 🌺

🌺 'युगलगीत' द्वारा अंत:स्थित रसानंद स्वरूप भावोद्रेक गान रूपसे व्रजमक्तोके मुखसे बाहर प्रकट होता है, और वैसा ही अनुभव कराता है। गान रूपसे बाहर पधारे हुए प्रभु कर्ण दर्शाया पून: भितर पधारें है तब हृदयमें सुस्थिर होते हैं। 🌺 (स्क.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४१९) 🌺

🌺 युगलगीतमें नाम-रूप की आनंदरुपता और एकता दोनों है, अतः यह गीत युगल में - दो दो श्लोकों में है। वेणुगीतमें वेणुनाद द्वारा मात्र नामात्मक अनुभव से गान किया है। फिर, रासमें स्वरूपानुभव भी हुआ है। अतः रूप-नाम दोनों की स्वानुभूत अभिव्यक्ति युगलगीतमें की गई है। 🌺 (स्कं.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२०) 🌺

🌺 'युगलगीत' में पूर्णवर्षके बारह मास की समानता से बारह युग्म श्लोक है, और उपक्रम-उपसंहार रुप आदि व अंतके दो श्लोक अधिक मास का सूचक है, जिनमें बीज व फल, अभिन्न फिर भी विशिष्ट सर्वरसरूप होने से लीलागान रूप है। ऐसे तेरह युगल है। 🌺 (स्कं.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२१) 🌺

🌺 युगल गीत में 'युगल' के अनेक तात्पर्य बताए हैं। शक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष का युगल, बीज और फल का युगल, गौर और श्याम स्वरूप का युगल, गोपीजन के हृदयके भीतर लीलासहित भगवान और बाहर प्रत्यक्ष अनुभव होते कृष्ण, संयोग व वियोग से अनुभूत रसरूप प्रभु। 🌺 (स्कं.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२२) 🌺

🌺 भगवान सृष्टिके विभिन्न लोग - पदार्थ के लिए भिन्न भिन्न स्थितिमें पांच वेणुनाद करते हैं। १. स्रीओको सुख देने - वाम, २. स्त्री-पुरुषो को सुख देने - दक्षिण, ३. देवों के लिए - उच, ४. सामान्य जनोके लिए - निम्न, और ५. सभीजन - जब आदि के लिए - समान स्थितिमे अभिमुख होकर। 🌺 (स्कं. १०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२३)🌺

🌺 भगवान का स्वरुपानंद पाने में तीन प्रतिबंध है - १.अधिकार, २. अन्याश्रय, ३. उपभोग। ये तीन जबतक न जुटे तबतक, मोक्षके सभी साधन करनेके के बावजुद जीवको शांति भी नहीं मिलती, फिर मोक्ष अथवा परमानंद प्राप्त होने की तो संभावना हि नहीं। 🌺 (स्कं.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२२) 🌺

🌺 श्रीगोपीजन रात और दिन कृष्ण-परायण ही रहती है। रात्रिमें उनकी संयोग-सेवा है, दिनमें भी उनकी

संसारवृत्ति या प्रवृत्ति नहीं है। अतः हृदयके स्वाभाविक स्नेह की उत्कटता से उनकी प्रभुमें चित्तवृत्ति रहनेके कारण उन्हें हृदयमें लीलासहित भगवान का प्रत्यक्ष अनुभव होता है। 🌺 (स्कं. १०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२३) 🌺

🌺 रात्रिमे कृष्णलीलारत गोपीजन दिनमें कृष्ण-लीला-वर्णनरत रहती है। दिनमें उनको विप्रयोगके दारुण दुःख का अनुभव होता है। अतः वे कृष्ण-गुणगान-रत रहती है, जिसके फलस्वरुप उन्हे हृदय में प्रियसंयोग प्राप्त होनेसे सुखलाभ होता है । 🌺 (स्कं. १०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२४) 🌺

🌺 प्रभु लीला-परवश है। भगवान के स्वरूपकी तरह भगवान की लीला भी सदानंदरूपा हैं। लीलाभावनाके द्वारा स्वरूपभावना तुर्त होती है, क्योंकि लीला स्वरूपात्मिका है। जब विविध भगवल्लीलामें चित्त लीन होता है, तब भक्तोके मनोरथ पूर्ण होते हैं। 🌺 (स्कं. १०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२५) 🌺

🌺 'वेणुगीत' में वर्णित भगवल्लीला "युगलगीत" की सर्वलीलाओमें कारणभूत है, वे प्रथम युगलमे कहीं गई हे। देवस्त्री, गायें, नदीयां, वृक्षलताएं, पक्षी, मेघ, ब्रह्मादि देवताए, गोपिकाएं, હરિણિયા देवगंधर्व - ये दश, वेणुनादरस को नहीं जाननेवालोका वर्णन बादके दश युगल में निरुपित है। 🌺 (स्कं.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸

🌺 भागवत चिंतन (१४२६) 🌺

🌺 वाम बाहु पर वाम कपोल पधराकर प्रभु वेणुनाद कर रहे हैं। मानवभेषमें भगवान का लीला विहार देखकर देवताओं की स्त्रीओ को पुरुषोत्तम का अभिलाष होता है। लीला सहित प्रियप्रभु श्रीगोपीजनोके हृदयमें प्रकट होते हैं, अर्थात् भगवान की लीला उनके हृदयमे स्फुट होती है। 🌺 (स्कं.१०/३५) 🌺 🌸(डॉ. जयेन्द्र सोनी)🌸